आषाढ़ कृष्ण पक्ष एकादशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 2 जुलाई 2024
वर्ष 34, अंक 155, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

भारतीय महिला टीम ने जीती श्रृंखला 15

अमिताभ ने अभिषेक के साथ देखी कल्कि 2898 एडी 16

खुद को हिंदू कहने वाले करते हैं हिंसा की बात

धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के बयान पर लोकसभा में हुआ भारी हंगामा

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा पर जोरदार हमले किए। राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान बोलने उठे राहुल गांधी की लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से भी तीखी नोकझोंक हुई। राहुल गांधी ने अपने भाषण की शुरुआत हाथ में संविधान की कॉपी लेकर की, लेकिन बीच भाषण में ही उन्होंने भगवान शिव की तस्वीर दिखाते हुए जो टिप्पणी की, उस पर सदन में हंगामा हो गया। राहुल ने कहा, खुद को हिंदू कहने वाले हिंसा की बात करते हैं। राहुल गांधी ने जब भाजपा पर यह आरोप लगाया तो प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने आपत्ति जताते हुए कहा कि कांग्रेस नेता ने पूरे हिंदू समाज को हिंसक कहा है।

दो दिन के अवकाश के बाद सोमवार को फिर से लोकसभा और राज्यसभा का सत्र शुरू हुआ तो केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग, नीट और अग्निपथ जैसे मुद्दों को लेकर विपक्ष ने सरकार को घेरा। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि संविधान पर संगठित हमले हो रहे हैं। अग्निवीर सैनिक 'यूज एंड थ्रो' मजदूर बन गए हैं। भाजपा युवाओं, छात्रों, किसानों, मजदूरों, दलितों, महिलाओं और अल्पसंख्यकों में डर पैदा कर रही है। नीट-यूजी में अनियमितता का उल्लेख करते हुए आरोप लगाया कि सरकार ने एक पेशेवर परीक्षा को व्यावसायिक परीक्षा में तब्दील कर दिया है। राहुल गांधी ने भाषण के दौरान भगवान शंकर की तस्वीर दिखाते हुए कहा कि मोदीजी ने अपने भाषण में एक दिन कहा था कि हिंदुस्तान ने कभी किसी पर हमला नहीं किया। इसका कारण है। हिंदुस्तान अहिंसा का देश है, यह डरता नहीं है। शिवजी कहते हैं- डरो मत, डराओ मत और त्रिशूल को जमीन में गाड़ देते हैं। दूसरी तरफ जो लोग अपने आपको हिंदू कहते हैं, वे 24 घंटे हिंसा-हिंसा..नफरत-नफरत करते हैं। आप हिंदू हो ही नहीं। राहुल गांधी के बयान पर सत्ता पक्ष के सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि पूरे हिंदू समाज को हिंसक कहना ठीक नहीं है। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा राहुल को माफी मांगनी चाहिए।

भगवान शिव की तस्वीर दिखाने पर लोकसभा अध्यक्ष ने राहुल को रोका

राहुल गांधी ने कहा कि भगवान शिव, गुरु नानक, ईसा मसीह, बुद्ध और भगवान महावीर ने दुनिया को अभयमुद्रा का संकेत दिया। बकौल राहुल गांधी अभयमुद्रा का अर्थ है डरो मत और डराओ मत। अपने भाषण के साथ राहुल ने भगवान शिव की तस्वीर भी दिखाई। इस पर सत्ता पक्ष ने घोर आपत्ति दर्ज कराई। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भी तस्वीरें न दिखाने को कहा। भाषण के दौरान कांग्रेस सासंद ने कहा कि अभयमुद्रा से पूरी दुनिया को साफ संदेश दिया गया है कि डरना और डराना मना है। उन्होंने इस्लाम का जिक्र करते हुए कहा, ' 'कुरान में लिखा है- पैगंबर ने कहा है कि डरना नहीं है। गुरु नानक जी के चित्र में भी अभय मुद्रा दिखेगी। जीसस के चित्र में भी अभय मुद्रा है। जीसस ने कहा था कि कोई आपको एक थप्पड़ मारे तो दूसरा गाल आगे कर दो।

पूरे हिंदू समाज को हिंसक कहना आपत्तिजनक : मोदी

आज संसद में राहुल को जवाब देंगे प्रधानमंत्री मोदी

केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि मंगलवार को संसद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राहुल गांधी की टिप्पणियों का जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि जिस दौरान राहुल गांधी सदन में बोल रहे थे, प्रधानमंत्री मोदी भी वहां मौजूद थे। स्पीकर ने नेता प्रतिपक्ष को बार-बार कहा कि अपना वक्तव्य रखते समय स्पीकर की तरफ पीठ नहीं करनी चाहिए, लेकिन राहुल गांधी बार-बार अपने सांसदों की तरफ देख रहे थे। सदन में वाद-विवाद का स्तर इतना गिर गया और हमने ऐसा इससे पहले कभी नहीं देखा था। आज संसद में नए सांसदों को राहुल गांधी से कुछ भी सीखने को नहीं मिला। कांग्रेस में कुछ वरिष्ठ कांग्रेसी नेता भी हैं और मैं अपील करता हूं कि राहुल गांधी को कुछ ज्ञान दें।

अग्निवीर पर गुमराह कर रहे राहुल : राजनाथ

नई दिल्ली। राहुल गांधी ने अग्निवीर योजना पर भी तीखे हमले किए। कहा कि एक बारूदी सुरंग से एक अग्निवीर शहीद हुआ। मैं उसे शहीद कह रहा हूं, लेकिन सरकार और नरेंद्र मोदी उसे शहीद नहीं कहते, उसे अग्निवीर कहते हैं, उसे पेंशन नहीं मिलेगी। उस घर को मुआवजा नहीं मिलेगा। शहीद का दर्जा नहीं मिलेगा। राहुल गांधी के भाषण के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि राहुल सदन को गुमराह कर रहे हैं। युद्ध या सीमा सुरक्षा के दौरान मौत होने पर अग्निवीर के परिजन को एक करोड़ रुपये दिए जाते हैं। गृहमंत्री अमित शाह ने भी राहुल गांधी को झूठ न बोलने की नसीहत दी। अगर अपने बयान का सत्यापन नहीं करते हैं तो उन्हें सदन, देश और अग्निवीरों से माफी मांगनी चाहिए।

राहुल घिरे : सिख, इस्लाम और हिंदू धर्माचार्यों ने दी नसीहत

नई दिल्ली। लोकसभा में अपने संबोधन में राहुल गांधी ने हिंदू धर्म और भगवान शिव की अभयमुद्रा का जिक्र करते हुए कहा कि भगवान शिव, गुरु नानक, ईसा मसीह, भगवान बुद्ध और भगवान महावीर ने पूरी दुनिया को अभयमुद्रा का संकेत दिया। बकौल राहुल गांधी अभयमुद्रा का अर्थ है डरो मत और डराओ मत। उन्होंने इस्लाम का जिक्र करते हुए कहा कि कुरान में भी इस बात का साफ उल्लेख है कि डराना मना है। नेता प्रतिपक्ष के इस बयान के बाद धर्माचार्यों ने उन्हें पढ़ने की नसीहत दी है। स्वामी अवधेशानंद गिरि ने कहा, हिंदू सभी में भगवान को देखते हैं, हिंदू अहिंसक और उदार हैं। हिंदू कहते हैं कि पूरा विश्व उनका परिवार है और उन्हें हमेशा सभी के कल्याण, खुशी और सम्मान के लिए प्रार्थना करनी चाहिए। हिंदुओं को हिंसक कहना या यह कहना कि वे नफरत फैलाते हैं, सही नहीं है। ऐसी बातें कहकर आप पूरे समाज को बदनाम और अपमानित कर रहे हैं। हिंदू समाज बहुत उदार है और यह ऐसा समाज है जो सभी को शामिल करता है और सभी का सम्मान करता है। ऑल इंडिया सूफी सज्जादानशीन काउंसिल के चेयरमैन सैयद नसरुद्दीन चिश्ती ने कहा, आज संसद में बोलते हुए राहुल गांधी ने कहा है कि इस्लाम में अभयमुद्रा भी है। इस्लाम में मूर्ति पूजा का कोई जिक्र नहीं है, न ही किसी तरह की मुद्रा है। मैं इसका खंडन करता हूं। राहुल गांधी को अपना बयान सही करना चाहिए। बिहार में गुरुद्वारा पटना साहिब के अध्यक्ष जगजोत सिंह ने कहा कि आज का दिन बहुत दुखद है। जिस तरह से विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सदन के सामने धर्मों को लेकर तथ्य पेश किए। मेरे हिसाब से उन्हें सही जानकारी नहीं है। उन्होंने सदन में अधूरी और गलत जानकारी पेश की। चाहे वह सिख धर्म हो, हिंदू धर्म हो या कोई और धर्म हो, जब तक किसी भी धर्म के बारे में पूरी जानकारी न हो नहीं बोलना चाहिए।

करोड़ों हिन्दुओं से माफी मांगें राहुल गांधी : योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संसद में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के हिन्दुओं को लेकर दिए गए बयान की कड़ी निंदा की है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि राहुल गांधी ने अपने निंदनीय बयान से भारत माता की आत्मा को लहुलुहान करने का कार्य किया है, इसके लिए उन्हें दुनियाभर में फैले करोड़ों हिन्दुओं से माफी मांगनी चाहिए। सोमवार को अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि हम लोग ये मानते थे कि हो सकता है कि नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद राहुल गांधी परिपक्व होंगे, मगर खेद होता है कि उनका बयान अभी बचकाने से उबर नहीं पाया है। एक अपरिपक्व बुद्धि का व्यक्ति ही इस प्रकार का बयान देगा।

एक नजर

एशियन प्राइज फॉर फिक्शन की सूची में दो भारतीयों के नाम

नई दिल्ली। दो भारतीय लेखकों और एक भारतीय मूल के लेखक की पुस्तकें 'एशियन प्राइज फॉर फिक्शन' की चयन सूची में शामिल हुई हैं। यह पुरस्कार वैश्विक साहित्यिक परिदृश्य को आकार देने वाली विविध आवाजों का सम्मान करता है। अरेफा तहसीन की 'विच इन द पीपल ट्री', मृणालिनी हरचंदराय की 'रेस्क्यूइंग अ रिवर ब्रिज' और नेपाली-भारतीय लेखिका स्मृति रवींद्र की 'वूमन हू क्लाइंब्ड ट्रीज' के अलावा इस श्रेणी में संक्षिप्त सूची में शामिल तीन अन्य किताबों में नाइजीरियाई लेखक अयोबामी अदेबायो की 'स्पेल ऑफ गुड थिंग्स', पाकिस्तान की सफीना दानिश इलाही की द आइडल स्टांस ऑफ द टिपलर पिजन और श्रीलंकाई-अमेरिकी लेखक वी .वी . गणेशनाथन की ब्रदरलेस नाइट्स शामिल हैं।

सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम घोषित

नई दिल्ली। यूपीएससी द्वारा आयोजित सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा-2024 के परिणाम सोमवार को घोषित कर दिए गए। यह परीक्षा 16 जून को आयोजित की गई थी। यूपीएससी ने कहा कि परीक्षा के अंक, कट ऑफ अंक व उत्तर कुंजी सिविल सेवा परीक्षा और भारतीय वन सेवा परीक्षा की पूरी प्रक्रिया समाप्त होने के बाद ही आयोग की वेबसाइट पर अपलोड किए जाएंगे।

नीट-यूजी पुनः परीक्षा के घोषित किए गए परिणाम

नई दिल्ली, एजेंसी

- संशोधित सूची में शीर्ष स्थान पाने वाले 67 में से अब 61 अभ्यर्थी

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की ओर से सोमवार को घोषित संशोधित परिणामों के अनुसार मेडिकल प्रवेश परीक्षा राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) में शीर्ष स्थान पाने वाले अभ्यर्थियों की संख्या 67 से घटकर 61 रह गई है। एनटीए ने 5 मई को छह केंद्रों पर देरी से परीक्षा शुरू होने पर समय के नुकसान की भरपाई के लिए 1,563 अभ्यर्थियों को कृपांक दिए थे। इन्हीं की पुनः परीक्षा कराने के बाद यह संशोधित सूची जारी की गई है।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद 23 जून को 7 केंद्रों पर हुई पुनः परीक्षा में 1,563 अभ्यर्थियों में से 48% शामिल नहीं हुए। एनटीए ने बताया कि 1,563 में 813 ने दोबारा परीक्षा दी। चंडीगढ़ केंद्र पर सिर्फ दो अभ्यर्थियों को परीक्षा देने थी पर कोई नहीं आया। जांच के घेरे में आए हरियाणा के झज्जर केंद्र पर 58% उपस्थिति रही, जहां 494 में 287 ने पुनः परीक्षा दी। आरोप था कि कृपांक से हरियाणा के एक ही केंद्र से 6 अभ्यर्थियों के साथ 61 अन्य उम्मीदवारों को पूरे 720 अंक मिले।

प्राथमिकी दर्ज होने पर अब तीन साल के भीतर न्याय

नई दिल्ली, एजेंसी

नए आपराधिक कानून लागू

- गृहमंत्री शाह ने कहा-अब दंड की जगह न्याय प्रदान करने को मिलेगी प्राथमिकता

भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) 2023 सोमवार से पूरे देश में प्रभावी हो गए। इन तीनों कानून ने ब्रिटिश कालीन कानूनों क्रमशः भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और 'इंडियन एविडेंस एक्ट' की जगह ली है। इसके साथ ही न्याय प्रणाली में व्यापक बदलाव की शुरूआत हो गई।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि नए आपराधिक कानूनों के तहत प्राथमिकी दर्ज होने के तीन साल के भीतर सभी मामलों में सुप्रीम कोर्ट के स्तर तक न्याय मिलेगा। शाह ने उम्मीद जताई कि भविष्य में अपराधों में कमी आएगी और नए कानूनों के तहत 90 प्रतिशत मामलों में दोषसिद्धि होने की संभावना है।

गृहमंत्री ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के स्तर तक न्याय प्राथमिकी दर्ज होने के तीन साल के भीतर मिल सकता है। तीनों आपराधिक कानूनों के लागू होने से भारत में दुनिया में सबसे आधुनिक आपराधिक न्याय प्रणाली होगी। उन्होंने कहा कि नए कानून, आधुनिक न्याय प्रणाली को स्थापित करते हैं जिनमें 'जीरो एफआईआर', शिकायतों का ऑनलाइन पंजीकरण, एसएमएस जैसे तरीकों से समन और अपराध स्थलों की अनिवार्य वीडियोग्राफी शामिल हैं। शाह ने बताया कि नए कानून के तहत पहला मामला ग्वालियर में रविवार रात 12 बजकर 10 मिनट पर मोटरसाइकिल चोरी का दर्ज किया गया।

नए कानून के तहत अमरोहा में दर्ज हुई पहली एफआईआर

लखनऊ/अमरोहा। डीजीपी प्रशांत कुमार ने कहा कि बिना किसी दिक्कत के प्रदेश के सभी थानों में नए कानून के तहत एफआईआर दर्ज की जा रहीं हैं। पहली रिपोर्ट अमरोहा, दूसरी आगरा और तीसरी रिपोर्ट बरेली में दर्ज की गईं। शाम आठ बजे तक 255 एफआईआर और 28 एनसीआर पंजीकृत की गईं। डीजीपी ने बताया कि तीनों कानूनों को लागू करने के लिए पहले से ही पुलिस ने व्यापक तैयारियां कर रखी थीं। अमरोहा संवाददाता के अनुसार जिले के रहरा थाने में भारतीय न्याय संहिता की धारा 106 के तहत सुबह 9:51 बजे एफआईआर दर्ज की गई है। सोमवार सुबह गांव ढकिया खादर निवासी संजय सिंह के पिता जगपाल उर्फ मंगला धान की पौध लगाने गए थे। उनके पड़ोसी राजवीर ने खेत के चारों ओर बिजली के तार लगा रखे हैं। करंट लगने से जगपाल की मौत हो गई। एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने बताया कि मामले में मृतक जगपाल उर्फ मंगला के बेटे संजय सिंह की तहरीर पर राजवीर उर्फ रज्जु और भूप सिंह उर्फ भोलू के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

- डीजीपी ने कहा पुलिस ने कर रखी थीं पहले से तैयारियां

मेधा पाटकर को पांच माह की जेल, 10 लाख जुर्माना

नई दिल्ली। दिल्ली की अदालत ने सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटकर को 23 साल पुराने मानहानि के मामले में सोमवार को पांच महीने जेल की सजा सुनाई। यह मामला दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने दायर किया था जब वह गुजरात के अहमदाबाद में एनजीओ (काउंसिल फॉर सिविल लिबर्टीज) के प्रमुख थे। मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट राघव शर्मा ने पाटकर पर 10 लाख का जुर्माना भी लगाया। अदालत ने पाटकर को आदेश के खिलाफ अपील करने का मौका देते हुए सजा को एक महीने के लिए निलंबित कर दिया। 24 मई को कोर्ट ने कहा था कि सक्सेना को कायर कहना और हवाला में उनकी संलिप्तता का आरोप लगाने संबंधी पाटकर का बयान न केवल अपने आप में मानहानि के समान है, बल्कि इसे नकारात्मक धारणा को उकसाने के लिए गढ़ा गया था। साथ ही यह आरोप शिकायतकर्ता की ईमानदारी और सेवा पर हमला है।

- मानहानि के मामले में दिल्ली की कोर्ट ने सुनाई सजा

24 जिले अतिसंवेदनशील, सुरक्षा को सतर्क रहें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : बाढ़ की नजर से 24 अति संवेदनशील और 16 संवेदनशील जिलों को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनधन की सुरक्षा के इंतजाम समय रहते कर लेने की हिदायत अफसरों को दी है।

मौसम विभाग के अनुमानों का संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री ने सतर्क किया कि इस साल पर्याप्त वर्षा होगी। नेपाल और उत्तराखंड की सीमा से लगे जिलों में सतर्कता बनाए रखें। उन्होंने कहा, आमजन की सुविधा और राहत एवं बचाव कार्य के बेहतर प्रबंधन के लिए बाढ़ बुलेटिन और मौसम का पूर्वानुमान नियमित रूप से जारी किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने सोमवार को अपने सरकारी आवास पर हुई एक बैठक में शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बाढ़ प्रबंधन और जन-जीवन की सुरक्षा के मद्देनजर जारी तैयारियों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ की नजर से अति संवेदनशील जिलों की संख्या में अभूतपूर्व कमी आई है। इस साल भी बेहतर कोऑर्डिनेशन, क्विक एक्शन और बेहतर प्रबन्धन से बाढ़ की स्थिति में लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित कराई जाए।

बाढ़ की नजर से 24 जिले अति संवेदनशील हैं। जिसमें लखीमपुर खीरी, बिजनौर, बदायूं, पीलीभीत और बरेली भी शामिल हैं।

- मुख्यमंत्री ने की बाढ़ प्रबंधन की तैयारियों की समीक्षा
- जलशक्ति मंत्री व दोनों राज्यमंत्री फील्ड में करें व्यवस्था का निरीक्षण

जुलाई में सामान्य से अधिक होगी बारिश

नई दिल्ली। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को कहा कि पूर्वोत्तर क्षेत्र के कुछ हिस्सों को छोड़कर देश में जुलाई में सामान्य से अधिक बारिश हो सकती है। आईएमडी प्रमुख मृत्युंजय महापात्र ने कहा कि पूर्वोत्तर भारत के कई हिस्सों और उत्तर-पश्चिम, पूर्व और दक्षिण-पूर्वी प्रायद्वीपीय भारत के कुछ हिस्सों को छोड़कर देश के अधिकांश हिस्सों में जुलाई में सामान्य से अधिक वर्षा होने की संभावना है।

पर्याप्त रिजर्व स्टॉक एकत्र कर लें

मुख्यमंत्री ने कहा है कि अति संवेदनशील और संवेदनशील क्षेत्रों में बाढ़ की आपात स्थिति के लिए पर्याप्त रिजर्व स्टॉक एकत्र कर लिया जाए। इन स्थलों पर पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था एवं आवश्यक उपकरणों का भी प्रबन्ध हो। जल शक्ति मंत्री एवं दोनों राज्य मंत्री द्वारा अति संवेदनशील तथा संवेदनशील क्षेत्रों का भ्रमण करें, साथ ही बाढ़ बचाव से जुड़ी परियोजनाओं का निरीक्षण करें।

कॉमर्शियल गैस सिलेंडर हुआ 30 रुपये सस्ता

नई दिल्ली। अंतर्राष्ट्रीय तेल कीमतों के अनुरूप विमान ईंधन की दर में सोमवार को 1.2% की वृद्धि हुई। हालांकि, वाणिज्यिक एलपीजी (19 किग्रा) सिलेंडर की कीमत में 30 रुपये प्रति सिलेंडर की कटौती की गई है। दिल्ली में विमानन ईंधन (एटीएफ) की कीमत 1,179.37 रुपये प्रति किलोलीटर या 1.2% बढ़कर 96,148.38 रुपये प्रति किलोलीटर हो गई। एक जून को एटीएफ की दर में 6.5% (6,673.87 रुपये प्रति किलोलीटर) की कटौती हुई थी। मुंबई में एटीएफ की कीमत 88,834.27 रुपये से बढ़ाकर 89,908.30 रुपये प्रति किलोलीटर हो गई। तेल कंपनियों ने वाणिज्यिक सिलेंडर की कीमत 30 रुपये कमकर 1,646 रुपये प्रति सिलेंडर की है। कीमतों में लगातार चौथी बार कटौती की गई है। इससे पहले एक जून को 69 रुपये कम किए गए थे। एक मई को 19 और एक अप्रैल को 30.5 रुपये प्रति सिलेंडर कम किए गए थे।

टीएमयू में असिस्टेंट प्रोफेसर की संदिग्ध स्थितियों में मौत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद/पाकबड़ा

अमृत विचार : टीएमयू में महिला असिस्टेंट प्रोफेसर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। गले पर चोट के निशान मिले हैं। मौके से एक चाकू भी मिला है। पुलिस प्रथम दृष्टया इसे आत्महत्या मान रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वजह स्पष्ट नहीं है, बिसरा सुरक्षित कर लिया गया है।

हरियाणा के रेवाड़ी जिले के माडल टॉउन की अदिति मल्होत्रा (31) टीएमयू में पैथोलॉजी विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर थीं। पिता डॉक्टर नवनीत कुमार ने बताया है कि अदिति ने तीन हफ्ते पहले ही तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी (टीएमयू) में ज्वाइन किया था। रविवार शाम अदिति से फोन पर बात हुई थी। वहीं कॉलेज प्रबंधन ने बताया कि सोमवार सुबह अदिति के परिजनों ने उनको फोन किया, जब फोन नहीं उठा तो कॉलेज स्टाफ को फोन कर अदिति से बात कराने को कहा। स्टाफ जब गेस्ट हाउस पहुंचा तो कमरा अंदर से बंद मिला। खिड़की से झांका तो अदिति लहूलुहान बेड से नीचे पड़ी थी।

- हरियाणा की अदिति ने तीन सप्ताह पहले किया था ज्वाइन

एनआईए ने दी रशीद को सांसद के तौर पर शपथ लेने की सहमति

नई दिल्ली। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने 2019 से तिहाड़ जेल में बंद कश्मीरी नेता शेख अब्दुल रशीद उर्फ इंजीनियर रशीद को 5 जुलाई को सांसद के तौर पर शपथ लेने के लिए सोमवार को विशेष अदालत के समक्ष अपनी सहमति दे दी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश चंदर जीत सिंह इस पर मंगलवार को आदेश पारित करेंगे। एनआईए के वकील ने कहा कि रशीद को कुछ शर्तों के साथ शपथ लेने की मंजूरी दी जानी चाहिए वह मीडिया से बात न करें। बारामूला से निर्दलीय सांसद रशीद को जम्मू कश्मीर में आतंकवाद के वित्त पोषण के मामले में 2017 में गिरफ्तार किया गया था।

- तिहाड़ जेल में बंद है कश्मीरी नेता शेख अब्दुल रशीद

धर्मांतरण जारी रहा तो बहुसंख्यक आबादी हो जाएगी अल्पसंख्यक

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने धार्मिक सभाओं में धर्मांतरण करवाने की प्रवृत्ति पर सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि अगर धार्मिक सभा में धर्मांतरण करवाने की प्रवृत्ति यूं ही जारी रही तो एक दिन भारत की बहुसंख्यक आबादी अल्पसंख्यक हो जाएगी।

संविधान का अनुच्छेद 25 किसी को भी कोई भी धर्म मानने व अपने धर्म का प्रचार करने की स्वतंत्रता देता है लेकिन धर्म प्रचार की स्वतंत्रता किसी को धर्म परिवर्तन कराने की स्वतंत्रता या अनुमति नहीं देती है। धर्मांतरण करने वाली ऐसी धार्मिक सभाओं पर तत्काल रोक लगाने की आवश्यकता है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की एकलपीठ ने हिंदुओं को ईसाई बनाने के मामले में आरोपी हमीरपुर के मौदहा निवासी कैलाश की जमानत याचिका को खारिज करते हुए पारित किया।

रामकली प्रजापति ने पुलिस स्टेशन मौदहा, हमीरपुर में आईपीसी की धारा 365 और उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम, 2021 की 3/5(1) के तहत दर्ज प्राथमिकी में आरोप लगाया कि मानसिक रूप से बीमार उसके भाई को याची इलाज करवाने के बहाने गांव से निकालकर अपने साथ दिल्ली ले गया और वहां ले जाकर एक धार्मिक सभा में उसे तथा गांव के अन्य कई लोगों को ईसाई धर्म में परिवर्तित करवा दिया। इसके बदले शिकायतकर्ता के भाई को पैसे भी दिए गए।

हाईकोर्ट ने धर्मांतरण पर की सख्त टिप्पणी

- धर्म प्रचार की आजादी धर्म परिवर्तन कराने की अनुमति नहीं देती

धर्मांतरण में कानूनी प्रक्रिया का पालन जरूरी

इलाहाबाद हाईकोर्ट इससे पहले भी धर्मांतरण को लेकर टिप्पणी कर चुका है। अप्रैल 2024 में न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार की पीठ ने कहा था कि देश में कोई भी व्यक्ति धर्म बदलने के लिए स्वतंत्र है, बशर्ते कानूनी प्रक्रियाओं का पालन किया गया हो। कोर्ट ने कहा कि इसके लिए शपथ पत्र और समाचार पत्र में विज्ञापन दिया जाना जरूरी है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि धर्म परिवर्तन से कोई सार्वजनिक आपत्ति नहीं है। यह भी सुनिश्चित किया जाना जरूरी है कि कोई धोखाधड़ी या अवैध धर्म परिवर्तन नहीं है। साथ ही सभी सरकारी आईडी पर नया धर्म दिखाई देना चाहिए।

उप्र में गुमराह करके बनाया जा रहा है ईसाई

कोर्ट ने निष्कर्ष निकाला कि याची पर लगाए गए आरोप गंभीर हैं और जांच से यह पता चला है कि गांव के तमाम लोगों को ईसाई बनाया गया है, साथ ही उत्तर प्रदेश में धार्मिक आयोजनों के जरिए भोले-भाले गरीब लोगों और एससी/एसटी को गुमराह कर ईसाई बनाया जा रहा है। ऐसे में गैर कानूनी ढंग से धर्मांतरण करवाने के गंभीर आरोपों को देखते हुए याची की याचिका खारिज कर दी गई।

एक नजर

तीन सौ से ज्यादा सहायक अभियंताओं के पद खाली

अमृत विचार, लखनऊ : ऊर्जा निगमों में तीन सौ से ज्यादा सहायक अभियंताओं के पद खाली हैं। विद्युत सेवा आयोग इन पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू नहीं कर रहा है। इस सिलसिले में उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद अभियंता संघ ने पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष को पत्र लिखकर भर्ती प्रक्रिया शुरू कराने की मांग की है।

नवतीन शर्मा को एलडीए में मुख्य अभियंता का चार्ज

अमृत विचार, लखनऊ : एलडीए में मुख्य अभियंता एके सिंह के सेवानिवृत्त होने के बाद चार्ज अधिशासी अभियंता नवतीन शर्मा को दिया गया है। सोमवार को उन्होंने प्रभारी के तौर पर कामकाज ग्रहण किया। और संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक करके योजनाओं और शहर के विकास कार्यों पर बात की।

आईएएस अमित किशोर बने रक्षा मंत्री के निजी सचिव

अमृत विचार लखनऊ : उप्र कैडर के आईएएस अमित किशोर को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का निजी सचिव नियुक्त किया गया है। उप कुल सचिव पूजा जैन ने पत्र जारी करते हुए इसकी जानकारी दी है।

सही बिजली बिल न देने पर होगी कार्रवाई

कॉरपोरेशन अध्यक्ष ने दिये निर्देश, गाजियाबाद के मुख्य अभियंता को प्रतिकूल प्रविष्टि

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल ने बिलिंग एजेंसियों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि उपभोक्ताओं को सही मीटर रीडिंग का बिल उपलब्ध कराएं। लक्ष्य पूरा न होने पर एजेंसियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। अध्यक्ष सोमवार को शक्ति भवन में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये बिलिंग एजेंसियों के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। अध्यक्ष ने गाजियाबाद में बिलिंग व्यवस्था सही न पाये जाने पर मुख्य अभियंता-प्रथम को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिया।

उन्होंने गाजियाबाद, नोएडा व मुजफ्फरनगर में बिलिंग को शत-प्रतिशत पूरा करने के निर्देश दिये। अध्यक्ष ने कहा कि कई जिलों में उपभोक्ताओं को ऐसे बिल दिये गये हैं, जिसमें बिल का विवरण स्पष्ट नहीं है। ऐसे स्थानों पर तत्काल प्रिंटर बदलकर उपभोक्ताओं को सही रीडिंग का बिल देना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि हर

समीक्षा बैठक के दौरान पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल। अमृत विचार

उपभोक्ताओं को समय से सही रीडिंग का बिल हो उपलब्ध

अनपरा सी समेत चार इकाइयां ठप, बिजली संकट जारी

अमृत विचार, लखनऊ : ओबरा की एक इकाई को छोड़कर उत्पादन बिजलीघरों में पहले से बंद चल रही सभी इकाइयां चालू हो गईं, पर सोमवार को अनपरा सी समेत चार इकाइयां ठप हो गईं। इससे उत्पादन बिजलीघरों में फिर बिजली संकट की स्थिति बन गई। दूसरी ओर, स्थानीय खराबी के कारण प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में बिजली की किल्लत बनी रही। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार अनपरा सी की 600 मेगावाट, बारा की 660 मेगावाट और हरदुआगंज की 105 मेगावाट व 250 मेगावाट की दो इकाइयां ठप हो गईं जबकि पहले से बंद चल रहीं ओबरा की दो सौ मेगावाट क्षमता की इकाई चालू नहीं हो सकी। इससे राज्य के उत्पादन बिजलीघरों में करीब 1700 मेगावाट बिजली उत्पादन घट गया। मांग को पूरा करने के लिए एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से वैकल्पिक व्यवस्था के तहत बिजली आपूर्ति चालू की गई। प्रदेश में सोमवार को बिजली की अधिकतम मांग 25,669 मेगावाट दर्ज हुई, जबकि न्यूनतम मांग 17,899 मेगावाट रही। कॉरपोरेशन के सूत्रों ने बताया कि पिछले दिनों ठप हुई इकाइयों को चालू कर लिया गया है। अगले दो-तीन दिनों में इन इकाइयों को चालू कर लिये जाने की संभावना है।

दो निदेशक समेत कई मुख्य अभियंता सेवानिवृत्त

ऊर्जा निगमों में दो निदेशकों समेत कई मुख्य अभियंता सेवानिवृत्त हो गये। खाली पड़े निदेशकों के पदों पर जल्द चयन प्रक्रिया शुरू होने की संभावना है। सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों में उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के निदेशक वाणिज्य अमित श्रीवास्तव व मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के निदेशक तकनीकी अजय कुमार श्रीवास्तव शामिल हैं। मुख्य अभियंता स्तर के अधिकारियों में चंद्रवीर सिह गौतम, अमरेंदु, सुनील कपूर, पीयूष गर्ग आदि शामिल हैं।

हाल में उपभोक्ताओं को समय से सही रीडिंग का बिल उपलब्ध कराया जाय। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक पंकज कुमार, वितरण निगमों के निदेशक (वाणिज्य) व अन्य अधिकारी शामिल रहे।

गलत रिपोर्ट लगाने वालों पर होगी कार्रवाई

अमृत विचार, लखनऊ: इंटीग्रेटेड ग्रीवांस रिड्रेसल सिस्टम (आईजीआरएस) में दर्ज शिकायतों पर गलत रिपोर्ट लगाकर शिकायत बंद करने वाले अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई होगी। मुख्य सचिव कार्यालय रोजाना पांच शिकायतों का रेंडम आधार पर परीक्षण करेगा। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने सोमवार को अफसरों को यह निर्देश दिये। मुख्य सचिव सोमवार को लोक भवन में आईजीआरएस की समीक्षा कर रहे थे।

मुख्य सचिव ने कहा कि आम लोगों की शिकायतों व समस्याओं के त्वरित, आसान और पारदर्शी निस्तारण के लिए आईजीआरएस बहुत अच्छा सिस्टम है। उन्होंने कहा कि आम लोगों से विभिन्न माध्यमों से प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित व निष्पक्ष ढंग से निस्तारण कराया जाय। शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता व शिकायतकर्ता की संतुष्टि का विशेष ध्यान रखा जाय। उन्होंने कहा कि उनके कार्यालय से पांच शिकायतों का रेंडम आधार पर परीक्षण किया जायगा व आवश्यकता पड़ने पर मौके पर सक्षम अधिकारी को भेजकर सत्यापन कराया जाएगा।

उप्र. और अयोध्या को बदनाम करने की साजिश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अयोध्या में मुआवजे को लेकर राहुल गांधी के बयान पर मुख्यमंत्री का पलटवार

अमृत विचार: संसद में अयोध्या में विस्थापितों को दिये गये मुआवजे को लेकर राहुल गांधी द्वारा की गई टिप्पणी पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करारा पलटवार किया है। योगी ने कहा कि राहुल का बयान उप्र. और अयोध्या को बदनाम करने के लिए दिया गया है।

उन्होंने बताया कि अयोध्या में विभिन्न विकास कार्यों के दौरान विस्थापित हुए लोगों को 1733 करोड़ रुपए की धनराशि मुआवजे के तौर पर प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री सोमवार शाम अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे।

इस बीच मुख्यमंत्री सूचना परिसर से अयोध्या में बांटे गए मुआवजे की विस्तृत जानकारी साझा की है। इस क्रम में अयोध्या एयरपोर्ट के लिए 952.39 करोड़, अयोध्या बाईपास (रिंग रोड) के लिए 295 करोड़, राम जन्मभूमि पथ में 14.12 करोड़, भक्ति पथ में 23.66 करोड़, रामपथ में 114.69 करोड़, पंचकोसी परिक्रमा मार्ग के लिए 29 करोड़, चौदह कोसी परिक्रमा मार्ग के लिए 119.20 करोड़, रुदौली-रोजागांव रेलवे स्टेशन के मध्य रेलवे दोहरीकरण के निर्माण के लिए 35.03 लाख, एनएच 330ए के निर्माण के लिए 163.90 करोड़, एनएच 227बी के पैकेज 3 के अंतर्गत 21.09 करोड़ रुपये समेत अबतक कुल 21,548 व्यक्तियों, विस्थापितों को मुआवजा दिया जा चुका है। इसके अतिरिक्त दुकानों का सौंदर्यीकरण कराया गया।

पीडीए सबको जोड़ता है: अखिलेश

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिवस के अवसर पर पार्टी के प्रदेश कार्यालय के बाहर नृत्य करते किन्नर समुदाय के लोग। अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

हवन पूजन, पौधरोपण व लैपटॉप वितरित कर मनाया अखिलेश का जन्मदिन

अमृत विचार: सपा प्रमुख अखिलेश यादव का सोमवार को 51वां जन्मदिन मनाया गया। पार्टी कार्यालय के अंदर ही नहीं, राजधानी समेत विभिन्न जिलों व अन्य प्रांतों में कहीं केक काटा गया तो कहीं हवन पूजन कर दीर्घायु होने की कामना की गई। साथ ही पार्टी कार्यालय में किसी ने उन्हें मुकुट पहनाया तो किसी ने बुके, पौधे तथा अन्य स्मृतिचिह्न भेंटकर अखिलेश यादव को बधाई दी।

बधाई देने पहुंचे पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं का अभार जताते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि पीडीए सबको जोड़ता है। भाजपा की नफरती राजनीति को रोकने का काम सपा ने लोकसभा चुनाव में किया है। सपा ने देश की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी बनकर नेताजी का सपना पूरा किया है। यह आरएसएस की लगने वाली शाखाओं का जवाब है। उन्होंने कहा कि पीडीए की संविधान और लोकतंत्र बचाने की यह लड़ाई अभी जारी रहेगी।

इस अवसर पर समाजवादी किन्नर सभा की अध्यक्ष पायल सिंह ने अखिलेश यादव की आरती उतारी और दीर्घायु होने की कामना की। चित्रकूट के विधायक अनिल प्रधान ने नेताजी की प्रतिमा भेंट की। सुनील सिंह साजन ने बरगद का वृक्ष और जानकी पाल ने पौधा भेंट किया। इस अवसर पर वृक्षारोपण के साथ मिष्ठान्न, फल, गरीबों को अन्नदान, भंडारे आदि के आयोजन किये गये। अस्पतालों में फल, बाटे गये।

100 बच्चों को दिया लैपटॉप

सपा कार्यालय के बाहर भंडारे की शुरुआत राजेन्द्र चौधरी और प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने किया। संतोष पाण्डेय ने केक काटकर और मिष्ठान वितरण कर पार्टी अध्यक्ष का जन्मदिन मनाया। समाजवादी महिला सभा की जूही सिंह ने आर्थिक रूप से कमजोर 100 बच्चों को लैपटॉप और टैबलेट का वितरित किए। साथ ही पीडीए पेड बरगद, पीपल, नीम लगाकर पांच गांवों में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को संसाधन उपलब्ध कराने के साथ पुरस्कार भी दिया गया।

विद्यालयों से जुड़ी योजनाओं की होगी समीक्षा

अमृत विचार,लखनऊ: बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में मिलने वाली सरकारी सुविधाओं को लेकर अभी तक हुई प्रगति की समीक्षा की जायेगी।

ये समीक्षा बैठक 5 जुलाई से तीन चरणों में होगी। पहले चरण में 5 जुलाई को इस बारे में पहले चरण में अलीगढ़, अम्बेडकरनगर, औरेया, आजमगढ़, बहराइच, बलिया, बलरामपुर, बांदा, भदोही, चन्दौली, चित्रकूट, फर्रुखाबाद, फतेहपुर, फिरोजाबाद, गौतमबुद्धनगर, गजियाबाद, गाजीपुर, हमीरपुर, हापुड़, हाथरस, जालौन, जौनपुर, झांसी, अमरोहा लखनऊ जनपद की समीक्षा होगी। वहीं दूसरे चरण में 8 जुलाई को कानपुर देहात, कानपुर नगर, कुशीनगर, महाराजगंज, महोबा, मैनपुरी, मथुरा, मऊ, मेरठ, मिर्जापुर, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, रायबरेली, सहारनपुर, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर, उन्नाव, वाराणसी, बागपत, शामली, कासगंज, इटावा, एटा, कन्नौज व शाहजहांपुर की समीक्षा होगी। वहीं तीसरे चरण में 10 जुलाई को कौशाम्बी, रामपुर, सम्भल, ललितपुर, अमेठी, अयोध्या, आगरा, प्रतापगढ़, बिजनौर, सुल्तानपुर, देवरिया, सोनभद्र, बुलन्दशहर, गोरखपुर, बाराबंकी, बरेली, बदायूं, गोण्डा, हरदोई, प्रयागराज, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, बस्ती, सन्तकबीरनगर, व पीलीभीत की समीक्षा की जायेगी।

एमएसएमई को बढ़ावा देना सरकार की प्राथमिकता: सचान

आईआईए का नया सत्र शुरू, 180 पदाधिकारियों ने ली शपथ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

आईआईए पदाधिकारियों को शपथ दिलाते एमएसएमई मंत्री राकेश सचान।

अमृत विचार: प्रदेश के एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने कहा कि प्रदेश सरकार (माइक्रो, स्माल, मीडियम इंटरप्राइजेज) एमएसएमई सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। यह सरकार की उच्च प्राथमिकता में से एक है। कृषि क्षेत्र के बाद एमएसएमई ही ऐसा सेक्टर जो सर्वाधिक रोजगार प्रदान करता है। ऐसे में रोजगार सृजित करने वाले इस सेक्टर पर सरकार खास ध्यान रख रही है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में उद्यमियों का शोषण किसी भी हालत में न होने पाए, इस पर सरकार गंभीर है। वे सोमवार को आईआईए (इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन) की ओर से आयोजित गोमतीनगर विभूतिखंड स्थित संगठन के भवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में बोल रहे थे। इस दौरान एसोसिएशन के नवनियुक्त वर्ष 2024-25 के पदाधिकारियों ने शपथ भी ली। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड एवं दिल्ली प्रदेश के आईआईए पदाधिकारियों ने शपथ ली।

एमएसएमई मंत्री ने कहा कि उद्योगों के विकास में आईआईए की अहम भूमिका है। प्रमुख सचिव आलोक कुमार से मांग पत्र को लेकर वार्ता की जाएगी। राज्य की सभी 90 लाख से ज्यादा एमएसएमई इकाइयों को सरकारी पोर्टल पर पंजीकृत कराया जा रहा है। 'प्लेज स्कीम' को लेकर उठाई गई कुछ दिक्कतों पर उन्होंने कहा कि 12 मीटर लिंक रोड को लेकर हुई समस्या पर सरकार गंभीर है।

पदाधिकारियों ने ली शपथ :उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड एवं दिल्ली से 180 नवनियुक्त पदाधिकारियों ने पद की शपथ ली। इसी के साथ आईआईए के वर्ष 2024-25 के नए सत्र का शुभारंभ 1 जुलाई से हो गया है। समारोह में आईआईए महासचिव आलोक अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिनेश गोयल, आईआईए महिला चैप्टर की चेयरपर्सन आनंदी अग्रवाल, लखनऊ चैप्टर के चेयरमैन विकास खन्ना, लखनऊ डिवीजनल के चेयरमैन राजीव बंसल, अयोध्या डिवीजन के चेयरमैन प्रमीत सिंह, नेशनल वाइस प्रेसिडेंट चेतन भल्ला आदि की मौजूदगी रही।

औद्योगिक भूमि को फ्री होल्ड कराने की मांग :एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज सिंघल ने बताया कि आईआईए अपने मिशन 'ट्रांसफॉर्मिंग एमएसएमई टू वर्ड इंडस्ट्री'' 4.0 और 48 को आगे बढ़ाते हुए एमएसएमई को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। यही नहीं प्रदेश में लीज होल्ड औद्योगिक भूमि को फ्री होल्ड कराने की मांग को सरकार तक पहुंचाया जाएगा। जिससे उद्योग प्रदेश में बिना किसी बाधा के रफ्तार पकड़ सके।

अध्यक्ष ने लक्ष्य तय किए, कहा आगे बढ़ेंगे

- आईआईए की गतिविधियों एवं चैप्टर का विस्तार देश के कम से कम 11 राज्यों में किया जायेगा जिससे आईआईए कि सदस्यता को 20,000 तक लाया जाए।
- माह दिसम्बर 2024 और जनवरी 2025 में देश के एमएसएमई उत्पादों की प्रदर्शनी ' 'बिल्ड भारत एक्सपो'' का आयोजन दिल्ली एवं राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में उत्पादों को शामिल कर किया जायेगा।
- एमएसएमई के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए आईआईए के एक्सपोर्ट फैसिलिटेशन सेंटर को सुदृढ़ किया जायेगा।
- राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर एमएसएमई उद्यमी महासम्मेलनों का आयोजन किया जायेगा।
- देश की कम से कम 20 राज्य स्तरीय एमएसएमई संगठनों के साथ मिलकर सेक्टर के उत्थान के लिये ए-20 फोरम के माध्यम से विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जायेगी।

वरिष्ठ चिकित्सकों से लेकर बेसिक हेल्थ वर्कर के देर रात तक हुए तबादले

अनुरोध को दी प्राथमिकता, पारस्परिक स्थानांतरण भी किए गए

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

185 डॉक्टरों और 322 फार्मासिस्टों के हुए स्थानांतरण

बेसिक हेल्थ वर्कर को भी मिली मनचाही तैनाती

अमृत विचार: मनमुताबिक तबादला अवधि के आखिरी दिन रविवार को स्वास्थ्य विभाग में भी ग्रेड वन के डॉक्टर से लेकर विशेषज्ञ डॉक्टर व पैरामेडिकल स्टाफ के भी ट्रांसफर की सूचियां जारी होती रहीं। डॉक्टरों में 185 तो फार्मासिस्टों में 322 के तबादले हुए हैं। वहीं हेल्थ एजुकेशन ऑफिसर (एचईओ) के साथ ही बेसिक हेल्थ वर्कर को भी अनुरोध पर मनचाही तैनाती मिली है।

स्वास्थ्य विभाग में 26 वरिष्ठ चिकित्सकों के स्थानान्तरण सूची के साथ ही 10 विशेषज्ञ डॉक्टरों को जरूरत के आधार पर विभिन्न अस्पतालों में तैनात किया गया है, इनमें सर्जन डॉ. राजकुमार को बदायूं जिला अस्पताल में, आर्थोपैडिक डॉ.शुशांतों भौमिक को ट्रामा सेंटर जानकीपुरम में, पैथोलॉजिस्ट डा.शौकत अली को आजमगढ़, ईएनटी विशेषज्ञ आनन्द कुमार जायसवाल को प्रयागराज में ही मोतीलाल नेहरू अस्पताल में, पैथेलॉजिस्ट डॉ.धर्मेन्द्र सिंह को संतकबीर नगर, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.अरविंद कुमार को सुल्तानपुर से गोंडा भेजा गया, ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन के डॉ.अनुपम कुमार को लखनऊ में डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी अस्पताल, बालरोग विशेषज्ञ डॉ. सुरेन्द्र प्रसाद को वाराणसी और डॉ.सचिन कुमार को मेरठ से बाराबंकी सीएमओ के अधीन तैनात किया गया है।

इसके अलावा विभिन्न विशेषज्ञता के 11 डॉक्टरों को मऊ में नवनिर्मित 100 बेडेड हास्पिटल में तैनाती दी गई। डेढ़ दर्जन डॉक्टरों को अनुरोध में दूसरे जिले में सीएमओ के अधीन तैनाती दी गई और ग्रेड वन के पांच चिकित्सकों को मनचाहे अस्पताल में तैनात करते हुए आदेश स्वास्थ्य महानिदेशक ने जारी किया है। इतना ही नहीं, ग्रेड टू व श्री के 21 डॉक्टरों को मनचाही तैनाती मिली है।

निदेशक प्रशासन बने शिव सहाय अवस्थी

स्थानान्तरण सत्र में स्वास्थ्य विभाग में निदेशक प्रशासन डॉ. राजागणपति के जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर बनाए जाने के बाद, सोमवार को उनके स्थान पर विभाग के विशेष सचिव शिव सहाय अवस्थी को अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है। यह निर्देश प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने जारी किया है।

टेक्नीशियन की भी सूची जारी

स्वास्थ्य विभाग में 38 एक्स-रे टेक्नीशियनों के तबादलों की सूची जारी हुई हैं, सूची में दो एक्स-रे टेक्नीशियनों को अदला-बदली में नवीन तैनाती दी गई है। वहीं विभिन्न जिलों के अस्पतालों में कार्यरत 115 लैब टेक्नीशियनों को अनुरोध पर नवीन तैनाती मिली हैं। तबादलों में पहली सूची में 93 और दूसरी में सात के साथ ही चार लैब टेक्नीशियन के पारस्परिक तबादले किए गए। वहीं 11 सीनियर लैब टेक्नीशियनों को भी नवीन तैनाती देते हुए स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ.बृजेश राठौर ने आदेश जारी किया है।

पैरामेडिकल को मिला लाभ

स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. बृजेश राठौर ने राजकीय नेत्र परीक्षण अधिकारी संवर्ग के 45 और प्रयोगशाला सहायक के 36 कर्मियों के स्थानान्तरण सूची जारी की है। निदेशक दंत डॉ.राघवेन्द्र कुमार मिश्र ने 66 डेंटल हाईजेनिस्ट के तबादलों की सूची रविवार देर रात जारी की, उन्होंने बताया कि अधिकांश को अनुरोध पर तैनाती मिली है। वहीं मातृ एवं शिशु कल्याण के संयुक्त निदेशक ने महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता और बेसिक हेल्थ वर्कर्स के भी अनुरोध को तरजीह देते हुए 34 नाम की स्थानान्तरण सूची जारी की है। इसके अलावा 22 डार्क रूम सहायकों को भी नवीन तैनाती मिली है।

फार्मासिस्ट भी हुए लाभान्वित

स्वास्थ्य विभाग में सबसे ज्यादा 472 तबादले फार्मासिस्ट संवर्ग में हुए हैं, पहली सूची में 287 और दूसरी में 26 अन्य फार्मासिस्टों को नवीन तैनाती दी गई। इसके अलावा नौ फार्मासिस्टों को पारस्परिक स्थानान्तरण का लाभ मिला है। वहीं चीफ फार्मासिस्ट पद पाए 159 फार्मासिस्टों को भी पद के अनुसार नवीन तैनाती मिल गई।

एचईओ को मिला दूसरे जिले का लाभ

संगठन के दबाव और स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी (एचईओ) के निजी अनुरोध को ध्यान में रखते हुए 17 एचईओ को दूसरे जिले में स्थानान्तरित कर दिया गया है। संयुक्त निदेशक अशवनी कुमार ने देर रात पहली सूची में आठ एचईओ और दूसरी सूची में नौ एचईओ को शामिल करते हुए आदेश जारी किया।

नर्सिंग संवर्ग में भी जारी हुई सूची

निदेशक नर्सिंग डॉ.अनीता शर्मा ने 150 नर्सेस के नाम की स्थानान्तरण सूची जारी की, सूची में उपचारिका, सिस्टर और स्टाफ नर्स शामिल हैं।

मेडिकल कॉलेजों में भेजे गये 25 शिक्षक

अमृत विचार : प्रदेश के राजकीय और नए मेडिकल कॉलेजों में शिक्षकों की कमी को पूरी करने के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग ने स्थानान्तरण सत्र में 25 शिक्षकों के तबादले किए हैं। स्थानान्तरण के तहत सहारनपुर मेडिकल कॉलेजो के शिक्षकों को दूसरे मेडिकल कॉलेजों में भेज दिया गया, जबकि वहां पर एक भी शिक्षक को नहीं भेजा गया। वहीं सबसे ज्यादा झांसी मेडिकल कॉलेज को पांच शिक्षक मिले, मेरठ मेडिकल कॉलेज को चार, आगरा मेडिकल कॉलेज को भी चार, कानपुर मेडिकल कॉलेज में तीन और कानपुर के राजकीय मेडिकल कालेज में एक, प्रयागराज में एक, कन्नौज, अंबेडकर नगर, बदायूं, जालौन, आजमगढ़ और गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में शिक्षकों को भेजा गया।

प्रदीप बने लखनऊ के एआरटीओ प्रशासन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

परिवहन विभाग में कई आरटीओ और एआरटीओ के हुए ताबदले

अमृत विचार: परिवहन विभाग ने तबादला नीति के तहत कई प्रदेश भर के कई आरटीओ, एआरटीओ सहित बाबुओं को इधर-उधर किया गया है।

इसी कड़ी में लखनऊ के ट्रांसपोर्ट नगर में तैनात प्रभारी आरटीओ (प्रशासन) उदयवीर सिंह को मिर्जापुर का आरटीओ प्रशासनके पद पर तैनात किया गया है। इनके स्थान पर मिर्जापुर में तैनात रहे आरटीओ (प्रशासन) संजय कुमार तिवारी को लखनऊ का आरटीओ प्रशासन पद की जिम्मेदारी दी गई है। लखनऊ के एआरटीओ (प्रशासन) अखिलेश कुमार द्विवेदी को लखीमपुर-खीरी में एआरटीओ प्रशासन के पद पर तैनात किया गया है।

मथुरा में तैनात रहे एआरटीओ (प्रशासन) प्रदीप कुमार सिंह को लखनऊ के एआरटीओ प्रशासन के पद पर तैनाती मिली है। लखनऊ में तैनात एआरटीओ प्रवर्तन अमित राजन राय को गाजियाबाद एआरटीओ प्रवर्तन प्रथम दल में भेजा गया है। यात्रीकर अधिकारी एसपी देव को लखनऊ में तैनाती दी गई है। ट्रांसपोर्टनगर आरटीओ कार्यालय में तैनात रहे चार बाबुओं का भी तबादला कर दिया गया है। सात कर्मचारियों को अन्य क्षेत्रों से लखनऊ में भेजा गया है।

इनमें केके दूबे, गजेंद्र सिंह, सतेंद्र प्रताप राव, उदय प्रताप सिंह, मनन हर्ष, शोभित मिश्रा लखनऊ में तैनात किया गया है। इसके अलावा ट्रांसगोमती कार्यालय में पवन त्रिपाठी और ट्रांसपोर्टनगर आरटीओ कार्यालय में प्रधान सहायक श्रीप्रकाश मालवीय की अयोध्या से वापसी हुई है।

टेंडर प्रक्रिया को लेकर पर्यटन मंत्री हुए नाराज

अमृत विचार, लखनऊ: पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने अवध केसरी राणा बेनी माधव बक्श सिंह की स्मृति में रायबरेली सभागार संरचना के दृतीय चरण के निर्माण कार्य के लिए प्रस्तावित टेण्डर की कार्रवाई न होने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि आचार संहिता समाप्त होने के बाद टेण्डर की प्रक्रिया पूरी कर लेनी चाहिए थी।

पर्यटन मंत्री सोमवार को पर्यटन विभाग की समीक्षा करते हुए कहा की उन्होंने कहा कि निर्देशों के अनुपालन में लापरवाही बरतने पर दंडात्मक कार्रवाई भी की जायेगी।

आवास विकास में संपत्ति प्रबंधकों की तैनाती

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

मुकेश पाल देखेंगे लखनऊ में आम्रपाली व राजाजीपुरम योजना

अमृत विचार : उप्र आवास एवं विकास परिषद ने प्रदेश में संपत्ति प्रबंधकों के कार्यों में फेरबदल किया है। इसमें लखनऊ में आमृपाली व राजाजीपुरम योजना संपत्ति प्रबंधक मुकेश पाल देखेंगे।

आवास आयुक्त डॉ. बलकार सिंह ने प्रदेश में संपत्ति प्रबंधकों की तैनाती की है। इनमें मुख्यालय के कुछ प्रशासनिक अधिकारी शामिल हैं। सोमवार को जारी आदेश में प्रशासनिक अधिकारी मुकेश पाल संपत्ति प्रबंध कार्यालय आम्रपाली व राजाजीपुरम लखनऊ की योजना देखेंगे। जो पट्टा, विलेख, किराया, विक्रय आदि कराएंगे। अब तक आम्रपाली व राजाजीपुरम् योजना देख रहे रामचंद्र संपत्ति प्रबंध कार्यालय अयोध्या, सुल्तानपुर, गोंडा, बाराबंकी की योजनाएं देखेंगे।

लखनऊ मुख्यालय के सुनील कुमार शर्मा को संपत्ति प्रबंध कार्यालय मेरठ, हापुड़, हरिद्वार व रुड़की की जिम्मेदारी मिली है। नृपेंद्र बहादुर सिंह संपत्ति प्रबंधक कार्यालय गाजियाबाद व बड़ौत के साथ संपत्ति प्रबंध कार्यालय मंडोला बागपत देखेंगे। वहीं, नरेंद्र सिंह संपत्ति प्रबंध कार्यालय वाराणसी, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया व अमित कुमार संपत्ति प्रबंध कार्यालय मथुरा, कासगंज, हाथरस, अलीगढ़ योजनाओं के कार्य देखेंगे।

कई आईएएस अधिकारियों का हुआ स्थानांतरण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

रमाकांत पांडेय को प्रबंध निदेशक जल निगम शहरी बनाया गया

अमृत विचार: राज्य सरकार ने सोमवार को कई आईएएस अफसरों के तबादले कर दिये। नितिन बंसल को स्थानीय निकाय निदेशक से प्रभारी आयुक्त राज्य कर बनाया गया है। इस पद पर तैनात रहीं मिनिस्ती एस लंबी छुट्टी पर हैं। अभी तक आबकारी आयुक्त आदर्श सिंह को अतिरिक्त प्रभार दिया गया था, पर अब स्थायी कार्यभार दिया गया है।

राकेश कुमार मिश्रा को प्रबंध निदेशक जल निगम (शहरी) से प्रभारी दुग्ध आयुक्त बनाया गया। रमाकांत पांडेय को प्रबंध निदेशक चीनी मिल संघ से प्रबंध निदेशक जल निगम शहरी बनाया गया है। टीके शीबू को राजस्व परिषद से विशेष सचिव कृषि उत्पादन आयुक्त शाखा के पद पर भेजा गया है। एकता सिंह को अपर आयुक्त बैंकिंग से अपर राज्य परियोजना निदेशक सर्व शिक्षा अभियान बनाया गया है।

हिमांशु गौतम अपर आयुक्त मेरठ से मुख्य विकास अधिकारी हापुड़ बनाए गए हैं। अभिषेक आनंद को खीरी का नया सीडीओ बनाया गया है। अनिल कुमार को मुख्य विकास अधिकारी लखीमपुर खीरी से इसी पद पर महाराजगंज, संतोष कुमार को मुख्य विकास अधिकारी महाराजगंज से उपाध्यक्ष सहारनपुर विकास प्राधिकरण बनाया गया है।

डलवा कर घी की आहुति कुंड में, करवाएंगे आपसे, हम हवन। जिससे सुखी और समृद्ध रहेंगे आप, खुशहाल रहेगा आपका भवन।।

नियम और शर्तें

★ हवन - आयोजन के समय सम्पूर्ण परिवार की उपस्थिति अनिवार्य है।

★ धरम-करम का कार्य पूर्णतया नि:शुल्क है, हवन-पूजन में प्रयुक्त सामग्री, कुंड, लकड़ी, देसी घी व अन्य सभी सामान की व्यवस्था व खर्च हमारी संस्था उठाएगी।

★ अपने घर / प्रतिष्ठान पर हमें लाने-लेजाने की व्यवस्था हवन आयोजित करने वाले की होगी। हवन की बुकिंग मंदिर में आकर ही करनी होगी।

'आग में घी डालना' अति शुभ भी होता है। हवन-पूजन कर इंसान चैन की नींद सोता है।।

मलीहाबाद विधायिका जयदेवी कौशल हवन पूजन करती, संग में साईंधाम ट्रस्ट के पदाधिकारी पूनम पंत व पायल।

साईंधाम ट्रस्ट में निःशुल्क विद्या प्राप्त करने वाले बच्चों को स्नेहाशीष व भंडारा वितरण करती जयदेवी, मंदिर प्रांगण में।

साईंधाम मंदिर फाउंडेशन ट्रस्ट 4/4, टी.सी.जी., होटल हयात के पास, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ-10,

9839163047 / 9956384848

बरसात के मौसम में नहीं हो सकेगी बेसमेंट में खुदाई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

जनसामान्य व सम्पत्ति की सुरक्षा को लेकर एलडीए ने लगाई रोक

जोनल अधिकारी व अधिशासी अभियंता करेंगे निरीक्षण

अमृत विचार : लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने बरसात के मौसम में बेसमेंट की खुदाई पर रोक लगा दी है। सोमवार को उपाध्यक्ष ने जनसामान्य व सम्पत्ति की सुरक्षा को ये आदेश जारी किया है।

उपाध्यक्ष डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने कहा कि बारिश में बेसमेंट का निर्माण करते समय मानक के अनुरूप खुदाई नहीं करते हैं। खोदे गए बेसमेंट में जलभराव होने पर आसपास मकानों को खतरा रहता है। इसे ध्यान में रखते हुए अग्रिम आदेश तक सभी निर्माण स्थल पर बेसमेंट की खुदाई पर रोक लगाई गई है। जिन लोगों ने बेसमेंट की खुदाई करके अन्दर चारों तरफ के घरों की सुरक्षा के लिए सैंड बैग स्टैकिंग/आरसीसी रिटेनिंग वाल इत्यादि लगाए हैं वह एक सप्ताह में पानी निकालने के लिए पम्प की व्यवस्था करें। कैचमेंट एरिया का पानी बेसमेंट में न आए इसकी भी पर्याप्त व्यवस्था करें।

जोनल अधिकारी व अधिशासी अभियन्ता मुख्य नगर नियोजक कार्यालय से बेसमेन्ट अनुमन्य की स्वीकृत मानचित्र की सूची लेकर अपने क्षेत्र में निरीक्षण करेंगे। इनकी रिपोर्ट के आधार पर मानक के विपरीत बेसमेंट की खुदाई करने वालों को नोटिस जारी कर कार्रवाई करेंगे।

गिरी कठौता झील की दीवार, 20 मीटर सड़क बही

जलभराव से निपटने के लिए बनाएं ठोस योजना : डीएम

अमृत विचार, लखनऊ : जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने बारिश के दौरान जलनिकासी की व्यवस्था के लिए किला मोहम्मदी नाला और गोमती बैराज का निरीक्षण किया। उन्होंने नगर निगम और सिंचाई विभाग को बारिश में जलभराव से निपटने के लिए ड्रेनेज मैकेनिज्म प्लान तैयार करने के निर्देश दिए।

नगर आयुक्त से किला मोहम्मदी नाले के बारे में जानकारी लेते जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार।

उन्होंने कहा कि बारिश कहां-कहां और कितनी हो रही है इस पर लगातार निगरानी की जाए। बारिश का आंकलन हर घंटे किया जाए। गोमती नदी बैराज के निरीक्षण में जिलाधिकारी को जलस्तर 105.65 मीटर मिला, जो खतरे के निशान 109 मीटर से नीचे है।

उन्होंने निर्देश दिया कि बारिश की गणना के हिसाब से बैराज के गेट खोले जाएं, जिससे शहरी क्षेत्र में जलभराव की स्थिति न हो। जिलाधिकारी ने खजाना चौराहा से किला मोहम्मदी ड्रेन के विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया। नगर आयुक्त ने बताया कि किला मोहम्मदी ड्रेन के शहरी क्षेत्र में सफाई करा दी गयी है। सिंचाई विभाग के स्तर से ग्रामीण क्षेत्र में नाले की सफाई हो गयी है। उन्होंने बताया कि पानी की शीघ्र निकासी के लिए शारदा नगर योजना के पास एक बड़ी झील को रेगूलेटर के माध्यम से जोड़ दिया गया है। जिससे शहरी क्षेत्र के पानी की शीघ्र निकासी करते हुए जलभराव की समस्या से राहत दिलाई जा सकेगी।

अमृत विचार, लखनऊ : कठौता झील की दीवार सोमवार को भरभराकर गिर गई। इससे 20 मीटर तक सड़क बह गई और बिजली का पोल, एक गुमटी व ट्रैफिक सिग्नल भी झील में समा गए। झील से गोमती नगर और इन्दिरा नगर की 10 लाख की आबादी को जलापूर्ति की जाती है।

जलकल विभाग के अवर अभियंता बीएन द्विवेदी ने बताया कि नगर निगम यहां 1100 मीटर लंबी नाली बना रहा था। दीवार से सटाकर ठेकेदार ने तीन फिट गहरी खुदाई कर दी थी। नींव में बारिश का पानी भर जाने से बाउंड्री कमजोर हो गयी, जिससे यह हादसा हुआ। इसके लिए नगर निगम को पत्र लिखा गया था, लेकिन काम नहीं रोका गया। नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह का कहना है कि सड़क नहीं धंसी है केवल दीवार गिरी है। सुबह तक सड़क सही करा दी जाएगी।

नाली बनाने का चल रहा था काम, बाउंड्री के बगल में तीन फिट कर दी खुदाई

गौरतलब है कि पिछले साल भी कठौता की दीवार गिर चुकी है। इसकी मरम्मत नहीं कराई गयी। पिछले साल भी बारिश में यहां की सड़क खराब हो गई थी। इस पर क्षेत्रीय पार्षद और निवासियों ने महापौर से शिकायत की थी। महापौर ने मौके का निरीक्षण करके गुणवत्ता सही कराने का निर्देश दिया था।

कठौता झील के पास गिरा वॉच टावर। अमृत विचार

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार

अपने आसपास की घटना, आयोजन की सूचना और फोटो हमें भेजें। इसे अखबार में प्रकाशित किया जाएगा।

इमेल
lkocityreporter@amritvichar.com

व्हाट्सएप
8112979390

मौसम

बादल छाए रहेंगे। तेज हवा के साथ बौछारें पड़ सकती हैं।

33.6° अधिकतम तापमान | 27.5° न्यूनतम तापमान

शहर में आज

- सुशांत गोल्फ सिटी स्थित राधा रमण मंदिर (इस्कान) में योगिनी एकादशी पर श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन-6:00 बजे।
- ला माटीर्नियर ब्वायज की एसडीएस अकादमी में अंडर-14 आइटा चैंपियनशिप के मुकाबले-8:00 बजे।
- रामकृष्ण मठ निरालानगर में स्वामी मुक्तिनाथानन्द का प्रवचन- 10:00 बजे
- सिंगार नगर चिल्ड्रन पार्क में पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया ओपन जिम शुरू करेंगी - 10:00 बजे
- कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की बैठक-12:30 बजे।
- इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में डॉ. सोने लाल पटेल की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम- 2:00 बजे।

होटल के कमरे में एक ही चादर के फंदे से लटके मिले प्रेमी युगल

युवती लखनऊ पॉलीटेक्निक की थी छात्रा, युवक करता था दिल्ली में नौकरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ।

मुन्ना

निकिता

होटल के कर्मचारियों से पूछताछ करते पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

अमृत विचार : नाका के पान दरीबा स्थित होटल मिनी महल के कमरा नंबर 301 में प्रेमी युगल का शव सोमवार दोपहर को फंदे से लटका मिला। पुलिस के मुताबिक दोनों का शव एक ही चादर के फंदे से पंखे के सहारे लटका था। दोनों के आत्महत्या की वजह पुलिस नहीं बता पा रही है।

पान दरीबा स्थित होटल मिनी महल के मैनेजर विकास के मुताबिक रविवार सुबह साढ़े सात बजे बहराइच सलारगंज के मुन्ना (19) व जौनपुर लधुआ की निकिता (19) होटल में आए थे। दोनों तीसरी मंजिल पर स्थित कमरा नंबर 301 में ठहरे थे। सोमवार सुबह काफी देर तक किसी के बाहर न निकलने पर कर्मचारी ने घंटी बजाई पर कोई जवाब नहीं आया। कुछ देर बाद फिर कर्मचारी ने आवाज दी पर दरवाजा नहीं खुला। अनहोनी की आशंका पर 12 बजे नाका पुलिस को सूचना दी। युवक और युवती की एक ही कमरे में लाशें मिलने की सूचना पर एसीपी रत्नेश सिंह, एडीसीपी मनीषा सिंह और डीसीपी रवीना त्यागी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटना की गंभीरता को देखते हुए मौके पर फील्ड यूनिट के एक्सपर्ट को बुलाया और जांच पड़ताल शुरू की।

होटल के कर्मचारियों और मैनेजर ने बताया की दोनों रविवार सुबह 7.30 बजे चेक इन किया था। सोमवार को जब कर्मचारियों ने दरवाजा खटखटाया तो कोई जवाब नहीं मिला। शक होने पर पुलिस को सूचना दी गई।

आधार कार्ड में दोनों की जन्म तिथि 2005

डीसीपी रवीना त्यागी के मुताबिक जिस आधार कार्ड के आधार पर दोनों लोग होटल का कमरा बुक कराया था। उसमें युवक का नाम मुन्ना और उम्र 19 वर्ष दर्ज था। वह बहराइच के सालारगंज का रहने वाला था। वहीं, युवती का नाम निकिता है जिसकी उम्र 19 वर्ष है। वह जौनपुर जिले के रीठी की रहने वाली है। दोनों के आधार कार्ड में जन्म तिथि 2005 लिखी थी। कमरे से सिगरेट की डिब्बी, इस्तेमाल किए हुए सिगरेट के टुकड़े और दो बैग मिले है।

नहीं मिला सुसाइड नोट, परिजन ही बता सकेंगे कारण

कमरे से फिलहाल कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस का कहना है देर शाम दोनों के परिजनों के संपर्क कर लिया गया। उनके आने पर ही पता चलेगा कि आखिर दोनों ने ये कदम क्यों उठाया। युवती लखनऊ में ही पॉलीटेक्निक इंस्टिट्यूट में पढ़ाई कर रही थी जबकि युवक दिल्ली में प्राइवेट नौकरी करता था। दोनों पहले से परिचित भी थे।

रविवार को मुन्ना निकला था बाहर : होटल प्रबंधक के मुताबिक रविवार दोपहर करीब 12 बजे मुन्ना कमरे से बाहर निकला था। पानी लेने के बाद वह कमरे में चला गया था। इसके बाद उन्हें किसी ने नहीं देखा।

आरबीआई करेंसी चेस्ट में मिले 74 हजार के जाली नोट

अमृत विचार, लखनऊ : आरबीआई की करेंसी चेस्ट में 74550 रुपये के जाली नोट मिले हैं। इसमें 50, 100, 200, 500 और 2000 के नोट शामिल है। आरबीआई के सहायक प्रबंधक लखविंदर पुआर ने महानगर थाने में एफआईआर दर्ज कराई है।

सहायक प्रबंधक लखविंदर पुआर के मुताबिक स्थानीय बैंकों व करेंसी चेस्ट से नोटों के परीक्षण दौरान भारतीय रिजर्व बैंक लखनऊ के पब्लिक काउंटरों पर कुल 62 जाली नोट पकड़े गए हैं। इसमें 17 नोट 50 रुपये, 5 नोट 100 रुपये, एक दो सौ रुपये, दो पांच सौ रुपये और 37 नोट दो हजार रुपये के शामिल हैं। इनकी कुल कीमत 74550 रुपये हैं। सहायक प्रबंधक ने बताया कि जाली भारतीय मुद्रा नोटो की छपाई व प्रचलन दंडनीय अपराध है। प्रभारी निरीक्षक महानगर अखिलेश मिश्रा ने बताया कि तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज की गई है।

सॉफ्टवेयर की समस्या हुई दूर 10 दिन में घर पहुंचेंगे डीएल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

परिवहन आयुक्त कार्यालय से नहीं हुई सवा लाख ड्राइविंग लाइसेंसों की डिलिवरी

अमृत विचार : जिन आवेदकों के ड्राइविंग लाइसेंस (डीएल) पिछले एक से डेढ़ महीने से घर नहीं पहुंचे है, उनका इंतजार अब खत्म हो जायेगा। जिस तकनीकी खराबी की चलते डीएल की प्रिंटिंग में समय लग रहा था, उसे अब दूर किया जा चुका है। अब तय समय के अंदर 10 दिन में आवेदकों को डीएल मिल जाएंगे।

राजधानी के साथ ही प्रदेश भर के आवेदकों को अब डीएल के लिए परिवहन आयुक्त मुख्यालय के चक्कर नहीं लगाने होंगे। बताते चलें कि पिछले एक माह से लगभग सवा लाख ड्राइविंग लाइसेंस आवेदकों के पते पर नहीं भेजे जा सके हैं। इससे आवेदक काफी परेशान हैं।

विभागीय अधिकारियों के अनुसार 31 मई से पहले के लंबित डीएल की डिलीवरी दो जुलाई से शुरू हो जायेगी।

साफ्टवेयर में गड़बड़ी के चलते करीब एक लाख 27 हजार डीएल मुख्यालय पर रखे हैं। यहां पर मैनेजमेंट सिस्टम यानी केएमएस में डीएल का ब्यौरा दर्ज नहीं हो रहा था। इसके चलते पिछले एक माह से डीएल आवेदक के पते पर भेजे ही नहीं जा पा रहे थे। इससे तकरीबन सवा लाख लोग परेशान थे।

सोमवार को लंबित डीएल का ब्यौरा जुटाया गया। अधिक से अधिक कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर केएमएस कराने के निर्देश भी दिए गए। परिवहन विभाग के आईटी सेल से जुड़े अधिकारियों के अनुसार एनआईसी के जरिए केएमएस साफ्टवेयर की समस्या को दूर कर लिया गया है। समस्या दूर होने के बाद परिवहन आयुक्त चंद्रभूषण सिंह ने तेजी से डीएल की डिलीवरी के आदेश दिये हैं।

ध्वस्तीकरण नोटिस के विरोध में दिया ज्ञापन

अमृत विचार, लखनऊ: खुर्रम नगर व पंतनगर में कुकरैल क्षेत्र के 50 मीटर तक निर्मित मकान ध्वस्त करने को जारी आदेश का ट्रांस गोमती निवासी संघर्ष समिति ने विरोध किया। परिवर्तन चौक से कलेक्ट्रेट तक रैली निकाली और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी देकर आदेश पर पुनर्विचार की मांग की।

ट्रांस गोमती निवासी संघर्ष समिति के संयोजक सदस्य राकेश मणि पांडेय के नेतृत्व में सोमवार को परिवर्तन चौक से कलेक्ट्रेट तक रैली निकाली गई। राकेश ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार को दिया। इसमें बताया कि खुर्रम नगर व पंतनगर में कुकरैल क्षेत्र के 50 मीटर तक आने वाले निर्माण तोड़ने का मुख्य अभियन्ता शारदा सहायक ने नोटिस दिया है। जबकि कुकरैल नाले के ऊपर छह लेन की सड़क बनाई जा चुकी है और नाला दूसरी तरफ घूम गया है। कुकरैल नदी के तटबंध के 50 मीटर के दायरे में आवासीय भवन बने हैं। इनकी रजिस्ट्री में चौहद्दी भी अंकित है।

दुकान में लटका मिला कारोबारी का शव

शव के पास मिला सुसाइड नोट, एक कारोबारी पर ब्लैकमेल करने का आरोप

सुसाइड नोट के आधार पर आरोपी ध्रुव पर एफआईआर दर्ज

संजय अग्रवाल

अमृत विचार, लखनऊ : अमीनाबाद के मॉडल हाउस इलाके में रहने वाले कारोबारी संजय अग्रवाल (52) ने आत्महत्या कर ली। उनका शव सोमवार सुबह दुकान में फंदे से लटका मिला। शव के पास से एक सुसाइड नोट मिला है जिसमें क्षेत्र के एक कारोबारी पर जबदरस्ती कर्जदार बनाने और ब्लैकमेल कर वसूली करने का आरोप लगाया गया है।।

पुलिस के मुताबिक शव के पास एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है। जिसमें संजय अग्रवाल ने लिखा कि 'मैं पूरे होशो हवास में लिख रहा हूं कि ध्रुव साहू दुर्गा खस्ता कार्नर लाटूस रोड ने काफी रुपया लिया है। जिसे वापस नहीं कर रहे है। रुपए मांगने गया तो उल्टा मेरे ऊपर लाखों का कर्ज बता दिया। मेरे ऊपर कर्ज हो गया है। ध्रुव साहू के लगातार धमकाने और बेइज्जती करने से काफी परेशान रह रहा हूं। मेरे द्वारा लिए गए कर्ज के लिए मैं जिम्मेदार हूं। मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं है।'

सुसाइड नोट में संजय ने लिखा कि ध्रुव साहू के पास उनका एक वीडियो है, जिसे वह वायरल कर देगा। जिससे मेरे परिवार की छवि धूमिल हो रही। ध्रुव ने मुझसे कई ब्लैंक चेक भी ले लिए हैं। ध्रुव साहू किसी का साथी नहीं, उसने मुझे फंसाया और समाज का कर्जदार बनाया। प्रभारी निरीक्षक अमीनाबाद सुनील कुमार आजाद ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। सुसाइड नोट को फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। परिजनों की तहरीर और सुसाइड नोट के आधार पर कारोबारी ध्रुव पर ब्लैकमेल करने, आत्महत्या के लिए उकसाने की धारा में एफआईआर दर्ज की गई है।

राहुल गांधी की नागरिकता मामले की याचिका खारिज

विधि संवाददाता, लखनऊ

राहुल गांधी

अमृत विचार : हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने राहुल गांधी की नागरिकता के कथित विवाद के आधार पर सांसद के तौर पर उनके निर्वाचन को चुनौती देने वाली जनहित याचिका को खारिज कर दिया है। हालांकि न्यायालय ने याची को नागरिकता कानून के तहत सक्षम प्राधिकारी के समक्ष उक्त मामले को उठाने की छूट दी है।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने एस विग्नेश शिशिर की याचिका पर पारित किया। याची का कहना था कि राहुल गांधी एक ब्रिटिश नागरिक हैं लिहाजा वह चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य हैं और लोकसभा सदस्य का पद नहीं धारण कर सकते।

याची ने बताया कि वह कर्नाटक का रहने वाला किसान है और भाजपा का सदस्य रह चुका है। बहस के पश्चात याची की सक्षम प्राधिकारी के समक्ष मामला उठाने की छूट की मांग स्वीकार करते हुए कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी।

जिले के भीतर तबादले की प्रक्रिया आज से

अमृत विचार, लखनऊः जिले के भीतर तबादला और समायोजन का अभियान परिषदीय स्कूलों में मंगलवार से शुरू होगा। 19 जुलाई तक तबादला और समायोजन की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। बीएसए राम प्रवेश ने बताया अधिकतम आवश्यकता वाले विद्यालयों के ऑनलाइन विकल्प शिक्षक-शिक्षिकाओं से लिए जाएंगे। आदेश के अनुसार मंगलवार को स्कूलों को चिह्नित किया जाएगा। 10 जून तक शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा बीएसए कार्यालय में आपत्तियां दी जाएंगी और समिति द्वारा आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा।

अभी 31 तक चलेंगी एक दर्जन समर स्पेशल ट्रेनें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : गर्मी की छुट्टियां के बाद भी ट्रेनों में भीड़ कम होने के चलते रेल प्रशासन ने वडोदरा जंक्शन-मऊ जंक्शन समर स्पेशल समेत एक दर्जन ट्रेनों के फेरे बढ़ा दिए हैं। ये ट्रेनें लखनऊ मंडल से होकर गुजरेंगी। उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल की वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक रेखा शर्मा ने बताया कि समर स्पेशल ट्रेनें 31 जुलाई तक चलाई जाएंगी।

ट्रेन नंबर-09195 वडोदरा जंक्शन-मऊ जंक्शन समर स्पेशल 29 जून से प्रत्येक बुधवार संचालित होनी थी। ट्रेन नंबर 09196 मऊ जंक्शन-वडोदरा जंक्शन समर स्पेशल, नंबर 09417 अहमदाबाद जंक्शन-दानापुर समर स्पेशल, नंबर 09418 दानापुर- अहमदाबाद जंक्शन समर स्पेशल, साबरमती-पटना जंक्शन समर स्पेशल, 09406 पटना जंक्शन- साबरमती समर स्पेशल, नंबर 09525 हापा-नाहरलगुन समर स्पेशल, नंबर 09526 नाहरलगुन-हापा समर स्पेशल, 09183 मुम्बई सेन्ट्रल-बनारस समर स्पेशल, 09184 बनारस- मुम्बई सेन्ट्रल समर स्पेशल, 09189 मुंबई सेंट्रल-कटिहार समर स्पेशल और 09190 कटिहार-मुंबई सेंट्रल समर स्पेशल ट्रेनें भी 31 जुलाई तक चलेंगी।

कवायद किसानों को मिल सकते एक समान दाम, बोर्ड बैठक में रखा जाएगा प्रस्ताव

मोहान रोड योजना में दूर होगा मुआवजे का रोड़ा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

785 एकड़ जमीन अधिग्रहित की गई थी

समान मुआवजे के लिए कलियाखेड़ा और प्यारेपुर के कुछ किसानों ने नहीं छोड़ी जमीन

अमृत विचार : शहर में चंडीगढ़/पंचकुला की तरह ग्रिड पैटर्न पर मोहान रोड योजना जल्द विकसित होगी। इस योजना में किसानों को अधिग्रहित भूमि का बकाया मुआवजा एक समान देने की तैयारी है, जिसको लेकर कई साल से विवाद चल रहा है।

लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने मोहान रोड योजना के लिए ग्राम-प्यारेपुर व कलिया खेड़ा की 785.02 एकड़ भूमि अर्जित की थी। लेकिन, मुआवजा के विवाद में योजना विकसित नहीं कर पाए। मुआवजा ऊबड़-खाबड़ जमीन के आधार पर तय किया गया था। इस वजह से किसी को कम तो किसी को ज्यादा धनराशि मिली। किसानों ने एक समान मुआवजा की मांग कर जमीन नहीं छोड़ी। ऐसी स्थिति में कलिया खेड़ा के कुछ किसानों ने मुआवजा लिया, जबकि प्यारेपुर ने नहीं लिया। इसके चलते योजना के विकास में अवरोध पैदा हो गया। कई साल तक योजना का काम अटका रहा।

अब एलडीए पिछड़ रही योजना को विकसित करने के लिए मुआवजा का अंतर दूर करके एक समान धनराशि का प्रस्ताव तैयार कर रहा है। प्रस्ताव इस सप्ताह होने वाली बोर्ड बैठक में सहमति के बाद शासन भेजेगा। मुआवजे के मामले में समाधान होते ही विभाग योजना के तहत निर्माण कार्य शुरू कर देगा।

1544 करोड़ लागत, पहले मिलेंगे भूखंड

योजना में पहले 112.50 वर्गमीटर से 450 वर्गमीटर क्षेत्रफल के कुल 2532 आवासीय भूखंड दिए जाएंगे। साथ ही ग्रुप हाउसिंग के बड़े भूखंड सृजित किए जाएंगे। 785.02 एकड़ भूमि पर आवासीय योजना विकसित करने में 1544 करोड़ रुपये खर्च होंगे। योजना में कुल आठ सेक्टर बनेंगे। प्रत्येक सेक्टर में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, सेक्टोरल शॉपिंग सेंटर व वेन्डरों के लिए अलग से जगह दी जाएगी। इसके अलावा 74.25 एकड़ क्षेत्रफल में एजुकेशनल सिटी व 42 एकड़ भूमि पर सेंट्रल पार्क बनेगा। लगभग 45 हजार वर्गमीटर में वाटर बॉडी होगी। सभी बड़े चौराहों पर रोटरी विकसित की जाएगी। इसमें बायीं ओर मुड़ने वाले ट्रैफिक को फ्री-पास दिया जाएगा। इन सभी कार्यों के टेंडर आचार संहिता से पहले डाले जा चुके हैं।

परिसंपत्तियां हो चुकीं चिह्नित, टेंडर भी जारी

एलडीए ने मोहान रोड योजना का पिछले वर्ष धरातल पर काम शुरू किया था। जहां, अवैध निर्माण हटाने के साथ गणना की गई थी। परिसंपत्तियां जैसे नलकूप, पेड़, सड़क आदि चीजें चिह्नित की थी। साइट आफिस बनाने के साथ बाउंड्रीवाल आदि बनाए थे। मुआवजा की मांग के आगे कार्य नहीं बढ़ पाए।

चिकित्सक दिवस पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन भवन में सम्मानित किए गए डॉक्टर। अमृत विचार

लोहिया संस्थान के निदेशक प्रो .सीएम सिंह के साथ चिकित्सक दिवस पर सम्मानित किए गए डॉक्टर। अमृत विचार

चिकित्सक दिवस पर 200 से अधिक डॉक्टर सम्मानित

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन भवन, लोहिया संस्थान और बलरामपुर अस्पताल में आयोजित किए गए कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : चिकित्सक दिवस पर कई जगह कार्यक्रमों का आयोजन कर डॉक्टरों को सम्मानित किया गया। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन और लोहिया संस्थान में 100-100 डॉक्टरों का सम्मान किया गया। बलरामपुर अस्पताल में भी डॉक्टरों को सम्मानित किया गया।

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने रिवर बैंक कॉलोनी स्थित आईएमए भवन में समारोह का आयोजन किया। इसमें आईएमए की पूर्व उपाध्यक्ष डॉ. रुखसाना खान मुख्य अतिथि रहीं। कार्यक्रम में उत्कृष्ट सेवा देने वाले 100 से अधिक चिकित्सकों को सम्मानित किया गया। चिकित्सक दिवस महान चिकित्सक शिक्षाविद एवं भारत रत्न डॉ. बीसी राय की स्मृति में मनाया जाता है। कार्यक्रम में आईएमए की अध्यक्ष डॉ. विनीता मित्तल, डॉ. जेडी रावत, डॉ. सरिता सिंह सहित बड़ी संख्या में चिकित्सक व उनके परिवार के लोग मौजूद रहे।

इसी तरह लोहिया संस्थान में निदेशक प्रो.सीएम सिंह के निर्देशन में आयोजित समारोह में डॉ. एके सिंह, डॉ. विक्रम सिंह, डॉ.एपी जैन, डॉ. मनीष राज कुलश्रेष्ठ, डॉ. रश्मि कुमारी, डॉ. अब्दुल कदीर जीलानी सहित 100 चिकित्सकों को सम्मानित किया गया। प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा आईएएस एमके सुंदरम, केजीएमयू के डॉ. सूर्यकांत और आयोजन अध्यक्ष प्रतिभा सिंह मौजूद रहीं।

बलरामपुर अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम में डॉक्टर और स्टाफ। अमृत विचार

बलरामपुर अस्पताल में हुए कार्यक्रम में निदेशक ने चिकित्सकों का कहा कि समिति संसाधनों में मरीजों की उत्कृष्ट सेवा करना सराहनीय है। सीएमएस डॉ. एनबी सिंह और एमएस डॉ. हिमांशु चतुर्वेदी, डॉ हिमांशु चतुर्वेदी ने आईसीयू, आपातकालीन विभाग, ओपीडी के डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। मेडिसिन स्टोर और प्रबंधन के सदस्यों को भी उनके सहयोग और योगदान के लिए सराहा गया।

चिकित्सक को सम्मानित करतीं इनरव्हील क्लब की पदाधिकारी। अमृत विचार

इनरव्हील क्लब ने किया चिकित्सकों को सम्मानित

अमृत विचार : इनरव्हील क्लब ऑफ लखनऊ ने वीरांगना झलकारी बाई महिला अस्पताल में चिकित्सकों को सम्मानित किया। पदाधिकारियों ने नवजात बच्चों और धात्री महिलाओं के बीच आवश्यक वस्तुओं और खाद्य पदार्थों का वितरण किया गया। इस क्लब प्रेसिडेंट संगीता मितल, सेक्रेटरी कविता अग्रवाल और एडिटर शिल्पा अग्रवाल मौजूद रहीं।

धूप में खड़ी रही दवाओं से भरी एंबुलेंस वैन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ बलरामपुर अस्पताल में बरती जा रही दवाओं के रखरखाव में लापरवाही

अमृत विचार : बलरामपुर अस्पताल में दवाओं के रखरखाव में नियमों की अनदेखी की जा रही है। सोमवार को इमरजेंसी के बाहर धूप में खड़ी एंबुलेंस में हजारों की कीमत की दवाएं रखी थी। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है।

अंग्रेजी दवाओं के रखरखाव को लेकर नियम बना है। कई दवाएं माइनस डिग्री तापमान में रखने का नियम है। अधिकतम 30 डिग्री से कम तापमान में ही दवाएं रखी जा सकती हैं। इससे अधिक तापमान होने पर दवाएं खराब होने की आशंका बढ़ जाती है। इसके चलते कंपनियां भी दवा के रैपर पर कीप इन ए कूल प्लेस (ठंडी जगह पर रखें) लिख देती हैं।

बलरामपुर अस्पताल में रखरखाव के नियम और रैपर पर लिखी सावधानी की सूचना का पालन नहीं किया जा रहा है। अस्पताल की इमरजेंसी के बाहर सोमवार दोपहर करीब दो बजे एंबुलेंस धूप में खड़ी थी। उसमें दवाएं भरी थी। एंबुलेंस के सभी शीशे भी बंद थे। सोमवार को तापमान 33 डिग्री तक रहा। ऐसे में धूप में खड़ी बंद एंबुलेंस में दवाएं खराब होने की आशंका अधिक है।

30 डिग्री से अधिक तापमान में खराब होने की आशंका

उत्तर प्रदेश फार्मासिस्ट फेडरेशन के अध्यक्ष सुनील यादव ने बताया कि दवाओं को अधिकतम 30 डिग्री तापमान में रखा जा सकता है। इसके ऊपर के तापमान में दवाएं खराब होने की आशंका बढ़ जाती है। यदि बंद गाड़ी में बिना एसी के दवाएं रखी है तो खराब होने के की आशंका 100 प्रतिशत है।

> स्टोर से दवाएं मंगवाई जाती हैं, हो सकता है थोड़ी देर के लिए एंबुलेंस खड़ी कर दी गई हो। मामले की जांच कराई जाएगी।
>
> –डॉ. एनबी सिंह, सीएमएस बलरामपुर अस्पताल

धूप में खड़ी एंबुलेंस में भरी दवाएं। अमृत विचार

सार-संक्षेप

हरी झंडी दिखाकर अभियान की शुरुआत करते विधायक, साथ में सीएमओ और अन्य लोग।

बीमारी से बचाव के लिए करेंगे जागरूक, छिड़काव भी होगा

अमृत विचार, लखनऊ : विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान, दस्तक अभियान एवं डायरिया रोको अभियान की शुरुआत सोमवार को मोहनलालगंज के विधायक अमरेश कुमार ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में फीता काटकर की। उन्होंने जागरूकता रैली और एंटीलार्वा छिड़काव, फॉगिंग व प्रचार-प्रसार वाहनों को हरी झंडी भी दिखाई। उन्होंने लोगों से साफ सफाई रखने और बारिश का पानी इकट्ठा न होने देने की अपील की। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज अग्रवाल ने कहा कि कहीं पानी इकट्ठा न हो इसके लिए हर क्षेत्र में ड्रोन से निगरानी की जाएगी। घरों की छतों पर किसी बर्तन या कूलर में गंदा पानी मिला तो गृहस्वामी को 500 रुपये आर्थिक दण्ड भरना पड़ेगा।

ट्रॉमा में तीमारदार से अभद्रता प्रकरण की जांच पूरी

अमृत विचार, लखनऊ : केजीएमयू के ट्रॉमा सेंटर में डॉक्टर द्वारा तीमारदार से अभद्रता मामले की जांच पूरी हो गई है। रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई का इंतजार है। ट्रॉमा सेंटर में शनिवार को रेजिडेंट डॉक्टर और तीमारदार के बीच झड़प का वीडियो वायरल हुआ था। इसके बाद केजीएमयू प्रशासन ने जांच के लिए समिति का गठन किया। समिति ने घटना को लेकर ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर, कर्मचारी और तीमारदारों के बयान दर्ज किए हैं। अधिकारियों ने मंगलवार को रिपोर्ट आने की उम्मीद जाहिर की है।

राजकीय इंटर कॉलेज में खाली पदों की सूची मांगी

अमृत विचार, लखनऊ : राजकीय इंटर कॉलेजो में खाली पड़े पदों को सूची माध्यमिक शिक्षा निदेशालय ने सभी जिलों से मांगी है। इस संबंध में सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों को निर्देश जारी करते हुए आदेश दिए गये हैं कि सभी कॉलेजों में खाली पड़े पदों का ब्योरा 15 जुलाई तक अवगत करवा दिया जाये। ताकि उस हिसाब से शिक्षकों की तैनाती का प्रस्ताव शासन को भेजा जा सके। अधिकारियों ने बताया कि जब चयन बोर्ड से भर्ती नहीं होती तब तक सेवानिवृत्त शिक्षकों को भी एक निर्धारित मानदेय पर नियुक्त करने की तैयारी है।

स्वास्थ्य कर्मियों को नई तकनीक की जानकारी होना जरूरी

अमृत विचार, लखनऊ : संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान के एनेस्थेटिक डॉ .तन्मय घटक का कहना है कि मरीजों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य कर्मियों को इलाज की नई तकनीक और संबन्धित जानकारी होनी चाहिए। सेप्सिस संक्रमण व हाईजीन की रोकथाम के लिए डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ और पैरामेडिकल स्टाफ को जागरूक किया जाता है। इसके लिए इंडियन सोसाइटी ऑफ क्रिटिकल केयर मेडिसिन लखनऊ सिटी ब्रांच के तहत साल में कई बार संगोष्ठियां व वेबिनार आयोजित होते हैं। डॉ .राम मनोहर लोहिया संस्थान में ब्लड बैंक प्रभारी डॉ .वीके शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय अवकाश या महापुरुषों की जयंती पर बिना डोनर खून उपलब्ध कराने की योजना चल रही है। गर्भवती महिलाओं को बिना डोनर खून उपलब्ध कराना शुरू किया था। इसे अन्य ब्लड बैंक ने भी शुरू कर दिया है। गंभीर बीमारियों के कई मरीजों में बहुतायत में व समय समय पर खून की आवश्यकता पड़ती रहती है, ऐसी स्तिथि में परिवार सदस्यों के साथ ही नजदीक के रिस्तेदार भी खून देने में कम पड़ जाते हैं, ऐसे मरीजों की खून के अभाव में जीवन संकट में न रहें, बिना डोनर उपलब्ध कराया जाता है।

डॉ .तन्मय घटक

डॉ .वीके शर्मा

पीजीआई में पेट स्कैन के लिए दो महीने की वेटिंग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ जांच में देरी से कैंसर रोगियों का इलाज फंसा

अमृत विचार : एसजीपीजीआई में पॉसिट्रॉन एमिशन ट्रोमोग्राफी (पेट) स्कैन जांच के लिए मरीजों को दो महीने की तारीखें दी जा ही है। इससे कैंसर मरीजों के इलाज में देरी हो रही है। मरीजों की बीमारी उग्र होते जा रही है। कैंसर की सटीक जानकारी के लिए डॉक्टर इस जांच को कराने की सलाह देते हैं। पीजीआई में इस जांच के लिए करीब साढ़े 10 हजार देने होते हैं। निजी केंद्र में 20 हजार से भी अधिक ले रहे हैं। इसकी वजह से भी मरीजों का लोड बढ़ा है।

पीजीआई संस्थान के न्यूक्लियर मेडिसिन विभाग में लगी पेट स्कैन मशीन में रोज औसतन 12 मरीजों की जांच हो पाती है। जांच से पहले कुछ जरूरी दवाएं मरीजों को दी जाती हैं। जिसमें समय लगता है। ज्यादा मरीजों की जांच संभव नहीं होती है। जिसके चलते मरीजों को आगे की तारीख दी जा रही है। पीजीआई के डॉक्टर रोजाना ओपीडी व वार्ड में भर्ती करीब 30 मरीजों का पेट स्कैन लिखते हैं। डॉक्टरों का कहना है कि यहां पीजीआई के अलावा बाहर के अस्पतालों के मरीज पेट स्कैन के लिए आते हैं। जिसकी वजह से जांच के लिए मरीजों को आगे की तारीख दी जा रही है। निदेशक डॉ. आरके धीमन ने कहा कि मशीन की क्षमता के अनुसार जांचे हो रहीं हैं। इमरजेंसी मरीजों की प्राथमिकता के आधार जांच की जा रही हैं। एक नई पेट स्कैन मशीन लगनी है।

रोड टैक्स बकाये पर फिर मिलेगी जुर्माने में छूट

कार्यालयल संवाददाता, लखनऊ

▸▸ किश्तों में कर सकेंगे बकाये टैक्स का भुगतान

अमृत विचार: जिन वाहन मालिकों पर बकाये की धनराशि के साथ मोटी पेनल्टी लगाई गई है, उन्हें परिवहन विभाग जल्द ही राहत देने की तैयारी कर रहा है। विभाग की ओर से एक बार फिर से एक मुश्त समाधान योजना तैयार किए जाने की तैयारी है।

परिवहन आयुक्त चंद्रभूषण सिंह के अनुसार एक बार फिर एकमुश्त समाधान योजना लागू की जा रही है। जल्द ही तिथि घोषित कर दी जाएगी। इसमें वाहन मालिकों को पेनाल्टी में छूट दी जाएगी, जिससे वह टैक्स की धनराशि जमा कर सकें। पिछली बार जुलाई 2022 में परिवहन विभाग ने पहली बार एकमुश्त समाधान योजना लागू की थी। एक हजार रुपये जमा कर इस योजना का लाभ लेने के लिए वाहन मालिकों का पंजीकरण किया गया था। इस योजना के तहत 1 अप्रैल 2020 या उससे पहले जो वाहन आरटीओ कार्यालय में पंजीकृत थे। उन पर अगर टैक्स बकाया था तो सभी वाहनों को जुर्माने में 100 फीसदी छूट दी गई थी। इसके अलावा 21 दिन के अंदर बकाया टैक्स की पहली किस्त का 50 फीसद, दूसरी किस्त 28 दिन के अंदर 25 फीसद और तीसरी किश्त 35 दिन के अंदर 25 फीसदी जमा करने का प्रावधान किया गया था। वाहन स्वामी 30 दिन के अंदर एकमुश्त भी पूरी धनराशि जमा कर सकते थे।

जांच से पहले डीपीओ व बाबू का तबादला

अमृत विचार, लखनऊ: जिले में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के समायोजन की जांच से पहले जिला कार्यक्रम अधिकारी व कनिष्ठ सहायक का तबादला हो गया है। शिकायत जिला कार्यक्रम अधिकारी व बाल विकास परियोजना अधिकारी के खिलाफ की गई थी। मार्च में बाल विकास परियोजना अधिकारी द्वारा प्रस्ताव लेकर कमेटी की संस्तुति पर जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश कुमार ने 29 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का समायोजन किया गया था। इस प्रक्रिया में किसी व्यक्ति ने जिला कार्यक्रम अधिकारी व संबंधित बाल विकास परियोजना अधिकारी के खिलाफ मनमानी की शिकायत बाल विकास पुष्टाहार मंत्री बेबी रानी मौर्य से की थी।

शोक संदेश

ॐ शान्तिः

अत्यन्त ही खेद के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे **अनुज प्रेम जोशी** का **दिनांक** 22.06.2024 (**शनिवार**) को अपरान्ह में असामयिक निधन हो गया। दिवंगत आत्मा की शान्ति हेतु नित क्रिया के उपरान्त दिनांक 03.07.2024 को तेरहवीं (पीपलपानी) का समापन होगा।

दिनांक 03.07.2024 (**बुधवार**) को पीपलपानी पश्चात हमारे **निज आवास 6/482 कंचन नगर, नियर कमला लान, आई0आई0एस0ई0 के समीप, कल्याणपुर लखनऊ** में **सायं** 7.00 बजे से **ब्रहमभोज** का आयोजन किया गया है। उक्त आयोजन में दिवंगत आत्मा की शान्ति हेतु सम्मिलित होकर प्रसाद ग्रहण करने का कष्ट करें।

शोकाकुल –जोशी परिवार

महेश चन्द्र जोशी, भुवन चन्द्र जोशी

कमांडर मुख्यालय 146 इन्फेंट्री ब्रिगेड, अयोध्या छावनी

निविदा सूचना : मुख्यालय 146 इन्फेंट्री ब्रिगेड

वीर नारी, भूतपूर्व सैनिक, दिव्यांग सैनिक एवं भूतपूर्व सैनिकों की विधवाएं/पत्नी को सूचित किया जाता है कि **एक ग्रोसरी कम टेलर शॉप** अयोध्या छावनी में आवंटन हेतु उपलब्ध है। इच्छुक वीर नारी, भूतपूर्व सैनिक, दिव्यांग सैनिक एवं भूतपूर्व सैनिकों की विधवाएं/ पत्नी रु. 1000/– नगदी के रूप में मुख्यालय 146 इन्फेंट्री ब्रिगेड में जमा करके निविदा फॉर्म एवं शर्तें **दिनांक 10 जुलाई तक प्रातः 09:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक** प्राप्त कर सकते हैं। निविदा फार्म में अंकित दस्तावेजों के साथ निविदा एवं जमा धनराशि रु 5000/– बैंक ड्राफ्ट के रूप में Regimental Fund Account, HQ 146 Inf Bde के पक्ष में जमा करना होगा।

निविदा जमा करने की **अंतिम तारीख 10 जुलाई दोपहर 01:00 बजे** हैं।

निविदा 11 जुलाई को प्रातः 11:00 बजे समस्त निविदा दाताओं की उपस्थिति में खोली जाएंगी।

अमृत विचार क्लासीफाइड

सूचना

सूचित किया जाता है कि मैं सतीश कुमार श्रीवास्तव पुत्र लालसन श्रीवास्तव की पॉलिसी सं0–219225951 है। जिसे मैं विषम परिस्थितियों के कारण सरेंडर करना चाहता हूँ। जबकि आधार व बैंक पासबुक पर हर्ष श्रीवास्तव पुत्र लालसन श्रीवास्तव है, त्रुटिवश पालिसी बाण्ड में सतीश कुमार श्रीवास्तव पुत्र लालसन श्रीवास्तव दर्ज है। अतः मेरा सही नाम हर्ष श्रीवास्तव पुत्र लालसन श्रीवास्तव पढ़ा व समझा जाये।

सूचना

सूचित हो कि मैं **खाकी प्रसाद यादव पुत्र औतार यादव, निवासी– अग्घरवा दा0 चन्दईपुर थाना विशेश्वरगंज तहसील–पयागपुर, बहराइच।** मैने अपने पुत्र राम अशीष यादव के चाल–चलन से तंग व परेशान होकर उसे अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ इसके द्वारा किये गये कोई भी कृत्य का वह स्वयं जिम्मेदार होगा मेरा व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **23.07.2024** को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे यदि कोई मैनुवल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदाकर्ता निविदा फार्म का मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध आनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि किया जायेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद एफ डी आर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

1	निविदा सूचना संख्या	05802024 दिनांक 01.07.2024
2	निविदा संख्या	16-Sr-DEN-VI-LKO-2024-25
3	कार्य का नाम : महाकुम्भ–2025 के सम्बन्ध में सहायक मंडल अभियन्ता–प्रयाग के अधीन प्रयाग जंक्शन पर मेला हैन्गर के निर्माण का कार्य।	
4	अनुमानित लागत	Rs. 5,32,09,322.83
5	धरोहर राशि	Rs. 4,16,100.00
6	कार्य की समापन अवधि	स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से चार माह।
7	निविदा डालने का प्रारंभ	09.07.2024
8	निविदा बंद होने की तिथि एवं समय	23.07.2024, 15:00 बजे
9	वेबसाईट	www.ireps.gov.in

नोट :– 1. निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 1982/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

कार्यालय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी समग्र शिक्षा, सुलतानपुर

समग्र शिक्षा Samagra Shiksha

पत्रांकः समग्र शिक्षा (निर्माण) / 3184–880 /2024–25 दिनांकः 29/06/24

जेम बिड विज्ञप्ति

जिलाधिकारी महोदया के आदेश दिनांक 14.06.2024 द्वारा महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक, उ0प्र0, लखनऊ के कार्यालय पत्रांकः नि0का0 / स0शि0 / फर्नीचर / 15151 / 2023–24 दिनांक 22 मार्च 2024 के क्रम में वर्ष 2023–24 में समग्र शिक्षा के अन्तर्गत स्वीकृत फर्नीचर (डेस्क – बेंच) परिषदीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों में फर्नीचर (डेस्क – बेंच) क्रय के सम्बन्ध में फर्म के चयन हेतु जेम पोर्टल के माध्यम से बिड संख्या GEM/2024/B/5106711 को अपलोड कराते हुए निविदा आमंत्रित की गयी है। इच्छुक फर्मो के द्वारा बिड अपलोड करने की अंन्तिम तिथि दिनांक 10.07.2024 को अपराह्न 05:00 बजे तक है।

(दीपिका चतुर्वेदी)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
सुलतानपुर।

पौधरोपण पीढ़ियों को देगा स्वस्थ पर्यावरण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : वन महोत्सव के उपलक्ष्य में पर्यावरण जागरूकता और जैव विविधता संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लखनऊ विश्वविद्यालय के प्राणीशास्त्र और जैव रसायन विभाग के परिसर में पौधरोपण अभियान आयोजित किया गया।

प्राणीशास्त्र विभाग के प्रमुख प्रो. एम सिराजुद्दीन ने कहा कि पौधे लगाना केवल हमारे आस-पास के सौंदर्यीकरण के बारे में नहीं है, यह एक स्थायी भविष्य बनाने के बारे में है। स्थानीय जैव विविधता को पुनर्स्थापित और संरक्षित करने के महत्व को लेकर विभिन्न प्रकार के स्वदेशी पेड़ की प्रजातियों का रोपण किया गया।

इस कार्यक्रम का आयोजन पर्यावरण सूचना, जागरूकता, क्षमता निर्माण और आजीविका कार्यक्रम (ईआईएसीपी-पीसीआरपी), वन्यजीव विज्ञान संस्थान, लविवि और उप्र राज्य जैव विविधता बोर्ड (यूपीएसबीबी) द्वारा नील जहान फाउंडेशन और एक पहल मुस्कुराहट की वेलफेयर सोसाइटी के सहयोग से किया गया था।इस अवसर पर बड़ी संख्या में विवि के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

पौधरोपण करते विभागाध्यक्ष व अन्य।

▸▸ लखनऊ विश्वविद्यालय के प्राणिविज्ञान और जैव रसायन विभाग में हुआ पौधरोपण

कार्यालयः–अधिशासी अभियन्ता जोन–6

जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ

पत्रकः 272 / ई0ई0–6/ एल0जे0एस0, 2024–25 दिनांक 01/07/2024

अल्पकालीन निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य/आपूर्ति हेतु अनुभवी ठेकेदारो से मोहरबन्द निविदा दि0 08/07/2024 को अपरान्ह 3.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी द्वारा आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन सायं काल 4.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। सन्दर्भित कार्य हेतु निविदा किसी भी कार्य दिवस में दि0 08/07/2024 को समय 2.00 बजे तक कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। अर्नेस्टमनी एफ0डी0आर0/सी0डी0 आर0/एन0एस0सी0 के रूप में अधिशासी अभियन्ता जोन 6 के पद नाम से बन्धक होना अनिवार्य है। बिना अर्नेस्टमनी के प्राप्त निविदाओं पर विचार नही किया जायेगा। एक या समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार बिना कारण बताये महाप्रबन्धक, जलकल विभाग में निहित होगा। पूर्ण विवरण कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	धरोहर धनराशि	निविदा शुल्क	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	Reboring of1.5 HP submersible pump at Hussainabad Ward.	3300.00	Rs. 200	7 दिवस

निविदा प्राप्त करने की शर्त– 1. निविदादाता का सेल्स टैक्स एवं आयकर तथा जी0एस0टी0 में रजिस्ट्रेशन होना चाहिये।

अधिशासी अभियन्ता, जोन–6

जलकल विभाग नगर निगम, लखनऊ

कार्यालय नगर पालिका परिषद, चित्रकूटधाम कर्वी, जनपद–चित्रकूट

पत्र संख्या–632/2024–25/ ई–निविदा सूचना/ दिनांक– 01 जुलाई, 2024

ई–निविदा सूचना/दर आमंत्रण सूचना

ई–टेण्डरिंग के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद चित्रकूटधाम में राज्य वित्त/पालिका निधि के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से कराये जाने वाले कार्यो की ई–निविदा दिनांक 02.07.2024 से 09.07.2024 समय 12:00 बजे तक निविदाएं आमंत्रित की जायेगी। जो उसी दिनांक को खोली जायेगी। निविदा प्रपत्रों में निर्धारित शुल्क व जमानत धनराशि नगर पालिका परिषद चित्रकूटधाम कर्वी के Axis Bank Account No-919010066046073 के IFSC Code- UTIB0004082 में जमा की जायेगी। निविदा सूचना http://etendar.up.nic.in & http://nagarpalikaparishad chitrakootdhamkarwi.com/ पर देखी जा सकती है। निविदा सम्बन्धी जानकारी किसी भी कार्य दिवस में सम्बन्धित निर्माण लिपिक से प्राप्त की जा सकती है।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
चित्रकूटधाम

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
चित्रकूटधाम

SHIVENDRA'S ORTHO CLINIC
शिवेन्द्र ऑर्थो क्लीनिक
— A UNIT OF HAMATE POLYCLINIC —
जोड़ प्रत्यारोपड़ सर्जरी, स्पोर्ट्स इंजरी, फ्रेक्चर उपचार, ट्रामा सर्जरी, स्पाइन सर्जरी और कंधे का जाम हो जाना, फिजिओथेरपी, अस्थि टयूमर उपचार, समस्त हड्डी और जोड़ रोग उपचार
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना व पंडित दीनदयाल योजना के अंतर्गत निःशुल्क इलाज की सुविधा
हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ | पूर्व (AIIMS) जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ
अत्याधुनिक विधि द्वारा दर्द रहित इलाज
WE CARE YOUR BONES & JOINTS
क्या आप जोड़ों के दर्द से हैं परेशान?
आज ही सम्पर्क करें हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ
20 वर्षों से अधिक अनुभव
8,000 से अधिक जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी का अनुभव
डॉ. शिवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
MBBS, M.S, Mch (Ortho)
Joint Replacement & ADV. trauma Surgeon
Fellow in Primary & Revision Joint Replacement (USA)
ए-733, कन्वेंशन सेंटर के पास, इंदिरा नगर लखनऊ,
फोनः 0522-3545321, 9839330666
Timings:-
Morning : 11am-2pm,
Evening : 5pm-8:30pm
24x7 Emergency

एक नजर

एकेटीयू : 15 तक भरे जाएंगे परीक्षा फार्म

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के सम सेमेस्टर के द्वितीय चरण की परीक्षा में भाग लेने के लिए परीक्षार्थी 15 जुलाई तक परीक्षा फॉर्म एवं परीक्षा शुल्क ऑनलाइन माध्यम से जमा कर सकते हैं। इसके लिए ईआरपी पोर्टल खोल दिया गया है।

सीएमएस छात्र को मिली कैनेडियन स्कॉलरशिप

अमृत विचार, लखनऊ : सिटी मोन्टेसरी स्कूल, कानपुर रोड कैम्पस के छात्र नवतेज सिंह बावा को उच्च शिक्षा के लिए कैनडा की क्वीन्स यूनिवर्सिटी की ओर से 79,000 अमेरिकी डॉलर की स्कॉलरशिप मिली है। नवतेज को यह स्कॉलरशिप चार वर्षीय उच्च शिक्षा की अवधि के दौरान प्रदान की जाएगी। यह जानकारी जनसम्पर्क अधिकारी ऋषि खन्ना ने दी है।

साफ-सुथरी छवि के साथ करें कर्तव्यों का निर्वाहन

अमृत विचार, लखनऊ : ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के उर्दू विभाग के वरिष्ठ प्रो. सैय्यद शफीक अहमद अशरफी के सेवानिवृत्त होने पर कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के अटल सभागार में किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित कुलपति प्रो. नरेन्द्र बहादुर सिंह ने कहा कि हम सभी को प्रो. अशरफी की तरह साफ-सुथरी छवि के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वाहन करते रहना चाहिए। सेवानिवृत्त हुए प्रो. अशरफी ने विश्वविद्यालय में बिताए अपने संस्मरण साझा किए। इस अवसर पर प्रो. मसूद आलम, प्रो. एहतेशाम अहमद, प्रो. हैदर अली, कुलसचिव डॉ. भावना मिश्रा, वित्त अधिकारी साजिद आजमी, उपकुलसचिव दीप्ति मिश्रा के साथ सभी शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

सेवानिवृत्त शिक्षक को सम्मानित करते कुलपति।

नया कानून अपराधियों को कड़ी सजा दिलाएगा : डॉ. बीडी

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्विद्यालय के विधि संकाय की संस्था प्रो. बोनो क्लब की ओर से कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नए आपराधिक कानूनों पर चर्चा की गई। कार्यशाला का उद्घाटन विधि संकाय के प्रमुख डॉ. बीडी सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि नए आपराधिक कानून का उद्देश्य अपराधियों को कड़ी सजा दिलाने के साथ-साथ पीड़ितों के अधिकारों की रक्षा करना है। कार्यशाला में 200 से ज्यादा विधि छात्र, विधि विशेषज्ञों ने भाग लिया। कार्यशाला में अपराध की परिभाषा, सजा की नई विधियां और अपराधियों के पुनर्वास के उपाय से जुड़े पहलुओं पर चर्चा की गई।

छात्रों की सेहत का ध्यान रखेगा पुनर्वास विवि

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

विवि के रजिस्ट्रार ने पत्र जारी कर इच्छुक चिकित्सकों से मांगा बॉयोडाटा

अमृत विचार : डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय छात्रों के साथ शिक्षकों और कर्मचारियों को इलाज की सहूलियत देने जा रहा है। इसको लेकर विवि के रजिस्ट्रार ने पत्र जारी कर इच्छुक चिकित्सकों से बॉयोडाटा मांगा है।

पुनर्वास विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार रोहित सिंह ने बताया कि विवि की कार्यसमिति की बैठक में छात्र, शिक्षक और कर्मचारियों के स्वास्थ्य से जुड़ा विषय प्रमुखता से उठा। ऐसे में कुलपति की ओर से विशेष निर्देश जारी किए गए। विवि के सभी दो हजार छात्र और शिक्षकों के अतिरिक्त कर्मचारियों के स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए चिकित्सक की नियुक्ति को लेकर पत्र जारी किया गया है। इसमें इच्छुक चिकित्सकों को रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से अपना बायोडाटा भेजने के लिए कहा गया है। विवि में चिकित्सक की नियुक्ति के बाद सभी स्वास्थ संबंधी लाभ मिलेगा।

शुल्क जमा न करने पर होगी कार्रवाई

पुनर्वास विवि में काफी संख्या में छात्रों ने शुल्क नहीं जमा किया हैं। रजिस्ट्रार का कहना है कि ये शुल्क अलग-अलग मदों के हैं। इसको लेकर सभी संकायाध्यक्षों को निर्देश दिये गए हैं। विभागाध्यक्षों से कहा गया है कि छात्र 10 जुलाई तक शुल्क जमा कर दें, अन्यथा कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।

कहीं व्यवस्थाओं में बाधा तो कहीं छात्र नदारद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : यूपी मदरसा बोर्ड के शिक्षक और छात्रों को बायोमेट्रिक हाजिरी का दिया गया फरमान सोमवार को अमल में आता नजर नहीं आया। प्रदेश के 560 अनुदानित मदरसों में से अधिकतर मदरसों में काफी संख्या में छात्रों की बायोमेट्रिक हाजिरी नहीं लग सकी। कुछ शिक्षक भी इससे विरत दिखे।

रजिस्ट्रार का कहना है कि बायोमेट्रिक हाजिरी और सीसीटीवी की निगरानी का पहले दिन पूर्णतः पालन नहीं हो सका है। जल्द ही ये व्यवस्था पूरी तरह से अपडेट हो जाएगी।



मदरसों में शिक्षक और छात्रों को बायोमेट्रिक हाजिरी लगाने के दिए गए थे निर्देश

सोमवार को मदरसा आइडियल स्कूल में छात्रों की संख्या कम थी। यही हाल मदरसा दीन एकेडमी का था। मदरसा सरवारी बेगम और मेहरबान मॉडल स्कूल में अपेक्षाकृत कम छात्र दिखे। उप्र मदरसा शिक्षा परिषद के रजिस्ट्रार आरपी सिंह ने बताया कि सोमवार से प्रदेश के 560 अनुदानित मदरसों में शिक्षक और छात्रों को बायोमेट्रिक हाजिरी लगाने के निर्देश दिये गए थे। जानकारी करने पर पता चला है कि मदरसों में आने वाले छात्रों की संख्या कम थी। ऐसे में काफी संख्या में अनुपस्थित छात्रों की बायोमेट्रिक हाजिरी नहीं लग सकी।

कुछ स्थानों पर मदरसा संचालकों की ओर बताया गया है कि तकनीकी कारणों से कई शिक्षक हाजिरी से वंचित रह गए हैं। बताया है कि पहले दिन की व्यवस्था में कमी नजर आई है लेकिन आगे ये प्रभावी रूप से लागू कराई जाएगी। आदेशों की अवहेलना करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई भी की जाएगी।

558 मदरसे हैं वित्त पोषित

प्रदेश के 16,513 मदरसों में से 558 मदरसे वित्त पोषित हैं। कुल मदरसों में लगभग 27 लाख छात्र अध्ययनरत हैं। इसमें 16,513 मदरसे मान्यता प्राप्त हैं। वहीं गैर मान्यता प्राप्त मदरसों की संख्या 8,449 है।

इग्नू के चार नए पाठ्यक्रम बढ़ाएंगे रोजगार के अवसर

15 जुलाई तक छात्र कर सकते हैं एमबीए से जुड़े कोर्स में आवेदन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) जुलाई के अंत से चार नए पाठ्यक्रम शुरू करने जा रहा है। एमबीए से जुड़े इन नए पाठ्यक्रमों के माध्यम से छात्रों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। केंद्र की वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक का कहना है कि नए कोर्स के आवेदन की अंतिम तिथि 15 जुलाई है।

इग्नू की वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डॉ. मनोरमा सिंह ने बताया है कि विश्वविद्यालय इस बार निर्माण प्रबंधन के माध्यम से छात्रों को रोजगार के अवसर प्रदान कराने जा रहा है। इन चार नए कोर्स में एमबीए इन एग्री बिजनेस मैनेजमेंट, एमबीए इन लाजिस्टिक एंड सप्लाई चेन मैनेजमेंट, एमबीए इन कंस्ट्रक्शन मैनेजमेंट और एमबीए इन हेल्थ केयर एंड हॉस्पिटल शामिल है। कोर्स के माध्यम से विद्यार्थी निर्माण, प्रबंधन और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी जानकारियां हासिल कर सकेंगे।

वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक ने बताया कि हेल्थ केयर एंड हॉस्पिटल कोर्स से हॉस्पिटल और हेल्थ केयर इंस्टीट्यूट में मैनेजर और प्रशासनिक पद मिलेगा। अन्य कोर्स में प्रबंधन और निर्माण कार्यों से जुड़ी कंपनियों में जुड़कर रोजगार पाने का अवसर मिलेगा।

इस तरह बांटे गए सेमेस्टर

डॉ. मनोरमा सिंह ने बताया कि नए पाठ्यक्रमों के माध्यम से प्रबंधन, अस्पताल, प्रशासन और सार्वजनिक स्वास्थ्य संबंधी जानकारी विशेषज्ञों द्वारा छात्रों को दी जाएगी। प्रोग्राम में 4 सेमेस्टर कुल 112 क्रेडिट के होंगे। पहले और दूसरे सेमेस्टर में 7 पेपर है, जिनमें हर एक पेपर के चार क्रेडिट हैं। तीसरे और चौथे सेमेस्टर में स्पेशलाइज्ड पाठ्यक्रम होंगे। छात्रों को तीसरे सेमेस्टर में एक प्रोजेक्ट तैयार करने के साथ प्रेक्टिकल भी देना होगा।

इस तरह शुल्क का किया गया निर्धारित

डॉ. मनोरमा सिंह ने बताया कि एग्री बिजनेस मैनेजमेंट, एमबीए इन कंट्रक्शन मैनेजमेंट और लाजिस्टिक एंड सप्लाई चेन मैनेजमेंट कोर्स की फीस पूरे सत्र में एक जैसी है। पहले, दूसरे और चौथे सेमेस्टर में फीस प्रति सेमेस्टर 15,500 रुपये है। जबकि तीसरे सेमेस्टर की फीस 17,500 रुपये है। वहीं हेल्थ केयर एंड हॉस्पिटल में पहले और दूसरे सेमेस्टर में प्रति सेमेस्टर 15,500 रुपये हैं। वहीं तीसरे में 19,500 और चौथे सेमेस्टर में 17,500 है। बताया कि सभी छात्रों को रजिस्ट्रेशन फीस 300 रुपये और डेवलपमेंट फीस 200 रुपये देय होगी।

भेदभाव विहीन समाज की कल्पना वाली फिल्मों की हुई स्क्रीनिंग

अमृत विचार, लखनऊ : कैसरबाग स्थित सनतकदा में लखनऊ बायोस्कोप ने कुछ लघु फिल्मों की स्क्रीनिंग की। इस फिल्मों में समाज के उस वर्ग की बात की गई है जो हाशिये पर है।

पहली फिल्म कांग्रेच्युलेशंस ! आप को नौकरी मिल गई है। यह फिल्म ट्रांसजेंडर द्वारा नौकरी की तलाश करते समय झेली जाने वाली कठिनाइयों का जिक्र मिलता है। दूसरी फिल्म नॉक नॉक ! क्या वॉशरूम फ्री है? में कार्यस्थल पर ट्रांसजेंडर समाज के स्वच्छता और वॉशरूम संबंधी मुद्दों पर बात की गई है। तीसरी फिल्म हाउ डू यू लव? जेंडर समानता के बारे में है।

कार्यक्रम की शुरुआत ज़ोहा अज़ीम द्वारा एक कहानी सुनाने के साथ हुई। इसमें अपने दर्द के माध्यम से परिवार उन सभी रूपों में प्यार का जश्न मनाने वाले एक समाज की मांग करता है। एक ऐसे भविष्य की उम्मीद करता है जहां किसी को भी सजा नहीं दी जाती जिससे प्यार किया जाता है।

वी लॉग तकनीक बनेगी परंपराओं की वाहक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय परिसर में वी लॉग कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में अलग-अलग प्रदेशों से आए छात्र-छात्राओं को ब्लॉग बनाने सहित अन्य विषयों की जानकारी दी गई। शोधार्थियों और छात्रों ने सांस्कृतिक परंपराओं को आगे बढ़ाने में तकनीकी व्यवस्था को कारगर बताया।

वर्कशॉप कॉर्डिनेटर डॉ. अमृता कौर ने बताया कि कार्यशाला में देश के अलग-अलग हिस्सों में अध्ययनरत छात्र प्रतिभाग कर रहे हैं। इन्हें छोटे-छोटे वीडियो बनाने के अलावा संस्कृत और संस्कृति के मूल विषयों से जुड़ी जानकारियां उपलब्ध कराई जा रही है। कार्यक्रम 5 अप्रैल तक चलेगा। अलग- अलग दिवसों में आने वाले प्रशिक्षक छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षित करेंगे।

श्वेता ठाकुर

मयंक तिवारी

दीपक पाण्डेय

श्यामा तिवारी

संस्कृति को युवाओं तक पहुंचाने में तकनीक करेगी मदद

हिमांचल प्रदेश में कांगड़ा जनपद के बलाहर स्थित केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय वेदव्यास परिसर से आईं श्वेता ठाकुर कहती हैं कि शास्त्र सहित अन्य ज्ञान को आमजन तक पहुंचाने के लिए वी लॉग तकनीकी कारगर रहेगी। सुल्तानपुर जनपद के शोधार्थी मयंक तिवारी का कहना है कि संस्कृति को युवाओं व आमजन तक पहुंचाने के लिए तकनीकी प्रणाली को अपनाना होगा, इसके सहारे कम खर्च में दूर-दूर तक प्रचार व प्रसार हो सकता है। मध्य प्रदेश से आए दीपक पाण्डेय ने बताया कि कार्यशाला में धार्मिक एवं मंदिरों पर ब्लॉग बनाने की जानकारियां मिली हैं। ये प्रचार का सबल माध्यम है। श्यामा तिवारी कहते हैं कि कार्यशाला में वीडियों के माध्यम से परंपरागत और शास्त्रीय भोजन बनाने की जानकारी हासिल हुई। उत्कर्ष शुक्ला ने कहा कि यात्रा के ब्लॉग बनाने की तकनीकी के सहारे वे रोजगार भी प्राप्त कर सकते हैं।

तकनीकी सेवाएं देंगी रोजगार के अवसर

दिनेश एस यादव

वी लॉग कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित निदेशक दिनेश एस यादव ने बताया कि नई तकनीकी निश्चित रूप से युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करेगी। बताया कि पहले हम सब बड़े- बड़े ब्लॉग बनाते थे। लेकिन अब अलग- अलग विषयों से जुड़े ब्लॉग शार्ट वीडियों के माध्यम से तैयार कर लेते हैं। वी लॉग संस्कृत और संस्कृति को आगे बढ़ाने का उचित माध्यम है।

समर्थ पोर्टल से ऋण स्थानांतरण आसान

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में आंकड़ा एकीकरण विषय पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सफल कार्यान्वयन के लिए विश्वविद्यालय से संबद्ध सभी कॉलेजों को समर्थ पोर्टल से अनिवार्य रूप से जुड़ना होगा। इससे ऋण स्थानांतरण होना आसान हो जाएगा। कार्यक्रम के दौरान अधिष्ठाता अकादमिक प्रो. गीतांजलि मिश्रा सहित अन्य उपस्थित रहे।

पांच दिवसीय उर्मिल रंग महोत्सव 16 से

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

डॉ. अनिल रस्तोगी और विजय वास्तव का होगा सम्मान

अमृत विचार : प्रख्यात रंग निर्देशक, व्यंग्य लेखक और नौटंकी विधा में लगातार कुछ नया करते रहने वाले डॉ. उर्मिल कुमार थपलियाल की स्मृति में 16 से 20 जुलाई तक पांच दिवसीय उर्मिल रंग महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर सुपरिचित अभिनेता और वरिष्ठ रंगकर्मी डॉ. अनिल रस्तोगी और विजय वास्तव को उर्मिल रंग सम्मान से अलंकृत किया जायेगा।

डॉ. उर्मिल कुमार थपलियाल फाउंडेशन की ओर से आयोजित होने वाले महोत्सव के पहले दिन डॉ. उर्मिल कुमार थपलियाल रचित नौटंकी हरिश्चन्नर की लड़ाई का मंचन किया जायेगा। इस नौटंकी का पहला प्रदर्शन वर्ष 1984 में हुआ था। इस बार इसका निर्देशन रितुन थपलियाल के निर्देशन में होगा।।

उर्मिल रंग महोत्सव के बारे में संयोजक सत्येन्द्र मिश्रा व रितुन थपलियाल ने बताया कि महोत्सव के दूसरे दिन 17 जुलाई को द्वारिका लोकनाट्य कला उत्थान समिति कौशांबी के कलाकार संतोष कुमार के निर्देशन में नौटंकी केवट के राम का मंचन करेंगे। बांदा का बुंदेलखण्ड लोक कला संस्थान विजय बहादुर श्रीवास्तव के निर्देशन में रचना राजा भर्तृहरि का मंचन 18 जुलाई को करेगा।

19 जुलाई को प्रयागराज के विनोद रस्तोगी लिखित और अजय मुखर्जी निर्देशित नौटंकी बंटवारे की आग का मंचन होगा। अंतिम संध्या 20 जुलाई को रसरंग फाउण्डेशन कानपुर की ओर से नीरज कुशवाहा के निर्देशन में नौटंकी मातादीन का मंचन किया जायेगा।

विधि विवि के शिक्षकों ने दीं कार्यशाला में प्रस्तुतियां

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय की अर्थशास्त्र की सहायक प्रो. डॉ. मिताली तिवारी एवं मनोविज्ञान की सहायक प्रोफेसर डॉ. ईशा यादव ने यूपी संगीत नाटक अकादमी की एक माह की कथक की प्रस्तुतिपरक कार्यशाला में भाग लिया। नीता जोशी के नेतृत्व में कार्यशाला के समापन पर उन्होंने सूफी गीत पर कथक का ग्रुप प्रदर्शन भी किया। प्रदर्शन में 15 प्रतिभागियों ने प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता पद्मश्री डॉ. विद्या विंदु सिंह ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में जेपी सिंह एवं डॉ. पूर्णिमा पाण्डे उपस्थित रहे।

सीयूईटी-यूजी परीक्षा पास करने वाले कराएं पंजीकरण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

10 चलेगी आवेदन प्रक्रिया दूसरे प्रदेश के छात्रों को नहीं मिलेगा स्थान

अमृत विचार : डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय और संबद्ध कॉलेजों में वहीं छात्र पंजीकरण करा सकेंगे जिन्होंने सीयूईटी यूजी और पीजी 2024 परीक्षा पास की हो। इसको लेकर विवि प्रशासन की ओर से सीटों का निर्धारण कर लिया गया है।

कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय ने बताया कि एकेटीयू इस बार बीटेक, बीफार्मा और एमसीए पाठ्यक्रम के दूसरे वर्ष में अधिकतम 10 प्रतिशत सीटों पर ही प्रवेश लेगा। इनकी संख्या पाठ्यक्रमों में तय सीटों की 10 फीसद होंगी। एकेटीयू में बीटेक, एमबीए, एमसीए और एमसीए लेट्रल इंट्री कार्यक्रम में पाठ्यक्रमों के अतिरिक्त दूसरे तीन वर्षों में प्रवेश नहीं होगा। पंजीकरण प्रक्रिया चल रही है। यूपी तकनीकी प्रवेश काउंसलिंग की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से विद्यार्थी 10 जुलाई तक अपने पंजीकरण करा सकते हैं। अभ्यर्थियों को बीटेक, बीफार्मा और एमसीए कार्यक्रम के दूसरे वर्ष में सीधे प्रवेश की सुविधा दी जा रही है। बताया कि बीटेक, बीफार्मा और एमसीए द्वितीय वर्ष में प्रवेश के लिए दूसरे प्रदेश के विद्यार्थी पात्रता की सूची में शामिल नहीं किये गए हैं।

बाल निकुंज इंटर कॉलेज में प्रोफेसर को सम्मानित करते अतिथि। अमृत विचार

दिलीप पाण्डेय को मिला निकुंज पुलितजर अवॉर्ड

अमृत विचार, लखनऊ : मोहिबुल्लापुर स्थित बाल निकुंज इंटर कॉलेज में शिव सहाय जी सभागार में निकुंज ज्योति दिवस कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को किया गया। इस मौके पर शिक्षक शिखर सम्मान व विद्यालय सिरमौर अभिवादन समारोह भी आयोजित किया गया। इस अवसर पर शिक्षक समूह ने विभिन्न रोचक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर आयोजन को मनोरंजन पूर्ण बनाए रखा। इसी के साथ विद्यालय को सराहनीय योगदान के लिए प्रबंधक राम जनम सिंह ने दी ओफ इंटर कॉलेज, फैजुल्लागंज, लखनऊ, रजनी विश्वकर्मा प्रबंधिका न्यू विजडम वे प्रोगेसिव इंटर कॉलेज, चिनहट, लखनऊ एवं प्रोफेसर पंकज गोयल, प्रोफेसर राजस्थान विश्वविद्यालय को शिक्षा रत्न अवॉर्ड से और दिलीप कुमार पाण्डेय को निकुंज पुलितजर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

16 वर्षों की सेवा के बाद प्रो. वी विशालाक्षी हुईं सेवानिवृत्त

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय (आरएमएलएनएलयू) में विधि अध्ययन विभाग की पूर्व विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. वी विशालाक्षी 16 वर्षों के शैक्षणिक कार्यकाल के बाद सेवानिवृत्त हो गईं। इनके सम्मान में विवि में विदाई समारोह आयोजित किया गया। इसमें कुलपति प्रो. अमरपाल सिंह, सभी विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्य, प्रशासनिक अधिकारी और अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

कार्यक्रम को संबोधित करतीं सेवानिवृत्त प्रो. डॉ. वी विशालाक्षी।

इस अवसर पर डॉ. विशालाक्षी ने बताया कि उन्होंने आंध्र प्रदेश से एलएलम सहित अन्य डिग्रियां पूरी कीं और अपने शोध प्रबंध के लिए डॉक्टरेट की उपाधि भी हासिल की। अकादमिक उपलब्धियों के अलावा उन्होंने सेमिनार, सम्मेलन, कार्यशाला और पैनल चर्चा में भी सहयोगी की भूमिका निभाई है। कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सेमिनारों में भी भाग लिया है।

सचिवालय प्रशिक्षण एवं प्रबन्ध संस्थान, उ0प्र0 सप्तम तल कक्ष संख्या –748, जवाहर भवन, अशोक मार्ग, लखनऊ

निविदा सूचना

सचिवालय प्रशिक्षण एवं प्रबन्ध संस्थान, उ0प्र0, के मुख्यालय, बापू भवन, स्थित कम्प्यूटर लैब एवं लखनऊ शाखा के लिये वर्ष 2024–2025 की आवश्यकतानुसार प्रशिक्षण कार्यक्रमों में चाय एवं दोपहर के भोजन की आपूर्ति हेतु कैटरिंग का व्यवसाय करने वाले प्रतिष्ठित एवं वाणिज्यकर विभाग में कैटरिंग के व्यवसाय के रूप में पंजीकृत स्थानीय फर्मो से निविदा हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।

2. निविदा हेतु आवेदन पत्र दिनॉक 10.07.2024 से 30.07.2024 तक किसी भी कार्य दिवस में फर्म के लेटर पैड, जिस पर फर्म का ''जी0एस0टी0 पंजीयन संख्या'' अंकित हो, पर लिखित प्रार्थना पत्र देकर निविदा फार्म रू0 100/–(रूपये एक सौ मात्र) नकद जमा करके संस्थान के कार्यालय से कार्यालय समय में प्राप्त किये जा सकते है। मुहर बन्द निविदा स्वीकार करने की अन्तिम तिथि दिनॉक 30.07.2024 (अपरान्ह् 2.00 बजे तक) होगी। निविदा के आवेदन पत्र के साथ अर्नेस्ट मनी की धनराशि रू0 2,000/– (रूपये दो हजार मात्र) का बैक ड्राफ्ट जो निदेशक, सचिवालय प्रशिक्षण एवं प्रबन्ध संस्थान, उ0प्र0 लखनऊ के पक्ष में लखनऊ में देय हो, संलग्न करना होगा।

3. निविदा के आवेदन पत्र के साथ आपूर्ति की जाने वाली वस्तुओं की सूची उपलब्ध होगी जिसके मूल्य निविदादाता को उल्लिखित करने है। निविदा अर्नेस्ट मनी राशि के बैक ड्राफ्ट सहित मुहरबन्द लिफाफा, संस्थान के कार्यालय कक्ष में स्थित सील बन्द निविदा बाक्स में दिनांक 30.07.2024 अपरान्ह् 2.00 बजे तक डाली जायेगी। निविदा दिनांक 30.07.2024 को अपरान्ह् 3.00 बजे निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी जिसमें निविदादाता चाहे तो उपस्थित रह सकते है। निर्धारित अंतिम तिथि को अवकाश होने की दशा में अग्रिम कार्यवाही अगले कार्य दिवस में होगी। सभी फर्मो के लिए आवश्यक होगा कि वे अपने पैन कार्ड की 01 छायाप्रति तथा बैंक खाते की निरस्त (cancelled) चेक निविदा फार्म के साथ जमा करें।

4. निविदा स्वीकृत हो जाने पर सम्बन्धित फर्म को रू. 5,000/– (रूपये पाँच हजार मात्र) सिक्योरिटी मनी की धनराशि निदेशक, सचिवालय प्रशिक्षण एवं प्रबन्ध स ंस्थान, उ0प्र0, लखनऊ के पक्ष में देय बैक ड्राफ्ट द्वारा जमा करनी होगी। यदि आपूर्ति विलम्ब से हुई या स्वीकृत गुणवत्ता की वस्तुओ ं की आपूर्ति न की गई अथवा फर्म द्वारा आपूर्ति हेतु असमर्थता व्यक्त की गई तो निदेशक को यह अधिकार होगा कि वह अपने विवेकानुसार सम्पूर्ण सिक्योरिटी मनी या उसकी आंशिक धनराशि जब्त कर लें।

5. कोई भी निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निदेशक, सचिवालय प्रशिक्षण एवं प्रबन्ध स ंस्थान, उ0प्र0 लखनऊ में निहित होगा।

UP – 216687 दिनांक 26.06.2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

(डा0 संजीव भारद्वाज)
निदेशक

स्थानान्तरण तैराकी, बैडमिंटन व वॉलीबाल प्रशिक्षक का हुआ तबादला, इन खेलों में अब नहीं बचा एक भी प्रशिक्षक

तीन प्रशिक्षकों के तबादले से बिगड़ गया 'खेल'

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ में तीन प्रशिक्षकों के तबादले से राजधानी का खेल बिगड़ गया है। तबादले से जहां बैडमिंटन का एक भी प्रशिक्षक लखनऊ में नहीं बचा, वहीं एक महिला अधिकारी के तबादले से केडी सिंह बाबू स्टेडियम में मौजूद महिला छात्रावास में महिला वार्डन का पद भी खाली हो गया।

सबसे बड़ा खेल तो तैराकी के साथ हुआ। पिछले चार वर्षों से यहां पर तरणताल का संचालन बंद था, तब यहां पर तैराकी प्रशिक्षक आनंद श्रीवास्तव की तैनाती थी। जब 18 करोड़ खर्च कर तरणताल चलने लायक हुआ तो आनंद श्रीवास्तव को स्पोर्ट्स ऑफिसर पद पर प्रमोट कर बहराइच भेज दिया गया।

तबादलों को लेकर खेल निदेशक से चर्चा की जायेगी। खेल संचालन प्रभावित न हो, इसके प्रयास किए जायेंगे। छात्रावास से लेकर अन्य खेलों में भी प्रशिक्षक उपलब्ध कराये जाएंगे।

–अजय कुमार सेठी, क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी, खेल विभाग, उत्तर प्रदेश

इस मामले में विभागीय अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही ये मुद्दे खेल निदेशक के सामने रखे जाएंगे।

राजधानी में तीन विभागीय प्रशिक्षकों के स्थानान्तरण से खिलाड़ियों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। राजधानी में मौजूद चारों स्टेडियमों चौक, केडी सिंह बाबू, गोमती नगर स्थित विनय खंड और विजयंत खंड स्टेडियम में बैडमिंटन कोर्ट मौजूद हैं। लेकिन इन कोर्ट पर अभ्यास करने वाले खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देने के लिए अब एक भी प्रशिक्षक तैनात नहीं है। एक मात्र विभागीय प्रशिक्षक मनीष गुप्ता का तबादला यहां से इलाहाबाद कर दिया गया है। वह यहां पर लंबे समय से छुट्टी पर भी चल रहे थे। प्रशिक्षक न होने की दशा में क्षेत्रीय खेल कार्यालय ने सेवानिवृत्त प्रशिक्षक को खिलाड़ियों के प्रशिक्षण लिए बाबू स्टेडियम में रखा है।

कुछ ऐसा ही हाल बाबू स्टेडियम में मौजूद तरणताल का है। प्रशिक्षक आनंद श्रीवास्तव के तबादले के बाद यहां पर मात्र दो लाइफ सेवर मौजूद हैं, जिनके भरोसे बाल तरणताल और ओलंपिक साइज तरणताल होगा। विभागीय अधिकारियों के अनुसार तैराकी प्रशिक्षक कंचन इलाहाबाद में तैनात है जबकि इस समय वहां पर कोई पूल नहीं मौजूद है। तैराकी प्रशिक्षक कंचन को यहां पर तैनात किए जाने से खिलाड़ियों का प्रशिक्षण प्रभावित नहीं होता। लेकिन आपसी खींचतान के चलते उन्हें यहां नहीं तैनात किया गया।

चार खेलों के महिला छात्रावास की जिम्मेदारी किसकी

वॉलीबाल प्रशिक्षक साधना सिंह का स्थानांतरण तो क्षेत्रीय खेल कार्यालय के लिये सबसे बड़ी मुसीबत बन गया है। केडी सिंह बाबू स्टेडियम में वॉलीबाल छात्रावास की बालिकाओं को प्रशिक्षण देने के साथ ही वो यहां पर बालिका छात्रावास की हॉस्टल वार्डन भी थी। बाबू स्टेडियम में तैराकी, एथलेटिक्स, हॉकी और वॉलीबाल का महिला छात्रावास मौजूद हैं। ऐसे में छात्रावास में रहने वाली लड़कियों की जिम्मेदारी किसकी होगी, यह बताने वाला कोई नहीं है।

एक नजर

शराब के नशे में ईंट से किया हमला, रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार, सरोजनीनगर : बिजनौर के मकदूमपुर कैथी निवासी अलका ने वहीं के रहने वाले रोहित के खिलाफ गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। अलका का आरोप है कि वह दूसरे के छत पर बैठी थी। तभी शराब के नशे में पहुंचे रोहित ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए ईंट से मारना शुरू कर दिया। इस बीच वहां मौजूद एक महिला उसे बचाने दौड़ी तो आरोपी ने उसे भी पीटा। अलका की तहरीर पर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पति व सास-ससुर पर उत्पीड़न का आरोप, रिपोर्ट

अमृत विचार, सरोजनीनगर : बेहसा में रहने वाली कैसर जहां ने अपने पति मोहम्मद कदीर, सास रेहाना खातून और ससुर अब्दुल रशीद के खिलाफ मारपीट, महिला उत्पीड़न और जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। उसकी शादी 26 अप्रैल 2014 को हुई थी। आरोप है कि पति और सास-ससुर उसे मारते -पीटते हैं और रोज घर से निकालने की धमकी देते हैं। उसका आरोप है कि उसके पति ने एक और शादी की है जिससे एक लड़की भी है। सरोजनीनगर पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

दीवार गिराने का विरोध करने पर किया हमला

अमृत विचार, सरोजनी नगर : बिजनौर के परवर पूरब गांव निवासी महिला निर्मला ने गांव के ही रहने वाले रविंद्र के खिलाफ दीवार गिराने और मना करने पर गाली गलौज, धक्का मुक्की व मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। निर्मला का आरोप है कि 12 अप्रैल को शाम करीब 5 बजे रविंद्र वहां पहुंचा बनवाई जा रही दीवार को गिराने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने ईंट से हमला किया।

दुष्कर्म के वांछित आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमृत विचार, पीजीआई : दुष्कर्म के वांछित आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पीजीआई की रहने वाली महिला ने बीती 7 जनवरी को राहुल जैसवाल निवासी पंचम खेड़ा हैवतमऊ मवैया पर दुष्कर्म करने जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया था। मुखबिर की सूचना पर कालंदी पार्क के पास से उक्त घटना में शामिल राहुल जैसवाल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

आईएएस किंजल ने यूट्यूब चैनल के संचालक पर दर्ज कराई एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- स्वर्गवासी माता-पिता की आपत्तिजनक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने का आरोप
- गोमतीनगर थाने में एफआईआर दर्ज कर पुलिस कर रही जांच

अमृत विचार : चर्चित आईएएस अधिकारी किंजल सिंह ने गोमतीनगर थाने में एक यूट्यूब चैनल संचालक पर एफआईआर दर्ज कराई है। आरोप है कि चैनल संचालक ने उनके स्वर्गवासी माता-पिता के बारे में आपत्तिजनक वीडियो, झूठी सूचना सोशल मीडिया पर प्रसारित की है। जिसे अब तक करीब साढ़े तीन लाख लोगों ने देख लिया है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

चर्चित आईएएस अधिकारी किंजल सिंह विपुलखंड में परिवार के साथ रहती हैं। उन्होंने गोमतीनगर थाने में शिकायती पत्र दिया। जिसमें आरोप लगाया कि गोंडा निवासी उस्मान सैफी सफर उर्फ उस्मान अली ने उनके स्वर्गवासी माता-पिता के बारे में फर्जी व भ्रामक सूचना और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल की है। उस्मान खुद का

यूट्यूब चैनल और ब्लाग चलाते हैं। इस पर उन्होंने 20 जून को एक खबर 'एसपी की पत्नी से डीएसपी के अफेयर की पूरी कहानी' पोस्ट की। यह खबर उनके स्वर्गवासी माता-पिता से संबंधित है। जो पूरी तरह से भ्रामक है।

उन्होंने आरोप लगाया कि यह साजिश के तहत उनके मान सम्मान को ठेस पहुंचाने और चरित्रहनन के लिए चलाई गई है। इस खबर के संबंध को पोस्ट करते समय यूट्यूब संचालक ने न तो उनके परिवार के किसी सदस्य से बात की है और न ही उनका पक्ष जानने का प्रयास किया।

एक्स, पिंट्रेस्ट व व्हाट्सएप के जरिए हुई जानकारी

आईएएस किंजल सिंह ने पुलिस को बताया कि उनको इस भ्रामक पोस्ट की जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स, पिंट्रेस्ट और व्हाट्सएप के जरिए हुई। इस संबंध में पूरी जानकारी हासिल करने का प्रयास किया तब तक पोस्ट को करीब साढ़े तीन लाख लोगों ने देख लिया था। उन्होंने बताया कि यह खबर बिना किसी साक्ष्य एवं प्रमाण के ही यूट्यूब चैनल से लेकर सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर चलाई जा रही है। इसे देखने के बाद कई परिचित और रिश्तेदारों ने कॉल कर जानकारी हासिल करनी चाही। साथ ही संबंधित के खिलाफ कार्रवाई करने की सलाह दी। इस तरह के पोस्ट व भ्रामक खबर उनकी प्रतिष्ठा और सामाजिक छवि धूमिल हुई है। प्रभारी निरीक्षक गोमतीनगर दीपक कुमार पांडेय ने बताया कि आईएएस की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है।

पिता पर छात्रा को आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 17 जून को छात्रा की जहरीला पदार्थ खाने से हुई थी मौत

अमृत विचार : बंथरा में बीफार्मा छात्रा के आत्महत्या के मामले में उसके भाई ने पिता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

बंथरा के बनी निवासी रितिक कश्यप के मुताबिक बहन रोशनी (21) बीफार्मा की पढ़ाई कर रही थी। पिता राकेश कश्यप अक्सर उसकी पिटाई कर देते थे। बीते 17 जून को पिता शराब के नशे में घर आए और बहन पर शादी का दबाव बनाने लगे। शादी से मना करने पर उसको पीटा था। रोशनी अभी अपनी पढ़ाई पूरी करना चाहती थी। परेशान होकर 18 जून को रोशनी ने जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी। रितिक का आरोप है कि पिता ने वर्ष 2019 में 2.40 करोड़ की जमीन बेची थी। कुछ रिश्तेदारों को पिता अक्सर रुपये देते थे। विरोध करने पर भी वह गाली गलौज कर मारपीट करने लगते थे। इंस्पेक्टर बंथरा हेमंत कुमार राघव के मुताबिक पिता राकेश के खिलाफ रविवार को मामला दर्ज कर लिया गया है।

मुनाफे के लालच में 5 लोगों ने गंवाए 2.41 करोड़ रुपये

साइबर क्राइम

जालसाजों ने बुजुर्ग समेत पांच लोगों से 2.41 करोड़ रुपये ठग लिए। जालसाजों ने शेयर ट्रेडिंग, आईपीओ और व्यापार में निवेश कराने पर मोटा मुनाफा कमाने का झांसा देकर ठगी की। पीड़ितों ने साइबर क्राइम थाने और महानगर कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस सभी मामलों की जांच कर रही है।

शेयर व आईपीओ खरीद में लगवाए 1.27 करोड़

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : गोमतीनगर के विराट खंड निवासी रामचंद्र राय के मुताबिक बीते अप्रैल में वह छह शेयर मार्केट व्हाट्सएप ग्रुप पर जुड़े थे। ग्रुप के एडमिन उन्हें अच्छे शेयर खरीदने-बेचने की सलाह देते थे। जालसाजों ने उनसे अकाउंट भी खुलवाया था। उन्हें शेयर व आईपीओ खरीद कर मुनाफा पाने का झांसा दिया था। लालच में आकर रामचंद्र ने दोनों में एक करोड़ 27 लाख 24 हजार रुपये निवेश कर दिए। फिर जालसाजों ने उनका अकाउंट फ्रीज कर दिया।

एप से जोड़कर दो बार में 61.13 और 10.35 लाख हड़पे : आलमबाग निवासी पंकज कुमार के मुताबिक बीती 5 मई को उनके पास शेयर मार्केट में निवेश का मैसेज आया था। फिर उन्हें एच मोर्गन स्टैन्ली ई ट्रेडर्स एलाइट क्लास नामक ऐप से जोड़ दिया गया। यहां प्रोफेसर सोहेल व उसकी असिस्टेंट अलीसा ने शेयर खरीदने के लिए प्रेरित किया। झांसे में आकर पंकज ने 61 लाख 13 हजार रुपये निवेश कर दिए। इसके बाद उनके अकाउंट में मुनाफे के पांच करोड़ दिखने लगे। पीड़ित ने जब रुपये निकालने की कोशिश की तो जालसाजों ने उनसे 21 लाख सर्विस चार्ज मांगा। संदेह होने पर जब पंकज ने जांच की तो पता चला कि ट्रेडिंग एप फर्जी थी। इसी तरह मानकनगर के रहने वाले विजय कुमार से 10 लाख 35 हजार की ठगी हो गई।

निवेश के नाम पर ठगे 40 लाख

हजरतगंज जापलिंग रोड स्थित ज्वैल अपार्टमेंट निवासी हिना निगार से साइबर जालसाजों ने निवेश पर मोटा मुनाफा दिलाने का झांसा देकर 40 लाख 87 हजार रुपये ठग लिए। हिना के मुताबिक 24 अप्रैल 2023 को एक व्हाट्सएप ग्रुप में उनको जोड़ा गया। इसमें आईपीओ से संबंधित मैसेज आते थे। एक साक्षी नाम की युवती ने मैसेज किया। उसने कहा कि उसकी कंपनी गोल्डमैन निवेश करने पर अच्छा मुनाफा मिलेगा। जानकारी के लिए इंटरनेट पर सर्च किया तो कंपनी के बारे में जानकारी मिली। 5 जून से 19 जून के बीच में हिना निगार ने गोल्डमैन कंपनी में कुल 14,87,000 रुपये निवेश किया। जब रुपये निकालने का प्रयास किया तो बताया गया कि 30 प्रतिशत कमीशन देने होंगे। तभी रुपये निकलेंगे। इसके बाद खाते में जो रुपये दिख रहे थे उन्हें ऋणात्मक कर दिया। संपर्क करने पर आईपीओ सब्सक्रिप्सन के नाम पर 36 लाख रुपये की मांग की। दो बार में 26 लाख रुपये जमा कराए। 10 लाख रुपये के लिए कुछ समय मांगा। लेकिन इसके बाद भी रुपये वापस नहीं मिले।

मां-बेटी के खाते से उड़ाए 1.90 लाख

महानगर विस्तार निवासी हरगुन सिंह सेठी ने बताया कि उनके मां के मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आई। बताया कि आपके कार्ड में समस्या है। जासालज ने मां को गुमराह कर हरगुन सिंह के खाते से 90 हजार रुपये और उनकी मां के खाते से एक लाख रुपये निकाल लिए। पीड़ित ने महानगर थाने में एफआईआर दर्ज कराई है।

दो बहनों समेत आठ पर एफआईआर

अमृत विचार, लखनऊ : निगोहां थाना क्षेत्र के शेरपुर लवल गांव में किसान पंकज तिवारी द्वारा बेची गई जमीन को दो सगी बहनों ने धोखाधड़ी करके रजिस्टर्ड एग्रीमेंट करवा लिया। पुलिस के मुताबिक पीड़ित मनोज तिवारी की तहरीर के आधार पर पूर्व में बेची गई जमीन का फर्जी प्रपत्रों के सहारे दोबारा रजिस्टर्ड एग्रीमेंट करने वाली आरोपी बहनों सुनीता व माया, दो वकीलों शैलेश कुमार गौतम और विनय कुमार द्विवेदी सहित कुलदीप, विवेक कुमार, गणेशानंद, राजेंद्र कुमार पर आरोप लगाया है। एसओ अनुज तिवारी के मुताबिक तहरीर के आधार पर आठों आरोपियों पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

सिलेंडर में रिसाव, होटल में लगी आग

संवाददाता, मलिहाबाद

अमृत विचार : सोमवार को सड़क किनारे अस्थाई होटल में गैस सिलेंडर के पाइप मे रिसाव होने से आग लग गई। जिससे दुकान में रखा सारा सामान जल गया। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। फायर ब्रिगेड पहुंचने तक सारा सामान जल चुका था।

मलिहाबाद कोतवाली क्षेत्र के हाफिज़ खेड़ा ग्राम निवासी राजेन्द्र का कसमंडी सम्पर्क मार्ग के किनारे होटल है। रोज की तरह सोमवार की सुबह लगभग 9 बजे राजेंद्र अपने होटल मे सब्जी बना रहा था। तभी अचानक गैस सिलेंडर के पाइप मे रिसाव होने से अचानक आग लग गई। जब तक राजेन्द्र कुछ समझ पाता तब तक आग चारों तरफ फैल गई। लोगों ने पुलिस व फायर ब्रिगेड को सूचित किया। मौके पर पंहुची पुलिस व ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू तो पा लिया गया। लेकिन जब तक दुकान का सारा सामान जलकर राख हो चुका था। पीड़ित ने बताया कि दुकान मे रखे दो मोबाइल फोन, एक सिलेंडर, एक तख्त, राशन का सामान सहित लगभग एक लाख का नुकसान हो गया।

कसमंडी सम्पर्क मार्ग के किनारे होटल में लगी आग। अमृत विचार

कक्षा सात की छात्रा के अपहरण का प्रयास

संवाददाता, सरोजनीनगर।

अमृत विचार : बिजनौर स्थित नटकुर गांव में कार सवार बदमाशों ने कक्षा सात की छात्रा के अपहरण का प्रयास किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाली।

बिजनौर के नटकुर गांव निवासी मजदूर मनोहर के मुताबिक उसकी पत्नी और वह सरोजनीनगर स्थित गौरी बाजार गए हुए थे। जबकि उसकी पुत्री मुस्कान (12) घर पर अकेली थी। रात करीब 8:30 बजे तक पालतू जानवर वापस घर नहीं आए तो उनकी तलाश में निकली थी।

पिता ने बताया कि शिव मंदिर के पास कार सवार पहुंचे। कार सवारों ने मुस्कान को टॉफी देने के बहाने पास बुलाया। कार में जबरन बैठा लिया। वहां से मुल्लाही खेड़ा स्थित हनुमान मंदिर स्थित जंगल के पास लेकर गए और शराब पीने लगे। मौका मिलते ही मुस्कान वहाँ से भाग निकली। उधर जानकारी मिलने पर छात्रा के पिता ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मुस्कान से पूछताछ करने के बाद आरोपियों की तलाश में जुट गई।

प्रभारी निरीक्षक बिजनौर अरविंद कुमार राणा ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम सक्रिय हो गई। आसपास के इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जाने लगे। एक फुटेज में काली कार दिखाई दी है।

घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों से बात करता पुलिसकर्मी। अमृत विचार

पांच कर्मचारियों ने लीक किया गोपनीय दस्तावेज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- चकबंदी उप संचालक ने हजरतगंज कोतवाली में दर्ज कराई एफआईआर

अमृत विचार : चकबंदी आयुक्त कार्यालय में तैनात पांच कर्मचारियों ने गोपनीय दस्तावेज सार्वजनिक कर दिया। इसकी जानकारी होने पर आयुक्त के निर्देश पर चकबंदी उप संचालक ने हजरतगंज थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह के मुताबिक मधुसूदन दुबे चकबंदी विभाग में उप संचालक के पद पर तैनात हैं। मधुसूदन दुबे ने तहरीर दी। जिसमें आरोप लगाया कि चकबंदी विभाग में प्रत्येक वित्तीय वर्ष में कार्य की उपलब्धता के आधार पर पदों पर स्थापन और आवंटन विभागाध्यक्ष द्वारा किया जाता है। इस वर्ष का पदस्थापन की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। चकबंदी आयुक्त के अनुमोदन के पहले ही बिना किसी हस्ताक्षर के पदस्थापन व पदों का आवंटन वाला दस्तावेज वायरल कर दिया गया। जबकि इसे आयुक्त के अनुमोदन के बाद ही जारी किया जाता है। इस मामले में निदेशालय और फील्ड के कर्मचारी शामिल हैं। पदस्थापन का दस्तावेज व्हाट्सएप ग्रुप पर वायरल किया गया है। इस कृत्य में संतोष, चपराधी, नजारत और चकबंदी लेखपाल अरूण के अलावा एक अन्य शामिल है। प्रभारी निरीक्षक के मुताबिक तहरीर के आधार पर पांचों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। मामले की जांच की जा रही है।

बिना अनुमति गैर रिफिलिंग करने वाले पर रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार, लखनऊ : गाजीपुर थानाक्षेत्र के एचएएल सब्जी मंडी के पास बर्तन की दुकान में बिना अनुमति के ही रसोई गैस रिफिलिंग का काम हो रहा था। पूर्ति निरीक्षक खाद्य हर्ष मिश्रा ने छापेमारी के दौरान अवैध गैस रिफलिंग करते हुए एक युवक को पकड़ा। गाजीपुर के समोदीपुर निवासी बदलू ने बताया कि दुकान का मालिक साउथ सिटी निवासी नुसरत उल्ला है।

चोरों ने शराब ठेके को बनाया निशाना

अमृत विचार, मलिहाबाद: बेखौफ अज्ञात चोरों ने देशी शराब ठेके को निशाना बना उसमें रखी नकदी व करीब 20 पेटी देशी शराब (900 क्वाटर) की बोतलें चोरी कर चंपत हो गये। सेल्समैन ने थाने में तहरीर दी है। मलिहाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम नजरनगर के निकट देशी शराब की दुकान है। जिसपर माल थाना क्षेत्र के ग्राम अकबरपुर बाजार गांव निवासी विशाल सेल्समैन के रूप में कार्य करता है। जो रविवार देर रात 10 बजे शराब की दुकान बंद कर घर चला गया। दूसरे दिन सोमवार सुबह जब वह अपनी शराब की दुकान खोलने आया तो दुकान का शटर कटा देख हक्काबक्का रह गया। अन्दर जाकर देखा तो ठेके के अन्दर से 20 पेटी (900 क्वाटर) देशी शराब की बोतलें गायब थी। साथ दुकान में रखा बक्शा ठेके से करीब 200 मीटर की दूरी पर पड़ा मिला। जिसमें से 24 हजार रुपयों की नकदी अज्ञात चोर कर चम्पत हो गये। जिसकी सूचना उसने ठेका मालिक सहित पुलिस को दी। सेल्समैन विशाल ने रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम कटौली निवासी नफीस, मलिहाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम नजरनगर निवासी पंकज यादव, शनी यादव, अरुन पासी व बालकिशन नट पर चोरी की आशंका जताई है।

हादसे के बाद ट्रक का केबिन काटकर चालक को निकाला

संवाददाता, काकोरी

- केबिन में फंसे चालक को कटर की मदद से बाहर निकाला

अमृत विचार : पारा कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत मोहान रोड़ खुशहालगंज रिंग रोड पर सोमवार को ऑक्सीजन से भरे कैप्सूल ने ट्रक को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में कैप्सूल को अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। कैप्सूल के केबिन में चालक बुरी तरह से फंस गया। जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने दमकलकर्मियों ने कटर की मदद से केबिन को काट कर कैप्सूल चालक को बाहर निकाला। उसके बाद जख्मी हालत में चालक को लोकबंधु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां चालक की हालत बेहद नाजुक बताई जा रही है।

प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार वर्मा के मुताबिक, मोहान रोड खुशहालगंज रिंग रोड पर सोमवार दोपहर तेज रफ्तार ऑक्सीजन से भरे कैप्सूल ने ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी। इस दुर्घटना के बाद मार्ग पर जाम लग गया। तत्काल राहगीरों ने फौरन पुलिस कंट्रोल रूम पर हादसे की सूचना दी। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। उसके बाद पुलिस ने चालक को कैप्सूल चालक को केबिन से निकालने की कोशिश की, लेकिन नतीजा शून्य रहा। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि ट्रक में टक्कर लगने से कैप्सूल का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो चुका था। जिस वजह से चालक केबिन में फंसकर बुरी तरह से जख्मी हो गया था। इसके बाद पुलिसकर्मियों ने दमकल विभाग के कंट्रोल रूम पर सूचना दी। हादसे की जानकारी मिलते ही आलमबाग फायर स्टेशन ने दमकल कर्मी क्रेन लेकर घटनास्थल पर पहुंचे। क्रेन की मदद से दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क किनारे लगाया गया। फिर कटर से केबिन को काटकर चालक राजमंगल निवासी ग्राम मशीना मिर्जापुर आलापुर थाना अंबेडकर नगर को बाहर निकाला गया। एफएसओ धर्मपाल सिंह ने बताया कि एम्बुलेंस की मदद से घायल चालक को लोकबंधु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रथम दृष्टया में यह बात सामने आई कि चालक को झपकी आने से यह दुर्घटना हुई है। इस संबंध में पारा इंस्पेक्टर बृजेश कुमार वर्मा ने बताया कि चालक की हालत अब खतरे से बाहर है।

हादसे के बाद क्षतिग्रस्त ऑक्सीजन कैप्सूल का केबिन। अमृत विचार

सार-संक्षेप

वीडियो वायरल कर धूमिल कर रहे छवि

लखनऊ, पीजीआई : थाना क्षेत्र की एक महिला ने एक परिवार पर आरोप लगाया है कि वे उसकी नाबालिग बेटी को भगाकर शादी कराने के बाद उसका वीडियो वायरल कर उसकी छवि धूमिल कर रहे हैं। जानकारी के मुताबिक साउथ सिटी निवासी महिला ने अपनी तहरीर में बताया कि बीती 9 फरवरी को उसकी नाबालिग बेटी ने घर से भागकर रजनी खंड निवासी चमन कश्यप से मंदिर में विवाह कर लिया। इसकी शिकायत उसने 10 फरवरी को पुलिस में दर्ज कराई थी। आरोप है कि चमन की बहन शिवानी और उसका भाई अमन ने उसकी पुत्री और चमन के साथ रील बनाकर वायरल कर दिया। इससे उसकी छवि को ठेस पहुंच रही है। पीड़िता ने आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है।

दबंग भाइयों ने युवक को पीटा

अमृत विचार, लखनऊ : आशियाना में दबंग भाइयों ने साथियों के साथ मिलकर एक युवक की पिटाई कर दी। आशियाना पुलिस दोनों भाइयों समेत आधा दर्जन अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आशियाना के कासिमपुर निवासी तेज कुमार के मुताबिक भाई सत्या रावत शनिवार दोपहर काम से निकले थे। तभी पकरी स्थित शराब के ठेके के पास मोहल्ले के विनोद रावत और उसके भाई अंकित रोककर गालियां देने लगे। सत्या के विरोध जताने पर दोनों आरोपितों ने आधा दर्जन साथियों के साथ मिलकर उसकी पिटाई कर दी। इंस्पेक्टर आशियाना छत्रपाल सिंह के मुताबिक मामला दर्ज कर लिया गया है।

घर के सामने शराब पीने से मना किया तो रॉड से पीटा

अमृत विचार, लखनऊ: ठाकुरगंज के आदर्शनगर इलाके में घर के सामने शराब पीने से मना करने पर दबंग ने युवक को रॉड से पीट दिया। गंभीर रूप से घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। आदर्शनगर निवासी संचित त्रिवेदी के मुताबिक रविवार को पड़ोसी अनिल अवस्थी व उनका रिश्तेदार बादल तिवारी घर के बाहर शराब पी रहे थे। उन्होंने मना किया तो दोनों उन्हें गालियां देने लगे। विरोध पर दोनों ने उनकी रॉड से पिटाई कर सिर फोड़ दिया। इंस्पेक्टर ठाकुरगंज श्रीकांत राय के मुताबिक आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

शातिर लुटेरा गिरफ्तार, लूटी गई चेन का टुकड़ा बरामद

अमृत विचार, काकोरी : दुबग्गा पुलिस ने सोमवार को एक शातिर लुटेरे को गिरफ्तार करते हुए उसके कब्जे में से लूटी गई चेन का टुकड़ा बरामद किया है। दुबग्गा इंस्पेक्टर अभिनव कुमार वर्मा ने बताया कि बीते 29 जून को अमान अहमद खान ने चेन लूट का मुकदमा पंजीकृत कराया था। मुखबिर की सूचना पर वारदात को अंजाम देने वाले अभियुक्त संदीप कुमार वर्मा (19) ग्राम बेगरिया थाना दुबग्गा लखनऊ को जागर्स पार्क के पीछे सब्जी मण्डी वाली रोड़ पर से गिरफ्तार किया गया है।

भैंस को दिया जहर, रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार, मलिहाबाद : अहमदाबाद कटौली निवासी अब्दुल वहीद ने रहीमाबाद थाने में तहरीर दी कि अज्ञात युवक ने उसकी गर्भवती भैंस को जहर खिलाकर मार डाला। पीड़ित का आरोप है कि इससे पहले एक-एक कर उसकी चार भैंसों की संदिग्ध हालात में मौत हो चुकी है। पांचवीं भैंस की 30 जून मौत होने पर उसे शक हुआ। उसने थाने में तहरीर देकर मौत का कारण जानने के लिए पोस्टमार्टम कराए जाने की मांग की है। एसओ रहीमाबाद अनुभव सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

करंट की चपेट में आने से भैंस की मौत

अमृत विचार, गोसाईगंज : गोसाईगंज क्षेत्र के शीफत नगर गांव में करंट की चपेट में आने से एक भैंस की दर्दनाक मौत हो गई। किसान परशुराम पुत्र बदलू निवासी शीफत नगर जो कि घर में भैंस पाल रखी हैं, वह सोमवार सुबह 9 बजे गांव के बाहर भैंस बांधने जा रहे थे। जिसमें दो भैंसें आगे निकल गई और एक पीछे रह गई वहीं पास में खम्भे पर ट्रान्सफार्मर बंधा था जिसमें 11000 बोल्टेज करंट दौड़ रहा था और नीचे कीचड़ था भैंस खम्भे के समीप चली गई और वहीं पर चिपककर उसकी मौत हो गई।

मारपीट करने के साथ दी जान से मारने की धमकी

अमृत विचार, सरोजनीनगर : बिजनौर के मकदूमपुर कैथी निवासी अलका ने मकदूमपुर में रहने वाले रोहित के खिलाफ गाली गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। अलका का कहना है कि वह दूसरे के छत पर बैठी थी। तभी शराब के नशे में पहुंचे रोहित ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए ईंट से मारना शुरू कर दिया। इस बीच वहां मौजूद एक महिला उसे बचाने दौड़ी तो आरोपी ने उसे भी मारा पीटा।

अपराध रविवार रात घर में धावा बोलकर चोरों ने साफ किया लाखों का माल

बीएनएस में पहला मामला निगोहां में दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : राजधानी में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) में पहली एफआईआर निगोहां थाने में दर्ज की गई है। पुलिस ने इलाके में रविवार रात हुए चोरी की वारदात हुई थी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 305 में मामला दर्ज किया है। एसओ के मुताबिक आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है।

निगोहां के कुशमौरा गांव निगोहा के रहने वाले सोनू कश्यप कैटर्स का काम करते हैं। उन्होंने बताया कि रविवार रात को वह घर के बाहर सो रहे थे। दीवार के सहारे छत पर के

रास्ते घर में दो चोर घुसे थे। दोनों ने कमरे में रखा बक्से और आलमारी का ताला तोड़कर लाखों रुपए का सामान चोरी कर लिया। सोनू के मुताबिक चोरों ने एक मंगलसूत्र, एक जोड़ी झुमकी, सोने की माला, पायजेब, नथनी, करधनी, 100 ग्राम के पायल, चार सोने की अंगूठी, तीन सोने की नाक की कील और 30 हजार रूपये चोरी हुआ है। इस दौरान रात में गांव के श्याम लाल प्रजापति के घर से एक जोड़ी टप्स, सोने की झाला, मंगलसूत्र, पायल और 29 हजार की नगदी सहित अन्य सामान चोरी हुए थे।

नींद खुली तो दो दीवार फांदकर भागते दिखे

सोनू कश्यप ने पुलिस को बताया कि उसे रात में कुछ आहट हुई। नींद खुली तो वह अंदर की तरफ जाने लगा देखा कि दो लोग दीवार फांदकर भाग रहे हैं। दोनों को देखकर संदेह हुआ तो घर के अंदर जाकर देखा तो सामान बिखरा हुआ था। एसओ अनुज कुमार तिवारी ने बताया कि मामले में पीड़ित की शिकायत के आधार पर कार्रवाई की जा रही है। बीएनएस की धारा 305 में मामला दर्ज हुआ है।

सोता रहा परिवार चोरों ने उड़ाए नकदी और जेवर

अमृत विचार, निगोहां : परिवार सोता रहा और चोर अलमारी में रखी नकदी और जेवर ले गए। जाते वक्त वे कमरे का दरवाजा बाहर से बंद कर गए। पुलिस ने चोरों की तलाश में क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली है। घटना बाजपेई खेड़ा गांव में किसान सुनील पांडे के घर में हुई। रात साढ़े बारह बजे वे पेशाब करने के लिए उठे तो देखा कि 4 लोग कुछ समान लेकर उसके घर से भाग रहे हैं। शोर मचाने पर परिजन उठे। देखा तो अलमारी में रखे 10 हजार रुपये और करीब 50 हजार के जेवर गायब है। चोरों का पीछा करने पर गांव के बाहर खेतों में खाली पर्स पड़े मिले।

सोते समय दोस्तों ने कच्छे में लगाई आग, रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- आरोपियों की करतूत पास के एक सीसीटीवी कैमरे में कैद

अमृत विचार : पीजीआई के तेलीबाग इलाके में दुकान के बाहर सो रहे युवक के अंडर गारमेंट में उसके दो दोस्तों ने आग लगा दी। आग लगते ही युवक की चीख निकली तो परिजन की नींद खुल गई। आनन-फानन उसे सिविल अस्पताल लेकर गए। जहां इलाज चल रहा है। आरोपियों की करतूत पास के एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। युवक की मां ने पीजीआई थाने में पीड़ित युवक के दो दोस्तों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।

तेलीबाग पुराना नटखेड़ा निवासी पप्पू (30) मोहल्ले के ही रंजीत और समीर के साथ रविवार घर से कुछ दूरी पर स्थित एक दुकान के बाहर बरामदे में सो रहा रहा था। इस बीच समीर ने उसके अंडर गारमेंट में आ लगा दी। वहीं रंजीत उसकी मदद कर रहा था। आग लगी देख पप्पू ने शोर मचाया। इसपर दोनों वहां से भाग निकले। शोर सुनकर पप्पू के परिवार वाले पहुंचे तो उसकी हालत देख उनके होश उड़ गए। आनन- फानन में उसे सिविल अस्पताल में भर्ती कराया। इंस्पेक्टर पीजीआई ब्रजेश कुमार तिवारी के मुताबिक आरोपी रंजीत और समीर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश की जा रही है।

सार-संक्षेप

सुर संगम में सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करते कलाकार। अमृत विचार

110 देशों में सराही गई सुर संगम में कलाकारों की प्रतिभा

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ कनेक्शन वर्ल्डवाइड ने राजधानी के एक होटल में सांस्कृतिक कार्यक्रम सुर संगम का आयोजन किया। इस आयोजन का 110 देशों में रह रहे लखनऊ वासियों ने लाइव प्रसारण के माध्यम से आनंद लिया। कार्यक्रम की शुरुआत लखनऊ की कलाकार सुमोना एस पांडे ने संजय पांडे के साथ की। सऊदी अरब से आए एडमिन शोएब कुरैशी और ग्रुप मेंटर डॉ. शोभा वाजपेयी ने कार्यक्रम में मौजूद सदस्यों का स्वागत किया। कैलिफोर्निया (यूएसए) से आए मनीष श्रीवास्तव ने लखनऊ और अमेरिका में रहने वाले लखनऊ वासियों के बारे में बात की। बॉलीवुड के लोकप्रिय कलाकार डॉ. अनिल रस्तोगी और अमित सिन्हा सुर संगम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। गायिका रश्मि त्रिपाठी ने यहां ईश्वर सत्य है, सत्य ही शिव है.. की शानदार प्रस्तुति दी। लोकप्रिय ग़ज़ल गायक प्रदीप अली ने खिलते हैं गुल यहां और मोसे नैना मिलाय के तथा देवेश चतुर्वेदी ने होश वालों को खबर क्या और ये कागज़ की कश्ती जैसी ग़ज़लों से श्रोताओं का दिल जीत लिया। स्थानीय कलाकारों में इंदु सरस्वत, डॉ. विश्वास वर्मा, राहुल पांडे, मधु श्रीवास्तव और राजीव सक्सेना ने अपनी गायिकी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में रश्मि मिश्रा, प्रदीप शर्मा, अर्चना त्रिपाठी, राजीव सक्सेना, योगेश आदित्य और कनिका अशोक की मौजूदगी उल्लेखनीय रही।

डॉक्टर्स डे पर शाहीन एकेडमी ने डॉक्टरों और छात्रों को सम्मानित किया।

20 हाफिजों ने पाई नीट में कामयाबी

अमृत विचार, लखनऊ : इस्लामिक सेन्टर ऑफ इंडिया ने शाहीन एकेडमी के नीट में कामयाब विद्यार्थियों और चिकित्सकों को डॉक्टर्स डे के अवसर पर सम्मानित किया। शाहीन ग्रुप के चेयरमैन डॉ. अब्दुल कदीर और अकादमी के चेयरमैन मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली ने पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर उनके हौसले को बढ़ाया। 1991 से देश में 1 जुलाई को नेशनल डॉक्टर्स डे का आयोजन होता है। इस अवसर पर अपोलो हॉस्पिटल के डॉ. वलीउल्लाह सिद्दीकी और काइंड हास्पिटल के निदेशक शारिक हबीब को सम्मानित किया गया। शिफा शमीम (705 नंबर), अब्दुल्लाह नसीम ने (683 नंबर), मोहम्मद अहमद ने (678 नंबर), सादिक शेख ने (673 नंबर), हबीबा तस्नीम ने (662 नंबर), वरीशा ने (660 नंबर), अरबाज खान ने (630 नंबर), मोहम्मद यूनुस ने (626 नंबर) और बुशरा शमीम (606 नंबर) ने नीट में सफलता पाई इस मौके पर डॉ. अब्दुल कदीर ने कहा कि देश में अपने अधिकार प्राप्त करना और कामयाबी की मंजिलें तय करने का एक ही रास्ता है कि हम अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाएं और विभिन्न परीक्षाओं में पूरी तैयारी के साथ परीक्षा दिलाएं।

गर्मियों की छुट्टियां बिताकर बच्चे पहुंचे स्कूल, अफसरों ने बरसाए फूल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित प्राथमिक और जूनियर विद्यालयों में 1 जुलाई से कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों की पढ़ाई शुरू हो गई।

प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के तहत प्रमुख सचिव बेसिक डॉ. एमकेएस शनमुगा सुंदरम, बेसिक शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा, मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक श्याम किशोर तिवारी व बीएसए राम प्रवेश प्रातः 8 बजे प्राथमिक विद्यालय चिनहट प्रथम पहुंचे गए और बच्चों का मल्यार्पण कर स्वागत किया।

स्कूल पहुंची छात्रा को यूनिफॉर्म देतीं शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा, साथ में प्रमुख सचिव।

प्राथमिक विद्यालय मकदूमपुर में बच्चों का स्वागत करते बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल, साथ में अन्य। अमृत विचार

छात्रा से गिनती पढ़वाते प्रमुख सचिव।

इस दौरान अधिकारियों ने बच्चों को निशुल्क किताबें व चॉकलेट व टॉफी वितरित की।

वहीं दूसरी ओर निदेशक बेसिक शिक्षा प्रताप सिंह बघेल ने प्राथमिक विद्यालय मकदूमपुर में बच्चों का स्वागत किया। सीडीओ ने राजभवन स्थित कंपोजिट विद्यालय में बच्चों का उत्साह बढ़ाया। इसके साथ ही राजधानी के सभी नगर क्षेत्र व आठों ब्लॉक में भी प्रवेशोत्सव मनाया गया।

निदेशक ने हल कराए गुणा-भाग के सवाल : बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने प्राथमिक विद्यालय मकदूमपुर पहुंचकर बच्चों का स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने छात्राओं से गुणा और भाग के कई सवाल हल कराए। मिनटों में सवाल हल करने वाली छात्राओं का निदेशक ने मनोबल भी बढ़ाया। उन्होंने विद्यालय में छात्राओं को मिठाई खिलाते हुए कहा कि बिटिया रोज स्कूल आना।

प्रमुख सचिव ने छात्रा से पढ़वाई गिनती: प्रमुख सचिव ने प्राथमिक विद्यालय चिनहट प्रथम में छात्रा से 1 से लेकर 100 तक गिनती पढ़वाई तो उसने जोर-जोर से पढ़कर पूरी गिनती सुना दी। इसके अलावा कई अन्य बच्चों का शैक्षिक स्तर परखा तो स्थिति बेहतर पाई गई।

महानिदेशक ने वितरित की यूनिफॉर्म : शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा ने छात्राओं को यूनिफॉर्म वितरित की और विद्यालयों में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण भोजन देने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि बच्चों को भोजन मेन्यू के अनुसार ही दिया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो।

छात्रावासों में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें : मंत्री नरेंद्र

पुनर्वास विश्वविद्यालय का मंत्री ने किया निरीक्षण, दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने सोमवार को डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं से उनकी समस्याओं के संबंध में वार्ता करते हुए कुलपति एवं रजिस्ट्रार सहित विश्वविद्यालय के अधिकारियों के साथ बैठक की।

मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने विवि में निरीक्षण के दौरान निर्देश देते हुए कहा कि छात्रावासों में सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने विश्वविद्यालय में कौशल विकास के नए कोर्स शुरू करने के निर्देश दते कहा कि इन कोर्सों के माध्यम से छात्र-छात्राओं को हुनरमंद बनाने का कार्य किया जाए। विश्वविद्यालय में रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया भी शीघ्र हो। पर्यावरण को संरक्षित रखने के उद्देश्य से मंत्री ने पौधरोपण किया। इस अवसर पर विश्विद्यालय के कुलपति प्रो. संजय सिंह तथा रजिस्ट्रार रोहित सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

छात्रावास की मेस में भोजन का निरीक्षण करते मंत्री नरेंद्र कश्यप। अमृत विचार

सब्जियों को अच्छी तरह से धोकर पकाएं

मंत्री नरेंद्र कश्यप ने भोजनालय का निरीक्षण किया और भोजन बनाने से लेकर परोसने तक की गतिविधियों का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि भोजनालय में सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए और भोजन में प्रयुक्त होने वाली सब्जियों को सही तरीके से धोकर पकाया जाए। निरीक्षण के दौरान छात्रों से उनकी समस्याओं के बारे में विस्तार से बातचीत भी की।

सरकार के खिलाफ निकाला मार्च

अमृत विचार, लखनऊ : केंद्र सरकार द्वारा लाए गए तीन नए क्रिमिनल कोड की वापसी और योगी सरकार के बुलडोजर राज के खिलाफ भाकपा (माले) के राष्ट्रव्यापी और प्रदेश व्यापी आह्वान पर सोमवार को परिवर्तन चौक से जिलाधिकारी कार्यालय की ओर प्रतिवाद मार्च निकालकर विरोध जताया गया। प्रभारी निरीक्षक कैसरबाग सुनील कुमार सिंह को राष्ट्रपति और राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपे गए। जिला प्रभारी रमेश सिंह सेंगर ने बताया पार्टी ने पार्टी कार्यकर्ता परिवर्तन चौक पर जमा हुए थे।

अनिंद्य ने संभाला मध्य कमान के जीओसी-इन-सी का पदभार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : अमृत विचारः लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता ने सोमवार को सेना की मध्य कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ (जीओसी-इन-सी) का पदभार संभाल लिया। इसके बाद उन्होंने छावनी स्थित मध्य कमान युद्ध स्मारक ''स्मृतिका पर माल्यार्पण कर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

वहीं औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर की समीक्षा की। इस मौके पर लेफ्टिनेंट जनरल ने मध्य कमान के सभी अधिकारियों व सैनिकों को शुभकामनाएं दीं। वहीं अपने से पहले के जीओसी-इन-चीफ के कार्यों को आगे बढ़ने की प्रतिबद्धता जताई। लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, खड़कवासला और भारतीय सैन्य अकादमी, देहरादून के पूर्व छात्र हैं। वह डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज वेलिंगटन, आर्मी वॉर कॉलेज महू और राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज के भी पूर्व छात्र रहे हैं। लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता जून 1987 में पंजाब रेजिमेंट में नियुक्त किया गया था।

कथक गुरु पं. अर्जुन मिश्रा को नृत्यांजलि देते स्थानीय कलाकार। अमृत विचार

कथक गुरु को शिष्याओं ने दी नृत्यांजलि

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ वृत्तचित्र के जरिये पं. अर्जुन मिश्र की जिन्दगी के विभिन्न आयामों पर रोशनी डाली

अमृत विचार: प्रख्यात कथक गुरु पं. अर्जुन मिश्रा का जन्मदिन उनके शिष्य व शिष्याओं ने बड़े उत्साह के साथ मनाया। कल्चरल क्वेस्ट के बैनर तले संगीत नाटक अकादमी की वाल्मीकि रंगशाला में अर्जुनांश शीर्षक से हुए आयोजन की शुरुआत 50 शिष्यों ने गुरु वंदना से की। इस मौके पर एक वृत्तचित्र के जरिये कथक गुरु पं. अर्जुन मिश्र की जिन्दगी के विभिन्न आयामों पर रोशनी डाली गई।

पं. अर्जुन मिश्र की शिष्या और कथक गुरु सुरभि सिंह की शिष्याओं ने यहां गणेश वंदना प्रस्तुत की। इसमें ईशा रतन, मीशा रतन, अंकिता मिश्रा, अंकिता सिंह, संगीता कश्यप, ममता वाजपेयी, अंशिका त्यागी, रंजिनी, आरती, अनुभव और सुंदर ने अपने नृत्य के जरिये अपनी हाजिरी लगाई।

विलम्बित लय में उपज, थाट, उठान, परन जुड़ी आमद और दुर्गा परन के चमत्कारिक छन्दात्मक रचनाओं को दिखाया गया। राग देस की बंदिश बादल रे अरज गरज बरसन लागी...को इन कलाकारों ने बहुत ही अच्छे ढंग से कथक गतियों और भावों में प्रदर्शित किया। मध्य लय में कालिया मर्दन की प्रस्तुति में सुरभि सिंह की नवोदित शिष्याओं ने अपनी हाजिरी लगाते हुए गुरु शिष्य परम्परा का बहुत शानदार उदाहरण प्रस्तुत किया।

इस मौके पर कथक गुरु पं. राम मोहन, पूर्णिमा पाण्डे, कुमकुम आदर्श, गुलशन भारती, पं. धर्मनाथ मिश्र और पं. अर्जुन मिश्र के पुत्र अनुज मिश्र भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में मोहम्मद आरिफ (गायन), पं. विकास मिश्र (तबला), दीपेन्द्र कुंवर (बांसुरी) और मनीष मिश्र ने (सारंगी) पर संगत की।

ध्रुव, तनिष, सात्विक और अविनाश दूसरे दौर में

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ आइटा चैंपियनशिप सीरीज-7 अंडर-14 में अधिकतर मुकाबले एकतरफा रहे

अमृत विचार : ला माटीर्नियर स्थित एसडीएस अकादमी पर सोमवार से शुरू हुईआइटा चैंपियनशिप (सीरीज-7, अंडर-14 बालक और बालिका) में मेन ड्रा के पहले दौर के मुकाबले खेले गए। आज खेले गए मुकाबलों में ध्रुव सिंह, तनिष पटेल, सात्विक गुप्ता, अविनाश सहित कई खिलाड़ियों ने अपने पहले दौर के मुकाबले में जीत दर्ज कर दूसरे दौर में जगह बनाई। आज खेले गए अधिकांश मुकाबले एकतरफा रहे।

ध्रुव सिंह ने हारिस खान को 6-0, 6-1 से, अयान यादव ने कार्तिकेय श्रीवास्तव को 6-2, 6-4 से, तनिष पाटिल ने आदित्य भट्ट को 6-0, 6-0 से, सात्विक गुप्ता ने यदुराज को 6-0, 6-3 से, अविनाश रॉय ने अमोघ सिंह को 6-4, 6-3 से, अच्युत जयसवाल ने कौशल शर्मा को 6-0, 6-0 से, वैभव सरोज ने तेजस सिंह को 6-2, 6-1 से, युवराज सिंह ने आदि चंद्रा को 6-0, 6-0 से, मोहम्मद आरिज ने शुभ श्रीवास्तव को 6-7(1), 6-2, 6-4 से से हराया। बालक वर्ग के अन्य मुकाबलों में रिद्धिमान राजपूत ने ऋषभ सेन को 7-5, 7-6(2) से, कृष्णा सिंह ने कबीर शर्मा को 6-1, 6-4 से, अथर्व गोयल ने शुभ्रांशु सिंह को 6-1, 3-6, 6-4 से, सिद्धांत चौधरी ने समर्थ भटनागर को 6-1, 6-0 से और आरव शुक्ला ने अर्नव श्रीवास्तव 1-6, 6-4, 6-4, से हराया।

आरव शुक्ला।

बालिका वर्ग के मुकाबले

अन्वेषा वी. सिंह ने शिवन्या गौतम को 6-0, 6-0 से, प्रगति शर्मा ने आराध्या कटारिया को 6-0, 6-4 से और सिया सिंह ने वीरिका अग्रवाल को 6-1,6-2 से और एलिना चौरसिया ने तेजस्वनी नेगी को 7-6(3) से हराया।

'नया सूर्य जो चमक रहा है, मेरी भी आभा है इसमें'

नागार्जुन और ओमप्रकाश वाल्मीकि की जयंती पर काव्य गोष्ठी में रचनाकारों ने की शानदार पेशकश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : जन संस्कृति मंच ने नागार्जुन और ओमप्रकाश वाल्मीकि जयंती के मौके पर काव्य गोष्ठी का आयोजन किया। प्रख्यात कथाकार शिवमूर्ति ने गोष्ठी की अध्यक्षता की। इस काव्य गोष्ठी में ख़ास बात यह रही कि एक तरफ रचनाकारों ने अपनी रचनाएं भी यहां सुनाईं तो दूसरी तरफ नागार्जुन, ओमप्रकाश वाल्मीकि और अली सरदार जाफरी की रचनाएं भी सुनाईं।

जन संस्कृति मंच की सचिव फरजाना मेहदी ने नागार्जुन की प्रसिद्ध कविता प्रस्तुत की :- नये गगन में नया सूर्य जो चमक रहा है / यह विशाल भूखंड आज जो चमक रहा है / मेरी भी आभा है इसमें।

काव्यगोष्ठी में अपनी रचनाएं पेश करने वाले कवियों को सम्मानित करते जन संस्कृति मंच के पदाधिकारी। अमृत विचार

डॉ. अवंतिका सिंह ने ओमप्रकाश वाल्मीकि की समाज की गैर बराबरी की तस्वीर दिखाने वाली मशहूर कविता के जरिये याद करते हुए सुनाया :- कुंआ ठाकुर का / पानी ठाकुर का / खेत-खलिहान ठाकुर के / गली-मोहल्ले ठाकुर के / फिर अपना क्या ? गांव...? शहर...? देश...?

असगर मेहदी ने जोश मलिहाबादी और मोहम्मद कलीम खान ने अली सरदार जाफ़री की नज्म "मैं मरकर भी अमर हो जाता हूं" को प्रस्तुत किया। शैलेश पंडित ने गजल :- जिंदगी एक बाजार है साहब, हम तो बस इश्तिहार हैं साहब, मसीहा तौलकर लगे बिकने , आपकी क्या शुमार है साहब।

सईदा सायरा की नज्म :- मोहब्बत लेने नहीं सिर्फ देने का नाम है, दिले मुज्तर से कह दो मोहब्बत तो बस मोहब्बत है को लोगों ने खूब पसंद किया। अशोक वर्मा ने इस मौके पर "रोटी" कविता सुनाई। इसमें कहा गया है :- पेट और पीठ के बीच की दो-तीन इंच की दूरी को पाटने का एकमात्र साधन है रोटी, मगर बड़ी खूंखार है रोटी। रोटी ऐसी है जो मनुष्य के स्वाभिमान को कुचल डालती है।

भगवान स्वरूप कटियार ने यहां सूनी आंखों में सपना बुनना कविता को अच्छे अंदाज में प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा :- आओ जल रहे देश के लोगों की सूनी आंखों में, कोई सपना बुनें और बचाएं जज्बातों को कत्ल होने से। कौशल किशोर की कविता बाबरी मस्जिद का होना के पाठ के साथ कवि गोष्ठी का समापन हुआ।

कार्यालय नगर पालिका परिषद लखीमपुर खीरी (उप्र0 262701)

पत्रांक–628/R.H.C / एन0बी0एल0/2024–25 दिनांक: 29–06–2024

सार्वजनिक सूचना / प्रस्ताव आमंत्रण

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, लखीमपुर सीमान्तर्गत समस्त वार्डो में डोर–टू–डोर एवं प्रतिष्ठानों से पृथक–पृथक (सूखा–गीला) कूड़ा कलेक्शन एवं डम्पिंग स्थल/कूड़ा निस्तारण प्लान्ट तक ट्रान्सपोर्टेशन का कार्य ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन नियमावली में निहित प्राविधानों के अनुसार नगर पालिका परिषद, लखीमपुर द्वारा निर्धारित यूजर चार्ज की दरों पर कराया जाना है। उक्त कार्य हेतु इच्छुक व्यक्ति/संस्था/फर्म/कम्पनी आदि से प्रस्ताव बन्द लिफाफे में दिनांक 22.07.2024 को सांय 4:00 बजे तक आमंत्रित किये जाते हैं। प्राप्त प्रस्ताव दिनांक 22.07.2024 को सांय 4.30 बजे प्रस्तावदाताओं के समक्ष खोले जायेगें।

नियम व शर्ते निम्नवत् है:–

1. प्रस्ताव स्वीकृत होने पर सम्बन्धित फर्म को अंकन 2,00,000/– (दो लाख) का एफ0डी0आर0 अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद लखीमपुर के नाम बन्धक कर जमा करना अनिवार्य होगा।
2. डोर–टू–डोर कूड़ा कलेक्शन कूड़ा निस्तारण प्लांट तक ट्रान्सर्पोटेशन का कार्य यूजर चार्ज के आधार पर कराया जाना है। यूजर चार्ज की वसूली का दायित्व स्वीकृत फर्म का होगा, जिसके द्वारा यूजर चार्ज की वसूली कर वसूली राशि पालिका कोष में जमा कराई जायेगी। सम्बन्धित को भुगतान उक्त राशि में ही किया जायेगा।
3. बोर–टू–डोर कूड़ा कलेक्शन व चिन्हित डम्पिंग स्थल / कूड़ा निस्तारण प्लान्ट तक ट्रान्सपोर्टेशन का कर्य हेतु संसाधन (वाहन व रिक्शा) नगर पालिका परिषद द्वारा उपलब्ध कराये जायेगें। उनका अनुरक्षण/मरम्मत तथा ईंधन चालक आदि की व्यवस्था सम्बन्धित को कराना होगा।
4. समस्त 30 वार्डों में डोर–टू–डोर कूड़ा कलेक्शन गीला एवं सूखा अलग–अलग लेना होगा।
5. उक्त कार्य में लगाये गये समस्त कर्मचारियों की वार्डवार सूची, आधार कार्ड, मोबाइल नम्बर के साथ कार्यालय में जमा करना होगा।
6. कार्यदायी फर्म द्वारा शिकायत व सुझाव हेतु मोबाइल नम्बर उपलब्ध कराना होगा तथा उनका विवरण नगर क्षेत्र में सार्वजनिक स्थलों पर तथा कार्य कर रहे वाहनों आदि पर अंकित कराना होगा।
7. डोर–टू–डोर कूड़ा कलेक्शन व ट्रान्सर्पोटेशन कार्य में विभागीय वाहनों पर कार्य करने वाले चालकों के पास सक्षम स्तर का वैध लाइसेंस होना अनिवार्य होगा तथा वैध लाइसेंस की एक प्रति आधार कार्ड सहित कार्यालय में जमा कराना आवश्यक होगा।
8. डोर–टू–डोर कूड़ा कलेक्शन एवं ट्रान्सपोर्टेशन कार्य में लगे वाहनों पर कार्य करने वाले चालकों के पास सक्षम स्तर का वैध लाइसेंस अनिवार्य होगा तथा लाइसेंस की एक प्रति कार्यालय में जमा करना होगा।
9. यूजर चार्ज हेतु प्रयुक्त होने वाली रसीद विभाग द्वारा उपलब्ध करायी जायेगी। यूजर चार्ज की वसूली के लिए अन्य किसी प्रकार की रसीद उपयोग करना दण्डनीय होगा। निर्धारित यूजर चार्ज की दरों से अधिक दर की वसूली भी दण्डनीय होगी। वसूली का पूर्ण विवरण तथा उपयोग की गई रसीदों की एक प्रति कार्यालय में अनिवार्य रूप से जमा कराना होगा।
10. डोर–टू–डोर कूड़ा कलेक्शन व ट्रान्सपोर्टेशन कार्य के सम्बन्ध में समय–समय पर शासन प्रशासन स्तर से प्राप्त दिशा–निर्देशों का अनुपालन कराया जाना सम्बन्धित का दायित्व होगा।
11. किसी भी प्रकार के वाद विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र, लखीमपुर होगा।
12. किसी भी या समस्त प्रस्तावों को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, लखीमपुर में निहित होगा जो अन्तिम व सभी पक्षों को मान्य होगा।
13. डोर–टू–डोर कूड़ा कलेक्शन व ट्रान्सपोर्टेशन कार्य में लगे सभी कर्मचारियों को पी0पी0ई0 किट, ड्रेस व परिचय पत्र अनिवार्य रूप से संस्था द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा।
14. डोर–टू–डोर कुड़ा कलेक्शन व ट्रान्सपोर्टेशन कार्य के पर्यवेक्षण में तैनात नगर पालिका के अधिकारी/ /कर्मचारी के निर्देशों का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।
15. प्रस्ताव स्वीकृत होने के उपरान्त 31 मार्च, 2025 तक प्रभावी होगा। उक्त तिथि से पूर्व कार्य की समीक्षा की जायेगी। कार्य के दौरान कार्य संतोषजनक न होने पर किसी भी समय कार्यादेश समाप्त करने का अधिकार नगर पालिका परिषद, लखीमपुर के सक्षम अधिकारियों में निहित है। कार्य प्रारम्भ करने से पहले फर्म द्वारा रू0 100.00 के स्टाम्प पेपर पर अनुबन्ध करना अनिवार्य होगा।
16. डोर–टू–डोर कूड़ा कलेक्शन व ट्रान्सपोर्टेशन कार्य में लगे सभी कर्मचारियों के सम्बन्ध में श्रम विभाग के आदेशों निर्देशों का अनुपालन सम्बन्धित फर्म को करना होगा।
17. डोर–टू–डोर कूड़ा कलेक्शन एवं ट्रांसपोर्टेशन कार्य में लगे समस्त कार्मिकों का पारिश्रमिक सम्बबित फर्म को देना होगा एवं कार्मिकों के ई0पी0एफ0 आदि जमा करने का उत्तरदायित्व सम्बन्धित फर्म का होगा। इसमें नगर पालिका परिषद लखीमपुर द्वारा कोई धनराशि अलग से देय नहीं होगी।
18. किसी भी प्रकार की अन्य जानकारी कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

(संजय कुमार)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, लखीमपुर।

(डॉ0 इरा श्रीवास्तव)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, लखीमपुर।

एक नजर

फ्री बिजली योजना पंजीकरण की समय सीमा बढ़े

अमृत विचार, लखनऊ : उप्र राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने सोमवार को प्रदेश के 14 लाख किसानों के लिए बिजली फ्री योजना की रजिस्ट्रेशन समय सीमा बढ़ाने व शर्तों में ढील देने की मांग की है। इसके अलावा 24 घंटे सप्लाई रोस्टर समाप्त करने की मांग भी की है। उपभोक्ता परिषद और राज्य सलाहकार समिति के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि पावर कारपोरेशन शर्तें कड़ी होने से 80 हजार किसान ही रजिस्ट्रेशन कर पाए हैं। समय सीमा दो माह और बढ़ाना चाहिए।

सर्वर डाउन होने से उपभोक्ता हुए परेशान

अमृत विचार, लखनऊ : ट्रांसगोमती के भीखमपुर उपकेंद्र पर 1:30 के करीब सर्वर के डाउन होने की वजह से काम रोक दिया गया। इस बीच लाइन में लगे लोग बिलों को जमा करने और प्रीपेड मीटरों के रिचार्ज के लिए सर्वर के सही होने का इंतजार करते रहे। भीखमपुरा निवासी मोहम्मद अयूब ने बताया कि प्रीपेड कनेक्शन के लिए आवेदन करने आए। लेकिन सर्वर डाउन होने की वजह से कर्मचारी अगले दिन आने के लिए कह रहे हैं। निशातगंज चौथी गली निवासी शबीना ने बताया कि सर्वर 3 बजे के बाद सही हो जाने पर बिल को जमा हो पाया।

जलभराव से सड़क गड्ढे में तब्दील, ई रिक्शा पलटा

अमृत विचार, गोसाईंगंज : मानसून की पहली बारिश के बाद गोसाईंगंज से मोहनलालगंज रोड पर ब्लाक कार्यालय गेट के सामने की सडक गड्ढे में तब्दील हो गई। सोमवार की दोपहर पानी भरे रास्ते से गुजर रहा एक ई रिक्शा गड्ढे में फंसकर पलट गया। आस-पास के लोगों ने दौड़कर उसे निकाला। किसी यात्री को गंभीर चोटें नही आई। सोमवार को ब्लाक कार्यालय जाने वाले अधिकारियों व फरियादियों को किसी वाहन से अंदर जाना पड़ा या पैंट ऊपर चढ़ाकर और जूते हाथ मे लेकर। बारिश में बाद पूरा दिन सड़क पानी मे डूबी रही। कस्बा चौकी के चारों ओर पानी ही पानी दिखा। यह हाल कोई पहली बार का नही है। जब भी बारिश होती है गोसाईंगंज चौराहा तालाब में तब्दील हो जाता है।

29.78 करोड़ रुपये से कार्यों को किया जाएगा पूरा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ, अमृत विचार : बरेली मंडल में निराश्रित गोवंश के संरक्षण के लिए 5 जुलाई से अभियान शुरू होगा। पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्म पाल सिंह ने अभियान शुरू करने का निर्देश देते हुए कहा कि गो संरक्षण कार्यों की दिशा में बरेली मंडल को आदर्श मंडल बनाया जाए। पशुधन मंत्री सोमवार को विधानभवन में निराश्रित गोवंश के वर्षाकाल के समय संरक्षण, गोशालाओं की सुविधाओं व बरेली मंडल में निराश्रित गोवंश की स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पांच जुलाई से 20 जुलाई तक अभियान चलाकर बरेली मंडल के निराश्रित गोवंश को गोआश्रय स्थलों में पहुंचाया जाए।

शहर में कम, आसपास हुई ज्यादा बारिश

अगले 48 घंटों में भारी बारिश के आसार

इटौंजा में मुख्य मार्ग हो गए जलमग्न, सरकारी प्रतिष्ठानों में भरा पानी

संवाददाता, बीकेटी/ लखनऊ

इटौंजा के मुख्य मार्ग पर भरा पानी। अमृत विचार

इटौंजा विद्युत उपकेन्द्र पर भरा पानी। अमृत विचार

अमृत विचार : सुबह से छाए बादलों से बौछारों का इंतजार करती राजधानी में शाम हो गई लेकिन पानी नहीं बरसा, वहीं आसपास के क्षेत्रों में इतनी बारिश हुई कि रास्ते जलमग्न हो गए। सरकारी कार्यालयों के परिसर तथा विद्यालयों के सामने भी भारी जलभराव हो गया। इससे नागरिकों को अव्यवस्था से गुजरना पड़ा। इटौंजा थाना, विद्युत उपकेंद्र, कन्या माध्यमिक विद्यालय के परिसर के सामने भारी जल भराव हो गया।

बारिश के कारण इटौंजा के मुख्य मार्ग दुर्गा मंदिर के पास भारी जल भराव हो गया। दुकानों के सामने पानी भर गया। नागरिकों ने बताया कई दुकानों में भी पानी घुस गया। जल भराव हो जाने से राहगीरों को मुसीबत का सामना करना पड़ा। इसके अलावा इटौंजा वार्ड नंबर 1 के सभी मार्ग पानी में डूब गए।

थाना परिसर में भर गया पानी

इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक के आवास के सामने तथा थाना परिसर में भारी जल भराव हो गया। थाने में आने वाले नागरिकों को कठिनाई का सामना करना पड़ा ।वहीं पुलिस कर्मियों को भी जल भराव से दिक्कत हुई।

डूबे ट्रांसफार्मर : सोमवार की बारिश के कारण इटौंजा विद्युत उपकेंद्र परिसर में जल भराव हो गया ।विद्युत ट्रांसफार्मर अवर अभियंता कार्यालय के सामने पानी में डूब गए। लेकिन जिम्मेदार लोग इससे अनजान रहे। एसडीओ कार्यालय के सामने पानी भर जाने से बिल जमा करने वाले उपभोक्ताओं को दिक्कत हुई।

कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय परिसर का रास्ता बंद : बारिश के कारण कन्या माध्यमिक विद्यालय जाने का रास्ता पानी में होकर रहा। बारिश से विद्यालय का रास्ता बंद हो जाता है। इतना जल भराव हो गया कि विद्यालय के पास पड़ी झोपड़ी भी पानी में डूब गई। यहां की इंचार्ज अध्यापक द्वारा कई बार रास्ता ठीक करने की शिकायत अधिकारियों को की गई। लेकिन नतीजा से सिफर रहा।

अमृत विचार, लखनऊ : मानसून का असर बढ़ रहा है। प्रदेश में सबसे अधिक वर्षा बरेली में 32.2 मिमी रिकार्ड की गई। मौसम वैज्ञानिकों का अनुमान है कि अगले 48 घण्टों में कुछ जगह भारी बारिश हो सकती है।

मौसम वैज्ञानिक एम दानिश के मुताबिक, 24 घण्टे में प्रदेश में सबसे अधिक वर्षा बरेली में हुई, जो 32.2 मिमी रिकार्ड की गई। दूसरे स्थान पर कानपुर जनपद रहा। यहां 17.6 मिमी बारिश हुई। बताया कि अगले 48 घण्टों में लखनऊ और आसपास इलाकों में तेज हवाओं के साथ भारी बारिश की संभावना है।

प्रदेश के कई हिस्सों में मासिक न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। केवल उत्तर-पश्चिम के कुछ हिस्सों, मध्य क्षेत्र के आस-पास के क्षेत्रों को छोड़कर सामान्य से नीचे न्यूनतम तापमान होने की संभावना है।

उरई सबसे अधिक गर्म

प्रदेश में उरई का तापमान सबसे अधिक रहा। यहां अधिकतम तापमान 37.2 रिकार्ड किया गया। दूसरे स्थान पर आगरा रहा, यहां तापमान 36.5 रहा। वाराणसी का तापमान 36 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

मुरादाबाद में राहत

प्रदेश में न्यूनतम तापमान में मुरादाबाद सबसे आगे रहा, यहां रात का तापमान 28.2 डिग्री रिकार्ड किया गया। फतेहगढ़ में भी पारा इतना ही रहा। वाराणसी में 27.7 रहा। प्रयागराज में न्यूनतम तापमान 27.4 डिग्री रहा।

इन जिलों में ऑरेंज अलर्ट : देवरिया, गोरखपुर, संतकबीरनगर, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सहारनपुर, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत।

इन जिलों में यलो अलर्ट : आजमगढ़, मऊ, बस्ती, गोंडा, सीतापुर फर्रुखाबाद, कन्नौज, बाराबंकी, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अंबेडकरनगर, शामली, मुजफ्फरनगर, गाजियाबाद, हापुड़, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, आगरा, औरैया, अमरोहा, शाहजहांपुर।

कपूरथला में अंडरग्राउंड केबल में फाल्ट से 10 घंटे गुल रही बिजली

रात में गर्मी से और सुबह पानी के लिए परेशान रही तीन हजार की आबादी

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

अमृत विचार: कपूरथला में अंडरग्राउंड केबल में फाल्ट आने से रविवार रात कई मोहल्लों की बिजली गुल हो गई।

कपूरथला के गाढ़ा भंडार के पास 11 केवी अंडरग्राउंड केबल में रविवार रात करीब 1:15 बजे फॉल्ट हो गया। इससे कपूरथला, माई जी की बगिया, बड़ा चांदगंज, महानगर एल पार्क और छप्परतल्ला मोहल्लों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। कुछ देर इंतजार करने के बाद लोगों ने उपकेंद्र और अधिकारियों के सीयूजी नंबरों पर फोन किया। आरोप लगा है कि फोन ही नहीं उठे। इसके बाद कुछ लोग पर उपकेंद्र पहुंच गए। वहां जानकारी न देने पर लोगों की कर्मचारियों से बहस हो गई। रात भर उमस भरी गर्मी से 3000 आबादी परेशान रही। बच्चों को लेकर महिलाएं, पुरुष और बुजुर्ग पूरी रात घरों के बाहर टहलते रहे। सुबह केबल ठीक कर करीब 11:15 बजे आपूर्ति शुरू की गई।

उधर, रात करीब 1:15 बजे निराला नगर उपकेंद्र के एल पार्क फीडर और महानगर फीडर की आपूर्ति ठप हो गई। लोग उपकेंद्र पहुंचे तो कर्मचारी ने 11 हजार केबल में फॉल्ट होने की जानकारी देकर सुबह 11 बजे आपूर्ति सामान्य होने की उम्मीद जताई। सुबह बिजली न होने से सबसे ज्यादा पानी की दिक्कत हुई, लोग पानी के इंतजाम में जुटे रहे। निरालानगर एसडीओ सौरभ उपाध्याय ने बताया कि रविवार रात कपूरथला के पास नया अंडरग्राउंड केबल डाला गया है। कुछ क्षेत्र की सप्लाई को आईटी के सुभाष पार्क के दूसरे सोर्स से चालू कर दी गई थी। पूरे क्षेत्र की आपूर्ति 11 बजे तक सामान्य कर दी गई।

एक घंटे ठप रही चार उपकेंद्रों की बिजली

अमृत विचार, लखनऊ : इंदिरानगर ट्रांसमिशन उपकेंद्र में खराबी आने से रविवार रात चार उपकेंद्रों से जुड़े क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। इससे करीब एक लाख आबादी परेशान रही। गोमतीनगर, महानगर, आलमबाग, उतरेठिया, इंदिरानगर, आशियाना, ठाकुरगंज, बालागंज, गोमती नगर विस्तार, इंदिरानगर, पुरनिया और गोमतीनगर भी भी कटौती से लोगों को परेशानी हुई। इंदिरानगर ट्रांसमिशन उपकेंद्र में रविवार रात 11 बजे खराबी आ गई। जिसकी वजह से इंदिरा नगर न्यू उपकेंद्र, सुगामऊ, अमराई गांव और महिला पॉलीटेक्निक उपकेंद्र ठप हो गए। इससे, चांदन, मायावती कॉलोनी, मुलायम नगर, हरिहरनगर, गाजीनगर, इस्माइलगंज, राधिकापुरी, आशुतोष विहार, शिवनगरी की करीब एक लाख की आबादी परेशान रही। लोड अधिक होने से दूसरे उपकेंद्र से भी आपूर्ति नहीं शुरू की जा सकी। रात 12 बजे के करीब सप्लाई सामान्य करने का दावा किया गया। इस्माइलगंज सेकेंड के पूर्व पार्षद आरपी सिंह ने बताया कि रात एक बजे के बाद भी बिजली नहीं आई थी। उधर, गोमतीनगर विस्तार के सेक्टर एक से छ तक में लोग रात 11 बजे से सुबह 5 बजे तक बिजली की आवाजाही से परेशान रहे। रवि बाजपेई ने कहा कि किसी भी दिन 24 घंटे बिजली नहीं मिलती है। रात में 10 से 15 बार कटौती होती है।

एक हफ्ते में 135 से ज्यादा ट्रांसफार्मर हुए खराब

राजधानी मे पिछले एक सप्ताह में करीब 135 से ज्यादा ट्रांसफार्मर खराब हो चुके है। 4000 से ज्यादा ट्रांसफार्मरों पर लोड बढ़ाने की जरूरत है। विभागीय सूत्रो के अनुसार हर दिन करीब 20 से ज्यादा छोटे बड़े ट्रांसफार्मर खराब हो रहे है। इसमे सबसे ज्यादा ट्रांसफार्मर शहर के बाहरी इलाके और ग्रामीण इलाके मे खराब हो रहे है। मौजूदा समय में ट्रांसफार्मर की संख्या 40 हजार तक पंहुच गई है। इसमे 100केवी से नीचे के ट्रांसफार्मर सबसे ज्यादा खराब हो रहे है।

कई इलाकों में आज गुल रहेगी बिजली

अमृत विचार, लखनऊ: राजधानी मे कई इलाकों में आज बिजली गुल रहेगी। इससे 10 हजार की आबादी प्रभावित रहेगी। अहिबरनपुर डालीगंज के पक्का पुल फीडर के अंतर्गत मशालची टोला 400केवीए और गुलजार शाह मजार पर डीटीआर और 11 केवी लाइन शिवलोक पर कार्य किया जायेगा। इससे शिवनगर, धनकपूर्वा और आजाद नगर की बिजली आपूर्ति सुबह 10 से 4 बजे तक बाधित रहेगी। इसके अलावा हरिहरपुर उपकेंद्र के राजा राहुल सिटी पर एलटी एबीसी तारों को बदला जायेगा। जिसके कारण डिफेंस पब्लिक स्कूल के आसपास के क्षेत्रों में सुबह 10 से 5 बजें तक बिजली गुल रहेगी। वही कैंट के सदर चौराहे के 250 केवीए और बाबू टेंट हाउस के ओएच फीडर पर खंभे और एबीसी तारों को बदला जायेगा। जिसके कारण इनके आसपास के क्षेत्र में सुबह 10 से 3 बजे तक सप्लाई आंशिक रूप से बाधित रहेगी।

मंदिर से घर जा रही वृद्धा के कंगन उतरवाए

अमृत विचार, लखनऊ : चिनहट इलाके में श्रीराम पब्लिक स्कूल के पास वृद्धा के कंगन टप्पेबाजों ने उतरवा लिए। उनको झांसा दिया कि बेटे के दोस्त हैं। कंगन बनवाने के लिए भेजा है। पीड़िता और उनके बेटे का आरोप है कि शिकायत के बाद भी पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। जबकि पास के एक सीसीटीवी कैमरे के फुटेज में टप्पेबाज जेवर उतरवाते साफ दिख रहे हैं।

पुलिस के मुताबिक विकल्प खंड गोमती नगर के रहने वाले प्रशांत सिंह बिजनेस करते हैं। मूल रूप से बलरामपुर के रहने वाले हैं। लखनऊ में अपने परिवार के साथ रहते हैं। प्रशांत की मां सुधा सिंह की उम्र करीब 75 साल है। रोज श्रीराम पब्लिक स्कूल में योगा करने जाती हैं। स्कूल से निकलने के बाद हनुमान मंदिर में दर्शन करके घर आ जाती हैं।15 जून शाम 7 बजे के करीब मंदिर के लिए निकली थी। तभी रास्ते में एक अज्ञात व्यक्ति बाइक से आया। वो उनकी मां को रोककर बातें करना शुरू कर दिया। इसके बाद प्रशांत को दोस्त बताया। सुधा टप्पेबाजों के झांसे में आ गई। तो कहा कि प्रशांत ने आपके लिए कंगन बनवाने के लिए कहा है। उनकी दुकान मल्हौर में है। आप कंगन उतारकर दे दीजिए। कंगन हाथ लगते ही दोनों फरार हो गए। प्रशांत ने बताया कि घर और मंदिर के बीच में 100 मीटर की दूरी है। घटना का सीसीटीवी निकलवाने से पता चल रहा है। इंस्पेक्टर चिनहट अश्वनी चतुर्वेदी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

सार-संक्षेप

256 आयुष्मान आरोग्य मंदिर हुए एन्क्वास प्रमाणित

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश के 256 स्वास्थ्य इकाइयों (आयुष्मान आरोग्य मंदिर) को नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड (एन्क्वास) सर्टिफिकेट मिल चुका है। वहीं निर्धारित लक्ष्य के तहत प्रदेश में मौजूद 50 फीसदी आयुष्मान आरोग्य मंदिर साल 2025 के अंत तक एन्क्वास प्रमाणित हो जाएंगे। वहीं 2026 तक सभी स्वास्थ्य इकाइयों के प्रमाणित होने का लक्ष्य रखा है। नेशनल हेल्थ मिशन (एनएचएम) के महाप्रबंधक डॉ. निशांत कुमार जायसवाल ने बताया कि अगले तीन महीने में इतनी ही और स्वास्थ्य इकाइयों को एन्क्वास प्रमाण पत्र मिलने की उम्मीद है।

राज्यपाल ने की दो विश्वविद्यालयों की नैक को लेकर समीक्षा

अमृत विचार, लखनऊ : राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सोमवार को राजभवन में उप्र पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय व गो अनुसंधान संस्थान मथुरा और डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या के नैक के लिए तैयारियों की प्रस्तुतीकरण की समीक्षा की।

गुणवत्ता में कमी तो कार्यदायी संस्थाओं पर कार्रवाई

अमृत विचार, लखनऊ : मंडलायुक्त डॉ रौशन जैकब की अध्यक्षता में मंडल की नई सड़कों का निर्माण एवं चौड़ीकरण को लेकर स्मार्ट सिटी सभागार में सोमवार को बैठक हुई। उन्होंने कहा कि सड़क की गुणवत्ता में कमी मिलने पर कार्यदायी संस्थाएं जिम्मेदार होंगी। उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मंडलायुक्त ने कहा कि मंडल के जनपदों में गन्ना, मंडी परिषद व ग्रामीण अभियंत्रण की जो सड़कें हैं उन्हें तत्काल गड्ढा मुक्त किया जाए। उन्होंने कहा कि मंडल की किसी भी जनपद में सड़क पर गड्ढा नहीं दिखाई देना चाहिए।

सनब्रीज वन अपार्टमेंट के अधूरे कार्यों का उठा मुद्दा

अमृत विचार, लखनऊ : सनब्रीज वन अपार्टमेंट बनाने वाले बिल्डर के खिलाफ रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन यानी आरडब्ल्यूए (अपंजीकृत) ने लड़ाई जारी रखने का ऐलान किया है। मानक के विपरीत और अधूरे कार्य को लेकर नाराजगी है। सोमवार को आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष श्रीलाल बचन राय व सचिव संदीप पांडेय ने सदस्यों के साथ वार्षिक आमसभा की। इस दौरान 30 नवंबर 2023 को सोसाइटी के विनय वर्मा, अमित अग्रवाल समेत 10 आवंटियों की ओर से फर्जी तरीके से जीबीएम दिखाते हुए बिल्डर विराज कन्स्ट्रक्शन्स (बीबीडी समूह) के साथ मिलकर आरडब्ल्यूए बनाने की निंदा कर प्रस्ताव पारित किया गया। बताया कि 231 आवंटियों के शपथ पत्र डिप्टी रजिस्ट्रार/कमिशनर के यहां जमा हैं। विनय वर्मा की आरडब्ल्यूए के पंजीकरण निरस्त करने का मामला डिप्टी रजिस्ट्रार के यहां 6 माह से लंबित है। अध्यक्ष ने बताया कि बिल्डर ने बिजली का ढांचा पूर्ण न होने पर 28 जून को विभाग ने नोटिस जारी किया है।

पुलिस आयुक्त से मिले व्यापारी, कहा-खत्म हो अतिक्रमण

अमृत विचार, लखनऊ : उप्र. आदर्श व्यापार मंडल के पदाधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल नवागत पुलिस आयुक्त अमरेंद्र सिंह सेंगर से मिला। पुलिस आयुक्त को शुभकामनाएं दी। साथ ही राजधानी के बाजारों एवं व्यापारियों की समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। अध्यक्ष संजय गुप्ता की अगुवाई में व्यापारी पुलिस आयुक्त से मिले। व्यापारियों ने राजधानी के बाजारों में यातायात अराजकता का मुद्दा उठाया। कहा कि करीब-करीब हर बाजार अस्थायी अतिक्रमण की भेंट चढ़ चुका है। शहर की यातायात व्यवस्था जाम के इर्द-गिर्द घूम रही है। ऐसे में पुलिस ठोस पहल कर न केवल व्यापारियों को बल्कि आमजन को भी राहत दिलाए। यही नहीं थाना स्तर पर व्यापारियों के साथ मासिक एवं एसीपी स्तर पर त्रैमासिक बैठकें आयोजित की जाएं जिससे व्यापारियों की अधिकांश समस्याएं मौके पर ही हल हो जाएं। यही नहीं व्यापारियों ने शराब की दुकानों के बाहर लगने वाले जमावड़े पर भी ध्यान दे।

जिलों में लगेंगी 2500 सोलर मास्ट लाइट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- यूपीनेडा ने शुरू की प्रक्रिया, 29.78 करोड़ रुपए से कार्यों को किया जाएगा पूरा
- एजेंसी निर्धारण प्रक्रिया के लिए मांगे आवेदन

अमृत विचार : प्रदेश के कई जिले जल्द 2500 सोलर मास्ट लाइटिंग सिस्टम से 'लैस' होंगे। यूपीनेडा ने इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी है। 29.78 करोड़ रुपए से कार्यों को पूरा किया जाएगा। यूपीनेडा ने एजेंसी निर्धारण प्रक्रिया के लिए आवेदन मांगे हैं।

शासन के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है। इसके तहत 29.78 करोड़ की योजना से कार्यों को किया जाएगा। यूपीनेडा की ओर से एजेंसी निर्धारण प्रक्रिया के लिए आवेदन गये हैं। अधिकारियों ने बताया कि राज्य सरकार प्रदेश में सौर ऊर्जा व स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए भी लगातार प्रयास कर रही है। प्रदेश में सौर ऊर्जा के प्रसार को बढ़ाने व आम लोगों में इसके प्रति जागरूकता लाने के भी विभिन्न प्रयास कर रही है। ऐसे में प्रदेश के विभिन्न जिलों को सौर ऊर्जा चालित सोलर मास्ट लाइटिंग सिस्टम से 'लैस' करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

लैंड बैंक मैनेजमेंट एप्लिकेशन पर हो रहा काम

यूपीनेडा की ओर से लैंड बैंक मैनेजमेंट एप्लिकेशन के विकास के लिए भी कार्य शुरू कर दिया गया है। इस क्रम में यूपी इलेक्ट्रॉनिक्स कॉरपोरेशन को जिम्मेदारी सौंपा गई है। यूपीनेडा की वेबसाइट पर लैंड बैंक पोर्टल के जरिए आउटलाइन एप्लिकेशन मैनेजमेंट, रेगुलर कॉम्पलायंस, डॉक्यूमेंट्स व कॉन्ट्रैक्ट्स एसेसमेंट, टेनेंट व फाइनेंशियल मैनेजमेंट जैसे कई कार्यों को बेहतर तरीके से पूरा कर सकेगा।

आठ मंजिला बनेगा गोमती नगर बस अड्डा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- डिजाइन मंजूर, निर्माण पर खर्च होंगे 250 करोड़ रुपये
- चारबाग समेत चार अन्य बस अड्डे भी किए जाएंगे विकसित

अमृत विचार: शहर के चारबाग समेत पांच बस अड्डों को पीपीपी मॉडल से विकसित किया जाएगा। गाजियाबाद बस अड्डे की डिजाइन को गोमती नगर बस अड्डा निर्माण में भी लागू किया जाएगा। आठ मंजिला बस अड्डे में बैंक सहित कई कार्यालय खोले जाएंगे। 250 करोड़ रुपये खर्च कर निर्माण कार्य दो वर्ष में पूरा करने का लक्ष्य है।

प्रदेश के 111 बस अड्डे को पीपीपी मॉडल पर विकसित करने की तैयारी है। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने समीक्षा करने के बाद 23 बस अड्डों पर तेजी से निर्माण कार्य शुरू करने के निर्देश दिए हैं। इसमें लखनऊ का चारबाग बस अड्डा, विभूति खंड कार्यशाला और अमौसी कार्यशाला बस अड्डा भी शामिल है। कैसरबाग और जानकीपुरम बस अड्डे में सर्वे रिपोर्ट के बाद काम शुरू होगा। चारबाग बस स्टेशन विकसित करने में 50 करोड़ रुपये खर्च होंगे। गोमतीनगर विभूति खंड बस अड्डे पर 250 करोड़ और अमौसी बसों की कार्यशाला बनाने में 154 करोड़ रुपये निजी निवेशकों की ओर से खर्च किए जाएंगे। विभूति खंड बस अड्डा दो वर्ष में बनाया जाना है।उप्र राज्य सड़क परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक मासूम अली सरवर ने बताया कि पीपीपी मॉडल पर विकसित होने वाले बस अड्डे का नक्शे को मंजूरी मिल चुकी हैं। जल्द ही निर्माण भी शुरू हो जायेगा।

छूट मिली तो 2.26 लाख भवन स्वामियों ने दिया 1.54 अरब गृहकर

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- शासन की आपत्ति पर गृहकर में छूट की व्यवस्था खत्म करने का प्रस्ताव तैयार

अमृत विचार: 15 फीसदी छूट का लाभ मिला तो शहर के 2.26 लाख भवन स्वामियों ने तीन महीने में 1.54 अरब रुपये टैक्स जमा कर दिए। लेकिन अब नगर निगम यह छूट समाप्त करने की तैयारी कर चुका है। शासन ने छूट को राजस्व का नुकसान बताकर आपत्ति जताई है। लेकिन इसपर रोक के बाद निगम को फायदा होगा या गृहकर की चोरी बढ़ेगी यह तस्वीर अगले महीने के बाद साफ होगी। फिलहाल जुलाई भर लोग 10 प्रतिशत छूट का लाभ उठा सकते हैं।

गृहकर की शत प्रतिशत वसूली के लिए नगर निगम ने वित्तिय वर्ष की पहली तिमाही (एक अप्रैल से 30 जून तक) में भवन स्वामियों समय से अदायगी करने पर 10 प्रतिशत की छूट दे रहा था। बावजूद इसके अपेक्षाकृत गृहकर जमा न होते देख 5 प्रतिशत की और अतिरिक्त छूट दी गई थी। शहर में कुल 6.5 लाख गृहकर दाता हैं। 15 प्रतिशत छूट मिलने से पहली तिमाही में 2.26 लाख लोगों ने 1.54 अरब रुपये गृहकर जमा कर दिया। लेकिन इसी बीच शासन में हुई बैठक में छूट को राजस्व का भारी नुकसान बताकर इसपर आपत्ति जताई गई। शासन की आपत्ति पर नगर निगम ने पूरा 15 फीसदी छूट खत्म करने का मसौदा तैयार कर लिया है। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अंबी विष्ट का कहना है कि जुलाई के आखिर तक छूट का लाभ दिया जाएगा। इसी महीने होने वाली कार्यकारीणी में छूट का समाप्त करने का प्रस्ताव रखा जाएगा। यह प्रस्ताव शासन और महापौर को भी भेजा जा रहा है। कार्यकारीणी की मुहर लगने के बाद 1 अगस्त से छूट पूरी तरह खत्म कर दिया जाएगा। नगर निगम की कार्यकारिणी बैठक इस महीने प्रस्तावित है। कार्यकारिणी के छह नए सदस्यों का चुनाव होने के बाद बैठक की जाएगी। जिसमें नगर निगम महापौर के सामने गृहकर पर छूट खत्म करने का प्रस्ताव रखेगा।

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

केशलना कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)

मो. 9457672942

केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट

- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

डॉ. आशीष शर्मा (9258888866) श्रीमती रिचा गुप्ता (9634654778) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज

- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग

(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)

शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग

(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

जी.एन.एम.

(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

ए.एन.एम.

(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

मो. 9412151327, 7521001992

पता

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल

NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

एक नजर

खेलते समय करंट लगने से बालक की मौत

रामनगर बाराबंकी, अमृत विचार : खेलते समय करंट लगने से तीन वर्ष के मासूम बच्चे की मौत हो गई। इस घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के मुताबिक थाना क्षेत्र के ग्राम पुरैना निवासी प्रमोद का तीन वर्षीय बेटा अनीश जमीन में खेल रहा था। उसी समय पंखे के तार से चिपक गया। बच्चे के करंट की चपेट में आने से हड़कंप मच गया। परिजन आनन-फानन में उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य रामनगर केंद्र पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद से घर में कोहराम मचा हुआ है।

सतरिख में मोबाइल बरामद, दो चोर गिरफ्तार

सतरिख, बाराबंकी : अमृत विचार : छत पर सो रहे लॉ के दो छात्रों के मोबाइल चोरी हो गए है, सीसीटीवी की मदद से पुलिस ने मोबाइल बरामद करते हुए दो चोरों को गिरफ्तार किया है। सतरिख स्थिति टीआरसी लॉ कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र संजय कुमार व वीरेंद्र कुमार पूरेभगन मोहल्ले में भगौती के मकान में किराए पर रहते हैं। रविवार की रात दोनों छात्र छत पर सो रहे थे। उसी दौरान मोहल्ले के ही कुंदन कुमार और उसका दोस्त बाजार मोहल्ले का आकाश छत पर चढ़कर मोबाइल चोरी कर लिया। पुलिस ने बैंक में लगे सीसीटीवी की मदद से दोनों लोगों को गिरफ्तार कर लिया है और चोरों की निशान देही पर मोबाइल भी बरामद कर लिया।

बाइक की टक्कर से पिता पुत्र समेत तीन घायल

सूरतगंज, बाराबंकी : अमृत विचार : दो बाइकों की भिंडत में तीन लोग घायल हो गए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे परिजनों ने घायलों को सीएचसी सूरतगंज पहुंचाया तो डाक्टरों ने घायलों का उपचार किया।

नए कानून प्रभावी, थानों में लगी पाठशाला

एडीजी जोन लखनऊ, जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने पढ़ाया नए कानूनों का पाठ

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : पूरे देश में आईपीसी और सीआरपीसी की जगह लागू हुए तीन नये कानून भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) की जानकारी आम नागरिकों तक पहुंचाने के लिए सोमवार को जिला मुख्यालय से लेकर सभी थानों में पुलिस द्वारा अभियान चलाया गया। अब पुलिस नये आपराधिक कानून से अपराधियों को सबक सिखाएगी। इस अभियान के तहत एडीजी जोन लखनऊ एसबी शिराडकर ने थाना क्षेत्र कुर्सी में गोष्ठी कर नए कानून के बारे में लोगों को जागरूक किया।

इस मौके पर पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह, एएसपी सीएन सिन्हा, क्षेत्राधिकारी फतेहपुर डॉ. बीनू सिंह और थाना अध्यक्ष कुर्सी गजेंद्र प्रताप सिंह उपस्थित रहे। सहित पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। शहर कोतवाली में जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार व पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें डीएम सत्येन्द्र कुमार व पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने छात्र-छात्राओं, शिक्षक, शिक्षिकाओं व अधिवक्ताओं सहित मीडिया के लोगों को नए कानून की जानकारी दी। इस मौके पर क्षेत्राधिकार सदर जगतराम कनौजिया व शहर कोतवाल अजय कुमार त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में पुलिस के जवान व अधिकारी मौजूद रहे।

लोगों को नये कानून की बारीकियां समझाते एडीजी जोन लखनऊ एसबी शिराडकर।

दो केस मोहम्मदपुर खाला, तीसरा कोठी थाने में दर्ज

सोमवार को जहां पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर जिला मुख्यालय से लेकर बाकी सभी थानों में गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा था। वहीं मोहम्मदपुर खाला थाना में नए कानून के तहत पहला मुकदमा दोपहर 12:01 मिनट पर अवध राम पुत्र भगवान दीन गौतम द्वारा गाली गलौज, मारपीट व अन्य धाराओं में लिखवाया गया। मोहम्मदपुर खाला थाने में ही इसी मामले में क्रॉस मुकदमा दोपहर 12:05 मिनट पर विपक्षी अवध राम पुत्र भगवान दीन गौतम द्वारा लिखवाया गया। नए कानून के तहत तीसरा मुकदमा कोठी थाने में दोपहर 12:21 मिनट पर चोरी सहित अन्य धाराओं में राम शंकर द्वारा लिखवाया गया। तो चौथा मुकदमा थाना फतेहपुर और पांचवां मुकदमा दरियाबाद थाने में लिखा गया।

"तीन नये उपयोगी कानूनों द्वारा जनसहयोग से अधिक सुरक्षा का माहौल बनाना है। उम्मीद करता हूं पुलिस को हर अच्छे प्रयास में आम लोगों का सहयोग मिलेगा। हम पारदर्शी तरीके से काम करेंगे, उत्तर प्रदेश सरकार को भी यही अपेक्षा है।
-एस.बी. शिराडकर, एडीजी

"अब कहीं से भी ई एफआईआर दर्ज कराई जा सकेगी। बस तीन दिवस के अंदर हस्ताक्षर के लिए आना होगा। इसके अलावा किसी स्थान के घटना की एफआईआर किसी दूसरे स्थान से भी दर्ज होगी। वह थाना उसे स्थानांतरित कर देगा।
-दिनेश कुमार सिंह, एसपी

इरफान के लिए सिब्बल को खड़ा कर सकते हैं अखिलेश

विशेष संवाददाता, कानपुर

हाईकोर्ट में निर्णय को चुनौती देने की तैयारी, परिवार को उप चुनाव का टिकट देने में मिल सकती वरीयता

अमृत विचार। आगजनी मामले में सपा विधायक रहे इरफान सोलंकी को सेशन कोर्ट से सुनाई गई सजा को हाईकोर्ट में चुनौती देने की पार्टी तैयारी कर रही है। वरिष्ठ वकीलों से राय मशविरा लिया जा रहा है। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इरफान की पत्नी नसीम सोलंकी को आश्वस्त किया है कि जरूरत पड़ने पर हाईकोर्ट में प्रख्यात वकील कपिल सिब्बल को खड़ा किया जाएगा। इरफान का पूरा केस पार्टी लड़ेगी।

प्रदेश में जिन दस विधानसभा सीटों पर उप चुनाव होना है। उसमें कानपुर की सीसामऊ भी है। यहां से इरफान की पत्नी का चुनाव लड़ना पक्का माना जा रहा है। लेकिन पार्टी में कुछ नामों पर विकल्प के रूप में भी मंथन चल रहा है। इनमें फज़ल महमूद, सुरेंद्र मोहन अग्रवाल, सतीश निगम के नाम प्रमुख हैं। लोकसभा चुनाव में सपा के नौ विधायक प्रदेश से सांसद चुने गए हैं।

इरफान को सजा हो गयी है। इस प्रकार दस सीटों पर उपचुनाव होना है। हालांकि इस संबंध में अधिसूचना जारी होना बाकी है। सीसामऊ विधानसभा सीट से साल 2022 के चुनाव में सपा से जीते इरफान सोलंकी को आगजनी मामले में 7 साल कैद की सजा सुनाई गई है। सोलंकी को विधानसभा से अयोग्य घोषित कर दिया गया है। इसकी सूचना विधानसभा सचिव ने चुनाव आयोग को हाल ही में भेजी है। कानपुर लोकसभा सीट से चुनाव जीते भाजपा प्रत्याशी रमेश अवस्थी को कांग्रेस के आलोक मिश्र ने कड़ी टक्कर दी थी। इससे शहर में कांग्रेस को नई ऊर्जा मिली है। इसे देखते हुए कांग्रेस भी सीसामऊ विधान सभा क्षेत्र से दावा ठोक रही है।

पत्नी गंगा में कूदी, पति ने अपना गला रेता

कानपुर, अमृत विचार। महाराजपुर थाना क्षेत्र में घरेलू कलह में महिला ने गंगा में कूदकर अपनी जान दे दी। वहीं पति ने पत्नी को गंगा में डूबते देखा तो धारदार हथियार से अपना गला रेत लिया।

पुलिस ने गोताखोरों की मदद से पत्नी के शव को बाहर निकलवाया, वहीं पति को गंभीर हालत में हैलट में भर्ती कराया है। महाराजपुर के किशनपुर गांव निवासी सोमेन्द्र ने जनवरी 2024 में रूपा नाम की युवती से प्रेम विवाह किया था। शादी के बाद से ही दोनों में किसी न किसी बात को लेकर विवाद होता रहता था। सोमवार की देर शाम को भी दोनों ने किसी बात को लेकर विवाद हुआ। इसके बाद रूपा घाट में जाकर गंगा में कूद गई।

बच्चों को पढ़ाएं, शिक्षा देना पुण्य का काम

नव प्रवेशित बच्चों का जिलाधिकारी ने किया स्वागत, उपहार पाकर बच्चों के खिले चेहरे

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : नव प्रवेशित बच्चों का स्वागत उत्सव एवं स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने विकासखंड देवा के प्राथमिक विद्यालय भटेहटा में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। उन्होंने स्कूल में नामांकन कराने वाले बच्चों को तिलक लगाकर, माला और मेडल पहनाकर स्वागत किया। साथ ही पेंसिल, किताबें और चॉकलेट समेत अन्य उपहार भी दिया।

जिलाधिकारी ने कहा कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहना चाहिए। इसलिए अभिभावकों की भी जिम्मेदारी है कि बच्चों को प्रतिदिन स्कूल भेंजे। बच्चा घर में न रुकने पाए। उन्होंने अभिभावकों से कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा डीबीटी के माध्यम से आपके खातों में पैसा भेजा जाएगा, जिसका उपयोग आप लोग बच्चों की ड्रेस, उनके बैग, जूता, मोजा खरीदने में करेंगे। सभी अभिभावक अपने बच्चों को साफ सुथरा करके प्रतिदिन नहलाकर निर्धारित ड्रेस में विद्यालय भेजें। डीएम ने शिक्षकों से कहा कि जैसे हम पूरी श्रद्धा के साथ अपने घरों में पूजा करते हैं, वैसे ही आप सभी यहां पर बच्चों को पढ़ाने का कार्य करें। शिक्षा देना बहुत ही पुण्य का काम होता है। इसको आप सभी पूरे मनोयोग और ईमानदारी से करें। सीडीओ अ. सुदन ने कहा कि शिक्षक अभिभावकों से संपर्क कर बच्चों का पंजीकरण कराएं।

बच्चों का स्वागत कर उन्हें उपहार देते डीएम सत्येंद्र कुमार। अमृत विचार

मनमानी पर उतारू एसडीएम मुख्यमंत्री से की शिकायत

रामनगर, बाराबंकी

अमृत विचार : अतिक्रमण हटाने को लेकर तहसील प्रशासन द्वारा बरती जा रही शिथिलता के मामले में नगर पंचायत अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर कस्बा के मार्ग व तालाब को अतिक्रमण मुक्त कराए जाने की मांग की है।

चेयरमैन रामशरण पाठक ने शिकायती पत्र में कहा है कि रामनगर से सहादतगंज जाने वाले मार्ग के दोनों तरफ अतिक्रमण हटाकर सड़क चौड़ी किया जाना है, लेकिन एसडीम रामनगर पीडब्ल्यूडी एवं नगर पंचायत के अभिलेखों में दर्ज सड़क की लंबाई चौड़ाई मानने को तैयार नहीं हैं। जबकि जिलाधिकारी ने तीन दिनों के अंदर अतिक्रमण हटाने के लिए एसडीएम को निर्देशित किया था। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा भी लगातार अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए जा रहे हैं, लेकिन उपजिलाधिकारी कुछ भी मानने को तैयार नहीं हैं। जिसके कारण अतिक्रमण नहीं हट पा रहा है। इसके अलावा तालाब पर लोगों के द्वारा पाट कर अवैध कब्जा कर लिया गया है, घर बना लिये गये हैं। तत्कालीन उपजिलाधिकारी केडी शर्मा ने तालाब से अवैध अतिक्रमण हटाए जाने का स्पष्ट आदेश भी जारी किया था।

युवती को घर में बंधक बनाकर दो दिन तक दुष्कर्म

सतरिख, बाराबंकी

अमृत विचार : सतरिख थाने के एक मोहल्ले में दलित युवती को घर में बंधक बनाकर दो दिनों तक उसके साथ दुष्कर्म किया गया। किसी तरह घर पहुंची युवती ने परिवार को आपबीती सुनाई। एसपी से शिकायत के बाद सतरिख पुलिस मुकदमा दर्ज करने की बात कह रही है। सतरिख कस्बे की रहने वाली युवती का आरोप है कि बीती 25 जून की सुबह करीब 9 बजे वह अकेले अपने घर से घूर में कूड़ा डालने जा रही थी। इसी दौरान विपक्षी आ गया और मुंह दबाकर राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में खींच ले गया। जहां पर हाथ पैर बांधकर मेरे साथ दुष्कर्म किया।

उसी दिन रात करीब नौ बजे राजकीय बालिका इंटर कॉलेज से उठाकर एक बाग में बने प्रधानमंत्री शहरी आवास में मुझे ले जाया गया। वहां दो दिनों तक बंधक बनाए रखा और मेरे साथ दुष्कर्म करता रहा।

"युवती परिवार संग थाने पर आई थी। पूछताछ में ऐसा कुछ नहीं मिला। दोनों में पहले से मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा है। जांच कराई जा रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।
-अमर कुमार चौरसिया
प्रभारी निरीक्षक, सतरिख

सीएचसी में तैनात कर्मी कर रहा वसूली

बाराबंकी: अमृत विचार : आशा बहू स्वास्थ्य समिति की मासिक बैठक जिलाध्यक्ष सुनीता देवी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सभी ब्लॉकों से आई आशाओं की समस्याओं को भी सुना गया। बैठक के बाद छह सूत्रीय मांग पत्र मुख्य चिकित्साधिकारी को सौंपा गया।

बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सुनीता देवी ने कहा कि 24 घंटे कार्य करने वाली आशाओं का समय से भुगतान नहीं किया जाता है। वहीं इनके साथ अवैध वसूली की जाती है। जिसकी शिकायत कई बार जिम्मेदार अधिकारियों से की गई है। आशाओं ने सीएचसी सतरिख में तैनात अजय कुमार वर्मा पर अवैध वसूली के गंभीर आरोप लगाए हैं।

आठ माह से पद रिक्त, कैसे मिले न्याय

संवाददाता, हैदरगढ़, बाराबंकी

अमृत विचार : वादकारियों को सस्ता एवं सुलभ न्याय उपलब्ध कराने के लिए दो दशक पूर्व हैदरगढ़ में वाह्य न्यायालय के रुप में स्थापित सिविल कोर्ट जूनियर डिवीजन में पिछले लगभग 8 महीनों से न्यायाधीश का पद रिक्त पड़ा हुआ है। जिसके चलते वादकारियों के हित प्रभावित हो रहे हैं।

पूर्व मुख्यमंत्री राजनाथ सिंह के कार्यकाल में मई 2003 में क्षेत्र वासियों की मांग पर यहां पर सिविल कोर्ट जूनियर डिवीजन की स्थापना हुई थी। इसके बाद दीवानी व फौजदारी के तमाम मामलों की सुनवाई एवं फैसले यहीं पर होने लगे। वादकारियों को बाराबंकी की भाग दौड़ से निजात मिल गई, परन्तु यहां पर सिविल जज के रुप में नियुक्त सिद्धार्थ चतुर्वेदी के पिछले वर्ष 20 नवंबर को प्रमोशन पर चले जाने के बाद से रिक्त पद पर आज तक किसी अन्य जज की नियुक्ति नहीं हो सकी है। जिसके चलते आठ माह से वादकारियों को सस्ता व सुलभ न्याय नहीं मिल पा रहा है और उन्हें केवल तारीख पर तारीख मिल रही है। सूत्रों से पता चला है कि सिविल जज का पद रिक्त होने की वजह से पांच हजार से भी अधिक वाद लम्बित चल रहे हैं। क्षेत्र वासियों ने सिविल कोर्ट में अविलंब न्यायाधीश की नियुक्ति किए जाने की मांग की है।

हैदरगढ़ में स्थित सिविल कोर्ट जूनियर डिवीजन। अमृत विचार

उत्साह अखिलेश यादव के जन्मदिन पर पूर्व मंत्री ने की पीडीए पौधरोपण की शुरुआत

गठबंधन रहेगा जारी, 2027 में यूपी से भाजपा होगी साफ : गोप

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के 51वें जन्मदिन को लेकर जिले के कार्यकर्ताओं और समर्थकों में काफी उत्साह दिखा। अपने नेता के जन्मदिन के उपलक्ष्य में सपा नेता व कार्यकर्ता एक हफ्ते तक वृक्षारोपण अभियान चलाएंगे। जिसमें पीडीए पेड़ के रूप में बरगद, पीपल और नीम के पेड़ लगाए जा रहे हैं। सपाइयों का कहना है कि हर तरफ फैले हुए तरह-तरह के प्रदूषण को दूर करने के लिए, आवश्यकता जमीन से जुड़े पेड़ों की है, मानव निर्मित शाखाओं की नहीं। इस मौके पर सोमवार को वृक्षारोपण करते हुए सपा के राष्ट्रीय सचिव अरविंद सिंह गोप ने कहा कि पीडीए पेड़ पौधारोपण के इस आंदोलन को हम राष्ट्रव्यापी आंदोलन बनाएंगे। पार्टी फ्रंटल संगठन के जिलाध्यक्ष आशीष सिंह आर्यन, शाफे जुबेरी समेत अन्य पदाधिकारियों द्वारा पीडीए पौधरोपण कार्यक्रम के तहत सप्तप्रेमी नगर स्थित रामसेवक यादव पार्क में पौधारोपण एवं हस्ताक्षर अभियान आयोजित किया गया था। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष के दीर्घायु होने की कामना करते हुए समाजसेवियोंको पौधे भेंट किए।

अरविंद सिंह गोप ने कहा कि वृक्षारोपण हरियाली देने के साथ, पर्यावरण को शुद्ध भी रखता है। गरीब और किसान इसकी छाया में बैठकर आनंद महसूस करता है। इसीलिये हम लोग अखिलेश यादव के जन्मदिन पर पौधारोपण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश का कोई भी संगठन समाजवादी पार्टी के संगठन का मुकाबला नहीं कर सकता है। समाजवादी पार्टा को नेता जी यानी मुलायम सिंह यादव ने बनाया है।

पौधरोपण करते पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप। अमृत विचार

केक काटकर मनाया जन्मदिन

केक काटते सपा विधायक व अन्य नेता। अमृत विचार

बाराबंकी : अमृत विचार : जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद की अध्यक्षता में पूर्व मंत्री विधायक हाजी फरीद महफूज किदवई, धर्मराज सिंह उर्फ सुरेश यादव, सुरेंद्र सिंह वर्मा, रामगोपाल रावत और पूर्व विधायक रतनलाल राव सहित अन्य पार्टी पदाधिकारियों ने केक काट और मुंह मीठा कराकर अखिलेश यादव के दीर्घायु होने की कामना की। वहीं सपा छात्र सभा के जिलाध्यक्ष मोनू रावत द्वारा ग्राम शुक्लई में आयोजित पीडीए पौधरोपण कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों ने पौधरोपण भी किया।

सार-संक्षेप

डीएम और एसपी ने चिल्ड्रेन पार्क का किया उद्घाटन

पौधरोपण करते जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार। अमृत विचार

बाराबंकी : अमृत विचार : डीएम सत्येंद्र कुमार व एसपी दिनेश कुमार सिंह ने सोमवार को दसवीं पीएसी बटालियन परिसर में बने चिल्ड्रन पार्क का फीताकाट कर उद्घाटन किया। इस अवसर पर एक जुलाई से सात जुलाई तक चलने वाले वन महोत्सव अभियान के तहत पीएससी के जवानों को पौधारोपण कर पेड़ों की सुरक्षा का संकल्प दिलाया। डीएम और एसपी ने पीएसी परिसर में वृक्षारोपण भी किया। इस मौके पर सेनानायक अरुण कुमार श्रीवास्तव व अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

अधिवक्ताओं की जारी रहेगी हड़ताल

फतेहपुर, बाराबंकी : अमृत विचार : अधिवक्ताओं की अधिकारियों से वार्ता न होने के कारण हड़ताल एक सप्ताह के लिए ओर बढा दी गई है। आगामी शुक्रवार को न्यायालयों पर लम्बित मामलों के निस्तारण की प्रगति को देखते हुए आगे की रणनीति तय की जाएगी। मालूम हो कि अविवादित दाखिल खारिज, कागज दुरूस्ती के मामलें तथा न्यायालयों द्वारा दिये गये आदेशों का इन्द्राज समय से न होना लेखपालों द्वारा पावन की रिपोर्ट में अलूल-जलूल आख्या डालकर न्यायालयों पर भेजना तथा पावन रिपोर्ट समय से न आने को लेकर अधिवक्ताओं ने कलम बन्द हडताल शुरु की थी। 15 दिन से किसी भी अधिवक्ता व मुंशी के तहसील परिसर में जाने पर पूर्णतय : प्रतिबन्ध लगा दिया गया था। सोमवार को दि बार एसोसिएशन सभागार में आमसभा की बैठक हुई। जिसमें बार अध्यक्ष प्रदीप निगम ने कहा कि सभी न्यायालयों के अविवादित मामलों में 40 प्रतिशत कार्य अभी अधूरा है। एसडीएम से इन मामलों के बारे में अभी वार्ता नही हो सकी है। बैठक में महामंत्री संजय सिंह, हरिनाम सिंह, अलीउद्दीन शेख, सतीश वर्मा, मदन मोहन मिश्रा, प्रदीप मिश्रा, अवधेश श्रीवास्तव, शशेन्द्र, नफीस, श्रवण, ओमप्रकाश, प्रेमचन्द्र, राकेश समेत कई अधिवक्ता रहे।

अफसरों के साथ बैठक का प्रधानों ने किया बहिष्कार

सतरिख, बाराबंकी : अमृत विचार : विकास खंड हरख के पटेल सभागार में सोमवार को ब्लॉक के अफसरों द्वारा बुलाई गई बैठक का ग्राम प्रधानों ने बहिष्कार कर दिया। प्रधान बैठक में शामिल नहीं हुए। इससे बैठक कुछ समय में ही बिना विकास कार्यों पर चर्चा के समाप्त हो गई।। विकास खंड हरख के पटेल सभागार में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सोमवार की दोपहर दो बजे से ब्लॉक सभागार में सभी ग्राम प्रधानों की बैठक अफसरों के साथ होनी थी। प्रधान संघ के कड़े विरोध के कारण बैठक में शामिल होने ग्राम प्रधान नहीं पहुंचे। हरख प्रधान व प्रधान संघ की ब्लॉक अध्यक्ष सीमा वर्मा का कहना है कि बैठक का प्रधानों ने बहिष्कार किया है। बैठक में शामिल होने प्रधान ब्लॉक नहीं पहुंचे हैं। उन्होंने कहा है कि कुछ दिन पहले प्रधान संघ की ओर से मुख्य विकास अधिकारी को ज्ञापन देकर कुछ मुद्दों पर कार्रवाई के लिए मांग की गई थी।

निंदूरा में नवजात बच्ची का मिला शव

निंदूरा, बाराबंकी : अमृत विचार : टिकैतगंज कस्बे से बाबागंज रोड पर सड़क किनारे प्लाट की दीवार के पास नवजात बच्ची का शव मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। नवजात बच्ची का शव किसने डाला, इसका पता नहीं लग सका। कुर्सी थाना क्षेत्र के कस्बा टिकैतगंज स्थित बाबागंज रोड पर सिराज इलेक्ट्रॉनिक की दुकान के सामने प्लाट की दीवार के पास सोमवार दोपहर एक नवजात बच्ची का शव पड़ा मिला। शाम करीब चार बजे नवजात बच्ची के शव को पंछी नोच रहे थे। आसपास के लोगों की नजरें शव पर पड़ी। शव की जानकारी होते ही मौके पर हड़कंप मच गया। पुलिस ने शव को पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कुर्सी थानाध्यक्ष गजेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि नवजात का शव पाया गया।

पिकअप की टक्कर लगने से वृद्ध की मौत

बनीकोडर, बाराबंकी : अमृत विचार : तेज रफ्तार पिक अप की टक्कर से एक बुजुर्ग व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ केंद्र भिजवाया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मामला असंद्रा थाना क्षेत्र के चौकी दिलावलपुर अंतर्गत बठौली गांव में गुड्डू के भट्ठा के पास का है। जहां सिटकिहा का पुरवा मजरे सुलेमपुर निवासी 70 वर्षीय बुजुर्ग गुरुदीन अपने किसी कार्य को लेकर मवई की तरफ जा रहे थे। तभी अचानक पीछे से आ रही एक पिकप ने साइकिल में जोर दार टक्कर मार दी। जिससे बुजुर्ग व्यक्ति गंभीर रुप से घायल हो गया। मौजूद लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दिया। मौके पर पहुंची पीआरवी पुलिस ने घटना की सूचना चौकी पुलिस को दिया। चौकी पुलिस द्वारा घायल को सीएचसी बनीकोडर भिजवाया। जहा उसकी इलाज दौरान मौत हो गई। इस संबंध में एसओ जितेंद्र प्रताप सिंह का कहना है पिकप को पकड़ लिया है। तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

दो शातिरों पर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई

रामसनेहीघाट, बाराबंकी : अमृत विचार : कोतवाली रामसनेहीघाट पुलिस ने अवैध शस्त्र और तमंचा बेचने वाले शातिर अपराध संगठित रूप से करने वाले दो लोगों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है। कोतवाल ओपी तिवारी ने बताया कि शातिर अपराधी चंद्रिका पुत्र स्व. गिरवर लोध निवासी भैंसी बेल्हा मजरे सैदापुर थाना सकरन जिला सीतापुर और गोविंद पुत्र राम लोचन निवासी भुडेहरी थाना रामसनेही अवैध शस्त्र और तमंचा बेचने का कार्य करते थे। इन दोनों पर कई थानों पर दर्जन भर मुकदमा दर्ज है। इनके क्रिया कलापों पर अंकुश लगाने के लिए गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

हंगामे के बाद डंपर व जेसीबी लेकर भागे खनन माफिया

बाराबंकी : सतरिख बाराबंकी : अनुमति की आड़ में सरकारी जमीन पर खनन करने पहुंचे खनन माफिया को किसानों और ग्रामीणों का विरोध झेलना पड़ गया। घंटों हंगामा के बाद खनन माफिया को डंपर और जेसीबी लेकर बैरंग वापस होना पड़ा। सतरिख थाने क्षेत्र के सहेलिया पंचायत के मजरे घौंसाबाद गांव निवासी शिवनाथ के खेत में मिट्टी खनन की अनुमति होना बताया जा रहा है और शिवनाथ के खेत से मिट्टी खनन होने के बाद पास के बृजेश कुमार, राहुल, रुपकुमारी तथा रामसमुझ आदि कई अन्य किसानों के खेत हैं। किसान बृजेश कुमार व राहुल यादव आदि का आरोप है कि दो दिन पहले रात में मिट्टी खनन कराने वाले लोग उनके खेतों से चोरी से मिट्टी खनन कर ले गए। इसके बाद पास में स्थित सरकारी जमीन में खनन के लिए सोमवार की भोर जेसीबी और डंपर लेकर पहुंचे थे। जानकारी मिलने पर कई किसानों के साथ ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए और अपने खेतों के साथ ही सरकारी जमीन में मिट्टी खनन का विरोध लगे। घंटों हंगामा के बाद खनन माफिया डंपर और जेसीबी लेकर बैरंग वापस चले गए। प्रभारी निरीक्षक अमर कुमार चौरसिया का कहना है कि किसानों की शिकायत पर खनन के कार्य को रुकवा दिया गया था और राजस्व टीम के द्वारा दोबारा चिन्हिकरण कराया गया था। उसके बाद भी यदि खनन के लिए पहुंचे हैं तो जांच कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं नायब तहसीलदार ऋतुराज शुक्ला ने बताया कि दो दिन पहले ही खनन में लगे आधा दर्जन डंपरों को सीज कर पुलिस को सुपुर्द किया गया है। अवैध रुप से मिट्टी खनन कराने वालों पर सख्त कार्रवाई की की जा रही है।

डिप्टी सीएम ने जिसका किया उद्घाटन, उसी में लग गया ताला

बहराइच, अमृत विचार। प्रदेश सरकार के स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक ने 25 जून को बहराइच मेडिकल कॉलेज में सिटी स्कैन का वर्चुअल उद्घाटन किया था। जिससे मरीज को फ्री में सीटी स्कैन की सुविधा मिल रही थी। लेकिन उद्घाटन के तीसरे दिन ही सिटी स्कैन में खामी आ गई, जिसके चलते कमरे में ताला लगा दिया गया। मजबूरी में मरीज जांच के लिए प्राइवेट लैब की ओर रुख कर रहे हैं। ऑटोनॉमिक मेडिकल कॉलेज से संबंध महर्षि बालार्क जिला चिकित्सालय में सीटी स्कैन की सुविधा नहीं थी। जिसके चलते जिले के मरीज श्रावस्ती जनपद में सिटी स्कैन के लिए जाते थे। मरीज 50 रूपये की फीस अदा कर सिटी स्कैन जांच करवाते थे। जिले के लोगों की समस्या को देखते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी, सांसद और मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ संजय खत्री ने शासन को पत्र लिखकर सीटी स्कैन मशीन स्थापित करवाने के लिए पत्र लिखा। काफी प्रयास के बाद मेडिकल कॉलेज को सीटी स्कैन भेजी गई। जिसका प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक ने वर्चुअल लोकार्पण किया था। इससे जिले के लोगों को काफी खुशी हुई। सभी गंभीर रोगों की जांच जिले में करा लेते थे। लेकिन सीटी स्कैन मशीन ने उद्घाटन के तीन दिन बाद ही धोखा दे दिया। जिसके चलते सीटी स्कैन कमरे में मेडिकल कॉलेज प्रशासन की ओर से ताला लगा दिया गया।

सीटी स्कैन रूम में लगा ताला।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

लालनाद् बहवो दोषास्ताडनाद् बहवो गुणा:।
तस्मात्पुत्रं च शिष्यं च ताडयेन्न तु लालयेत् ॥

अधिक लाड़ से अनेक दोष तथा अधिक ताड़न से गुण आते हैं। इसलिए पुत्र और शिष्य को लालन की नहीं ताड़न की आवश्यकता होती है।

संपादकीय

आत्मनिर्भरता के तहत

आज वैश्विक समीकरण बदल रहे हैं। वर्तमान दौर की लड़ाईंयां नया रूप ले रही हैं। पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ जारी सीमा विवाद भारत की सुरक्षा चुनौतियों में से एक है। आने वाले दिनों में जम्मू कश्मीर में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले पाकिस्तान को साधना भारत की सुरक्षा के लिए एक और चुनौती है। पाकिस्तान ने पहले ही देश के खिलाफ छद्म युद्ध छेड़ रखा है। इस बीच थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने सोमवार को कहा कि भारतीय सेना देश के समक्ष सभी मौजूदा और भविष्य की सुरक्षा चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए तैयार व पूरी तरह सक्षम है। भारतीय सेना आत्मनिर्भरता के जरिए अपनी क्षमता विकास और आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। वह रक्षा में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए सेना में स्वदेश निर्मित सैन्य उपकरणों को शामिल करने को प्रोत्साहित करेंगे। वास्तव में देश को न केवल इस दिशा में अग्रसर रहने की ज़रूरत है बल्कि सैनिकों को अत्याधुनिक हथियारों से लैस कर युद्ध पद्धति और रणनीति को बेहतर करने की जरूरत है। भविष्य की सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए भारत को स्वदेशी क्षमताएं विकसित करने की आवश्यकता है। क्योंकि युद्ध अब अंतरिक्ष, साइबर और सूचना प्रणालियों जैसे नए क्षेत्रों में विकसित हो चुका है। ऐसे में युद्ध प्रणालियों में प्रौद्योगिकी के समावेश और तकनीकी प्रगति के साथ तालमेल बनाए रखने की अनिवार्यता है।

आज भारतीय सेना आधुनिकीकरण के पथ पर अग्रसर है। उस दिशा में आत्मनिर्भरता को हासिल करने के लिए सेना पूरी तरह से तैयार है। क्योंकि महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों के लिए आयात पर निर्भर होने से विशिष्ट क्षेत्रों में पीछे रह जाने का जोखिम है। थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा भी है कि वह रक्षा में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए सेना में स्वदेश निर्मित सैन्य उपकरणों को शामिल करने को प्रोत्साहित करेंगे। भारतीय सेना का आत्मनिर्भरता के तहत आधुनिकीकरण करना और तीनों सेनाओं का तालमेल उनकी प्राथमिकता में शामिल है। आत्मनिर्भर होने, स्वदेशी अनुसंधान और विकास के माध्यम से महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों में आत्मनिर्भरता हासिल करने में भारतीय सेना के परिवर्तन की राह निहित है। आधुनिक, चुस्त, अनुकूलनीय, प्रौद्योगिकी सक्षम और आत्मनिर्भर भविष्य के लिए तैयार सेना को आकार देने के प्रयास उसी दिशा में उठाए गए कदमों का हिस्सा है। महत्वपूर्ण है कि राष्ट्रहित की सुरक्षा से ही विकसित भारत का सपना पूरा होगा। आज देश चीन और पाकिस्तान द्वारा पेश की गई राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों का सामना कर सकता है।

आहार और पाकशास्त्र में हमारे सूत्रधारों का उपकार कर्म

रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

भारतीय आहारों या पकवानों के पोषण मान और किस्म ऐसी है, जो मनुष्य में मेटाबोलिक डिजीजेज को या तो उभरने नहीं देते या इनके विकास को विलंबित करके रखते हैं। देसी पकवानों की बायो-केमिस्ट्री बिल्कुल अलग तरीके की होती है, जिसके सुरक्षित होने की गारंटी केवल यही है कि ये ताजा बने हों।

खान-पान और इन्हें तैयार करने की विधियों का जो संकलन अनुसंधान और अनुभव आधारित हैं,उसे हमारे मनीषियों ने आयुर्वेद में दिया है। इस प्रयोगात्मक और वैज्ञानिक जानकारी देखकर अनेक बार मुझे ही नहीं, बल्कि आधुनिक विधियों से फूड साइंस में काम करने वाले शोधकर्मियों को भी चकित होना पड़ता है। इसे हमारी दादी-नानी के समृति में स्थानी रूप से रोपित करने और यह सुनिश्चित करने के लिए कि यह एक परंपरा के रूप में अनादिकाल काल तक हमारी दिनचर्या का हिस्सा कैसे बन सकती है? हमारे विद्वज्जनों ने इस परंपरा के रूप में विकसित करने के लिए क्या तौर-तरीके अपनाए होंगे? इनके मूल पाठ संस्कृत और तमिल में हैं, लेकिन विद्वज्जनों ने टीका सहित इसका अनुवाद मुझे समझ में आने वाली हिंदी और अंग्रेजी भाषाओं में भी सुलभ कराया है। पंडित वामचरण भट्टाचार्य द्वारा पुनर्प्रस्तुत पाकदर्पणं के संस्कृत टेक्स्ट पर आधारित हिंदी टीका सन् 2006 में डॉ. इन्द्रदेव त्रिपाठी ने चौखंभा पब्लिकेशंस की मार्फत प्रकाशित करवाई।

आयुर्वेद में खाद्य सामग्री के स्रोत की शुचिता और विविधता, इसे प्रोसेस करने के तरीके और इसके सेवन के अलावा विभिन्न तरह से तैयार किए गए खाद्य पदार्थों के संरक्षण और स्टोरेज के बारे सूक्ष्म स्तर तक विस्तार से जानकारी दी गई है। साथ ही विभिन्न व्यंजनों, औषधीय खाद्यों और इनके थेराप्यूटिक गुणों की जानकारी भी दर्ज की गई है।

उत्कृष्ट और आश्चर्यजनक हैं पकवानों के वे अनेक नाम-शब्द जिनका अन्वेषण आयुर्वेदाचार्यों ने किया, क्योंकि भाषा विज्ञान की दृष्टि से सर्वथा उपयुक्त हैं, अर्थात 'प्रिसायिज' अर्थ प्रेषित करते हैं। इन शब्दों की संरचना को जानकर भाषाविदों के कौशल के प्रति भी हमें नतमस्तक होने की जरूरत है। खाद्य और पोषण विज्ञान (द साइंस ऑफ फूड, फूड टेक्नोलॉजी एंड न्यूट्रीशन) के ख्यात जर्नल्स में पारंपरिक भारतीय भोज्य पदार्थ, घरेलू भोजन एवं अन्य प्रकार के आहार के बारे में अन्योन्य प्रकार से प्रयोगात्मक, प्रबंधात्मक और निबंधात्मक जानकारी का प्रकाशन हुआ है। मेटाबॉलिज्म के पैमाने पर हम अपने पकवानों को श्रेष्ठ कह सकते हैं तो इसमें रत्तीभर संदेह नहीं होना चाहिए? भारतीय प्राचीन पाकशास्त्रों -जैसे कि रसमंजरी,

भारत की आहार परंपरा अद्भुत है, लेकिन अफसोस कि अज्ञान या आंशिक जानकारी के चलते हम इसका इस्तेमाल पूरी क्षमता से नहीं कर पा रहे हैं और पोषण जन्य अनेक व्याधियों से खुद के शरीर को प्रताड़ित होने देते हैं या बीमार हो जाते हैं।

पाकदर्पणम, सूपशास्त्र, भोजन कौतूहलं, क्षेम कौतूहलं के अलावा के.टी. अचाया की दो पुस्तकें 'ए हिस्टोरिकल डिक्शनरी ऑफ इंडियन फूड' और 'इंडियन फूड ए हिस्टोरिकल कम्पैनियन' पर जो दो-तीन शानदार पुस्तकें (ट्रीटाईजेज अर्थात्व प्रबंध ग्रंथ) उपलब्ध हैं उनके अध्ययन से जाहिर होता है कि सामग्री का चुनाव,किस के साथ किसका मेल सर्वथा उचित है और इन्हें बनाने की सहज-सर्वश्रेष्ठ तकनीक के अलावा परोसने के तरीके क्या होने चाहिए, इस बारे में विस्तार से निर्देश दिए गए हैं। हमारे मनीषियों ने भोजन को प्रोसेस करने और पाक-गृह (किचन) में भोजन तैयार करने वाले रसोइए (शेफ) और परोसने वालों (बीयरर या बॉय) के लिए भी कुछेक हिदायतें दी हैं। आयुर्वेद के अलावा यूनानी और तिब्बिया सिस्टम्स में भी खाने-पीने के बारे में अच्छी मालूमात दर्ज हैं। सिर्फ इतना भर नहीं,बल्कि किस लकड़ी की कितना तीव्र आंच, चूल्हे के डिजाइन और धातु-अधातु के बर्तन और मृद्भांड कैसे हो, कितने आमाप के हों आदि पर भी उक्त ग्रंथों में विस्तार से लिखा गया है। उदाहरण के लिए दक्षिण भारत में परंपरा के तौर पर विवाह के एक उपहारों में से जस्ता धातु के आधिक्य मिश्रण वाली हांडी दिए जाने की परंपरा है,जिसमें सांभर पकाया जाता है। यह धातु सांभर पकाते समय सूक्ष्म मात्रा में बर्तन से विलग होकर सांभर में मिल जाती है और टॉक्सिक होने की बजाय पोषण प्रदान करती है। कालोनियल भारत में ब्रिटिश इंडियन आर्मी के अफसरों को यूरोपियन और भारतीय सैनिकों के लिए पोषक आहार चुनने

के लिए भारतीय खाद्य पदार्थों में से ही चुनाव करना होता था। उन सबको भारतीय तरीके से बनाया गया भोजन पसंद नहीं था और उन्हें यह भी मालूम था कि भारतीय लोग या तो अतिपोषित रहते हैं या कुपोषित। इन्हें संतुलित आहार के बारे में कुछ नहीं मालूम, क्योंकि पाकशास्त्र के ग्रंथ और आयुर्वेद की रचनाओं में पोषक तत्वों की जानकारी उस तरीके से दर्ज नहीं हुई थी जिस तरीके से मॉडर्न केमिस्ट्री और बायो-केमिस्ट्री के हिसाब से इसे समझा जा सकता था। इसी प्रसंग में भारत में पोषणाहार की कमी से उपजी बेरी-बेरी, मराजमस और प्रोटीन केलरी कुपोषण जैसी शारीरिक विकृतियों की ओर मेजर (डॉ) रॉबर्ट मैक्कैरिसन का ध्यान गया। वे सन्प 1911 में मद्रास आर्टिलरी में रहकर कुनूर (तमिलनाडु) में नियुक्त थे। यहां रहकर डॉ. मैक्कैरिसन ने 'न्यूट्रीशन रिसर्च लेबोरेट्रीज' की स्थापना की और काम शुरू किया। उक्त बीमारियों पर काम करने के साथ-साथ इन्हें भारतीय खाद्य पदार्थों में मौजूद अनेक पोषक तत्वों और इनके पोषक मान का पता लगाने के लिए अपने साथी डॉ.आयक्रायड को कहा तो कुछ ही समय बाद 'न्यूट्रीटिव वैल्यू ऑफ इंडियन फूड्स' नामक किताब का जन्म हुआ। सन 1911 में कुनूर में स्थापित वह छोटी सी रिसर्च लेबोरेट्री अब नेशनल इंस्टीट्यूशन ऑफ न्यूट्रीशन के रूप में हैदराबाद में 60 साल से अधिक समय से काम कर रही है। इस रिसर्च लेबोरेट्री के निदेशक पद पर रहते हुए डॉ. पटवर्द्धन जैसे नामी पोषण विज्ञानियों ने भारतीय पोषण और विज्ञान के इतिहास पर शानदार किताब लिखी। हमारे पाकशास्त्र ग्रंथों पर विदेशियों की शुरू से नजर रही है, खासतौर से ब्रिटिश और अमरीकनों की। इतिहास संकलन के नजरिए से मैं यह देखकर चकित हूं कि अमेरिका की लाइब्रेरी ऑफ कांग्रेस में सन्ल 1907 में पुनर्प्रकाशित 'रसमंजरी' की प्रति मौजूद है। उनके संग्रह में सन्न 1991 में इसका पहुंचना बड़ी बात नहीं है। 'साउथ एशियन रेट्रोस्पेक्टिव मैटीरियल' के खाते में यह उनके रेकॉर्ड में दर्ज की गई है। रसमंजरी का संकलन और लेखन कार्य वैद्यनाथन शालीनाथ ने और 'मिश्र'-कुल अग्रगण्य पंडित नारायण प्रसाद मुकुन्दराम, बांस बरेली (अब बरेली) तथा लखीमपुर निवासी ने इस पर टीका तैयार की।

भारत की आहार परंपरा अद्भुत है,लेकिन अफसोस कि अज्ञान या आंशिक जानकारी के चलते हम इसका इस्तेमाल पूरी क्षमता से नहीं कर पा रहे हैं और पोषण जन्य अनेक व्याधियों से खुद के शरीर को प्रताड़ित होने देते हैं या बीमार हो जाते हैं। 'लाइफ-स्टाइल डीजीजेज' अर्थात् व्यवहार जन्य रोगों और आहार जन्य विकारों पर क्या हमारे प्राचीन और मध्यकालीन मनीषी चुप रहे? अगर ऐसा होता तो पाकशास्त्र के भारतीय ग्रंथों में आयुर्वेद के संदर्भ न मिलते! विज्ञान के मनुष्य के मेटाबोलिक सिस्टम के हिसाब से देखें तो इंडस्ट्रियली प्रोसेस्ड और अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड्स के मुकाबले में हमारे स्ट्रीट-फूड्स कहीं बेहतर हैं, बशर्ते इन्हें तैयार करने वाले और परोसने वाले स्थान स्वच्छ हैं और शुद्ध खाद्य सामग्री का इनमें इस्तेमाल किया गया है। भारतीय आहारों या पकवानों के पोषण मान और किस्म ऐसी है, जो मनुष्य में मेटाबोलिक डिजीजेज को या तो उभरने नहीं देते या इनके विकास को विलंबित करके रखते हैं। देसी पकवानों की बायो-केमिस्ट्री बिल्कुल अलग तरीके की होती है, जिसके सुरक्षित होने की गारंटी केवल यही है कि ये ताजा बने हों और अल्पाहार समझ कर लिए जाए। उदाहरण के लिए ख्यात जर्नल फार्माकोग्नॉसी रिव्यु के सनन 2017 के अंक में प्रकाशित 'ए कॉम्प्रेहेंसिव रिव्यु ऑनरसम-ए साउथ इंडियन ट्रेडिशनल फंक्शनल फूड' के बारे में बताया गया है कि इसमें प्रोबायोटिक्स, प्रीबायोटिक्स (एक प्रकार से दही से बनी हुई छाछ समान गुणधर्म वाला तरल खाद्य), ओमेगा-3-पॉलीअन्सेच्युरेटेड फैटी एसिड्स, कांजुगेटेड लिनोलीक एसिड, प्लांट एंटीऑक्सीडेंट्स, एकाधिक विटामिन और खनिज,न्यूनाधिक मात्रा में प्रोटीन, पेप्टाइड्सऔर एमिनो-एसिड्स के अलावा फोस्फोलिपिड्स की मौजूदगी होती है। अब भला दुनिया के किस एक ही पकवान में इतनी संख्या में पोषक तत्व मौजूद हो सकते हैं। उत्तर भारत में जिस प्रकार से आयुर्वेद का बोलबाला है इसी प्रकार भारत के दक्षिणी प्रांतों, खासतौर से केरल और तमिलनाडु, में पारंपरिक भारतीय आयुर्वैज्ञानिक प्रणाली का नाम 'सिद्ध' है। ऐसी समृद्ध परंपराओं की मौजूदगी में विदेशी पकवानों के पीछे भागना अनुचित प्रतीत होता है।

प्रसंगवश

सबसे बड़ा रोना अकल का है

सौ में से नब्बे यही सुनते सुनते बड़े होते हैं कि बेवकूफ हो? अकल नहीं है? अब दिक़्क़त यही है कि यदि नहीं है तो कहां से लाएं? अकल कोई धनिया तो है नहीं कि दौड़े और नुक्कड़ पर लगी दुकान से ख़रीद लाएं। अकल का कोटा ऊपर वाला रिलीज़ करता है। किसी को देता है तो छप्पर फाड़ देता है, किसी को थोड़ी बहुत कंजूसी से दे देता है और किसी को नहीं देता तो छदाम भर भी नहीं देता। इससे ये नतीजा तो फौरन निकाला जा सकता है कि भगवान जो भी है वो कम्युनिस्ट तो हरगिज़ नहीं है।

अब अकल ज्यादा हो तो अजीर्ण हो जाता है उसका। नगदऊ खनखनाये बिना नहीं मानते। अक्लमंदी अपच जैसी होती है। पेट फूलता है इससे। बंदा चाहता है कि सबको पता चल जाए कि वो अकलमंद है। फौरन पता चले और लोग उसकी अकल का लोहा माने। ऐसे में लोगों से पंगा लेते फिरता है।

पर जैसा ज़माना है आजकल, उसके हिसाब से अकलमंद होना खतरनाक हो चुका। अकल होगी तो आप सोचेंगे विचारेंगे। लोगों से उलझेंगे। अकेले पड़ेंगे और अपनी हंसी उडवा लेंगे। जबकि बेवकूफ होकर पैदा होना फ़ायदे का सौदा है और अकल तलाशना तो हरगिज़ अक्लमंदी का काम नहीं है।

अब अकल ज्यादा हो तो अजीर्ण हो जाता है उसका। नगदऊ खनखनाये बिना नहीं मानते। अक्लमंदी अपच जैसी होती है। पेट फूलता है इससे। बंदा चाहता है कि सबको पता चल जाए कि वो अकलमंद है। फौरन पता चले और लोग उसकी अकल का लोहा माने। ऐसे में लोगों से पंगा लेते फिरता है। पर इसके अपने ख़तरे है। अक्लमंद हमेशा अल्पमत में होता है इसलिए बहुत बार हाथ पांव से मज़बूत बेअकल लोगों से पिट जाता है।

मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

बेअक्ली हमेशा से बहुमत में होती आई है इसलिए वो राज करती है और अकलमंद उसकी चाकरी करते है। बेवकूफी में सबसे बढ़िया बात ये है कि वो खुद को अकलमंद समझता है और सारे अकलमंद उसे बेवकूफ लगते है। अक्लमंदी के उलट बेवक़ूफ़ी जताने में मेहनत भी नहीं करनी पड़ती। अक्लमंदी सरकारी नल की तरह होती है जबकि बेबकूफी पहाड़ी झरने की तरह बहती है। वो खुद अपना परिचय है। और सामने वाले का मन हो या ना हो उसे नहलाये बिना नहीं मानती।

अकलमंद को अपनी बुद्धि मे हमेशा धार लगाते रहना पड़ता है। पढ़ना लिखना पड़ता है। अपने जैसे लोगों की संगत करना पड़ती है जो कि मुश्किल से मिलते हैं। बेवकूफी में ऐसी फालतू की कवायद की कोई झंझट ही नहीं होती। उसे अपने जैसे हज़ार मिल जाते हैं। अकलमंद बहस करता है, हमेशा असहमत, बेचैन और कुड़कुड़ा बना रहता है। अपनी-अपनी चलाना और अपनी ही मनवाना चाहता है। और ऐसी हरकतों से अपने गिने चुने दोस्तों से भी हाथ धो बैठता है। अकेला हो जाता है जबकि बेवकूफ एक दूसरे से बहुत जल्दी सहमत हो जाते है। आशावादी होते हैं वो। हमेशा ख़ुश रहते है। एक दूसरे के गले में हाथ डालते है। ज़बर्दस्त एका होता है उनमें और जब भी कोई अकलमंद उनसे टकरा जाये तो सारे मिलकर उसे कूट देते हैं।

अकल से हासिल भी क्या है? ज़माने भर की बेगारी। किसी अनपढ़ सेठ की मुनीमी, किसी डूबते बैंक की क्लर्की या किसी प्राईवेट स्कूल की मास्टरी। अकल वाले ज़िंदगी भर यही सोच सोच कर कलपते रहते हैं कि उन्हें वो पोज़ीशन हासिल नहीं हुई जिसके वो हक़दार थे।

अकल के साथ सबसे बड़ा रोना यही है कि यदि वो आपके हिस्से में आ गई है तो आप उससे पीछा नहीं छुड़ा सकते। वो आपसे नदी में बहते कंबल की तरह चिपट जाती है और मौक़े बेमौके पर आपको बेइज्जत करवाए बिना मानती नही।

ऐसे में यदि आपको कोई अकलमंद या बुद्धिजीवी कहे तो ज्यादा फूलने की ज़रूरत है नहीं। हो सकता है वो आपका मज़ाक़ उड़ा रहा हो। आपको दया करने लायक़ समझ रहा हो। या आपको कूटने की फ़िराक़ में हो।

वायु प्रदूषण के कारण पृथ्वी से खत्म हो जाएंगे कीट

वायु प्रदूषण केवल इंसान को प्रभावित कर रहा है ऐसा नहीं है। जहरीली गैसों का बुरा असर पूरी जैव विविधिता के खात्मे पर तुला है। इस कड़ी में वो सूक्ष्म कीट भी शामिल हैं जो हमें अक्सर हवा में उड़ते दिखते हैं। ये सूक्ष्म कीट कचरे का विघटन, मानव जीवन, फसलीय चक्रीकरण के लिए बेहद जरूरी हैं। इनकी अहमियत मानव जीवन में प्रत्यक्ष तौर पर नजर नहीं आती। लेकिन अप्रत्क्ष रूप से ये कीट इंसान को हर स्तर पर प्रभावित करते हैं। वायुमंडल में चढ़ती प्रदूषण की मोटी परत से इन कीटों के भोजन तलाशने से लेकर साथी से मिलन, संतति निर्माण और विकास की प्रक्रिया प्रदूषण के कारण नष्ट हो चुकी है। कीटों के सूचना तंत्र को धुएं और गैसों ने डिस्टर्ब कर उन्हें रास्ते से भटका दिया है।

हालिया शोधों के मुताबिक कीटों की घटती आबादी के लिए प्रदूषण के साथ शहरीकरण, कृषि क्षेत्र में बढ़ता कीटनाशकों का उपयोग और जलवायु परिवर्तन जैसी वजह जिम्मेदार हैं। प्रदूषण न केवल शहरों के आस-पास बल्कि दूरदराज ग्रामीण क्षेत्रों में भी इनकी आबादी को प्रभावित कर रहा है। शोध से पता चला कि प्रदूषण के चलते आने वाले कुछ दशकों में दुनिया के 40 फीसदी कीट खत्म हो जाएंगे। धुआं, धूल, धुंध, पीएम के कण कीटों के एंटीना और रिसेप्टर्स पर बहुत बुरा असर डाल रहे हैं। यूनिवर्सिटी ऑफ मेलबोर्न, बीजिंग वानिकी विश्वविद्यालय और कैलिफोर्निया के शोधकर्ताओं के अध्ययन में कीटों पर प्रदूषण का असर अनुमान से कहीं ज्यादा निकला है। वहीं विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा तय मानक के अनुसार वार्षिक औसत से ज्यादा हैं।

खेतों, बगीचों में उड़ते कीटों का मुख्य काम

सीमा अग्रवाल
मेरठ

शोधकर्ताओं के अनुसार प्रदूषण कीटों के एंटीना को प्रभावित करता है और मस्तिष्क को भेजे जाने वाले गंध संबंधी विद्युत संकेतों की शक्ति को कम कर देता है।

परागण होता है। ये फसलों, फूलों को परागित कर नए बीजों का संवर्द्धन करते हैं। इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर (आईयूसीएन) द्वारा संकटग्रस्त प्रजातियों के लिए जारी की जाने वाली रेड लिस्ट में कीटों की सिर्फ आठ फीसदी प्रजातियां ही शामिल हैं। एक अन्य अध्ययन के मुताबिक 1990 के बाद से कीटों की आबादी में करीब 25 फीसदी की कमी आई है, अनुमान है कि यह कीट हर दशक में करीब नौ फीसदी की दर से कम हो रहे हैं।

शोधकर्ताओं के अनुसार प्रदूषण कीटों के एंटीना को प्रभावित करता है और मस्तिष्क को भेजे जाने वाले गंध संबंधी विद्युत संकेतों की शक्ति को कम कर देता है। कीटों की एंटीना में गंध को पकड़ने वाले रिसेप्टर्स होते हैं, जो आहार, स्रोत, संभावित साथी और अंडे देने के लिए एक अच्छी जगह खोजने में मदद करते हैं। ऐसे में यदि किसी कीट के एंटीना पार्टिकुलेट मैटर से ढके होते हैं तो उससे एक भौतिक अवरोध उत्पन्न हो जाता है। यह गंध को पकड़ने वाले रिसेप्टर्स और हवा में मौजूद गंध के अणुओं के बीच होने वाले संपर्क को रोकता है। जीवाश्म ईंधन के दहन से निकलने वाले पार्टिकुलेट मैटर (पीएम) में ज़हरीले भारी धातु और कार्बनिक पदार्थ शामिल हैं। ये सांस के ज़रिए शरीर में जाने वाले कण होते हैं जो इतने छोटे होते हैं कि उन्हें नंगी आंखों से नहीं देखा जा सकता। बीजिंग वानिकी विश्वविद्यालय और कैलिफोर्निया डेविस विश्वविद्यालय की टीम ने बीजिंग के हैडियन जिले से एकत्रित घरेलू मक्खियों का अध्ययन उस समय किया जब वायु गुणवत्ता सूचकांक का उपयोग करके वायु गुणवत्ता को निम्न, मध्यम या उच्च आंका गया था। प्रदूषण के बड़े कण आपकी आंखों और नाक में जलन पैदा कर सकते हैं, जबकि बहुत छोटे कण फेफड़ों में गहराई तक जा सकते हैं। बाद वाले कण हमारे लिए ज्यादा हानिकारक होते हैं और कीड़ों के एंटीना पर जमा हो सकते हैं।

एंटीना पर प्रदूषक तत्वों के जमने के कारण कीटों का सूचना तंत्र काम करना बंद कर देता है। आपस में संदेशों का आदान, प्रदान नहीं कर पाते। भोजन, अपने साथी को खोजना या अपने ठिकानों को तलाश करने की उनकी शक्ति क्षीण हो जाती है। उनके एंटिना काम करना बंद कर देते हैं और कीट एक जिंदा लाश बन जाता है। जो समय से पहले मर जाता है। कीटों की सिग्नलिंग प्रणाली डिस्टर्ब हो जाती है। नाइट्रस ऑक्साइड या ओजोन जैसे गैसीय वायु प्रदूषकों की तुलना में कणीय पदार्थों का संपर्क कीटों और पारिस्थितिकी तंत्र के लिए अधिक खतरनाक हो सकता है। इंसान को यह समझना होगा कि ये नन्हें कीट, तितलियां, फ्लाइज हमारे पारिस्थितिकी तंत्र में कीटों और बीमारियों के नियमन, परागण और पोषक चक्रण के माध्यम से महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिनमें से सभी के लिए रासायनिक संकेतों का प्रभावी पता लगाना आवश्यक है।

सोशल फोरम

व्यक्ति सापेक्ष कुछ सत्य नहीं

दुनिया में जितने भी तथाकथित भगवान हैं, वे सभी मनुष्य की कल्पना की उपज हैं। इन्हें मनुष्यों ने गढ़ा है। इसीलिए मनुष्य के अलावा दुनिया के किसी अन्य जीव के पास कोई भगवान नहीं है। दुनिया के विभिन्न क्षेत्रों की प्राकृतिक परिस्थितियां एक-जैसी नहीं हैं, उनमें भिन्नता के कारण वहां के निवासियों की सभ्यताएं और संस्कृतियां भी भिन्न हैं। उनके विचार अलग हैं और विचारों के अलग होने के कारण उनके भगवान संबंधी विचार भी भिन्न हैं। भले ही यह भिन्नता बहुत सूक्ष्म हो।



अशोक कुमार वर्मा
सेवानिवृत्त आईपीएस

सच तो यह है कि एक ही संस्कृति के दो व्यक्तियों के भगवान संबंधी विचार भी एक-जैसे नहीं हो सकते। अपने विचारों में व्यक्ति अभिव्यक्त होता है। प्रत्येक व्यक्ति के भगवान में उसका ख़ुद का व्यक्तित्व झलकता रहता है। विचारों के व्यक्ति सापेक्ष होने के कारण ही दुनिया में एक ही धर्म या मत के मानने वालों में भी असंख्य मत-मतांतर हैं, संप्रदाय और समूह हैं। यह अंतर कई बार इतना प्रगाढ़ होता है कि एक ही धर्म के मानने वाले दो समूह एक-दूसरे के शत्रुता के स्तर तक विरोधी होते हैं।

केवल अपने धर्म को सत्य और निरपेक्ष मानना व्यक्ति की गलत समझ का परिणाम है। व्यक्ति सापेक्ष कोई भी चीज़ सत्य और निरपेक्ष नहीं हो सकती। सभी मनुष्यों के लिए जो एक-जैसी है, वही सत्य और निरपेक्ष है। भगवान संबंधी विचार इसीलिए सत्य और निरपेक्ष नहीं हैं, क्योंकि सभी मनुष्यों के भगवान संबंधी विचार भिन्न-भिन्न हैं।

वास्तव में मानव के विचारों से पूरी तरह स्वतंत्र और अप्रभावित हवा, पानी, सूर्य, आदि तत्व ही निरपेक्ष हैं। निरपेक्ष वही हो सकता है जो हवा, पानी, सूर्य, आदि की तरह समस्त मानवता के लिए एक-जैसा हो।

व्यक्ति के विचार सापेक्ष होते हैं, वे निरपेक्ष नहीं हो सकते। इस सामान्य तथ्य को भूलना ही व्यक्ति को असहिष्णु बनाता है। असहिष्णुता का उत्स मनुष्य की इसी प्रवृत्ति में है। व्यक्ति की असहिष्णुता उसके असभ्य और असामाजिक होने का प्रमाण है।

-फेसबुक वॉल से

सरकार चुनने में जन मनोभावों की भूमिका

सरकारों को चुनने की प्रक्रिया में सामान्य जन मनोभावों या अनुभूति (परसेप्शन) की बड़ी भूमिका है। इन दिनों जैसा माहौल बन रहा है वह निश्चित रुप से वर्तमान सरकार के अनुकूल नहीं है। राज्यों में बड़े निर्माण कार्य चाहे किसी भी दल की सरकारों द्वारा कराए गए हों लेकिन इन दिनों अनेक पुलों के धराशायी होते जाने, कई प्रदेशों के एअरपोर्ट के क्षतिग्रस्त होने की लगातार आ रही खबरें वर्तमान सरकार के विरुद्ध ही जनमत तैयार कर रही है। क्या निर्माण कार्यों में भारी अनियमितता या कमीशनखोरी हुई है? जनभावना तो ऐसी ही बन रही है और विपक्षी दल इसे हवा दे रहे हैं।

नए-नए बने रामपथ का कई जगहों पर ध्वस्त हो जाना तो सचमुच विचलित करता है। विरोधी पार्टियां मुखर होकर कह रही हैं कि इन सारे कामों का उद्घाटन सामान्य निर्वाचन के पूर्व कराये जाने की जल्दीबाजी थी। इसलिए निर्माण कार्य घटिया स्तर का हुआ और इन आरोपों का आश्वस्तिदायक और प्रभावी खंडन रुलिंग पार्टी द्वारा नहीं हो रहा है। विरोधी दलों द्वारा कुछ ऐसा हौवा खड़ा किया जा रहा है जैसा संविधान को बदलने या आरक्षण को खत्म कर देने की अफवाहों का हुआ था और एक बड़ा मतदाता समूह इन्हें सच मान बैठा था। समाजवादी पार्टी के मुखिया अभी भी आरक्षण वाली ढोल पीटे जा रहे हैं और उन्हें माकूल जवाब नहीं दिया जा पा रहा है जिससे आम जनता का भ्रम निवारण हो सके। न जीत न हार के पश्चात आम जनों के बीच जाकर उनका विश्वास जीतना तो जैसा भाजपा नेताओं के डीएनए में ही नहीं है। फिर सब अंतर्धान हो गए हैं।

डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

हमारे गांव के कुछ वंचित तबके के लोग जो रोजी-रोटी के लिए मुंबई, कोलकाता और बंगलौर आदि शहरों में रह रहे हैं उनको अपने राशन कार्ड की सुविधा जारी रखने के लिए केवाईसी के लिए वापस मूल स्थानों पर लौटने के लिए विवश किया जा रहा है। जबकि किसी भी लाभार्थी को राशन की निर्धारित सुविधा कहीं भी प्राप्त करना अनुमन्य है तो फिर आज की डिजिटल तकनीकों से क्यों नहीं उनकी केवाईसी वहीं हो सकती है, जहां वे मौजूदा रुप से रह रहे हैं? एक यह भी मुद्दा तेजी से उभर रहा है जिसका समय रहते समाधान जरुरी है। अन्यथा भाजपा का एक बड़ा 'लाभार्थी वोटर समूह' भी असंतुष्ट हो जाएगा।

छुट्टा गोवंश और नीलगायों से निरंतर किसानों की फसलों की बर्बादी का मुद्दा जस का तस है। अब किसान बिचारे भरे मन से इसे अपनी नियति मान लिए हैं। जिस गति से नव निर्मित सड़कें और निर्मित संरचनाएं ध्वस्त हो रही हैं कई 'मिस्टर क्लीन' छवि वाले जनप्रतिनिधि भी शंकाओं के दायरे में आ रहे हैं। मात्र अभियंताओं पर कार्रवाई पर्याप्त नहीं है। निर्माण के उत्तरदायी तो संबंधित ठेके लेने वाली कंपनियां और विभागों के मंत्रीगण भी तो हैं। कम से कम उन पर भी जांच बैठाकर सरकार की निष्पक्षता दिखाई जा सकती है। और निरंतर बढ़ती जा रही इस अफवाह (या सच्चाई?) कि ज्यादातर ठेके गुजरात की कार्यदाई संस्थाओं को दिए गए हैं का भी सच आम जनता सुनना चाह रही है। कोई बताएगा? संतुष्टिदायक विवरण चाहिए।

अब नए चुनावों का सिलसिला शुरु हो रहा है। उपचुनावों को भी आगामी विधानसभा चुनावों का मापदंड/ संकेतक निश्चित तौर पर माना जाएगा। सत्तारुढ़ दल के समर्थक मतदाता खिन्न हैं कि सरकारें वह तत्परता अभी भी नहीं दिखा रहीं जिनसे अभी संपन्न चुनाव में उन्हें धक्का लगा है। जो सामान्य 'परसेप्शन' बन रहा है वह रुलिंग पार्टी के पक्ष में नहीं है।

ये बारिश का पानी

कुछ ही दिनों की बात है कि प्रचंड गर्मी से उबरने के लिए देश बारिश की दुआएं मांग रहा था। अभी मानसून की बारिश शुरु ही हुई है कि देश के कई-कई शहरों के डूबने की ख़बरें आने लगी है। आने वाले दिनों में मीडिया ऐसी खबरों से भरी रहने वाली है। कुछ ही दशकों पहले के दिन याद करिए जब बरसात की बारिश शुरू होती थी तो कई-कई दिनों तक रुकने का नाम नहीं लेती थी। सड़क और खेत सब पानी-पानी।

बारिश या बाढ़ का पानी घरों में घुस गया तब भी बदहवासी नहीं। घुटने भर पानी में छप्पा-छप्पा खेल लिया या कागज़ की कश्ती चला ली। तब प्रकृति का सहज स्वीकार हुआ करता था। बारिश और बाढ़ का पानी अपने में समेट लेने के लिए तब हर गांव-शहर में बड़े-बड़े तालाब और जलाशय भी होते थे और गहरे-गहरे कुएं भी। पानी आया भी तो कुछ ही देर या कुछ ही दिनों में उतर जाता था।



ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

प्रकृति-चक्र तेजी से बदला है। वैसी बारिश अब नहीं होती है। शहरों और गांवों में आधे घंटे की बारिश हुई नहीं कि हाहाकार मच जाता है। बारिश अब आनंद का नहीं, आफत का सबब हो चला है। प्रकृति से लड़ते-लड़ते प्रकृति से कितने दूर होते चले गए हैं हम?

सृष्टि यदि है तो बारिश भी होगी। नदियां हैं तो बाढ़ भी आएंगी। बारिश या बाढ़ अपने साथ पृथ्वी को नए सिरे से गढ़ने का संकल्प लेकर आती हैं। योजनाविहीन शहरों-गांवों के निर्माण, जल-निकासी की कुव्यवस्था, कंक्रीट के जंगल उगाने के लिए असंख्य तालाबों, जलाशयों और कुओं की हत्या और नदियों पर असंख्य डैम और बांध बनाकर हमने प्रकृति के साथ जैसे युद्ध छेड़ा हुआ है। प्रकृति के साथ हमारा ऐसा ही सलूक जारी रहा तो वह दिन दूर नहीं जब हमारे डूब मरने के लिए बारिश का चुल्लू भर पानी भी पर्याप्त होगा।

एक नजर

सूदखोरों से परेशान युवक ने दी जान

कानपुर, अमृत विचार : सनिगवां में सूदखोरों के परेशान करने पर चिश्ती नगर सनिगवां निवासी 40 वर्षीय चांद खां ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह चार भाइयों में सबसे बड़ा था। परिजनों ने बताया कि उसने आधार कार्ड से चार से पांच लोगों से लोन ले रखा था। जिसे वह नहीं लौटा पा रहा था। इस कारण सूदखोर उसे लगातार फोन कर और घर आकर धमकी दे रहे थे। इससे क्षुब्ध होकर उसने फांसी लगाकर देर रात जान दे दी।

धमकी पर युवक ने गोली मारकर जान दी

सुमेरपुर, हमीरपुर, अमृत विचार : कस्बे में नेहा चौराहा के निकट सोमवार सुबह युवक ने प्रेम-प्रसंग के मामले में फर्जी मुकदमे की धमकी से परेशान होकर तमंचा से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। इस घटना से परिवार में कोहराम मचा है। मृतक अपने माता-पिता की इकलौती संतान थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। नेहा चौराहा के पास बांकी मार्ग पर रजवा सोनी की बेकरी एंड कोल्ड ड्रिंक्स की दुकान है। दुकान में रजवा के साथ उसका इकलौता बेटा मोंटी (26) भी हाथ बंटाता था।

बारिश से छत धराशायी किसान की दबकर मौत

खागा फतेहपुर, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के टेनी मजरे नरौली गांव में बारिश के चलते ट्यूबवेल की छत गिर जाने से कोठरी में सो रहे किसान की मौत हो गयी। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजवा दिया। राजस्व टीम ने भी घटनास्थल पर पहुंच कर जायजा लिया। टेनी मजरे नरौली निवासी नारायण की छत गिरने के कारण दबकर मौत हो गयी।

नाले में डूबने से तीन किशोरों की मौत

सिद्धार्थनगर का मामला, पाइप के एक छोर से घुसे, तेज धार में बहते हुए गहरे पानी में चले गए

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। ज़िला मुख्यालय स्थित पुरानी नौगढ़ चौकी के पीछे जमुआर नाले में डूबने से तीन किशोरों की दर्दनाक मौत हो गई। घटना सोमवार को दोपहर में करीब तीन बजे की बताई जाती है। मृतकों में 13 वर्षीय रूद्र पुत्र विनोद, 12 वर्षीय सफी पुत्र सलीम और आयुष पांडेय पुत्र अनूज पांडेय निवासी मोहल्ला भगतसिंह थाना सदर के है।

बताया जाता है कि सभी नहाते समय गहरे पानी में चले गए। इनके आसपास नहा रहे अन्य बच्चों ने डूबते देखा तो शोर मचाया, जब तक लोग पहुंचते तीनों नाले में डूब गए। मौके पर पहुंचे लोगों ने इनकी तलाश शुरू की। काफी देर बाद तीनों को बाहर निकाला गया। मौजूद लोग इन्हें लेकर माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कालेज के इमरजेंसी में पहुंचे। वहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया।

घटना की जानकारी होने पर एएसपी सिद्धार्थ भी मेडिकल कालेज पहुंकर स्थिति की जानकारी ली। पुरानी नौगढ़ चौकी से कुछ दूर से होकर जमुआर नाला गुजरा है। यहां पर आसपास के गांव एवं मोहल्लों के काफी बच्चे अक्सर नहाने पहुंचते हैं। घटना के समय भी काफी संख्या में बच्चे नाले में नहा रहे थे। इसी बीच तीनों किशोर नाले में लगे ह्यूम पाइप के एक छोर से पानी में घुसे और दूसरे तरफ निकलने की कोशिश में थे कि पानी की तेज धार में वह बहते हुए गहरे पानी में चले गए। पुरानी नौगढ़ चौकी प्रभारी अनूप कुमार मिश्रा ने बताया कि स्वजन कानूनी कार्रवाई नहीं चाहते थे।

गंगा में कानपुर के पांच युवक डूबे, दो की मौत

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार : कानपुर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में रहने वाले 5 युवक सोमवार देर शाम गंगा नहाने के लिये गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के जाजमऊ चंदन घाट पर पहुंचे। गहरे पानी में जाने के कारण डूबने लगे। तट पर मौजूद लोगों ने तीन को सकुशल निकाल लिया जबकि दो युवकों की मौत हो गई। कानपुर के बाबूपुरवा थाना क्षेत्र के बेगमपुरवा निवासी गुलफाम (22), यहीं के रहने वाले मोहम्मद अफरोज (34) पुत्र स्व. अनवर अली अपने साथी नौबस्ता थाना क्षेत्र के मछरिया निवासी सलमान पुत्र कासिम खान, यहीं के चांद बाबू पुत्र मुन्ना व जाजमऊ थाना क्षेत्र के चुंगी निवासी लाला के साथ सोमवार शाम लगभग सात बजे जाजमऊ चंदन घाट पर गंगा नहाने आये थे। गंगा नहाने के दौरान गुलफाम और अफरोज गहरे पानी में चले गये। यह देख सलमान, चांद और लाला उन्हें बचाने के लिये दौड़े।

करंट की चपेट में आया किशोर, मौत

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार: खेत की सुरक्षा के लिए लगाए गए कंटीले तार में दौड़ाए गए करंट ने 15 साल के किशोर की जान ले ली। मवेशी चराने निकला किशोर अचानक कंटीले तार में दौड़ाए गए करंट की चपेट में आ गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं किशोर की मौत से उसके परिजनों में कोहराम मच गया है। यह दर्दनाक घटना करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र के खजुरिया गांव की है। गांव की हेमलता ने बताया कि सुबह करीब नौ बजे उसका बेटा मुकेश उर्फ लल्लन (15) मवेशियों को लेकर चराने गया था तभी हादसा हो गया।

छेड़छाड़ के दोषी को तीन साल का कारावास

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार: जयसिंहपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में तीन साल पूर्व 15 वर्षीय नाबालिग किशोरी से घर में घुसकर छेड़छाड़ करने के आरोपी महेन्द्र अग्रहरि को पॉक्सो कोर्ट न्यायाधीश नीरज श्रीवास्तव ने सोमवार को तीन साल के कारावास की सजा सुनाई।

एडीजीसी रमेश चन्द्र सिंह के मुताबिक दोषी ने 12 जनवरी 2021 को घर में अकेली पाकर किशोरी से छेड़छाड़ किया था। पीड़िता के परिवार वालों की तहरीर पर केस दर्ज कर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की। अभियोजन पक्ष की तरफ मुकदमे के दौरान पेश किए गये गवाहों के साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने शनिवार को आरोपी महेन्द्र को दोषी ठहराया था, जिसकी सजा के बिन्दु पर सुनवाई करते हुए न्यायाधीश नीरज श्रीवास्तव ने सोमवार को दोषी को तीन साल की सजा सुनाई। कोर्ट ने दोषी पर 21 हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया। कोर्ट ने अर्थदंड की आधी धनराशि बतौर क्षतिपूर्ति पीड़िता को देने का आदेश भी दिया है।

गाड़ी रोकने से सहमत नहीं, रोकें चेकिंग अभियानः ब्रजेश पाठक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

कानपुर में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के व्यक्तित्व पर संगोष्ठी में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक का सम्मान करते भाजपा नेता। अमृत विचार

अमृत विचार। वीआईपी कल्चर को खत्म करने के लिये चल रहे चेकिंग अभियान को लेकर डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि इस तरह से नेताओं की गाड़ी रोके जाने से मैं सहमत नहीं हूं। यह अभियान तुरंत रोका जाना चाहिये। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के व्यक्तित्व पर संगोष्ठी में शामिल होने मंदाकिनी होटल साकेत नगर पहुंचे डिप्टी सीएम ने पुलिस को सख्त हिदायत देते हुये कहा कि चेकिंग के नाम पर कार्यकर्ताओं से अभद्रता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गोविंद नगर पुलिस द्वारा भाजपा के जिला उपाध्यक्ष शैलेंद्र त्रिपाठी और भाजपा नेता गौरव त्रिपाठी पर दर्ज किये गये मुकदमे को लेकर पुलिस कमिश्नर से बात हो गई है। कार्यकर्ताओं पर हुये मुकदमे खत्म होंगे।,दोपहर 12 बजे संगोष्ठी में पहुंचे डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक का मंच पर क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, जिला अध्यक्ष शिवराम सिंह, दीपू पांडे आदि ने स्वागत किया।

आबरू पर हमले का आरोपी गिरफ्तार

अयोध्या कार्यालय: शादी के लिए हां न करने पर महिला सहकर्मी का जीना दुश्वार किए जाने के मामले में नगर कोतवाली पुलिस ने आरोपी सिपाही को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में पीड़िता ने एसएसपी को शिकायत देकर एक सप्ताह पूर्व नगर कोतवाली में नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी। प्रकरण चर्चा में आने के बाद विभाग ने आरोपी सिपाही को निलंबित किया था। रिपोर्ट दर्ज होने के पूर्व सिपाही को हैदरगंज थाना स्थानांतरित कर दिया गया था और वह आमद दर्ज कराने के बाद छुट्टी लेकर अपने गांव चला गया था। औरैया निवासी महिला आरक्षी ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई थी।

विधान परिषद के उपचुनाव में बहोरन लाल भाजपा प्रत्याशी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

मतदान व मतगणना 12 जुलाई को

अमृत विचार। विधान परिषद की रिक्त एक सीट पर हो रहे उप चुनाव में भाजपा से बहोरन लाल मौर्य को प्रत्याशी बनाया गया है। भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति ने सोमवार को मौर्य के नाम पर अपनी स्वीकृति दे दी। इस सीट के लिए 12 जुलाई को मतदान व मतगणना होगी। इससे पहले दो जुलाई को नामांकन है। परिषद की यह सीट पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य के इस्तीफे के कारण खाली हुई है। सपा में रहने के दौरान स्वामी प्रसाद मौर्य ने परिषद के सदस्य निर्वाचित हुए थे, पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव से अनबन के कारण उन्होंने इस पद से इस्तीफा दे दिया था। उप चुनाव में सपा ने अभी तक कोई प्रत्याशी नहीं उतारा है। इस सीट पर विधानसभा सदस्यों के मतों से चुनाव होना है। विधानसभा में सपा के पास 105 सदस्य हैं, जबकि भाजपा के पास 251 सदस्य हैं। ऐसे में संख्या बल में कम होने के कारण सपा ने उप चुनाव से दूरी बना ली है। ऐसे में भाजपा प्रत्याशी की निर्विरोध जीत तय मानी जा रही है।

बरेली से विधायक रह चुके हैं बहोरन

बहोरन लाल मौर्य बरेली की भोजीपुरा सीट से 2017 में विधायक चुने गये थे। वह बरेली में भाजपा के जिलाध्यक्ष और राज्यमंत्री भी रहे। वर्ष 2022 में भाजपा ने उन्हें दोबारा प्रत्याशी बनाया था, पर वह चुनाव हार गए थे। सपा के शहजिल इस्लाम ने उन्हें हराया था। बताया जा रहा कि बहोरन लाल को टिकट देकर भाजपा ने सपा के पीडीए फैक्टर को जवाब देने की कोशिश की है।

गोंडा के लखनीपुर में युवक की हत्या

संवाददाता, इटियाथोक

अमृत विचार: इटियाथोक थाना क्षेत्र के लखनीपुर गांव में मामूली विवाद को लेकर एक युवक की हत्या कर दी गयी और उसका शव आम के पेड़ पर लटका दिया गया। सोमवार की सुबह युवक का शव फंदे से लटकता मिला तो गांव में हड़कंप मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक की पत्नी ने गांव के ही पांच लोगों पर पति की हत्या कर शव पेड़ पर लटकाने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इटियाथोक थाना क्षेत्र के ग्राम लखनीपुर के मकदूम पुरवा निवासी राज किशोर यादव (32) की पत्नी पूजा के मुताबिक रविवार को उसके गांव के रहने वाले मिथिलेश से विवाद हो गया था। आरोप है कि विवाद में मिथिलेश ने पूजा का जेवर छीन लिया था और उसके साथ मारपीट की थी। पत्नी को बचाने गए राज किशोर को भी आरोपियों ने मारा पीटा था। पूजा का आरोप है कि रविवार की देर रात मिथिलेश समेत पांच युवक उसके घर में घुस आए और उसके मुंह में कपड़ा ठूंस कर उसे रस्सी से बांध दिया। इसके बाद जमीन पर सो रहे उसके पति राजकिशोर यादव को लेकर चले गए। सोमवार की सुबह राज किशोर का शव आम के पेड़ पर फंदे के सहारे लटकता मिला। पूजा का आरोप है कि मिथिलेश और उसके साथियों ने राज किशोर की हत्या कर दी और उसका शव फंदे से लटका दिया।

ट्रेन की चपेट में आने से युवक की गई जान

नवाबगंज, अमृत विचार : ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अयोध्या-मनकापुर रेलमार्ग पर शुगर मिल कालोनी के पास पंडित पुरवा गांव के सामने सोमवार की सुबह पांच बजे अयोध्या से मनकापुर की तरफ जा रही मालगाड़ी की चपेट में आने एक तीस वर्षीय युवक की मौके मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि मृतक विक्षिप्त युवक था जो एक एक दिन पहले सड़क पर घूम रहा था। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि मृतक विक्षिप्त युवक था।

कंटेनर की टक्कर से मां-बच्चे की मौत

फर्रुखाबाद, अमृत विचार: थाना राजेपुर क्षेत्र में इटावा बरेली नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार कंटेनर ने बाइक में टक्कर मार दी। बाइक सवार किसान की पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई और 11 माह का बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीर घायल बच्चे को लेकर जिला अस्पताल लाए। वहां बच्चे को भी चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। पड़ोसी जिला शाहजहांपुर के थाना अल्लाहगंज के ग्राम सपाह धरमपुर पिडरियां निवासी ओमवीर सोमवंशी सोमवार को पत्नी प्रतिमा सोमवंशी (30) व 11 माह के पुत्र केशव के साथ पांचाल घाट आए थे। गंगा पूजन के बाद वह बाइक से वापस जा रहे थे तभी हादसा हो गया।

पॉलिटेक्निक में महिला छात्रावास की बढ़ी आस

अयोध्या, कार्यालय

अमृत विचार : लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे स्थित पॉलिटेक्निक में निर्माणाधीन महिला छात्रावास के पूरे होने की आस बढ़ गई है। प्रस्तावित छात्रावास के निर्माण की योजना पर फिर से काम शुरू हुआ है। शासन स्तर से अवशेष लागत की रकम अवमुक्त होने के बाद कार्यदायी संस्था ने योजना को धरातल पर उतारने के लिए कवायद शुरू कर दी है।

बताया गया कि राजकीय पॉलिटेक्निक के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण के लिए आने वाली लड़कियों को परिसर में ही आवासीय सुविधा उपलब्ध कराने के लिए 2009 में एक-एक क्षमता के कुल 60 कमरों के निर्माण की योजना पर काम शुरू हुआ था। शासन की ओर से योजना को धरातल पर उतारने का जिम्मा उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ लिमिटेड को सौंपा गया था। कार्यदायी संस्था द्वारा प्रक्रिया शुरू की गई व निविदा बाद निर्माण प्रारंभ कराया गया। वर्ष 2011 तक कार्यदायी संस्था केवल सिवल कार्य का लगभग आधा काम ही करवा पाई और इसके बाद योजना पर काम रुक गया। लगभग डेढ़ दशक बाद अब तकनीकी शिक्षा विभाग और शासन को इस लंबित योजना की सुधि आई है।

सार-संक्षेप

अतीक के बेटे उमर व अली के खिलाफ चार्जशीट दाखिल

प्रयागराज, अमृत विचार : अधिवक्ता उमेश पाल हत्याकांड के मामले में साजिश रचने वाले अतीक अहमद के बेटे उमर और अली के खिलाफ सोमवार को पुलिस ने चार्ज सेट कोर्ट में दाखिल कर दी। उमेश पाल हत्याकांड में दोनों को आरोपी है। उमर एसटी की जेल में और अली नैनी सेंट्रल जेल में बंद है। बीते 24 फरवरी 2023 को प्रयागराज के जयंतीपुर धूमनगंज इलाके में माफिया के कुख्यात शूटरों ने अधिवकता उमेश पाल को गोलियां से छलनी कर दिया था। इस दिल दहला देने वाली घटना में उनके दो सरकारी सुरक्षाकर्मियों की भी हत्या कर दी गई थी। प्रयागराज पुलिस ने इस घटना में माफिया अतीक अहमद के दोनों बेटे उमर और अली को साजिश रचने के आरोप में आरोपी बनाया था। इन दोनों उमर लखनऊ जेल में बंद है, जबकि अली नैनी सेंट्रल जेल में बंद है। इस मामले में पुलिस ने लखनऊ जाकर उमर का बयान दर्ज किया था जबकि अली का बयान नैनी सेंट्रल जेल में लिया गया था। इस बयान में अली ने कई खुलासे किये थे। इस की लखनऊ लेकर अली ने अपने गुनाहों को काबूल किया था। उसने बयान में बताया था कि इस हत्याकांड में उसने अपने भाई असद को शामिल करने के लिए अब्बा से माना किया था लेकिन वह नहीं माने थे। इस घटना में पहले भी चार्ज शीट दाखिल की गई थी जिसमें सदाकत खान फिर खान शौलत हनीफ, इकलाख अहमद समेत आठ आरोपियों के खिलाफ चार्ज शीट लगेई गई थी। प्रयागराज पुलिस ने अतीक अहमद के दोनों बेटे उमर और अली के खिलाफ हिस्ट्रीशीट भी खोली थी जिसमें दोनों को हिस्ट्रीशीटर घोषित किया गया था।

धोखाधड़ी समेत अन्य आरोप में केस दर्ज करने का आदेश

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार : थाना क्षेत्र कोतवाली नगर के खैराबाद निवासी दीवानी के अधिवक्ता मोहम्मद सलीम के साथ धोखाधड़ी करने के मामले में सीजेएम नवनीत सिंह ने सिरवारा रोड निवासी मुश्ताक के खिलाफ प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर को मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है। पीड़ित अधिवक्ता ने आरोप लगाया है कि शाहगंज स्थित उसके मकान के कूटरचित दस्तावेज तैयार कर बड़ौदा ग्रामीण बैंक अलीगंज शाखा से मुश्ताक ने लोन के लिए अधिवक्ता के कूटरचित हस्ताक्षर बनाकर कूटरचित दस्तावेज दाखिल किए थे। थाने व एसपी के यहां से कारवाई न होने पर कोर्ट ने मोहम्मद सलीम की अर्जी पर संज्ञान लेते हुए केस दर्ज करने का आदेश दिया है।

अधिवक्ता हत्याकांड में सुनवाई टली

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार : अधिवक्ता आजाद अहमद हत्याकांड में सोमवार को वकीलों के प्रस्ताव के कारण सुनवाई नहीं हो सकी। वादी पक्ष के वकील शेख नजर अहमद ने बताया कि कोर्ट ने सुनवाई के लिए 10 जुलाई की तारीख नियत की है। अधिवक्ता आजाद अहमद की बीते साल छह अगस्त को भुलकी चौराहे के पास गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जबकि, उनके भाई मुनव्वर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। मृतक के पिता मो. सलीम ने कोतवाली नगर के लोलेपुर गांव निवासी सिराज अहमद उर्फ पप्पू, घरहा निवासी इस्माइल उर्फ प्रिंस, सोहराब, मेराज, सलमान समेत कई आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था।

करंट लगने से महिला की मौत

जसवंतनगर, इटावा : बलरई थाना क्षेत्र के गांव घुरा जाखन में रास्ते में टूटे पडे बिजली के तार की चपेट में आने और करंट लगने से एक महिला गंभीर रूप से झुलस कर घायल हो गई। जानकारी मिलने पर परिवार के लोग उसे लेकर जिला अस्पतल पहुंचे जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। गांव जाखन के रहने वाले शारदा प्रसाद राजपूत की 40 वर्षीय पत्नी रामकुमारी दोपहर के समय यमुना नदी की तरफ अपने खेतों की तरफ जा रही थीं। गांव के निकलने के बाद प्राइमरी स्कूल से थोड़ा आगे पहुंची तो जमीन पर टूटे पड़े हुए बिजली के तार में उलझ गई तार में करंट आ रहा था। करंट लगने से वह झुलस कर घायल हो गई। घायल होने की जानकारी मिलने पर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और रामकुमारी को घायल अवस्था में जिला अस्पताल में लेकर आये, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

घाघरा में कूदी युवती की लाश बरामद

निघासन, खीरी, अमृत विचार : ढखेरवा पुलिस का कारनामा तो देखिए 19 जून को प्रेमी के साथ घाघरा नदी में कूदी युवती की लाश दसवें दिन शारदा नदी से बरामद करा दी। हकीकत में शारदा नहर में मिली लाश चौकी ढखेरवा क्षेत्र से ही लापता महिला की थी। अब महिला के परिजनों ने उसके कपड़ों से शिनाख्त की तो ढखेरवा चौकी इंचार्ज रविंद्र सोनकर को जवाब देते नहीं सूझ रहा है। मामला क्षेत्र में चर्चा का केन्द्र बना है। वहीं, सीओ निघासन प्रवीण कुमार ने पूरे मामल की जांच कराने की बात कही है। ढखेरवा गांव की 18 वर्षीय युवती अपने घर से लापता हो गई थी। परिजनों ने गांव के ही किशोर के साथ प्रेम प्रसंग होने और उसी के साथ भाग जाने की सूचना पुलिस को दी थी। अगले दिन 20 जून को किशोर का शव बहराइच के सुजौली थाना क्षेत्र में घाघरा नदी के पास बने बांध के पानी से बरामद हुआ था। युवती का दुपट्टा किशोर के शव के साथ निकला था।

भक्तों से भरी बस में ट्रक ने मारी टक्कर, एक की मौत

ताखा, इटावा, अमृत विचार : राजस्थान से अयोध्या जा रही तीर्थ यात्रियों से भरी बस में आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर पीछे से तेज गति से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बस का पीछे का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। इस हादसे एक यात्री की मौत हो गई जबकि नौ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की जानकारी मिलने पर यूपीडा व पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला। सभी घायलों को पीजीआई में भर्ती कराया गया है।

रामलला के दर्शन को आए दो भक्तों की मौत

अयोध्या कार्यालय

कर्नाटक और बिहार से आए थे रामलला का दर्शन करने

अमृत विचार : रामलला का दर्शन करने जा रहे दो बुजुर्ग श्रद्धालु सोमवार को अचानक बेहोश हो गए। परिवार की ओर से श्रीराम अस्पताल पहुंचाए जाने पर ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। हादसा अलग-अलग समय हुआ। डॉक्टरों ने शव को मोर्चरी में रखवा पोस्टमार्टम के लिए मेमो थाना राम जन्मभूमि पुलिस को भेजवाया है।

कर्नाटक प्रान्त के उत्तर कर्नाटका जनपद के थाना करवार स्थित करवार चेंडिया निवासी बुजुर्ग राघवदास साहूकार (71) पुत्र स्व. दामोदर साहूकार दर्शन-पूजन के लिए अपनी पत्नी के साथ अयोध्या आए थे। सोमवार को वह रामलला का दर्शन करने जा रहे थे। इसी दौरान उनको चक्कर आया और वह बेहोश हो गए। श्रीराम अस्पताल में चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं अस्पताल लाए जाने पर एक और बुजुर्ग श्रद्धालु बैजू प्रसाद गुप्ता (67) पुत्र नातिन शाह निवासी क्वाटर नंबर तीन टेलीफोन एक्सचेंज परिसर मुजफ्फरपुर बिहार को मृत घोषित किया गया है।

कोतवाली क्षेत्र के मवईया जमालपुर गांव निवासी प्रदीप कुमार यादव का 20 वर्षीय पुत्र गौरव यादव आज सुबह अपने खेत की मेड बांधने गया था। तभी उसका खेत की मेड पर पैर फिसला और वह समीप स्थित तालाब के गहरे पानी में डूब गया।

तालाब में डूबकर छात्र की मौत

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के मवईया जमालपुर गांव के समीप खेत की मेड़ बांधने गए इंटर के छात्र का पैर फिसल गया और वह पास ही बने तालाब के गहरे पानी में डूब गया। परिजनों को जानकारी हुई तो तुरंत उसको बाहर निकाल कर इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

कोतवाली क्षेत्र के मवईया जमालपुर गांव निवासी प्रदीप कुमार यादव का 20 वर्षीय पुत्र गौरव यादव आज सुबह अपने खेत की मेड बांधने गया था। तभी उसका खेत की मेड पर पैर फिसला और वह समीप स्थित तालाब के गहरे पानी में डूब गया।

पहले पीटा, फिर प्लास से निकाले पैर के नाखून

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

पिता की शिकायत पर पुलिस कर रही जांच

अमृत विचार। बकेवर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव में टेंट हाउस में काम करने वाले दलित मजदूर को दबंगों ने पीट-पीट कर मरणासन्न कर दिया। फिर प्लास से उसके पैर के नाखून उखाड़े। शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। जगदीशपुर गांव निवासी शिवम कोरी (19) पुत्र संतोष कोरी को दबंग एक कार्यक्रम में टेंट-लाईट के काम को अंजाम देते समय उठा ले गए और बाहर ले जाकर अमानवीय व्यवहार की सारी सीमाएं पार कर दी। जिला अस्पताल के स्ट्रेचर पर मरणासन्न हालत में पड़े मजदूर पर दबंगों का ऐसा कहर बरपा, जिसकी कहानी सुनकर आपके रोंगटे खड़े हो जाएंगे। घायल के पिता संतोष कोरी ने बताया कि शिवम कोरी टेंट हाउस में मजदूरी का काम करता है। बकेवर कस्बे में एक भंडारा में टेंट लगाए हुए था। वहां पर किसी बात को लेकर आपस में वाद-विवाद हो गया, जिसके बाद दबंगों ने उसे रॉड से बुरी तरह पीटा। प्लास से पैर के नाखून तक निकाल दिए। शिवम की हालत गंभीर बताई जा रही है।

दो आरोपियों को एसटीएफ ने दबोचा

इटावा, अमृत विचार: उत्तर प्रदेश के इटावा जिले में इकदिल इलाके में चांदनपुर गांव के पास गाजीपुर बांद्रा एक्सप्रेस रेलगाड़ी से ट्रांजिट रिमांड पर ले लाने के दौरान पुलिस हिरासत से फरार हुए दो आरोपियों को स्पेशल टास्क फोर्स ने लखनऊ से गिरफ्तार कर लिया है। कुल तीन आरोपी 17 जून को फरार हुए थे। एक आरोपी पहले ही गिरफ्तार हो चुका है। बाकी दो आरोपियों को एसटीएफ ने दबोच लिया। 17 जून को गाजीपुर बांद्रा रेलगाड़ी इन तीन आरोपियों को पुलिस कड़ी सुरक्षा में ले जा रही थी। सुबह करीब सवा 6 बजे के आसपास पुलिसकर्मी रेलगाड़ी में सो गए और आरोपी बड़े आराम से फरार हो गए।

सुविधा सऊदी सरकार के इतिहास में पहली बार हज के तीसरे दिन ही खोला गया उमरा वीजा

उमरा वीजा लेकर सऊदी में कहीं भी जाने की छूट

जमीर सिद्दीकी, कानपुर

अमृत विचार। सऊदी सरकार ने पहली बार हज के तीसरे दिन ही उमरा वीजा खोलने के साथ ही कई सहूलियत प्रदान की हैं। अभी तक उमरा वीजा एक माह के लिए वैध होता था लेकिन अब इसकी वैधता तीन माह कर दी गई है। इससे भी बड़ी बात यह है कि उमरा वीजा धारक सऊदी के अंदर सिर्फ एक बार प्रविष्टि कराकर कहीं भी आवागमन कर सकेंगे। इस राहत से सऊदी में लोग अपने रिश्तेदारों से आसानी से मिल सकेंगे। पहले उमरा वीजा पर जाने वाले सिर्फ मक्का और मदीना ही जा सकते थे। इसके अलावा कहीं और जाने की इजाजत नहीं थी। इस बार हज समाप्त होने के तीसरे दिन ही उमरा वीजा खोल दिया गया, इससे पहले उमरा वीजा हज के तीन माह बाद रबीउल अव्वल में खोला जाता था। 19 जून को हज समाप्त हुआ था। 22 जून को सऊदी सरकार ने उमरा वीजा खोल दिया। सऊदी सरकार का मानना है कि उमरा वीजा की मियाद बढ़ाने, पूरे देश में आने-जाने की छूट देने से राजस्व बढ़ेगा क्योंकि लोग सऊदी में तमाम ऐतिहासिक, धार्मिक व अन्य स्थानों को देखना चाहते हैं।

बेरोजगारों के लिए सुनहरा मौका

बड़ी संख्या में भारतीय उमरा या टूरिस्ट वीजा पर सऊदी जाते हैं और वहां काम तलाशते हैं। शिकायत है कि काम मिलते ही गायब हो जाते हैं। लेकिन उमरा वीजा तीन माह की अवधि तीन माह करने से युवाओं को काम तलाशने में आसानी होगी।

भारत और सऊदी के बीच बढ़ेगा व्यापार भी

सऊदी सरकार के फैसले से व्यापारिक संबंध तेजी से आगे बढ़ेंगे। कानपुर से बड़ी मात्रा में लेदर उत्पाद सऊदी जाता है। भारत से जूते, दस्ताने व अन्य सामग्री सऊदी जाती है। उमरा वीजा की वैधता तीन माह करने से कारोबारियों को वहां कारोबारी रिश्ते जमाने के लिए पर्याप्त समय मिल सकेगा।

> सऊदी सरकार ने इससे पहले हज समाप्त होने के बाद मोहर्रम में तो उमरा वीजा खोला है, लेकिन ये पहला मौका है जब हज समाप्त होने के तीसरे दिन उमरा वीजा खोल दिया। पहले उमरा वीजा खुलने का लोग तीन तीन माह इंतजार करते थे, लेकिन अब ये समस्या दूर हो गई है।
>
> **-हाजी शारिक अलवी, मास्टर ट्रेनर, हज कमेटी उत्तर प्रदेश**

आईटीआई अनुदेशकों पर छह हजार मांगने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार: आईटीआई पांडु नगर में छात्रों ने अपने ही अनुदेशकों पर प्रैक्ट्रिकल फीस के नाम पर छह हजार रुपये मांगने का आरोप लगाया है। छात्रों का कहना है कि उन्हें धमकी दी गई है कि रुपये नहीं देने पर फेल कर दिया जाएगा। छात्रों की लिखित शिकायत पर प्रधानाचार्य ने कहा है कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

आईटीआई पांडु नगर में विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण ले रहे प्रशिक्षुओं ने अनुदेशकों पर प्रैक्टिकल और पास करने के एवज में छह हजार रुपये की वसूली का आरोप लगाया है। प्रशिक्षुओं ने लिखित शिकायत में कहा है कि वर्ष भर में केवल तीन सौ रुपये प्रैक्टिकल फीस जमा होती है, लेकिन अनुदेशक छह हजार रुपये तक वसूल रहे हैं। ये राशि दे पाने में असमर्थता जताने पर अनुदेशक फेल करने की धमकी देते हैं। मामले की प्रधानाचार्य डॉ. नरेश कुमार से शिकायत की गई है। इस बीच रविवार शाम लखनऊ स्थानांतरित हुए प्रधानाचार्य डा. नरेश कुमार ने बताया कि बच्चों ने शिकायत दी थी, जिस पर संज्ञान लेकर जांच कराई। अधिक फीस की मांग नहीं करने और शिकायत सही मिलने पर कार्रवाई किए जाने का आदेश जारी किया गया है।

हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से युवक की मौत

बरेली, अमृत विचार : मीरगंज के कपूरपुर गांव में हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। युवक कंबाइन पर खड़े होकर तारों को ऊंचा कर रहा था।

कपूरपुर गांव निवासी 22 वर्षीय अनकेश पुत्र धर्मपाल वर्मा सोमवार की सुबह खेत पर कंबाइन मशीन पर खड़े होकर डंडे से बिजली के तार को ऊंचा कर रहा था। इसी दौरान उसे करंट लग गया। बिजली विभाग को फोन करके सप्लाई को बंद कराया गया। परिजन युवक को शहर के अस्पताल ले जा रहे थे लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई। एसडीओ मीरगंज जसीम अख्तर ने बताया कि नियम के अनुसार तार ऊंचाई पर ही लगे हुए हैं। हादसे के बाद मीरगंज अवर अभियंता सोम प्रकाश ने मीरगंज थाने में पुलिस को तहरीर दी है।

भारत एक राष्ट्र और एक समाज : भागवत

गाजीपुर, एजेंसी

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत गाजीपुर में सोमवार को वीर अब्दुल हामिद की जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए। :एजेंसी

▸▸ गाजीपुर में वीर अब्दुल हमीद पर लिखी किताब का संघ प्रमुख ने किया विमोचन

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने सोमवार को कहा कि ऊपर से कुछ भी दिखता हो लेकिन मातृभूमि भारत के प्रति प्रेम भक्ति सर्वत्र है और विविधताओं के बावजूद भारत एक राष्ट्र और एक समाज हैं।

संघ प्रमुख ने परमवीर चक्र' से सम्मानित वीर अब्दुल हमीद के गाजीपुर स्थित गांव धामूपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में उन पर लिखी किताब का विमोचन किया। वर्ष 1965 के भारत-पाक युद्ध के नायक रहे वीर अब्दुल हमीद को पाकिस्तान के टैंकों को ध्वस्त करने और दुश्मनों को खदेड़ने के लिए जाना जाता है। उन्हें मरणोपरांत परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया था। पुस्तक विमोचन के बाद अपने संबोधन में संघ प्रमुख ने कहा कि हमारे देश में इतनी सारी भाषाएं हैं, इतना बड़ा देश है, बेहद प्राचीन परम्पराएं हैं। जब हर व्यक्ति के अपने-अपने विचार हैं तो पूजा, परम्परा, सम्प्रदाय तो अनेक होंगे ही। उन्होंने कहा कि खान-पान, रीति-रिवाज भौगोलिक परिस्थितियों के अनुसार बदल जाते हैं। ये सारी विभिन्नताएं (विविधताएं) होने के बावजूद अपना देश हजारों वर्षों से एक राष्ट्र के रूप में चल रहा है और हम एक राष्ट्र तथा एक समाज हैं। भागवत ने कहा कि इसके उदाहरण भी देखे जा सकते हैं। जब भी कोई देश हमारे वतन पर हमला करता है जैसा कि चीन और पाकिस्तान ने किया था। तो ऐसे हालातों में सभी देशवासी आपसी झगड़े भूलकर एक साथ खड़े हो जाते हैं क्योंकि हमारे मूल में यह एकता बसी है।

उन्होंने कहा कि इसका आधार यह है कि हम सब अपने देश से केवल प्रेम नहीं करते बल्कि उसकी भक्ति भी करते हैं। हम उस समय यह नहीं सोचते कि देश ने हमें क्या दिया है?। उन्होंने कहा कि अगर हम सोचते हैं कि देश ने हमें यह नहीं दिया, वह नहीं दिया तो वास्तव में देश ने ही हमको सबकुछ दिया है। संघ प्रमुख ने कहा कि अब्दुल हमीद जैसे वीर हमारे लिये अनुकरणीय उदाहरण हैं। उन्होंने देश के लिए बलिदान दिया। जीवन कैसा होना चाहिए, यह हम ग्रंथों में पढ़ सकते हैं, भाषणों में सुन सकते हैं लेकिन ऐसा करने की हिम्मत तभी आती है जब कोई अपने जैसा यह हिम्मत करके दिखाए। भागवत ने कहा कि देशवासियों को इस तरह के आदर्शों का अनुकरण करके खुद को ऐसा बनना चाहिए। जब हम ऐसे बनते हैं तभी देश बड़ा होता है और दुनिया को सुख-शांति मिलती है। हम सभी को शहीदों के स्मरण और अनुकरण से अपने जीवन में बदलाव लाना चाहिए।

मुस्लिम परिवार ने विधि विधान से अपनाया सनातन धर्म

वाराणसी, एजेंसी

▸▸ बोले- हिंदू संस्कृति प्रभावित करती है, अब गर्व हो रहा है

काशी में एक मुस्लिम परिवार ने सनातन संस्कृति से प्रभावित होकर घर हिन्दू धर्म अपना लिया है। परिवार का कहना है कि वे पहले हिंदू ही थे। भोजूबीर स्थित आर्य समाज मंदिर में मुस्लिम दंपति के साथ उनके बेटे ने सनातन धर्म को वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ स्वीकार किया।

चंदौली में ग्राम बिछिया पोस्ट जगदीश सराय की रहने वाली रिजवाना ने पति मोहम्मद अजहरुद्दीन और बेटे मोहम्मद राज के साथ सनातन धर्म को स्वीकार किया। सनातन धर्म में वापसी के बाद परिवार ने अपने नाम भी बदल लिए। रिजवाना ने सनातन धर्म स्वीकार करने के पश्चात अपना नाम गुड़िया सिंह, मोहम्मद अजहरुद्दीन ने डब्लू सिंह और बेटे मोहम्मद राज ने राज सिंह नामकरण करवाया। सनातन धर्म में वापसी के बाद डब्लू सिंह ने कहा कि मुगल काल में जबरन उनके पूर्वजों ने इस्लाम अपनाया था। पीढ़ियों से उनका झुकाव सनातन धर्म में था और उनका परिवार होली, दिवाली, दशहरा मनाता रहा है। अब उचित समय देखकर उन्होंने परिवार समेत हिंदू धर्म में वापसी कर ली है। मुस्लिम परिवार ने वैदिक मंत्र हवन-पूजन कर सनातन धर्म ग्रहण किया। इस दौरान तमाम सम्मानित लोग भी मौजूद रहे।

नैनीताल का बासमती चावल स्विट्जरलैंड में बिखेर रहा महक

संवाददाता, हल्द्वानी

कई किसान विदेश में हो चुके हैं सम्मानित

अमृत विचार : नैनीताल जिले का बासमती चावल स्विट्जरलैंड में अपनी महक बिखेर रहा है। जिससे किसानों को भी अच्छे दाम मिल रहे हैं। रामनगर, कोटाबाग व बेतालघाट में करीब 4500 किसान बासमती का उत्पादन कर रहे हैं। इन किसानों ने हरियाणा स्थित कंपनी नेचर बायो फूड के साथ करार किया है, जो किसानों से बासमती चावल खरीदकर उसे स्विट्जरलैंड आदि देशों में भेजती है।

कोटाबाग के किसान नंदन सिंह ने बताया कि वह जैविक तरीके से बासमती चावल का उत्पादन करते हैं। बासमती की जैविकता के लिए कंपनी की ओर से किसानों का कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) में पंजीकरण कराया गया है। नंदन सिंह ने बताया कि शुरुआत में कोटाबाग में कुछ ही किसानों ने बासमती चावल लगाया था। वर्तमान में 500 किसान इसकी खेती कर रहे हैं। बताया कि बाजार की तुलना में कंपनी किसानों को अधिक दाम देती है। किसान सीएसआर-30 व टाइप-3 प्रजाति की बासमती तैयार कर रहे हैं, जिसका बाजार मूल्य 2183 रुपये प्रति क्विंटल है, जबकि कंपनी की ओर से किसानों को 4700 रुपये प्रति क्विंटल दिया जा रहा है।

> बासमती चावल का रकबा बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे अधिक किसानों को लाभ हो। जिले के किसानों का बासमती स्विट्जरलैंड आदि देशों में बिक रहा है, जिससे उनकी आय बढ़ रही है।
> – डॉ. वीके यादव
> मुख्य कृषि अधिकारी

बासमती चावल उत्पादन से किसान सिर्फ मुनाफा ही नहीं कमा रहे, बल्कि उन्हें विदेशों में सम्मान भी मिल रहा है। कंपनी अपने ग्राहकों से मिलाने के लिए विदेश में कई कार्यक्रम करती है, जिसमें जिले के किसानों को बुलाकर सम्मानित किया जाता है। स्विट्जरलैंड आदि देशों में बिकने वाले बासमती चावल के पैकेटों में किसानों की फोटो भी लगाई जाती है। एलटी फाउंडेशन के अध्यक्ष बहादुर सिंह बजवाल ने बताया कि संस्था ने कोटाबाग के गिनती गांव स्थित प्राइमरी स्कूल को पांच कंप्यूटर, दो हाइटेक टॉयलेट, डाइनिंग टेबल, कुर्सी आदि दान किए हैं।

न्याय की अवधारणा को मजबूत करेंगे नए कानून

ब्यूरो, देहरादून

● नए कानूनों को राज्य में लागू करने के लिए 20 करोड़ की राशि का प्रावधान

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को भारतीय न्याय व्यवस्था में लागू हुए 3 नए आपराधिक कानूनों का राज्य में औपचारिक शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने तीन नए कानूनों पर आधारित आईओ एप्लीकेशन का शुभारंभ करने के साथ ही विवेचकों को टैबलेट दिए।

पुलिस मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि तीन नए आपराधिक कानून लागू होना भारतीय न्याय व्यवस्था के लिए ऐतिहासिक है। पुराने और गैरजरूरी कानूनों को हटाकर वर्तमान परिस्थिति के हिसाब से नए आपराधिक कानून लागू हो रहे हैं। नए कानून की अवधारणा को मजबूत करेंगे और न्याय की प्रक्रिया को सरल और सुलभ बनाने में पुलिस और न्यायालयों की वृहद स्तर पर मदद करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि नए कानूनों में ई- एफआईआर की सुविधा शुरू हुई है। अब न्यायालय पीड़ित को सुनवाई का अवसर दिए बिना मुकदमा वापस लेने की सहमति नहीं देगा।

आगरा की दो फर्मों सहित तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज, कई अधिकारी निलंबित

संवाददाता, मथुरा

▸▸ मथुरा के कृष्ण विहार में पानी की टंकी गिरने से हुई थी दो लोगों की मौत, 15 घायल

अमृत विचार : मथुरा के कृष्ण विहार में पानी की टंकी गिरने से हुए हादसे में दो महिलाओं की मौत और 15 लोगों के घायल हो जाने के मामले में शासन ने कड़ा रुख अपनाया है। मुख्यमंत्री और नगर विकास मंत्री ने इस मामले में गंभीरता दिखाई है। इस मामले में टंकी बनाने वाले आगरा की दो फर्मों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। वहीं शासन ने कई अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की है।

जानकारी के अनुसार, उत्तर प्रदेश जल निगम द्वारा आगरा की दो फर्म मेसर्स एसएम कान्स्ट्रक्शन 109 अदन बाग दयाल बाग और मेसर्स बनवारी 230 महर्षिपुरम तथा अल्मोड़ा उत्तराखंड की मेसर्स त्रिलोक सिंह रावत फार्म एंव अन्य कर्मियों के खिलाफ मथुरा कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। वहीं दूसरी ओर सोमवार को भी घटनास्थल से मलबा हटाने का कार्य जारी रहा है। मृतक के परिजनों ने सीएम को बुलाने की मांग की तो प्रशासन के होश उड़ गए। किसी प्रकार अधिकारियों ने परिजनों को समझाया। इस मामले में गंभीरता दिखाते हुए शासन स्तर से कार्रवाई की गई है। इससे पूर्व जिला प्रशासन की ओर से मजिस्ट्रियल जांच टीम का गठन कर दिया गया था।

इन अधिकारियों पर गिरी गाज

इस योजना में तैनात सहायक अभियंता ललित मोहन, जूनियर इंजीनियर शोभित कुमार, जूनियर इंजीनियर बीरेंद्र पाल, जूनियर इंजीनियर रविन्द्र प्रताप सिंह को निलंबित कर जांच के आदेश दिए गए हैं। वहीं तत्कालीन सहायक अभियंता दिव्यांशु कुमार सिंह के खिलाफ भी अनुशासनिक जांच संस्थित की गई है। इनके अलावा अधिशासी अभियंता महराज सिंह, अधिशासी अभियंता कुमकुम गंगवार, अधिशासी अभियंता दयानन्द शर्मा, तत्कालीन सहायक अभियंता राम प्रकाश यादव पर तत्काल नियमानुसार कार्रवाई करने के लिए जल निगम ग्रामीण के प्रबंध निदेशक को संदर्भित किया गया है।

धर्म दर्शन

बौद्ध पाली ग्रंथों में अयोध्या

डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत, पुलिस महानिरीक्षक

बौद्धगया और पाटलिपुत्र के बौद्ध तीर्थों एवं सापना केन्द्रों में लिखे गए बौद्ध पाली ग्रंथों के अनुसार प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या का दीर्घ कालोपरान्त लगभग छठी शती ईसापूर्व में हुए तथागत बुद्ध से अत्यन्त महत्वपूर्ण संबंध रहा है, जिनमें उनकी कम से कम दो अयोध्या यात्राओं तथा प्रवचनों का विस्तृत विवरण बौद्ध साहित्य में उपलब्ध है। भगवान बुद्ध के अयोध्या से हार्दिक लगाव का अकाट्य प्रमाण "मज्झिम निकाय" में उनका एक संबोधन "कोसलक" (कोसलका वासी) है। बौद्ध पाली ग्रंथो में अयोध्या को "अयोज्झ" या "अयुज्झनगर" लिखा गया है, किंतु उसका सबसे लोकप्रिय नाम "साकेत" है। बुद्ध के समय अयोध्या अथवा साकेत की गणना बुद्धकालीन भारत के छः महानगरों में होती थी। ये नगर क्रमशः श्रावस्ती, साकेत, प्रतिष्ठान, राजगृह, वाराणसी तथा तक्षशिला हैं। तथाबुद्ध के अतिरिक्त बौद्धभिक्षु आनन्द (गौतम बुद्ध का चचेरा छोटा भाई) तथा प्रबुद्ध सारिपुत्र की साकेत या अयोध्या यात्राओं बौद्ध धर्म ग्रंथों में कई बार उल्लेख है। सारिपुत्र की गणना, बुद्ध के निकट शिष्यों एवं 'थेरवाद' के प्रमुख प्रचारकों में की जाती है। बौद्ध मूर्तिकला में सारिपुत्र को प्रायः तथागत बुद्ध की प्रतिमा के दाहिनी ओर चित्रित किया गया है। उल्लेखनीय ब्राह्मण वंशीय प्रकाण्ड बौद्ध चिन्तक भिक्षु सारिपुत्र की गणना बुद्ध के प्रारम्भिक प्रमुख शिष्यों में की जाती है।

ऐसा प्रतीत होता है कि बौद्ध लेखकों ने बिना साकेत या अयोध्या को यात्रा किए ही एक भयंकर भौगोलिक गलती कर दी और पाटलि पुत्र की भांति साकेत या अयोध्या को भी गंगा नदी का तटवर्ती लिख दिया है। यही भूल या गलती सातवीं शती में हर्षवर्धन के शासनकाल में भारत आए चीनी यात्री ह्वेनसांग ने भी की है। नेपाल की सीमा के निकटवर्ती श्रावस्ती (पूर्व के बहराईच एवं आज के श्रावस्ती (सेत-महेत) को, कोसल की दूसरी राजधानी के रूप में बसाने का श्रेय कोसलाधीश श्रीराम के पुत्र लव को है। बौद्ध ग्रंथ 'दीघ निकाय' के अनुसार बौद्ध धर्म के भिक्षुओं के द्वारा दक्षिण दिशा स्थित प्रतिष्ठान की यात्रा के समय श्रावस्ती से प्रस्थान के बाद पहिला पड़ाव या विश्रामस्थल साकेत (अयोध्या) की दूरी छः योजन या चौबीस कोस थी। बौद्ध साहित्य में सरयू को 'सरभ' कहा गया है। जैन आदि पुराण के अनुसार अपने भव्य प्रासादों (भवनों) के कारण पर फहराते ध्वज-पताकाओं के कारण ही अयोध्या को ही साकेत कहा गया। इसीलिए हिन्दू विष्णु पुराण में बौद्धों के 'साकेत' को ही 'साकेतु' कहा गया है।

सामवेद और सामगान के स्वर

ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत पुलिस महानिरीक्षक

सामगान के स्वर-सामयोनि के मंत्रों का आश्रय लेकर ऋषियों ने गान मंत्रों की रचना की है। यह गान चार तरह के हैं- ग्राम गेय गान, जिसे प्रकृति गान तथा वेय गान भी कहते हैं। आरण्यक गान, ऊह गान, ऊह्य गान या रहस्य ज्ञान। इन गानों में वेयगान पूर्वार्चिक सामवेद के प्रथम पांच अध्याय के मंत्रों के ऊपर होता है। अरण्यगान, आरण्यपर्व के निर्दिष्ट मंत्रों पर ऊह और ऊह्य गान उत्तरआर्चिक में उल्लिखित मंत्रों पर मुख्यतः गाया जाता है। भिन्न शाखाओं में इन गानों की संख्या अलग-अलग है। सबसे अधिक गान जैमिनीय शाखा में मिलते हैं।

भारतीय संगीत शास्त्र का मूल इन्हीं साम गानों पर आधारित है। सामगान की पद्धति का ज्ञान अत्यंत दुरूह है। एक तो यूं ही साम के जानने वाले कम हैं, उस पर सामगान को ठीक स्वर में गाने वालों की संख्या तो उंगलियों में गिने जाने लायक है। यदि गायक के गले में लोच हो और वह उचित मूर्छना, आरोह-अवरोह का विचार कर सामगान करे, तो मंत्रार्थ न जानने पर भी भावों की दिव्य अनुभूति हुए बिना नहीं रहती। नारद शिक्षा के अनुसार साम के स्वरमंडल में-सात स्वर, तीन ग्राम, इक्कीस मूर्छना तथा उनचास (49) तान हैं। इन सातों स्वरों की तुलना वेणु स्वरों से भी की गई है। साम गानों में यही सात तक के अंक तत्तत् स्वरों के स्वरूप को सूचित करने के लिए लिखे जाते हैं। सामयोनि के मंत्रों के ऊपर दिए गए अंकों की व्यवस्था दूसरे प्रकार की होती है। साम योनि मंत्रों को सामगानों के रूप में ढालने पर संगीतानुकूल शाब्दिक परिवर्तन भी किए जाते हैं, जिन्हें साम विकार कहते हैं जो विकार, विश्लेषण, विकर्षण, अभ्यास, विराम तथा स्तोभ के रूप में जाने जाते हैं।

साम गायन की पद्धति बहुत कठिन है। उसकी ठीक-ठीक जानकारी हो सके, इसके लिए बहुत सूक्ष्म अध्ययन अपेक्षित है। साधारण ज्ञान के लिए यह जान लेना काफी है कि साम गान के पांच भाग होते हैं। प्रस्ताव-यह मंत्र का प्रारंभिक भाग है, जो 'हुं' से प्रारंभ होता है। इसे प्रस्तोता नामक ऋत्विज् गाता है। उदगीथ-इसे साम का प्रधान ऋत्विज उद्गाता गाता है। इसके आरंभ में 'ओंम' लगाया जाता है। प्रतिहार-इसका अर्थ है, दो को जोड़ने वाला। इसे प्रतिहर्ता नामक ऋत्विज् गाता है। इसी के कभी-कभी दो टुकड़े कर दिए जाते हैं। उपद्रव-जिसे उद्गाता गाता है। निधन-जिसमें मंत्र के दो पद्यांश या ओम् रहता है। इसका गायन तीनों ऋत्विज प्रस्तोता, उदगाता तथा प्रतिहर्ता एक साथ मिलकर करते हैं।

उदाहरण के लिए सामवेद का प्रथम मंत्र-अग्न आया हि वीतये गृणानो हव्यदातये। नि होता सत्सि बर्हिषि।। इस मंत्र के ऊपर जिस साम का गायन किया जायेगा, उसके पांचों अंग इस प्रकार होंगे। हुं ओग्नाइ (प्रस्ताव), ओम् आयाहि वीतये गृणानोहव्यदातये (उदगीथ), नि होता सत्सि बर्हिषि ओम् (प्रतिहार), इसी प्रतिहार के दो भेद होंगे जो दो प्रकार से गाये जायेगें।, निहोता सत्सि बर्हिषि (उपद्रव), बहिर्षि ओम्(निधन)।

वर्ग पहेली-118

बाएं से दाएं

1. जिसपर दोष लगाया गया हो, अभियुक्त।
2.1. पानी के कारण होने वाली नमी, ठंडक 2. सीलन, सील, तरी।
4.1. पाने या लेने वाला 2. सरकार के अनुरोध पर किसी विवादास्पद संस्था का प्रशासन-भार संभालने वाला व्यक्ति, (रिसीवर)।
7.1. वह स्त्री जिसका मानसिक संतुलन ठीक न हो 2. जेल में किसी प्रकार का ख़तरा उत्पन्न होने पर बजाई जाने वाली घंटी, खतरे की घंटी, (अलार्म)।
8. बादलों की घटा, मेघवाई, मेघ पंक्ति, घनघटा।

ऊपर से नीचे

1.1. लाचार, दीन 2. परेशान, तंग 3. ऊबा हुआ, झुंझलाया हुआ।
3.1. ज़िंदादिल होना, ख़ुशमिज़ाजी, सहृदयता 2. उत्साह, प्रसन्नता 3. रसिकता 4. हंसोड़पन 5. विनोदप्रियता।
5.1. डांट-डपट करने की क्रिया या भाव 2. घुड़की, डांट, झिड़की।
6.1. गाय पालने वाली 2. ग्वाले की स्त्री; गोप पत्नी 3. ब्रज की स्त्रियाँ जो कृष्ण से प्रेम करती थीं 4. छिपने वाली 5. सारिवा नामक औषधि।



वर्ग पहेली -117 का हल

1 गु	लें	दा		2 दो
		3 फ़ा		ल
	4 सँ	ड़	सी	त
5 खी			वा	
स		6 नं	दी	मु 7 ख
ना				टा
	8 ख़ु	द	सि	ता ई

सुडोकू -31

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		1			4		7	3
			2		5			9
9						2		8
	4		5	7				2
	2		3		9		5	
3				8	2		6	
5		6						1
4			1		3			
7	1		9			4		

सुडोकू -30 का हल

5	4	1	3	9	2	7	6	8
8	6	2	4	1	7	9	3	5
3	7	9	8	6	5	2	4	1
6	8	5	1	2	4	3	7	9
4	1	3	9	7	6	8	5	2
9	2	7	5	8	3	4	1	6
1	9	6	7	3	8	5	2	4
7	5	8	2	4	1	6	9	3
2	3	4	6	5	9	1	8	7

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 2 जुलाई मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-एकादशी 08.42 तक तत्पश्चात द्वादशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुम्भ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-भरणी 05.27 तक तत्पश्चात कृतिका 3 जुलाई 4.40 तक।

मेष – आज आपके विचारों से लोग शीघ्र प्रभावित होंगे। सरकारी मामलों में आपको सफलता मिलेगी। अविवाहित लोगों के विवाह में आ रही बाधा दूर होगी। आपको सहकर्मियों से प्रेम और सम्मान दोनों ही प्राप्त होगा।

वृष – आज दिन की शुरुआत थोड़ी कमजोर रहेगी। किन्तु परिस्थितियां धीरे-धीरे आपके अनुकूल हो जायेंगी। परिवार में उत्सव का माहौल रहेगा। लक्ष्य प्राप्ति के लिए दृढ़ संकल्पित रहेंगे। सहकर्मियों की तुलना में आपका प्रदर्शन विशेष और उत्कृष्ट हो सकता है।

मिथुन – आज निजी समस्याओं का निराकरण होगा। कुछ कठिन काम आसानी से अचानक बनने से मन प्रसन्न होगा। गैस और एसिडिटी की समस्या हो सकती है। समाज में आपकी प्रशंसा होगी। आपकी कार्य क्षमता में वृद्धि होगी।

कर्क – आज आपका मनोबल बढ़ा हुआ रहेगा। व्यवसाय में सारी परिस्थितियां आपके अनुकूल रहेंगी। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। कोई भी बड़ा काम शुरू करने से पहले बड़ों की राय अवश्य लें। भोग-विलास का भरपूर आनंद उठायेंगे।

सिंह – आज आप दूसरों का उपकार करने की सोचेंगे। लेकिन लोग आपका आभार व्यक्त नहीं करेंगे। पारिवारिक आयोजन किसी कारणवश टल सकते हैं। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें। अन्य दिनों की अपेक्षा दिन कुछ कमजोर रहेगा।

कन्या – आज अपने हित शत्रुओं से सावधान रहें। चुगलखोरी का शिकार हो सकते हैं। आपके व्यक्तित्व में तीव्र आकर्षण रहेगा। इसके कारण आप लोकप्रिय रहेंगे। खर्च करने से पहले बजट का ध्यान अवश्य रखें। गले में खराश और बुखार जैसी समस्या हो सकती है।

तुला – आज अपने हित शत्रुओं से सावधान रहें। आपके व्यक्तित्व में तीव्र आकर्षण रहेगा। इसके कारण आप लोकप्रिय रहेंगे। खर्च करने से पहले बजट का ध्यान अवश्य रखें। गले में खराश और बुखार जैसी समस्या हो सकती है। अनुसंधान संबंधी कार्यों में सफलता मिल सकती है।

वृश्चिक – आज प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। शाम के समय मित्रों के साथ महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करेंगे। लोग आपकी बातों को काफी गम्भीरता से लेंगे। बुद्धिमान लोगों से मुलाकात होगी। कार्यक्षेत्र में आपका प्रदर्शन काफी शानदार रहेगा।

धनु – आज अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन के अवसर मिलेंगे। कारोबारी यात्राओं से आपको लाभ मिलेगा। दूसरों की बातों में आकर अपना समय बर्बाद न करें। रचनात्मक गतिविधियों में सुखद समय बीतेगा। वैवाहिक जीवन में मधुरता बनी रहेगी। परिवार में आपका वर्चस्व बढ़ेगा।

मकर – आज दूसरों के काम में हस्तक्षेप न करें। घर में कुछ रिश्तेदार आ सकते हैं। विदेश में व्यापार कर रहे लोगों को कारोबार विस्तार के अवसर मिल सकते हैं। नए व्यावसायिक सम्पर्क विकसित होने के योग बन रहे हैं।

कुंभ – आज किसी मांगलिक उत्सव में आप सम्मिलित होंगे। आपके कारोबार में निवेश करने के लिए बाहरी निवेशक आ सकते हैं। रुके हुए कार्य दोबारा से शुरू होंगे। छात्र पढ़ाई में बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे। बेरोजगार लोगों को नई जॉब मिल सकती है।

मीन – आज किसी से प्रेम निवेदन करना चाहते हैं तो इससे बचें। आपकी भावनाओं का अनादर हो सकता है। आपको धैर्य और संयम के साथ अपने काम पर ध्यान देना चाहिए। दूसरों की सलाह पर ज्यादा ध्यान न दें। शाम के समय आप काफी हल्का महसूस करेंगे।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
होते होते प्यार हो गया
सुबह : 11.47
सोचा न था
शाम : 05.40
ग्रेट ग्रैंड मस्ती
सुबह : 11.16
लगान
रात : 07.30

SONY PIX
द सोशल नेटवर्क
सुबह : 07.25
गॉडजिला
रात : 09.00

&pictures
काली का करिश्मा
दोपहर : 12.01

ZEE CINEMA
डी ब्लॉक
रात : 08.00

आज की सुपरहिट फिल्म

एंड पिक्चर्स पर रात : 07.30 बजे

colors CINEPLEX
हम तुमपे मरते हैं
सुबह : 08.18
बुड्ढा होगा तेरा बाप
रात : 09.01

जोक्स ऑफ द डे

मोटू- आखिर आज पता चल ही गया कि पत्नी को बेगम क्यों कहते हैं...
क्योंकि शादी के बाद पत्नी बे, गम हो जाती है और सारे गम पति के हिस्से में चले जाते हैं।

पति- क्या तुम जानती हो दुनिया में सबसे ज्यादा शरीफ कौन है?
पत्नी- दुनिया में सिर्फ वही लोग शरीफ हैं।
जिनके मोबाइल में पासवर्ड नहीं है।

लड़की ने प्यार से लड़के के सीने पर अपना सर रखा और बोली- जानू, आपका दिल कितना कुरकुरा है।
लड़का - अरे पगली, दिल कुरकुरा नहीं है, जेब में बीड़ी का बंडल पड़ा है।

कमान संभालने के बाद पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ जारी सीमा विवाद पर बोले थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी

भारतीय सेना सभी चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार

नई दिल्ली, एजेंसी

थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ जारी सीमा विवाद के बीच सोमवार को कहा कि भारतीय सेना देश के समक्ष सभी मौजूदा और भविष्य की सुरक्षा चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए तैयार व पूरी तरह सक्षम है।

देश के 13 लाख सैनिकों वाले मजबूत बल की कमान संभालने के एक दिन बाद उन्होंने कहा कि थल सेना, वायु सेना और नौसेना के बीच तालमेल सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकताओं में से एक होगा। रायसीना हिल्स के साउथ ब्लॉक में सलामी गारद का निरीक्षण करने के बाद मीडिया से बातचीत में नव नियुक्त सेना प्रमुख ने कहा कि सेना अनूठी अभियानगत चुनौतियों का सामना कर रही है और ऐसे खतरों के लिए तैयार रहने के वास्ते यह महत्वपूर्ण है कि सैनिकों को आधुनिक हथियार मुहैया कराए जाएं। उन्होंने कहा-मुझे सौंपी गयी जिम्मेदारियों के प्रति, मैं पूरी तरह सजग हूं और मैं देश तथा सभी नागरिकों को आश्वस्त करता हूं कि भारतीय सेना सभी मौजूदा व भविष्य की चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए तैयार व पूरी तरह सक्षम है। उन्होंने यह भी कहा कि वह रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए सेना में स्वदेश निर्मित सैन्य उपकरणों को शामिल करने को प्रोत्साहित करेंगे।

जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने नई दिल्ली के साउथ ब्लॉक में 30वें सेना प्रमुख के रूप में कार्यभार संभालने के बाद गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया। ● एजेंसी

सेना में सभी कर्मियों के हितों की रक्षा के प्रतिबद्ध

जनरल द्विवेदी ने कहा कि वह सेना में सभी कर्मियों के हितों की रक्षा तथा पूर्व सैनिकों व उनके परिवारों को हरसंभव सहायता मुहैया कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा-यह सुनिश्चित करना मेरी प्राथमिकता होगी कि भारतीय सेना के सभी अधिकारियों तथा सैन्य नागरिकों के हितों की रक्षा हो। उन्होंने कहा-भूतपूर्व सैनिकों, वीर नारियों और उनके परिवारों के प्रति मेरी जिम्मेदारी एक पवित्र प्रतिबद्धता है और मैं इस विस्तारित परिवार को अपना पूर्ण सहयोग देता हूं। जनरल द्विवेदी ने साउथ ब्लॉक में अपने रस्मी स्वागत के मद्देनजर धार्मिक नेताओं के समूह से संक्षिप्त बातचीत की। मध्य प्रदेश के रीवा स्थित सैनिक स्कूल के छात्र रहे जनरल द्विवेदी 1984 में भारतीय सेना की जम्मू कश्मीर राइफल्स में शामिल हुए थे। जनरल द्विवेदी 19 फरवरी से सेना के उप-प्रमुख का कार्यभार संभाल रहे थे। वह उप प्रमुख का कार्यभार संभालने से पहले 2022-2024 तक उत्तरी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ रहे थे।

तेलंगाना हाईकोर्ट ने की केसीआर की याचिका खारिज

हैदराबाद। तेलंगाना उच्च न्यायालय ने सोमवार को बिजली क्षेत्र में कथित अनियमितताओं में जांच के लिए राज्य सरकार द्वारा गठित न्यायिक आयोग की वैधता पर सवाल उठाने वाली बीआरएस के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव (केसीआर) की याचिका खारिज कर दी। अदालत ने पिछली सरकार के फैसलों की जांच की जरूरत को सही ठहराने वाले सरकार के तर्क से सहमत होकर केसीआर द्वारा दायर याचिका खारिज कर दी। उल्लेखनीय है कि तेलंगाना सरकार ने यदाद्री और भद्राद्री ताप विद्युत स्टेशनों के निर्माण में अनियमितताओं के आरोपों के साथ-साथ छत्तीसगढ़ के साथ बिजली खरीद समझौतों की जांच के लिए इस साल 14 मार्च को न्यायमूर्ति एल नरसिम्हा रेड्डी की अध्यक्षता में एक आयोग नियुक्त किया था।

कोर्ट ने बीआरएस नेता कविता की जमानत याचिकाएं कीं खारिज

नई दिल्ली, एजेंसी

भ्रष्टाचार, धनशोधन मामला

दिल्ली उच्च न्यायालय ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार और धनशोधन के दो मामलों में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता की जमानत याचिकाएं सोमवार को खारिज कर दीं। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने कविता की याचिकाओं को खारिज कर दिया। न्यायमूर्ति शर्मा ने 28 मई को कविता की दो जमानत याचिकाओं पर आदेश सुरक्षित रख लिया था। विस्तृत आदेश की प्रतीक्षा है।

कविता ने निचली अदालत के छह मई के आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के भ्रष्टाचार मामले के साथ-साथ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के धनशोधन मामले में उनकी जमानत याचिकाएं खारिज कर दी गई थीं। बीआरएस नेता के वकील ने दलील दी की कि मामले में आरोपी बनाए गए 50 लोगों में कविता एकमात्र महिला हैं और अदालत से उनके महिला होने के नाते जमानत देने की गुहार लगाई। सुनवाई के दौरान सीबीआई के वकील ने दलील दी कि कविता प्रभावशाली महिला है और गवाहों को प्रभावित कर सकती हैं।

कविता दोनों मामलों में न्यायिक हिरासत में है। यह घोटाला दिल्ली सरकार की 2021-22 की आबकारी नीति के निर्माण और क्रियान्वयन में कथित भ्रष्टाचार और धनशोधन से संबंधित है, जिसे बाद में रद कर दिया गया था।

एक नजर

एक ही परिवार के पांच लोगों ने कर ली आत्महत्या

अलीराजपुर/भोपाल। मध्य प्रदेश के अलीराजपुर जिले में सोमवार को एक दंपति और उनके तीन बच्चों के शव घर में लटके मिले। पुलिस अधिकारी ने कहा कि प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या का मामला प्रतीत होता है। पुलिस अधिकारी ने कहा-सोंडवा तहसील के रावड़ी गांव में पांच लोगों की मौत की सूचना सोमवार सुबह सात बजे मिली। उन्होंने बताया कि घटना की जांच के लिए अलीराजपुर के अनुविभागीय पुलिस अधिकारी (एसडीओपी) की अगुवाई में एक टीम गठित की गई है। अधिकारी ने बताया कि मृतकों की पहचान राकेश डोडवा (27), उनकी पत्नी ललिता डोडवा (25) और उनके बच्चों लक्ष्मी (9), प्रकाश (7) और अक्षय (5) के रूप में हुई है।

बारामूला में आतंवादियों का सहयोगी गिरफ्तार

श्रीनगर। सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर में बारामूला जिले के सोपोर इलाके में आतंवादियों के एक संदिग्ध सहयोगी को पकड़ा है। पुलिस, सेना और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल) के जवानों ने रविवार देर रात सोपोर में एक संयुक्त चौकी स्थापित की थी। अधिकारियों ने कहा,जांच में एक वाहन को रोका गया। तो चालक ने भागने की कोशिश की, लेकिन उसे पकड़ लिया गया।

सुकमा जिले में नौ नक्सली गिरफ्तार

रायपुर। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में सुरक्षाबलों ने नौ नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के जगरगुंडा थाना क्षेत्र में अलग-अलग कार्रवाई में सुरक्षाबलों ने नौ नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि पुलिस को 23 जून को जगरगुंडा थाना क्षेत्र में बारूदी सुरंग में विस्फोट कर पुलिस वाहन को उड़ाने की घटना में शामिल नक्सलियों के गतिविधि की सूचना मिली थी। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने पर रविवार को सुरक्षाबलों के संयुक्त दल को टेकलगुडेम और आस-पास के क्षेत्र की ओर रवाना किया गया था। अधिकारियों ने बताया कि अभियान के दौरान तीमापुरम और टेकलगुड़ेम के मध्य जंगल में सुरक्षाबलों ने चार संदिग्ध नक्सलियों को पकड़ लिया। उन्होंने बताया कि यह नक्सली इस वर्ष 23 जून को बारूदी सुरंग विस्फोट में पुलिस वाहन को उड़ाने की घटना में शामिल थे। इस घटना में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के कोबरा बटालियन के दो जवान शहीद हुए थे।

रिश्वतखोरी के आरोप में अधिकारी गिरफ्तार

गुवाहाटी। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो(सीबीआई) ने रिश्वत लेने के आरोप में गुवाहाटी स्थित उत्पाद शुल्क और सेवा कर आयुक्तालय के एक अधिकारी को गिरफ्तार किया है। एक आधिकारिक बयान में सोमवार को यह जानकारी दी गई। सीबीआई ने कहा-जीएसटी आयुक्तालय में सहायक आयुक्त (सीजीएसटी) एम श्रीनिवास राव को शिकायतकर्ता से 50,000 रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। शिकायतकर्ता ने सीबीआई को बताया था कि उसे कारण बताओ नोटिस जारी किए गए थे तथा आरोपी ने उसे कई बार सीजीएसटी कार्यालय भी बुलाया था। आरोप लगाया कि उसने निर्माण कार्य कराया था और इसके लिए सभी करों का भुगतान भी कर दिया था। उसने आरोप लगाया कि मामले की जानकारी लेने के लिए जब वह सीजीएसटी कार्यालय गया तो सहायक आयुक्त ने दो लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी।

पीएम की पिक्चर कैसी होने वाली इसका लग गया है अंदाजा : खरगे

नई दिल्ली, एजेंसी

● कांग्रेस अध्यक्ष ने राज्यसभा में चुटकी लेते हुए कहा

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने लोकसभा चुनाव के दौरान पिछले 10 साल के शासन को 'महज ट्रेलर' और 'पिक्चर अभी बाकी है' बताने वाले बयान के लिए सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा। उनके तीसरे कार्यकाल में पेपर लीक, जम्मू एवं कश्मीर में आतंकी हमले, ट्रेन दुर्घटना, हवाई अड्डों की छत के कुछ हिस्सों के ढहने और पुल गिरने की विभिन्न घटनाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इनसे अंदाजा लग गया है कि उनकी आगे की 'पिक्चर' कैसी होने वाली है।

राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए विपक्ष के नेता खरगे ने कहा कि प्रधानमंत्री ने लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान कई बार कहा है कि 'पिछले 10 साल तो बस ट्रेलर थे, अभी असली तस्वीर बाकी है। खरगे ने चुटकी लेते हुए कहा, अब पीएम की पिक्चर कैसी होने वाली है, पिछले एक महीने में अंदाजा लगा है। हाल की कई घटनाओं का उल्लेख करते हुए खरगे ने बताया कि पिछले एक महीने में

परीक्षा पेपर लीक, कई परीक्षाओं को रद करने, ट्रेन दुर्घटनाएं, जम्मू एवं कश्मीर में तीन आतंकी हमले, राम मंदिर में पानी का रिसाव, तीन हवाई अड्डों की छतों के कुछ हिस्सों का गिरना, टोल टैक्स में वृद्धि और रुपये में ऐतिहासिक गिरावट की घटनाएं हुई हैं।

उन्होंने कहा कि हाल ही में पेपर लीक के कारण 30 लाख छात्रों का भविष्य प्रभावित हुआ है। उन्होंने कहा-अगर ऐसा होता रहा तो छात्र अपनी पढ़ाई बंद कर देंगे। खरगे ने कहा कि पिछले सात वर्षों में, 70 बार पेपर लीक हुए हैं और इनसे दो करोड़ छात्रों का भविष्य प्रभावित हुआ है। उच्च सदन में विपक्ष के नेता ने कहा कि सरकार इस मामले पर कुछ नहीं कर रही है और संसद में इस मुद्दे को उठाने के लिए विपक्षी दलों को दोषी ठहराती है।

छात्रों ने दो को संसद मार्च का किया आह्वान

नई दिल्ली, एजेंसी

नीट-यूजी गतिरोध

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी), नीट-पीजी (स्नातकोत्तर) और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (यूजीसी नेट) में अनियमितताओं के खिलाफ यहां जंतर-मंतर पर धरना देने वाले छात्रों ने अपनी मांगों को लेकर मंगलवार को संसद की ओर मार्च करने का आह्वान किया है।

प्रदर्शनकारी छात्रों का अनिश्चितकालीन धरना सोमवार को छठे दिन भी जारी रहा। परीक्षा में कथित धांधली के खिलाफ "इंडिया अगेंस्ट एनटीए" के बैनर तले बड़ी संख्या में छात्र अपना आंदोलन जारी रखने के लिए विरोध स्थल पर एकत्र हुए, जो पिछले सप्ताह बुधवार को शुरू हुआ था। छात्रों ने आज का अपना धरना एक प्रदर्शन करने के बाद समाप्त किया और अपनी मांगों को दोहराया। छात्रों की मांगों में एनटीए पर प्रतिबंध लगाना और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा शामिल है। छात्र नीट-यूजी की सभी के लिए दोबारा परीक्षा कराने और पुरानी परीक्षा प्रणाली को बहाल करने की भी मांग कर रहे हैं। वामपंथी छात्र संगठन आइसा और डीयू के केवाईएस के सदस्य अन्य छात्र संगठनों में शामिल हैं।

कोर्ट ने टीएमसी नेता साकेत गोखले पर लगाया 50 लाख का हर्जाना

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को टीएमसी नेता साकेत गोखले को स्विट्जरलैंड में संपत्ति खरीद को लेकर पूर्व राजनयिक लक्ष्मी मुर्देश्वर पुरी के खिलाफ अपमानजनक ट्वीट करने के लिए उनसे माफी मांगने और 50 लाख रुपये का हर्जाना देने का निर्देश दिया। संयुक्त राष्ट्र की पूर्व सहायक महासचिव की ओर से दायर मानहानि के मुकदमे की सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति अनूप जयराम भंभानी ने टीएमसी सांसद को उनके द्वारा लगाए आरोप के संबंध में किसी भी सोशल मीडिया या इलेक्ट्रॉनिक मंच पर कोई भी सामग्री प्रकाशित करने से रोक दिया। कोर्ट ने आदेश में कहा कि आपत्तिजनक ट्वीट मानहानिकारक हैं और इससे वादी की प्रतिष्ठा को अनावश्यक कानूनी क्षति पहुंची है, जिसके लिए निवारण आवश्यक है।

मॉब लिंचिंग के वीडियो के बाद भी दोषियों पर नहीं हो रही कार्रवाई

संवाददाता, नई दिल्ली

पत्रकार वार्ता

● मशावरत के राष्ट्रीय अध्यक्ष जफरुल इस्लाम खां बोले

● कहा-नफरती बयानबाजी का सिलसिला होना चाहिए बंद

अमृत विचार: देश भर में मॉब लिंचिंग की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं, इनके वीडियो भी सामने आ रहे हैं, लेकिन इसके बाद भी शरारती तत्वों पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। राजनीतिक दलों के खिलाफ इस बात पर गुस्सा जाहिर करते हुए ऑल इंडिया मुस्लिम मजलिस मशावरत ने कहा है कि मुसलमानों को वोट बैंक समझने वाली सियासी पार्टियों को भी इस मुद्दे पर घेरा जाएगा। सरकार को समझना चाहिए कि जो लोग देश में सौहार्द को बिगाड़कर भाईचारा बर्बाद करने की कोशिश कर रहे हैं, वे लोग देश के वफादार नहीं हैं। यह बात सोमवार को नई दिल्ली में आयोजित पत्रकार वार्ता में मशावरत के राष्ट्रीय अध्यक्ष जफरुल इस्लाम खां ने कही।

मशावरत के अध्यक्ष ने कहा कि तमाम सियासी पार्टियों को मुसलमानों का वोट तो चाहिए लेकिन वह उनके लिए कुछ करना नहीं चाहती हैं। मुल्क में मुसलमानों की आबादी 20 करोड़ है, इसके बावजूद सियासी पार्टियां अपने कार्यक्रम, रैलियों में मुसलमान को मुसलमान कहने से कतराती हैं। इन हालात से कैसे निकलना है, इस पर मुसलमानों को विचार करना चाहिए। मशावरत के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रोफेसर मोहम्मद सुलेमान ने कहा कि मुल्क में इतनी बड़ी आबादी को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। हालात ये हैं कि मुसलमानों के खिलाफ कोई कुछ भी बोले, ऐसे लोगों पर कार्रवाई नहीं होती है। लेकिन मुसलमान अगर नफरत भरे बयान का जवाब दें तो कुछ ही घंटों में पुलिस उनके घर पर पहुंच जाती है। नफरती बयानबाजी का सिलसिला बीते दो दशक से चल रहा है, जिसे अब बंद होना चाहिए। नफरती बयानबाजी करने वाले लोगों के हौसले बुलंद इसलिए हैं क्योंकि उनकी गिरफ्तारी नहीं हो रही है।

वार्ता करते ऑल इंडिया मुस्लिम मशावरत के राष्ट्रीय अध्यक्ष जफरुल इस्लाम खां एवं प्रो. मोहम्मद सुलेमान।

इस मौके पर मौलाना अताउर्रहमान ने कहा कि मशावरत केवल मुसलमान ही नहीं बल्कि दलित, सिख, ईसाई समेत अत्याचार का शिकार होने वाले सभी लोगों के लिए आवाज उठाने वाली तंजीम है। मासूम मुरादाबादी ने कहा कि आज हमें अपने अस्तित्व को बचाने की लड़ाई लड़नी पड़ रही है। इस दौरान मशावरत के महामंत्री सैयद तहसीन अहमद, मोहम्मद शम्स, अबरार अहमद आदि मौजूद रहे।

काजीरंगा के करीब 26 प्रतिशत वन शिविर जलमग्न

गोलाघाट(असम), एजेंसी

असम में बाढ़ की स्थिति बद्तर होती जा रही है और जलस्तर बढ़ने की वजह से काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान और टाइगर रिजर्व में स्थित 233 वन शिविरों में से 26 प्रतिशत से अधिक जलमग्न हो गए हैं। आधिकारिक रिपोर्ट में सोमवार को यह जानकारी दी।

रिपोर्ट के मुताबिक काजीरंगा वन्य जीव अभयारण्य का बड़ा हिस्सा जलमग्न हो गया है और बड़ी संख्या में जानवर ऊंचे स्थान की तलाश में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-715 पार कर पूर्वी कार्बी आंगलोंग जिले के दक्षिणी हिस्से की ओर जा रहे हैं। हालांकि, बाढ़ या सड़क पार करने के दौरान किसी जानवर की मौत की खबर नहीं है। बाढ़ को लेकर तैयार रिपोर्ट के मुताबिक काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान और टाइगर रिजर्व में स्थापित 61 वन शिविर डूब गए हैं। जलमग्न वन शिविरों में अगोराटोली रेंज के 22, काजीरंगा के 10, बागोरी के आठ, बूढ़ापहाड़ के

नागांव (असम): भारी बारिश के बाद बाढ़ के पानी को सुरक्षित रूप से पार करने में एक बच्चे की मदद करने के लिए अस्थायी बेड़ा का उपयोग करते लोग। ● एजेंसी

असम में बाढ़ का कहर

पांच और बोकाखाट के छह शिविर शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक इनके अलावा राष्ट्रीय उद्यान के बिश्वनाथ वन्यजीव प्रखंड में स्थापित 10 वन शिविर भी जलमग्न हो गए हैं। इसबीच, गोलाघाट जिला प्रशासन ने रविवार शाम को भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता की धारा-144 के निषेधाज्ञा लागू कर दिया है ताकि राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 715 को पार करने वाले जानवरों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। यह राजमार्ग काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान से होकर गुजरता है। गोलाघाट के जिलाधिकारी विवेक श्याम पंग्योक ने बताया कि राजमार्ग पर यातायात का भारी दबाव होता है। उन्होंने कहा-बाढ़ के दौरान राजमार्ग पर वाहनों से वन्य जीवों को आवंछित जोखिम पैदा हो सकता है।

पश्चिम बंगाल में भीड़ ने एक व्यक्ति की पीट पीटकर कर दी हत्या

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के हुगली जिले में सोमवार को भीड़ ने एक व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। राज्य में भीड़ द्वारा किसी व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या किये जाने की यह चौथी घटना है। इससे पहले 28, 29 और 30 जून को कोलकाता, सॉल्ट लेक और झारग्राम में भी ऐसी ही घटनाएं हुई थीं। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान हुगली जिले के तारकेश्वर इलाके के नैता मालपहाड़पुर ग्राम पंचायत के रहने वाले बिस्वजीत मन्ना के रूप में हुई है। हुगली (देहात) थाना पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस अपराध के सिलसिले में दो लोगों को हिरासत में लिया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने स्वतः संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया कि रविवार रात को जब मन्ना अपने घर पर सो रहा था तो परिचित आरोपियों ने उसे बुलाया था।

उच्च न्यायालय ने बिभव कुमार की याचिका पर पुलिस से मांगा जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी

स्वाति मालीवाल मामला

दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के करीबी सहयोगी बिभव कुमार की याचिका को विचारणीय माना, जिसमें मुख्यमंत्री आवास पर आम आदमी पार्टी (आप) सांसद स्वाति मालीवाल पर कथित हमले के सिलसिले में उनकी गिरफ्तारी को चुनौती दी गई है। अदालत ने याचिका पर दिल्ली पुलिस से जवाब भी मांगा है। न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा ने मामले में एक नोटिस जारी किया, जिन्होंने 31 मई को कुमार की याचिका की विचारणीयता के विषय पर आदेश सुरक्षित रखा था। आदेश के विस्तृत विवरण का इंतजार है।

फिलहाल न्यायिक हिरासत में बंद कुमार पर 13 मई को केजरीवाल के सरकारी आवास पर मालीवाल से मारपीट करने का आरोप है। कुमार को 18 मई को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस की ओर से पेश वरिष्ठ वकील ने गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर नोटिस जारी करने का इस आधार पर विरोध किया कि यह सुनवाई योग्य नहीं है। कुमार ने याचिका में अपनी गिरफ्तारी को अवैध घोषित करने का निर्देश देने का अनुरोध किया है। उन्होंने दावा किया है कि उन्हें ''गुप्त उद्देश्य'' के तहत गिरफ्तार किया गया, जबकि उनकी अग्रिम जमानत अर्जी निचली अदालत में लंबित थी। कुमार ने इसे उनके मौलिक अधिकारों के साथ-साथ कानून का भी उल्लंघन करार दिया है। इस बीच, न्यायमूर्ति अनूप कुमार मेंदीरत्ता की एक अन्य पीठ ने कुमार की जमानत अर्जी पर जवाब दाखिल करने के लिए सोमवार को मालीवाल के वकील को समय दिया और मामले की सुनवाई आठ जुलाई के लिए सूचीबद्ध कर दी।

मराठा आरक्षण के खिलाफ दाखिल याचिकाओं में दी गईं बेतुकी दलीलें

मुंबई। बंबई उच्च न्यायालय ने सोमवार को कहा कि उसके अफसोस के साथ कहना पड़ रहा है कि मराठा समुदाय को आरक्षण देने के महाराष्ट्र के फैसले को चुनौती देने के लिए दाखिल कुछ याचिकाओं में बेतुकी दलीलें दी गई हैं। मुख्य न्यायधीश डी.के. उपाध्याय, न्यायमूर्ति जी.एस. कुलकर्णी और न्यायमूर्ति फिरदौस पूनीवाला की पूर्ण पीठ ने कहा कि यह मुद्दा गंभीर है और राज्य की बड़ी आबादी को प्रभावित करने वाला है एवं याचिकाकर्ताओं को अपनी दलीलें पेश करते समय अधिक सावधानी बरतनी चाहिए थी। महाराष्ट्र राज्य सामाजिक और शैक्षणिक पिछड़ा वर्ग आरक्षण अधिनियम-2024 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने के लिए कई याचिकाएं दायर की गई हैं। इस अधिनियम में मराठा समुदाय के लिए सरकारी नौकरियों और शिक्षा में 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है।

राहुल गांधी ने नेता प्रतिपक्ष पद की गरिमा घटाई : वैष्णव

नई दिल्ली, एजेंसी

● सूचना एवं प्रसारण मंत्री ने भी कांग्रेस नेता पर लगाया आरोप

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव और किरेन रीजीजू ने सोमवार को राहुल गांधी पर आरोप लगाया कि उन्होंने लोकसभा में अत्यधिक गैर जिम्मेदाराना भाषण देकर नेता प्रतिपक्ष के जिम्मेदारी भरे पद की गरिमा को कम किया है। उन्होंने गांधी पर हिंदुओं को कथित तौर पर हिंसा से जोड़ने और झूठ फैलाकर उनका गंभीर अपमान करने का आरोप भी लगाया।

वहीं भाजपा के राज्यसभा सदस्य सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि कांग्रेस का हिंदुओं का अपमान करने का इतिहास रहा है। इस दौरान उन्होंने पूर्व गृह मंत्री पी. चिदंबरम और सुशील कुमार शिंदे के धर्म को लेकर किए गए कथित आतंकवाद संबंधी कटाक्ष का हवाला दिया। त्रिवेदी ने कहा कि गांधी ने इस बार एक सांसद के रूप में शपथ भगवान के नाम पर नहीं ली। उन्होंने पूछा-वर्ष 2014 में उन्होंने हिंदी में 'ईश्वर' के नाम पर शपथ ली थी। वर्ष 2014 के बाद से ऐसा क्या बदलाव आया है? संसदीय कार्य मंत्री रीजीजू ने कहा कि सत्तारूढ़ भाजपा ने सदन में गांधी के भाषण में किए गए कई दावों को चुनौती दी है और लोकसभा अध्यक्ष से कार्रवाई करने की मांग की है। 'अग्निपथ योजना' और अयोध्या में विकास परियोजनाओं के दौरान वहां के निवासियों के लिए मुआवजे को लेकर गांधी की ओर से लगाए गए आरोपों की आलोचना की।

विजय माल्या के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी

मुंबई : राज्य की एक विशेष अदालत ने इंडियन ओवरसीज बैंक (आईओबी) से जुड़े 180 करोड़ रुपये के ऋण चूक मामले में भगोड़े कारोबारी विजय माल्या के खिलाफ गैर जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) जारी किया है।

सीबीआई की विशेष अदालत के न्यायाधीश एस.पी. नाइक निंबालकर ने 29 जून को माल्या के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया और सोमवार को विस्तृत आदेश की प्रति उपलब्ध कराई गई। अदालत ने कहा कि माल्या की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए उनके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी करने का यह उपयुक्त मामला है।

भोजशाला मसले में नया मोड़ | जैन समुदाय के एक व्यक्ति ने मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय में दायर की याचिका

जैन समुदाय के लिए उपासना का मांगा गया अधिकार

इंदौर, एजेंसी

जैन समुदाय के एक व्यक्ति ने मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय में रिट याचिका दायर करके धार के भोजशाला-कमाल मौला मस्जिद परिसर में अपने समुदाय के लोगों के लिए उपासना का अधिकार मांगा है।

याचिका में दावा किया गया है कि इस विवादित परिसर में कभी जैन गुरुकुल और जैन मंदिर हुआ करता था जहां देवी अम्बिका की मूर्ति स्थापित थी। दिल्ली के सामाजिक कार्यकर्ता सलेकचंद जैन की ओर से दायर इस रिट याचिका पर उच्च न्यायालय में इस हफ्ते सुनवाई हो सकती है। जैन के अधिवक्ता मनोहर सिंह चौहान ने

सोमवार को यह जानकारी दी। यह याचिका ऐसे वक्त में दायर की गई है, जब भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश पर भोजशाला परिसर के सर्वेक्षण की रिपोर्ट अदालत में पेश करने की तैयारी में जुटा है। जैन की याचिका में दावा किया गया है कि भोजशाला परिसर में कभी जैन गुरुकुल और जैन मंदिर हुआ करता था जहां जैन मुनियों और विद्वानों द्वारा विद्यार्थियों को शिक्षा दी जाती थी और इस परिसर में संस्कृत, प्राकृत और अन्य भाषाओं में ग्रंथों के अनुवाद का काम भी होता था, लिहाजा जैन समुदाय के लोगों को इस स्थान पर उपासना का अधिकार प्रदान किया जाना चाहिए।

याचिका में यह दावा भी किया गया है कि भोजशाला परिसर की जिस मूर्ति को हिंदू समुदाय वाग्देवी (देवी सरस्वती) की प्रतिमा बता रहा है, वह असल में जैन समुदाय की देवी अम्बिका (जैन यक्षिणी) की मूर्ति है जिसे धार के राजा भोज ने इस परिसर में 1034 ईस्वी में स्थापित किया था। याचिका में गुहार लगाई गई है कि लंदन के एक संग्रहालय में रखी इस मूर्ति को भारत वापस लाकर भोजशाला परिसर में फिर से स्थापित किया जाना चाहिए।

हाईकोर्ट में दायर की याचिका में कहा गया है कि भोजशाला परिसर और इसमें मिली मूर्तियों, शिलालेखों, कलाकृतियों आदि की वास्तविक उम्र पता लगाने के लिए केंद्र सरकार को ''रेडियोकार्बन डेटिंग'' पद्धति के इस्तेमाल के निर्देश दिए जाने चाहिए। भोजशाला को हिंदू समुदाय वाग्देवी (देवी सरस्वती) का मंदिर मानता है, जबकि मुस्लिम पक्ष 11वीं सदी के इस स्मारक को कमाल मौला मस्जिद बताता है। यह परिसर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा संरक्षित है।

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 920 फ्लैग 1030 डीएमओ 820 बोल्ड 1095, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 900 फ्लैग 1055 बोल्ड 1100 डीएमओ 830।

लखनऊ मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)-

गेहूं (आरआर 21)	2360-2800
गेहूं (के 65)	3500-3800
बाजरा	2200-2300
मक्का	2700-2800
जौ	2900-3000

चावल (प्रति क्वि.)

चावल सेल्हा	2800-3100
चावल बासमती	7000-8000
चावल मोटा	2800-3000
चावल मन्सूरी	3200-3500
चावल शक्कर चीनी	4800-5200
चावल गोल्डन सेल्हा	5600-8600
चावल राजरानी	7000-7500

दाल दलहन

चना देशी	6800-7000
चना फार्मी	7200-7500
चना काबली	14500-17000
मटर हरा	6000-6200
मटर सफेद	6100-6500
दाल चना	8000-8400
दाल मटर	6400-6500
उड़द हरा	12000-12500
उड़द काला	9000-9500
दाल उड़द हरी	15500-16000
दाल उड़द काली	10500-11000
दाल उड़द धोवा	12000-12500
मूंग खड़ा	10000-10500
मूंग दाल	10500-11000
मूंग धोवा	12000-13000
मसूर	8800-9000
मलका	9000-9500
दाल अरहर फूल	16000-17000
दाल स्पेशल	13000-14000
राज्मा सफेद	13000-14000
राज्मा काला	11500-12500
मूंगफली का दाना	11000-12000

तेल तिलहन

अलसी	5310-5510
लाही	4800-5200
काली सरसों	4900-5300
पीली सरसों	5600-5800 रुपये।

जीएसटी से घरेलू सामानों पर कर की दरें घटीं

वित्त मंत्रालय ने कहा- लोगों को मिली राहत, नई अप्रत्यक्ष कर प्रणाली ने सात साल पूरे किए

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि माल और सेवा कर (जीएसटी) आने से घरेलू उत्पादों और मोबाइल फोन के लिए कर की दरें कम हुई हैं और इससे हर घर को राहत मिली है। नई अप्रत्यक्ष कर प्रणाली के तौर पर जीएसटी ने सोमवार को अपने सात साल पूरे किए हैं। जीएसटी में लगभग 17 स्थानीय कर एवं उपकर शामिल किए गए और इसे एक जुलाई, 2017 को लागू किया गया था।

सातवें जीएसटी दिवस का विषय 'सशक्त व्यापार, समग्र विकास' है। मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, 'जीएसटी लागू होने के बाद घरेलू सामानों पर कर की दरें कम होने से घरेलू उपकरणों और मोबाइल फोन पर कम जीएसटी के माध्यम से हर घर को खुशी और राहत मिली है।' जीएसटी करदाताओं का आधार अप्रैल 2018 तक 1.05 करोड़ था, जो बढ़कर अप्रैल 2024 में 1.46 करोड़ हो गया है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के चेयरमैन संजय कुमार अग्रवाल ने कहा, 'हमने बेहतर अनुपालन के साथ ही करदाताओं के आधार में तगड़ा उछाल देखा है।'

मंत्रालय ने कहा कि जीएसटी लागू होने के बाद हर घर में खाद्य पदार्थों और बड़े पैमाने पर उपभोग की वस्तुओं पर खर्च कम हुआ है। बिना पैकिंग वाले गेहूं, चावल, दही और लस्सी जैसे खाद्य पदार्थों पर जीएसटी लागू होने से पहले 2.5-4 प्रतिशत कर लगाया जाता था, जबकि जीएसटी लागू होने के बाद कर शून्य हो गया।

सौंदर्य प्रसाधन, कलाई घड़ी, प्लास्टिक के सैनिटरी उत्पाद, दरवाजे एवं खिड़कियां, फर्नीचर और गद्दे जैसे घरेलू सामानों पर जीएसटी प्रणाली में 18 प्रतिशत की दर से कर लगाया जाता है, जबकि पहले उत्पाद शुल्क और वैट व्यवस्था में 28 प्रतिशत कर लगता था। वित्त मंत्रालय ने कहा कि छोटे करदाताओं के लिए अनुपालन बोझ कम कर दिया गया है। जीएसटी परिषद ने वित्त वर्ष 2023-24 में दो करोड़ रुपये तक के सालाना कारोबार वाले करदाताओं के लिए वार्षिक रिटर्न दाखिल करने की जरूरत खत्म करने की सिफारिश की है।

जीएसटी संग्रह जून में 8% बढ़कर 1.74 लाख करोड़ रु.

नई दिल्ली। सकल जीएसटी संग्रह जून में आठ प्रतिशत बढ़कर 1.74 लाख करोड़ रुपये रहा। सूत्रों ने कहा कि चालू वित्त वर्ष (अप्रैल-जून) में अब तक सकल वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह 5.57 लाख करोड़ रुपये रहा। जून में संग्रह मई 2024 के संग्रह 1.73 लाख करोड़ रुपये से अधिक है। यह जून 2023 के संग्रह 1.61 लाख करोड़ रुपये से 8 प्रतिशत अधिक है। एकीकृत जीएसटी का निपटान केंद्रीय जीएसटी के मद में 39,586 करोड़ रुपये का और राज्य जीएसटी (के मद में 33,548 करोड़ रुपये का किया गया।

किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन वाले कृषि यंत्रों पर अनुदान दे रही राज्य सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कृषि यंत्रों के लिए दो जुलाई से आवेदन कर सकेंगे किसान
- 16 जुलाई की रात 12 बजे तक ऑलाइन हो सकेगा आवेदन

अमृत विचार: किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन वाले कृषि यंत्रों पर अनुदान देने के तहत राज्य सरकार ने दो जुलाई से 16 जुलाई तक की एक अवधि तय की है। इस दौरान राज्य के किसान ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। यह कवायद प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन फॉर इन-सीटू मैनेजमेंट ऑफ क्रॉप रेज्ड्यू, (सीआरएम) योजना के तहत की जा रही है।

योजना के तहत कृषि यंत्रों जैसे- सुपर स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम (सुपर एसएमएस), हैप्पी सीडर, स्मार्ट सीडर, सुपर सीडर, पैडी स्ट्रा चोपर,श्रेडर, मल्चर, श्रब मास्टर, रोटरी स्लैशर, सरफेस सीडर, हाइड्रोलिक रिवर्सिबल एमबी. प्लाऊ, बेलिंग मशीन, स्ट्रा रेक, जीरो टिल सीड कम फर्टिलाइजर

ड्रिल, क्रॉप रीपर ट्रैक्टर माउंटेड, सेल्फ प्रोपेल्ड, सेल्फ प्रोपेल्ड रीपर कम बाइंडर और कस्टम हायरिंग सेंटर के लिए आवेदन किए जा सकेंगे। इस क्रम में निर्धारित अवधि में विभागीय दर्शन पोर्टल https://www.agriculture.up.gov.in पर यंत्र पर अनुदान के लिए टोकन निकालना होगा।

ई-लॉटरी की मिलेगी सूचना

ई-लॉटरी के लिए स्थल, तिथि एवं समय की जानकारी आवेदकों के मध्य संबंधित जिला उप कृषि निदेशक द्वारा विभिन्न माध्यमों से सूचना दी जाएगी। निर्धारित समय के भीतर लक्ष्य से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर डीएम की अध्यक्षता में गठित कार्यकारी समिति के समक्ष विभागीय पोर्टल पर ई-लॉटरी के माध्यम से ब्लॉकवार लक्ष्यों के सापेक्ष लाभार्थी का चयन किया जाएगा।

कृषक परिवार (पति अथवा पत्नी में कोई एक) द्वारा एक वित्तीय वर्ष में योजना के तहत निर्धारित यंत्रों में से एक या एक से अधिक प्रकार के यंत्र लिए जा सकते हैं। फसल अवशेष प्रबंधन वाले कृषि यंत्रों पर अधिकतम 50 फीसदी व कस्टम हायरिंग सेंटर पर अधिकतम 80 प्रतिशत तक अनुदान प्राप्त होगा।

सर्राफा

कानपुर	
चाँदी 999 (प्रति किलो)	89,900
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	95,000
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	100000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	73,600
गिन्नी (प्रति नग)	54,850-55,050
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	72,650
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	72,500
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	89,500
चांदी तैयार	89,600
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	72,300
सोना जेवरात गिन्नी	71,300
चांदी पक्की	882 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	72,700
चांदी आभूषण	89,200।

आरबीआई-आसियान त्वरित सीमापार खुदरा भुगतान के लिए मंच बनाएंगे

मुंबई, एजेंसी

आरबीआई और आसियान देशों ने सीमापार खुदरा भुगतान को तेज करने के लिए एक मंच बनाने का फैसला किया है। इस मंच के 2026 तक चालू होने की उम्मीद है।

आरबीआई ने एक बयान में कहा कि वह 'प्रोजेक्ट नेक्सस' में शामिल हो गया है, जो घरेलू त्वरित भुगतान प्रणाली (एफपीएस) को आपस में जोड़कर सीमापार खुदरा भुगतान को तेज करने के लिए एक बहुपक्षीय अंतर्राष्ट्रीय पहल है। बैंक फॉर इंटरनेशनल सेटलमेंट्स (बीआईएस) के नवाचार केंद्र ने प्रोजेक्ट नेक्सस को तैयार किया है। प्रोजेक्ट नेक्सस का मकसद चार आसियान देशों (मलेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर और थाईलैंड) और भारत के एफपीएस को जोड़ना है। भारत इस मंच का संस्थापक सदस्य और पहला प्रस्तावक देश होगा। इस आशय के एक समझौते पर बीआईएस और संस्थापक देशों के केंद्रीय बैंकों - बैंक नेगारा मलेशिया (बीएनएम), बैंक ऑफ थाईलैंड (बीओटी), बैंगको सेंट्रल एनजी फिलीपींस, मॉनेटरी अथॉरिटी ऑफ सिंगापुर और आरबीआई ने रविवार को स्विट्जरलैंड के बेसल में हस्ताक्षर किए हैं।

बिजली खपत जून में करीब नौ प्रतिशत बढ़कर 152.38 अरब यूनिट

नई दिल्ली। देश में बिजली खपत जून में सालाना आधार पर करीब नौ प्रतिशत बढ़कर 152.38 अरब यूनिट रही। भीषण गर्मी के कारण घरों और दफ्तरों में एयर कंडीशनर और कूलर जैसे उपकरणों का अत्यधिक इस्तेमाल इसकी मुख्य वजह रही। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, जून 2023 में बिजली की खपत 140.27 अरब यूनिट थी। एक दिन में सर्वाधिक आपूर्ति (पूरी की गई अधिकतम मांग) भी जून 2024 में बढ़कर 245.41 गीगावाट (एक गीगावाट बराबर 1,000 मेगावाट) हो गई, जबकि एक साल पहले इसी महीने में यह 223.29 गीगावाट थी।

भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि जून में बढ़ी, रोजगार में रिकॉर्ड उछाल

नई दिल्ली, एजेंसी

- मई के पीएमआई 57.5 की अपेक्षा बढ़कर 58.3 हो गया

भारत के विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन जून में तेज गति से बढ़ा है। अनुकूल मांग परिस्थितियों के बीच नए ठेके मिलने जारी रहे और इसके परिणामस्वरूप रोजगार में रिकॉर्ड वृद्धि हुई।

सोमवार को जारी एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई। मौसमी रूप से समायोजित 'एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक' (पीएमआई) जून में बढ़कर 58.3 हो गया जो मई में 57.5 था। पीएमआई के तहत 50 से ऊपर सूचकांक होने का मतलब उत्पादन गतिविधियों में विस्तार है जबकि 50 से नीचे का आंकड़ा गिरावट को दर्शाता है। जून के आंकड़ों के अनुसार भारत में विनिर्माताओं की बिक्री में मजबूत वृद्धि मुख्य रूप से मजबूत अंतर्निहित मांग, उच्च निर्यात और सफल विज्ञापन के कारण हुई। नए ठेके मिलने में लगातार बढ़ोतरी के परिणामस्वरूप कंपनियों द्वारा भर्ती में तेजी आई। रोजगार सृजन की दर तेज हुई और मार्च 2005 में डेटा संग्रह शुरू होने के बाद से मजबूत रही।

एअर इंडिया महाराष्ट्र में उड़ान संस्थान करेगी स्थापित

मुंबई। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एअर इंडिया ने महाराष्ट्र के अमरावती में एक प्रशिक्षण संस्थान स्थापित करने की सोमवार को घोषणा की। इस कदम का लक्ष्य सालाना 180 वाणिज्यिक पायलट को प्रशिक्षित करना है। एअर इंडिया ने एक बयान में कहा कि बेलोरा हवाई अड्डे पर नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) लाइसेंस प्राप्त उड़ान प्रशिक्षण संगठन (एफटीओ) दक्षिण एशिया में अपनी तरह का सबसे बड़ा संस्थान होगा। यह अगले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में तैयार हो जाएगा।

एक नजर

3-4 जुलाई को 'ग्लोबल इंडिया एआई समिट' का आयोजन

नई दिल्ली। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय कृत्रिम मेधा से संबंधित मुद्दों पर चर्चा के लिए 3-4 जुलाई को वैश्विक एआई शिखर सम्मेलन का आयोजन करेगा। मंत्रालय के अनुसार, भारत इस नए युग की प्रौद्योगिकी की नैतिक और समावेशी वृद्धि के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध है। 'ग्लोबल इंडिया एआई समिट-2024' के जरिए भारत स्वयं को एआई नवाचार में वैश्विक नेता के रूप में स्थापित करने की आकांक्षा रखता है। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद और उद्योग जगत के कई नामचीन चेहरे इस कार्यक्रम के वक्ता होंगे।

आरबीआई ने दो नए कार्यकारी निदेशक नियुक्त किए

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोमवार को अर्नब कुमार चौधरी और चारुलता एस कार को कार्यकारी निदेशक नियुक्त करने की घोषणा की। चौधरी और कार तीन-तीन विभागों की जिम्मेदारी संभालेंगे। रिजर्व बैंक के अनुसार, कार को 1 जुलाई से कार्यकारी निदेशक (ईडी) नियुक्त किया गया है, जबकि चौधरी को 3 जून, 2024 से ईडी नियुक्त किया गया है। कार्यकारी निदेशक के रूप में पदोन्नत होने से पहले चौधरी पर्यवेक्षण विभाग में मुख्य महाप्रबंधक-प्रभारी के रूप में कार्यरत थे। रिजर्व बैंक ने एक बयान में कहा कि कार्यकारी निदेशक के रूप में वह जमा बीमा और ऋण गारंटी निगम (डीआईसीजीसी), विदेशी मुद्रा विभाग और अंतर्राष्ट्रीय विभाग की जिम्मेदारी संभालेंगे।

ताप बिजली घरों के लिए पर्याप्त कोयला भंडार मौजूद: मंत्रालय

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने सोमवार को कहा कि घरेलू ताप बिजली घरों की जरूरतों को पूरा करने के लिए उसके पास पर्याप्त मात्रा में कोयला उपलब्ध है। घरेलू ताप विद्युत संयंत्रों के पास मौजूद कोयले का भंडार शनिवार तक 4.44 करोड़ टन था। यह बिजली उपभोग के मौजूदा स्तर के हिसाब से 18.5 दिनों की जरूरतों को पूरा करने के लिए काफी है। कोयला मंत्रालय ने एक बयान में कहा, "ताप विद्युत संयंत्रों के पास उपलब्ध कोयले का भंडार एक साल पहले के भंडार की तुलना में 33 प्रतिशत अधिक है।" मंत्रालय ने कहा कि अप्रैल-जून तिमाही में कोयला उत्पादन 10.58 प्रतिशत बढ़ गया।

किसान मांग रहे एमएसपी, केंद्र कर रहा इनकार

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सरकार को घेरा, कृषि मंत्री शिवराज ने कहा- झूठ न बोलें नेता प्रतिपक्ष

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा में सोमवार को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान विपक्ष के नेता राहुल गांधी जब सदन में बोलने के लिए खड़े हुए तो उन्होंने अग्निवीर योजना, महंगाई और किसानों से जुड़े मुद्दे उठाकर सरकार को घेरने की कोशिश की। राहुल गांधी ने सदन में बोलते हुए सरकार की ओर से किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) नहीं दिए जाने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि देश के किसान एमएसपी की मांग कर रहे हैं, लेकिन सरकार कह रही है कि हम नहीं देंगे। हालांकि सरकार की ओर से इसका खंडन किया गया।

राहुल ने कहा कि हम किसानों के हित में जो भूमि अधिग्रहण कानून लाए थे, वर्तमान सरकार उसे बदल कर ऐसे कृषि कानून लेकर आई, जो किसानों के बजाए उद्योगपतियों के हितों की बात करती थी। किसानों ने उसका विरोध किया। विरोध करने के लिए जो किसान दिल्ली आ रहे थे, उन्हें रास्तों पर ही रोक दिया गया। आज तक कई जगहों पर बॉर्डर बंद हैं। सरकार किसानों को एमएसपी देने को तैयार नहीं है।

राहुल गांधी के इस आरोप का सरकार की ओर से तुरंत खंडन किया गया। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राहुल गांधी के बयान पर आपत्ति जताई।

शिवराज सिंह ने कहा, 'विपक्ष के नेता को सदन में खड़े होकर झूठ नहीं बोलना चाहिए कि सरकार किसानों को एमएसपी नहीं दे रही। मोदी जी की सरकार किसानों को फसलों की लागत पर एमएसपी की सुविधा मुहैया करवा रही है।" इसके बाद विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कृषि मंत्री को जवाब देते हुए कहा कि मैं किसानों कानूनी रूप से एमएसपी की गारंटी देने की बात कर रहा हूं।

शाह ने कहा- आसन राहुल के बयान को सत्यापित करे

नई दिल्ली। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सोमवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मांग की कि वह न्यूनतम समर्थन मूल्य पर किसानों से अनाज नहीं खरीदे जाने और सेना के शहीद अग्निवीरों के परिजनों को मुआवजा न दिये जाने के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के दावे को सत्यापित करने का निर्देश दें। शाह की मांग पर बिरला ने हामी भरी है। लोकसभा में सोमवार को राहुल गांधी ने एमएसपी पर किसानों से अनाज नहीं खरीदे जाने का आरोप लगाते हुए सरकार पर निशाना साधा, जिस पर कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने हस्तक्षेप किया। जब गांधी ने अपना संबोधन समाप्त किया तो शाह ने निर्देश पुस्तिका दिखाते हुए कहा कि कोई भी मंत्री या सदस्य भाषण देते समय तथ्यात्मक चीजें रखते हैं और कोई सदस्य उसे चुनौती देते हैं तो आसन इसे सत्यापित करने का निर्देश दे सकता है। उन्होंने इसके लिए नियम पुस्तिका की नियम संख्या 115 (एक) से 115 (चार) तक का हवाला देते हुए कहा कि नेता प्रतिपक्ष ने कई ऐसे तथ्य रखे जो सत्य नहीं हैं। उन्होंने कहा, 'सत्ता पक्ष ने उन बयानों पर आपत्ति जताई है। हम आपसे सत्यापन का निर्देश देने की मांग करते हैं, हमें संरक्षण मिले।' उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष को अपने बयान के सत्यापन का निर्देश मिले। इस पर ओम बिरला ने कहा, सत्यापन करेंगे।

कोल इंडिया का कोयला उत्पादन 8 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली। सरकारी स्वामित्व वाली कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) का कोयला उत्पादन चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 8 प्रतिशत बढ़कर 18.93 करोड़ टन रहा। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में कोल इंडिया का कोयला उत्पादन 17.55 करोड़ टन था। कोल इंडिया लिमिटेड ने सोमवार को एक बयान में कहा, "हमने 18.92 करोड़ टन के लक्ष्य को पार करते हुए चालू वित्त वर्ष की जून तिमाही में 100 प्रतिशत संतुष्टि हासिल की।" देश के कुल कोयला उत्पादन में 80 प्रतिशत से अधिक की हिस्सेदारी रखने वाली कंपनी की सभी सात उत्पादक अनुषंगियों ने भी आलोच्य अवधि में सकारात्मक वृद्धि हासिल की और इनमें से पांच ने अपने निर्धारित लक्ष्यों को पार कर लिया। जून के महीने में कंपनी का उत्पादन नौ प्रतिशत बढ़कर 6.3 करोड़ टन हो गया, जो जून 2023 में उत्पादित 5.8 करोड़ टन से अधिक है।

केयर रेटिंग्स की रिपोर्ट में दावा

मोबाइल टैरिफ में वृद्धि से औसत राजस्व में 15% वृद्धि

मुंबई, एजेंसी

शीर्ष तीन दूरसंचार कंपनियों के मोबाइल सेवाओं के शुल्क में बढ़ोतरी करने से प्रति उपयोगकर्ता औसत राजस्व (एआरपीयू) में 15 प्रतिशत की वृद्धि होगी। केयर रेटिंग्स ने कहा कि इससे वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान परिचालन लाभ में 20 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि होगी।

घरेलू रेटिंग एजेंसी ने एक रिपोर्ट में कहा कि ढाई साल बाद दूरसंचार कंपनियों ने मोबाइल सेवाओं के शुल्क में 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी की, जिससे वित्त वर्ष 2024-25 में इन कंपनियों के लाभ में 20-22 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है। रिपोर्ट में इस कदम को दूरसंचार क्षेत्र के लिए संरचनात्मक रूप से सकारात्मक बताया गया। क्षेत्र 5जी तैनाती में भारी निवेश के कारण निवेश की गई पूंजी पर प्रतिफल के मोर्चे पर संघर्ष कर रहा है, जिसमें स्पेक्ट्रम खरीद भी शामिल है। रेटिंग एजेंसी के विश्लेषण से पता चला है कि इस बढ़ोतरी से दूरसंचार कंपनियों का प्रति उपयोगकर्ता औसत राजस्व वित्त वर्ष 2024-25 में लगभग 15 प्रतिशत बढ़कर 220 रुपये हो जाएगा, जो वित्त वर्ष 2023-24 में लगभग 191 रुपये था। इसमें कहा गया कि एआरपीयू में प्रत्येक एक रुपये की वृद्धि से उद्योग के लाभ में लगभग 1,000 करोड़ रुपये जुड़ेंगे। रिपोर्ट के मुताबिक मुनाफे में इस वृद्धि से दूरसंचार कंपनियों को पूंजी, प्रौद्योगिकी उन्नयन और नेटवर्क विस्तार में मदद मिलेगी।

अम्बे लैब्स के आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 65-68 रु. प्रति शेयर

नई दिल्ली। कृषि-रसायन बनाने वाली अम्बे लैबोरेटरीज आईपीओ के जरिए 44.68 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रही है। आईपीओ के लिए 4 जुलाई से आवेदन किया जा सकेगा। अम्बे लैबोरेटरीज ने सोमवार को एक बयान में कहा कि कंपनी ने आईपीओ का मूल्य दायरा 65-68 रुपये प्रति शेयर तय किया है।

सार्वजनिक निर्गम 8 जुलाई को बंद होगा। कंपनी के शेयर एनएसई एसएमई इमर्ज पर सूचीबद्ध होंगे। अम्बे लैबोरेटरीज ने कहा कि कीमत दायरे की ऊपरी सीमा पर, आईपीओ से 44.68 करोड़ रुपये तक की राशि मिलने की उम्मीद है। वर्ष 1985 में गठित अंबे लेबोरेटरीज फसल सुरक्षा के लिए कृषि रसायन उत्पाद बनाती है।

पतंजलि आयुर्वेद का 'होम एंड पर्सनल केयर' बिजनेस खरीदेगी पतंजलि फूड्स, 1100 करोड़ रुपये में डील

नई दिल्ली, एजेंसी

योगगुरु बाबा रामदेव की कंपनी पतंजलि फूड्स लिमिटेड (पीएफएल) अपने एफएमसीजी पोर्टफोलियो का विस्तार करने के उद्देश्य से अपनी पैरेंट कंपनी पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड (पीएएल) के होम एंड पर्सनल केयर कारोबार का 1100 करोड़ रुपये में अधिग्रहण करेगी। पीएफएल ने सोमवार को बताया कि पतंजलि फूड्स लिमिटेड के बोर्ड ने पीएएल के होम एंड पर्सनल केयर (एचपीसी) कारोबार के अधिग्रहण के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है, जिससे कंपनी के एक अग्रणी एफएमसीजी कंपनी के रूप में परिवर्तन की गति तेज होगी। साथ ही स्लंप सेल के आधार पर अधिग्रहण से कंपनी के प्रोडक्ट पोर्टफोलियो का विस्तार होगा। होम एंड पर्सनल केयर कारोबार के हस्तांतरण के लिए कंपनी और पीएएल के बीच 1100 करोड़ रुपये की एकमुश्त राशि पर पारस्परिक रूप से बातचीत की गई है, जो प्रथागत समापन तिथि समायोजन और कंपनी और पीएएल के बीच निष्पादित किए जाने वाले व्यवसाय हस्तांतरण समझौते में निर्धारित अन्य शर्तों के अधीन होगी।

मारुति सुजुकी की जून में बिक्री 12% बढ़कर 1,79,228 इकाई पर

नई दिल्ली। वाहन बनाने वाली कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया की जून महीने में कुल थोक बिक्री 12 प्रतिशत बढ़कर 1,79,228 इकाई रही। मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने एक बयान में कहा कि कंपनी की पिछले साल इसी महीने में थोक बिक्री 1,59,418 इकाई थी। बयान के अनुसार जून में कुल घरेलू यात्री वाहनों की बिक्री 3 प्रतिशत बढ़कर 1,37,160 इकाई रही, जून 2023 में यह 1,33,027 इकाई थी। ऑल्टो और एस-प्रेसो सहित छोटी कारों की बिक्री जून 2023 में 14,054 इकाइयों से घटकर पिछले महीने 9,395 इकाई रह गई। बलेनो, सेलेरियो, डिजायर, इग्निस, स्विफ्ट, टूर एस और वैगनआर सहित कॉम्पैक्ट कार की बिक्री जून में 64,049 इकाई रही, जबकि एक साल पहले इसी महीने में 64,471 इकाई थी।

पहले कारोबारी दिन नई ऊंचाई पर पहुंचा बाजार

- बैंक, आईटी शेयरों में तेजी से सेंसेक्स 443 अंक चढ़ा

मुंबई, एजेंसी

वैश्विक बाजारों में मजबूती के बीच घरेलू स्तर पर बैंक एवं आईटी शेयरों में लिवाली आने से सोमवार को मानक सूचकांक सेंसेक्स 443 अंक बढ़कर नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 24,100 अंक से ऊपर रहा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 443.46 अंक यानी 0.56 प्रतिशत बढ़कर 79,476.19 के सर्वकालिक उच्च स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स एक समय 528.27 अंक उछलकर 79,561 पर पहुंच गया था।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी 131.35 अंक बढ़कर 24,141.95 अंक के अपने उच्चतम स्तर पर बंद हुआ।

कारोबार के दौरान यह 24,164 तक पहुंच गया जो पिछले कारोबारी सत्र में हासिल 24,174 के सर्वकालिक उच्चतम स्तर से मात्र 10 अंक कम है। सेंसेक्स के समूह में शामिल शेयरों में से टेक महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, जेएसडब्ल्यू स्टील, इन्फोसिस, एचडीएफसी बैंक, टाटा मोटर्स और आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों में प्रमुख रूप से तेजी दर्ज की गई। दूसरी तरफ एनटीपीसी, भारतीय स्टेट बैंक, लार्सन एंड टूब्रो, सन फार्मा, इंडसइंड बैंक और एक्सिस बैंक के शेयरों में गिरावट का रुख रहा। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा- घरेलू बाजार ने अपनी तेजी को बरकरार रखा। अमेरिकी मुद्रास्फीति में कमी ने सितंबर में फेडरल रिजर्व की तरफ से दरों में कटौती की उम्मीदें बढ़ाई हैं।

पूंजीकरण 443 लाख करोड़ के रिकॉर्ड स्तर पर

घरेलू शेयर बाजार में तेजी के बीच बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण सोमवार को बढ़कर 443.05 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। यह इसका अब तक का रिकॉर्ड स्तर है। पूंजीकरण में यह उछाल सेंसेक्स के अपने नए शिखर पर पहुंचने के बीच आया है। बीएसई का सूचकांक सेंसेक्स 443.46 अंक यानी 0.56 प्रतिशत बढ़कर 79,476.19 के सर्वकालिक उच्च स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स एक समय 528.27 अंक उछलकर 79,561 पर पहुंच गया था। इस तेजी का असर बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों के बाजार मूल्यांकन पर पड़ा और वह 4,43,05,344.36 करोड़ रुपये के अपने नए रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया।

एमएसएमई सहज एमएसएमई ऋण का अनावरण

नई दिल्ली। देश के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने एमएसएमई के इनवॉइस फाइनेंसिंग के लिए वेब आधारित डिजिटल बिज़नेस ऋण समाधान "एमएसएमई सहज" के शुभारंभ की घोषणा की है। बैंक ने कहा कि इसे डेटा-संचालित इनवॉइस फाइनेंसिंग क्रेडिट असेसमेंट इंजन के रूप में विकसित किया गया है, जो बिना किसी मैनुअल हस्तक्षेप के 15 मिनट के भीतर ऋण आवेदन से लेकर दस्तावेज़ीकरण और स्वीकृत ऋण के वितरण तक संपूर्ण समाधान प्रदान करेगा। नियत तिथि पर ऋण का बंद होना भी स्वचालित है और सिस्टम द्वारा ही किया जाता है।

दो हजार रुपये के 97.87% नोट बैंकिंग प्रणाली में वापस लौटे

नई दिल्ली, एजेंसी

- अब लोगों के पास बचे 7,581 करोड़ रुपये के नोट

दो हजार रुपये के बैंक नोटों में से 97.87 प्रतिशत बैंकिंग प्रणाली में वापस आ गए हैं और केवल 7,581 करोड़ रुपये मूल्य के नोट ही जनता के पास बचे हैं। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोमवार को यह जानकारी दी। आरबीआई ने 19 मई, 2023 को 2000 रुपये मूल्य वर्ग के बैंक नोटों को प्रचलन से वापस लेने की घोषणा की थी। 19 मई, 2023 को कारोबार के बंद होने के बाद प्रचलन में रहे 2000 रुपये के बैंकनोटों का कुल मूल्य 3.56 लाख करोड़ रुपये था जो 28 जून, 2024 को कारोबार के बंद होने पर घटकर 7,581 करोड़ रुपये रह गया है।

केंद्रीय बैंक ने एक बयान में कहा, "इस प्रकार, 19 मई, 2023 तक प्रचलन में रहे 2000 रुपये के 97.87 प्रतिशत बैंक नोट बैंकिंग प्रणाली में वापस आ गए हैं।' 2000 रुपये के बैंकनोटों को जमा करने और/या बदलने की सुविधा 7 अक्टूबर, 2023 तक देश की सभी बैंक शाखाओं में उपलब्ध थी। 2000 रुपये के बैंकनोटों के आदान-प्रदान की सुविधा 19 मई, 2023 से रिजर्व बैंक के 19 निर्गम कार्यालयों में भी उपलब्ध है।

तीनों सफेद मिल गए, लाल बाकी है: द्रविड़

ब्रिजटाउन, एजेंसी

भारतीय क्रिकेट टीम के निवर्तमान कोच राहुल द्रविड़ ने स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को टी20 विश्व कप जीतने के कुछ घंटे बाद और अपने कार्यकाल के आखिरी दिन भी एक काम सौंपा है। द्रविड़ ने भारतीय ड्रेसिंग रूम के जश्न के वीडियो में कोहली से कहा तीनों सफेद तो हासिल कर लिए, एक लाल बाकी है। उसे भी हासिल कर लो।

आईसीसी ने इंस्टाग्राम पेज पर यह वीडियो डाला है। तीन सफेद से आशय टी-20 विश्व कप, वनडे विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी है जो कोहली ने जीत रखे है। अब बस विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल जीतना बाकी है। भारत दो बार डब्ल्यूटीसी फाइनल (2021 में न्यूजीलैंड से और 2023 में आस्ट्रेलिया से) हार चुका है। 35 वर्ष के कोहली ने विश्व कप जीतने के साथ टी-20 क्रिकेट से विदा ले ली। वह द्रविड़ के

इस बयान पर मुस्कुराकर रह गए। इस वीडियो में सूर्यकुमार यादव भी हैं जिन्होंने फाइनल में डेविड मिलर का शानदार कैच लपका था। इस उपलब्धि को समझने में उन्हें कम से कम दो दिन लगेंगे। अभी कुछ महसूस नहीं हो रहा। समझ में नहीं आ रहा कि क्या कहूं। तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने कहा आत्मविश्वास से क्या हासिल नहीं हो सकता। भारतीय टीम फिलहाल बारबडोस में ही है क्योंकि तूफान बेरिल की चेतावनी के कारण उड़ान सेवाएं निरस्त हैं। भारतीय टीम को दुबई के रास्ते न्यूयॉर्क से अमीरात की उड़ान लेनी थी। एक सूत्र ने बताया कि टीम को चार्टर्ड उड़ान से वापिस लाया जा सकता है। भारतीय दल में सहयोगी स्टाफ, परिवार और अधिकारियों समेत 70 सदस्य हैं।

कार्तिक होंगे आरसीबी के बल्लेबाजी कोच, मेंटॉर

नई दिल्ली। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले चुके पूर्व भारतीय क्रिकेटर दिनेश कार्तिक को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने अपना बल्लेबाजी कोच और मेंटॉर नियुक्त किया है। इस नियुक्ति के बाद कार्तिक इंडियन प्रीमियर लीग के अगले सत्र से आरसीबी के खिलाड़ियों को बल्लेबाजी के गुर सिखाते नजर आएंगे।

कार्तिक ने आरसीबी के बल्लेबाजी कोच और मेंटॉर नियुक्ति को लेकर जारी प्रेस विज्ञप्ति में एक बयान में कहा, पेशेवर स्तर पर कोचिंग करने का अवसर पाकर मैं काफी उत्साहित हूं। यह मेरे जीवन का एक नया अध्याय है। मैं उम्मीद करता हूं एक खिलाड़ी के तौर पर मिले अपने अनुभव आरसीबी को दे पाऊंगा। कार्तिक आईपीएल में कुल छह टीमों का हिस्सा रहे। उन्होंने में केकेआर के लिए कप्तानी भी की है।

श्रीलंका दौरे पर जाएंगे नए कोच : शाह

ब्रिजटाउन, एजेंसी

- गौतम गंभीर के नाम की लगाई जा रहीं अटकलें
- तूफान के चलते बारबडोस में फंसी भारतीय टीम

बीसीसीआई सचिव जय शाह ने सोमवार को कहा कि भारतीय क्रिकेट टीम के नए मुख्य कोच इस महीने के आखिर में श्रीलंका में सीमित ओवरों की श्रृंखला के साथ टीम से जुड़ेंगे हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि राहुल द्रविड़ के जाने के बाद किसके नाम पर मुहर लगी है। पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर के नाम की अटकलें लगाई जा रही है । क्रिकेट सलाहकार समिति ने गंभीर और भारतीय महिला टीम के पूर्व कोच डब्ल्यू वी रमन के इंटरव्यू लिए हैं।

शाह ने कहा कि एक चयनकर्ता की नियुक्ति भी शीघ्र की जाएगी। शाह टी-20 विश्व कप के लिए वेस्टइंडीज आए हैं जिसमें भारत ने फाइनल में श्रीलंका को सात रन से हराकर खिताब जीता। शाह ने कहा कोच और चयनकर्ता की नियुक्ति जल्द ही होगी। सीएसी ने दो उम्मीदवारों के इंटरव्यू लिए हैं और मुंबई जाने के बाद जो उनका फैसला होगा, हम उस पर अमल करेंगे। जिम्बाब्वे दौरे पर वीवीएस लक्ष्मण जाएंगे लेकिन नया कोच श्रीलंका श्रृंखला से ही जुड़ेगा। टीम 27 जुलाई से तीन टी-20 और तीन वनडे खेलने श्रीलंका जाएगी। हार्दिक के प्रदर्शन और रोहित के बाद उनके कप्तान बनने की संभावना पर शाह ने कहा कप्तानी का फैसला चयनकर्ता करेंगे। सम्मान समारोह की बीसीसीआई योजना बना रही है लेकिन तूफान की चेतावनी के कारण बारबडोस हवाई अड्डा बंद है और टीम यहीं फंसी हुई है। शाह ने कहा हम भी यहां फंसे हुए हैं।

भारतीय महिला टीम ने जीती श्रृंखला

दक्षिण अफ्रीका पर शानदार जीत दर्ज करने के बाद ट्रॉफी के साथ जश्न मनाते भारतीय महिला टीम के खिलाड़ी व अन्य सदस्य। ● एजेंसी

टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका को 10 विकेट से हराया, राणा बनीं प्लेयर ऑफ द मैच

चेन्नई, एजेंसी

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने एकमात्र टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका को सोमवार को चौथे और आखिरी दिन दस विकेट से हरा दिया। दक्षिण अफ्रीका को दूसरी पारी में 373 रन पर आउट करने के बाद भारत को जीत के लिये 37 रन का आसान लक्ष्य मिला जो मेजबान ने बिना कोई विकेट गंवाये 9.2 ओवर में हासिल कर लिया।

भारत ने पहली पारी छह विकेट पर 603 रन पर घोषित की थी। भारत के लिए सलामी बल्लेबाज शुभा सतीश ने नाबाद 13 और शेफाली वर्मा ने नाबाद 24 रन बनाकर टीम को जीत तक पहुंचाया। भारत ने इससे पहले 2002 में पार्ल में भी दक्षिण अफ्रीका को दस विकेट से हराया था। पहली पारी में 266 रन पर आउट होने के बाद दक्षिण अफ्रीका ने दूसरी पारी में बेहतर प्रदर्शन किया। लौरा वोल्वार्ट ने 314 गेंद में 122 और सुने लुस ने 203 गेंद में 109 रन बनाए। अपने कल के स्कोर दो विकेट पर 232 रन से आगे खेलते हुए वोल्वार्ट और मरियाने काप ने रन बनाना जारी रखा।

वोल्वार्ट ने पहला टेस्ट शतक जड़ा और एक ही साल में टेस्ट, वनडे तथा टी-20 में शतक बनाने वाली पहली महिला क्रिकेटर बन गई। काप को दीप्ति शर्मा ने 31 के स्कोर पर पगबाधा आउट किया। वहीं स्नेह राणा ने डेल्मी टकर को खाता खोले बिना पवेलियन भेजा। वोल्वार्ट 122 के स्कोर पर राजेश्वरी गायकवाड़ की गेंद पर पगबाधा आउट हुई। दक्षिण अफ्रीका ने 300 रन का आंकड़ा पार किया जो भारत के खिलाफ उसका सर्वोच्च टेस्ट स्कोर है। लंच के बाद सिनालो जाफ्टा रिटायर्ड हर्ट हो गई जबकि एन्ने डेर्कसन पांच रन बनाकर पूजा वस्त्राकर का शिकार हुई। डि क्लेर्क और मसाबाटा क्लास ने 23 रन की साझेदारी करके टीम को पारी की हार से बचाया।

वहीं पहली पारी में भारत की शेफाली वर्मा (205) के एतिहासिक दोहरे शतक और स्मृति मंधाना (149) की शतकीय पारी की मदद से भारत ने छह विकेट पर 603 रन पर घोषित कर दी थी। एम ए चिदंबरम स्टेडियम में भारतीय महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना की सलामी जोड़ी ने बेहतरीन बल्लेबाजी का मुजाहिरा करते हुए मैदान के चारों ओर शॉट लगाते हुए पहले विकेट के लिये 292 रनों की रिकार्ड साझेदारी की। इसके बाद स्नेह राणा (आठ विकेट) के शानदार स्पैल की बदौलत भारतीय महिला टीम ने बल्लेबाजी के लिए मुफीद चेपॉक की सपाट पिच पर मेहमान दक्षिण अफ्रीका रविवार को पहली पारी में 266 रन पर ढ़ेर कर 337 रनों की बढ़त बना ली थी। स्नेह राणा के शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

ट्रॉफी के साथ कप्तान हरमनप्रीत कौर। ● एजेंसी

स्कोर बोर्ड

भारत पहली पारी: 603/6 (पारी घोषित)
दक्षिण अफ्रीका पहली पारी: 266/10
प्लेयर ऑफ द मैच स्नेहा राणा

द. अफ्रीका (फॉलोऑन) 373/10 (154.4 ओवर)

	रन	गेंद	4/6
लॉरा वुलवार्टर पगबाधा राजेश्वरी	122	314	16/0
ऐनेक बॉश पगबाधा दीप्ति	9	18	2/0
सुने लुस बो हरमनप्रीत	109	203	18/0
मारिजाने काप पगबाधा दीप्ति	31	82	3/0
डेलमी टकर का रोड्रिग्स बो राणा	0	3	0/0
नाडिने डि क्लार्क बो राजेश्वरी	61	185	8/1
सिनालो जाफ्ता का शुभा बो राणा	15	36	2/0
एन्नेरी डर्कसन पगबाधा वस्त्राकर	5	17	1/0
तुमी सेखुखुने रन आउट (राजेश्वरी)	6	35	1/0
मासाबाटा क्लास बो शेफाली	2	33	0/0
नोनकुलुलेको म्लाबा नाबाद	1	5	0/0

अतिरिक्त: 12, गेंदबाजी: रेणुका 10-1-30-0, राणा 40-12-111-2, वस्त्राकर 16-7-35-1, दीप्ति 45-10-95-2, राजेश्वरी 30.4-12-55-2, शेफाली 3-1-7-1, हरमनप्रीत 10-0-31-1

भारत दूसरी पारी 37/0 (9.2 ओवर)

	रन	गेंद	4/6
शुभा सतीश नाबाद	13	26	1/0
शेफाली वर्मा नाबाद	24	30	3/1

गेंदबाजी: म्लाबा 5-0-18-0, टकर 4.2-0-19-0

खेल डायरी

अफगानिस्तान की महिला क्रिकेटरों ने शरणार्थी टीम गठित करने का किया आग्रह

मेलबर्न। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक बार फिर क्रिकेट के मैदान पर उतरने का सपना संजोय ऑस्ट्रेलिया में आत्म-निर्वासन में रह रही अफगानिस्तान की 17 महिला क्रिकेटरों ने आईसीसी को पत्र लिख कर एक टीम गठित करने में मदद करने की मांग की है। तालिबान ने 2021 में अफगानिस्तान में सत्ता हासिल करने के बाद महिला टीम को भंग कर दिया था। अफगानिस्तान की पुरुष टीम ने पहली बार टी-20 विश्व कप सेमीफाइनल में जगह बनाकर सुर्खियां बटोरी लेकिन तालिबान के राज से पहले अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड से अनुबंधित महिला खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया में शरणार्थी के तौर पर रह रहीं हैं।

इटालियन ओपन में पांचवें स्थान पर शुभंकर

रोम। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा तीन होल के अंदर एक बोगी और एक डबल बोगी करने के बाद इटालियन ओपन में पांचवें स्थान पर रहे। शुभंकर तीसरे दिन के बाद चार खिलाड़ियों के साथ तालिका में शीर्ष पर थे लेकिन दो ओवर का कार्ड खेलने के बाद वह पांचवें स्थान पर खिसक गये। उनका कुल स्कोर आठ अंडर रहा। उन्होंने 13वें होल तक दो बोगी के मुकाबले तीन बर्डी लगाये थे लेकिन वह 14वें होल में डबल बोगी और 16वें होल में बोगी कर बैठे।

भारतीय बधिर टीम ने टी-20 श्रृंखला जीती

नई दिल्ली। भारतीय बधिर क्रिकेट टीम ने लीसेस्टर में सातवें और अंतिम टी-20 मैच में मेजबान इंग्लैंड को छह विकेट से हराकर श्रृंखला 5-2 से अपने नाम कर ली। भारत ने पहले गेंदबाजी करते हुए इंग्लैंड को चार विकेट पर 164 रन पर रोक दिया और फिर अभिषेक सिंह (68) तथा उमर अशरफ (56) के अर्धशतकों की मदद से चार गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने 46 रन पर तीन विकेट गंवा दिये थे लेकिन अभिषेक और अशरफ ने 95 रन की साझेदारी कर मैच में टीम की वापसी कराई।

क्वार्टर फाइनल में मलेशिया से हारा भारत

नई दिल्ली। भारत को बैडमिंटन एशिया जूनियर मिश्रित टीम चैम्पियनशिप के कड़े क्वार्टर फाइनल मुकाबले में मलेशिया ने 3-2 से हरा दिया। भारतीय खिलाड़ी अब व्यक्तिगत मुकाबलों में भाग लेंगे। भारत ने मिश्रित युगल टीम में बदलाव करते हुए संस्कार सारस्वत के साथ श्रावनी वालेकर को उतारा। दोनों ने कांग खाइ किंग और एन मेइसाराह की जोड़ी को 21-16, 13-21, 21-17 से मात दी। इसके बाद तन्वी यार्मा ने सिति जुलैखा को एकल वर्ग में 21-15, 15-21, 22-20 से हराकर भारत की बढत दुगुनी कर दी। प्रणय शेट्टिगर को एकल वर्ग में मुहम्मद फैक ने 15-21, 21-18, 21-19 से मात दी। वालेकर और नव्या कंडेरी को बुइ ओंग शिन यि और कारमेन तिंग ने 21-16, 21-15 से हराया। लड़कों के युगल वर्ग में भार्गव एरिगेला और अर्श मुहम्मद को कांग और आरोन तेइ ने 21-18, 21-10 से शिकस्त दी।

आनंद ने 10वीं बार जीता लियोन मास्टर्स खिताब

लियोन (स्पेन)। पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद लियोन मास्टर्स के फाइनल में स्पेन के जैमे सैंटोस लटासा को 3-1 से हराकर यहां दसवीं बार चैंपियन बनें। आनंद ने 28 साल पहले 1996 में यहां अपना पहला खिताब जीता था। इस प्रारूप में चार खिलाड़ी शामिल थे, जिसमें आनंद और उनके हमवतन अर्जुन एरिगैसी के अलावा बुल्गारिया के वेसेलिन टोपालोव और लटासा शामिल थे। विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज अर्जुन को दूसरे सेमीफाइनल में लटासा ने 2.5-1.5 के स्कोर से हराकर उलटफेर किया था।

प्रज्ञानानंदा को वेस्ली सो ने बराबरी पर रोका

बुकारेस्ट (रोमानिया)। ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा सुपरबेट क्लासिक शतरंज टूर्नामेंट के पांचवें दौर में एक बार फिर शानदार स्थिति में होने बावजूद अमेरिका के वेस्ली सो के खिलाफ जीत दर्ज करने में नाकाम रहे और यह मुकाबला ड्रॉ पर छूटा। इस दौरान दिन के पांचों मुकाबले ड्रॉ पर समाप्त हुए। अमेरिका के फैबियानो कारूआना 3.5 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर बने हुए हैं। विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर डी गुकेश और प्रज्ञानानंदा उनसे आधा अंक पीछे संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं।

ओसीए ईबी ने योग को शामिल करने पर जताई सहमति

नई दिल्ली। भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा ने सोमवार को कहा कि एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) के कार्यकारी बोर्ड (ईबी) ने योग को एशियाई खेलों में शामिल करने पर सहमति जताई है और ओसीए की आमसभा से मंजूरी मिलने पर इसे खेलों में स्थान मिल जाएगा। उषा ने कहा कि ओसीए के कार्यवाहक अध्यक्ष रणधीर सिंह ने उन्हें ईबी के फैसले के बारे में बताया। उन्होंने आईओए की विज्ञप्ति में कहा मुझे खुशी है कि ओसीए के कार्यकारी बोर्ड ने भारत के अनुरोध पर योग को वह मान्यता देने पर मंजूरी जताई है जिसका वह हकदार है। अब यह प्रस्ताव मंजूरी के लिए आमसभा की खेल समिति के पास जाएगा।

आईओए ईसी सदस्यों ने पेरिस यात्रा के लिए कोई भत्ता न लेने का किया फैसला

नई दिल्ली, एजेंसी

- परिषद के सदस्यों ने कहा- एथलीटों से अधिक भत्ता लेने से होगा छवि को नुकसान

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की कार्यकारी परिषद (ईसी) के सदस्यों ने पेरिस ओलंपिक के दौरान यात्रा भत्ता नहीं लेने का फैसला किया है। परिषद के सदस्यों को इस बात की चिंता है कि अगर वे पेरिस ओलंपिक के लिए एथलीटों से अधिक भत्ता स्वीकार करेंगे तो उनकी छवि को नुकसान होगा।

आईओए की कार्यकारी परिषद ने यह भी कहा कि वे विदेश यात्रा के लिए सरकारी धन पर निर्भर नहीं है क्योंकि सभी सदस्य अच्छी पृष्ठभूमि से आते हैं। बजट अनुमान के मुताबिक आईओए कार्यकारी परिषद के सदस्यों को प्रतिदिन 300 डॉलर (लगभग 25,000 रुपये) मिलने थे। सदस्यों को उनकी पांच दिवसीय यात्रा के दौरान आवास के लिए प्रति दिन अतिरिक्त 1000 डॉलर (लगभग 84,000 रुपये) भी मिलने थे। ओलंपिक में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का भत्ता प्रति दिन 50 डॉलर तय किया गया था, जबकि ओलंपिक क्वालीफिकेशन हासिल के लिए प्रत्येक खिलाड़ी के लिए अलग से दो लाख रुपये की राशि भी स्वीकृत की गई थी। ईसी के एक सदस्य ने कहा हां, हमने इस मुद्दे पर चर्चा की। अधिकांश सदस्य इस बात पर सहमत थे कि हमें यह भत्ता स्वीकार नहीं करना चाहिए। इससे जनता में गलत संदेश गया है और इसे सुधारने की जरूरत है। ईसी के सभी सदस्य आर्थिक रूप से संपन्न हैं। उन्हें ऐसी यात्राओं के लिए सरकारी कोष पर निर्भर रहने की जरूरत नहीं है।

अलकराज ने जीत से शुरू किया सफर

लंदन, एजेंसी

गत चैंपियन कार्लोस अलकराज ने विंबलडन के पहले दौर में सोमवार को यहां क्वालीफायर मार्क लाजल पर सीधे सेटों में 7-6 (3), 7-5, 6-2 जीत दर्ज की। विश्व रैंकिंग में 269 वें स्थान पर काबिज खिलाड़ी लाजल ने हालांकि शुरुआती दो सेट में स्पेन के खिलाड़ी को कड़ी टक्कर दी। तीसरी वरीयता प्राप्त 21 साल के अल्काराज ने भी माना कि एस्तोनिया के खिलाड़ी ने उन्हें आश्चर्यचकित किया।

तीन सप्ताह पहले फ्रेंच ओपन में अप नी तीसरी बड़ी चैंपियनशिप जीतने वाले अल्काराज ने पिछले साल विंबलडन फाइनल में नोवाक जोकोविच को हराया था, लेकिन उन्होंने कहा कि वह सोमवार के मैच से पहले घबराए हुए थे। उन्होंने कहा, जब मैं कोर्ट पर उतरा मेरे रोंगटे खड़े हो गए। मुझे पिछला साल याद आ गया। यह बहुत अच्छा एहसास था। पुरुष एकल के अन्य मैचों में पांचवीं वरीयता प्राप्त डेनियल मेदवेदेव ने अलेक्जेंडर कोवासिक को 6-3, 6-4, 6-2 से और आठवीं वरीयता प्राप्त कैस्पर रुड ने एलेक्स बोल्ट को 7-6 (2), 6-4, 6-4 से हराया। गैर वरीयता प्राप्त कनाडा के डेनिस शापोवालोव ने 19वें नंबर के खिलाड़ी निकोलस जैरी को 6-1, 7-5, 6-4 से हराया। मारिया सक्कारी ने महिला एकल के अपने शुरुआती मुकाबले में मेकार्टनी केसलर 6-3, 6-1 से आसानी से शिकस्त दी। पिछले महीने फ्रेंच ओपन की उपविजेता रही सातवीं वरीयता प्राप्त जैस्मिन पाओलिनी अपने चौथे प्रयास में पहली बार विंबलडन के पहले दौर की बाधा को पार करने में सफल रही। इटली की इस खिलाड़ी ने सारा सोरिब्स टोर्मो को 7-5, 6-3 से हराया।

मेकार्टनी केसलर के खिलाफ शॉट लगातीं मारिया सक्कारी। ● एजेंसी

बजरंग ने लगाया आरोप, अहंकार में डूबा नाडा खत्म करना चाहता है मेरा करियर

नई दिल्ली, एजेंसी

- डोप टेस्ट के चलते पूनिया दो बार हो चुके है निलंबित

पहलवान बजरंग पुनिया ने सोमवार को आरोप लगाया कि खामियों को उजागर करने के कारण राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) की उनके करियर को खत्म करना चाहता है।

नाडा ने 23 अप्रैल को तोक्यो ओलंपिक के पूनिया को निलंबित कर दिया था चूंकि उन्होंने 10 मार्च को सोनीपत में हुए चयन ट्रायल के दौरान डोप टेस्ट के लिए नमूने नहीं दिये थे। डोपिंग रोधी अनुशासनात्मक पैनल (एडीडीपी) से हालांकि बजरंग को राहत मिल गयी थी लेकिन नाडा ने 24 जून को बजरंग को दूसरी बार निलंबित कर दिया था। एडीडीपी ने पहला निलंबन इस आधार पर हटा दिया था कि नाडा ने पहलवान को औपचारिक नोटिस देकर डोपिंग का आरोप नहीं लगाया था। नाडा ने उन्हें नोटिस जारी किया और उन्हें फिर से निलंबित कर दिया। बजरंग ने एक्स पर लिखा यह दर्शाता है कि नाडा मुझे कैसे निशाना बना रहा है, वे नहीं चाहते कि मैं किसी भी कीमत पर कुश्ती जारी रखू। उन्होंने दावा किया कि नमूना देने से इनकार नहीं किया, बल्कि केवल इस बात का जवाब मांगा था कि नाडा ने दिसंबर 2023 में नमूना संग्रह के लिए एक एक्सपायर हो चुकी किट क्यों भेजी थी। उनके पास कोई जवाब नहीं है और वे अपनी गलतियों की जिम्मेदारी नहीं लेना चाहते, वे सिर्फ अपने छुटकारे के लिए एथलीट को परेशान करना चाहते हैं।

जॉर्जिया को हराकर स्पेन क्वार्टर फाइनल में

यूरो 2024

कोलोन (जर्मनी)। शुरूआती आत्मघाती गोल से उबरते हुए स्पेन ने जॉर्जिया को 4-1 से हराकर यूरो 2024 फुटबॉल चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। स्पेन के रॉबिन ले नोरमांड ने 18वें मिनट में आत्मघाती गोल करके जॉर्जिया को बढ़त दे दी थी। इसके बाद रौड्री और फेबियन रूई ने गोल करके स्पेन को मैच में लौटाया। निको विलियम्स और डानी ओल्मो ने बाकी दो गोल किए। स्पेन का सामना शुक्रवार को स्टटगार्ट में क्वार्टर फाइनल में मेजबान जर्मनी से होगा। इस हार के साथ ही जॉर्जिया के स्वर्णिम अभियान पर रोक लग गई जिसने क्रिस्टियानो रोनाल्डो की पुर्तगाल टीम को 2-0 से हराया था।

बेलिंगम के गोल से इंग्लैंड ने स्लोवाकिया को हराया

गेलसेनकिरचेन। जूड बेलिंगम के बेहतरीन गोल से इंग्लैंड ने स्लोवाकिया को 2-1 से हराकर यूरोपीय फुटबॉल चैम्पियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। एक समय पर लग रहा था कि इंग्लैंड यूरो चैंपियनशिप के सबसे बड़े उलटफेर का शिकार हो जाएगा जब स्लोवाकिया स्टॉपेज टाइम तक इवान शरांज के गोल के दम पर 1-0 से आगे चल रहा था। बेलिंगम ने हालांकि अतिरिक्त समय में बराबरी का गोल दागा और हैरी केन ने विजयी गोल करके 1966 के बाद पहला बड़ा खिताब जीतने की इंग्लैंड की उम्मीदों को कायम रखा।

जीत के बाद जश्न मनाते इंग्लैंड के खिलाड़ी।

कोपा कप 2024

गोलरहित ड्रॉ के बाद इक्वाडोर क्वार्टर फाइनल में पहुंचा

ग्लेनडेल। इक्वाडोर ने स्टॉपेज टाइम में पेनल्टी शॉट बचाया और मैक्सिको से गोलरहित ड्रॉ के बाद उसने कोपा अमेरिका फुटबॉल के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। मैक्सिको ने दूसरे हाफ में कई हमले किए जिन्हें इक्वाडोर ने बचाया। अब इक्पाडोर का सामना गुरुवार को ग्रुप ए की विजेता अर्जेंटीना से होगा। मैक्सिको चौथी बार ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ सका है। वहीं, एडुअर्ड बेलो के गोल के दम पर वेनेजुएला ने ग्रुप बी के मैच में जमैका को 3-0 से हराया। वेनेजुएला ने ग्रुप चरण के तीनों मुकाबले जीत लिए हैं। कोच फर्नांडो बतिस्ता के बिना खेल रही थी जिन्हें मैदान पर देर से आने के कारण एक मैच का निलंबन झेलना पड़ा है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

123 साल बाद ऑस्ट्रेलिया में दूसरी महिला गवर्नर जनरल नियुक्त

मेलबर्न, एजेंसी

ऑस्ट्रेलिया ने सोमवार को सैम मोस्टिन को अपना गवर्नर जनरल नियुक्त किया। 123 वर्षों में दूसरी बार किसी महिला को इस पद पर नियुक्त किया गया है। यह, वर्ष 2022 में महाराजा चार्ल्स तृतीय का कार्यकाल शुरू होने के बाद से इस तरह की पहली ऑस्ट्रेलियाई नियुक्ति है।

प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज की लेबर पार्टी सरकार की ओर से भी यह पहली नियुक्ति है। लेबर पार्टी सरकार ब्रिटिश क्राउन के स्थान पर ऑस्ट्रेलियाई राष्ट्रपति को राष्ट्र प्रमुख के रूप में नियुक्त करना चाहती है। कारोबारी महिला और लैंगिक समानता की पक्षधर सैम मोस्टिन ने ऑस्ट्रेलिया की 28वीं गवर्नर जनरल के रूप में शपथ ली।

ईशनिंदा के दोषी ईसाई व्यक्ति को मौत की सजा

लाहौर। पाकिस्तान की अदालत ने एक ईसाई व्यक्ति को सोशल मीडिया पर ईशनिंदा करने वाली पोस्ट डालने का दोषी ठहराया और मृत्युदंड की सजा सुनाई। पंजाब सूबे में पिछले साल आरोपी के कथित पोस्ट के विरोध में उग्र भीड़ ने हमला कर 24 गिरिजाघरों और अल्पसंख्यक समुदायों के घरों में आग लगा दी थी। अगस्त 2023 में दो ईसाइयों द्वारा कुरान की कथित बेअदबी करने की खबर आने के बाद पंजाब प्रांत की राजधानी लाहौर से करीब 130 किलोमीटर दूर फैसलाबाद में ईसाई समुदाय के 80 घरों को आग के हवाले कर दिया गया था।

विवादित दक्षिण चीन सागर के एक क्षेत्र पर फिलीपींस ने किया दावा

बढ़ा विवाद, चीन ने दूसरा पोत किया तैनात

बीजिंग, एजेंसी

दक्षिणी चीनी सागर के एक क्षेत्र को लेकर चीन और फिलीपींस के बीच विवाद बढ़ गया है। चीन ने अपने दूसरे विमान वाहक पोत शेनडोंग को फिलीपींस तट के नजदीक तैनात किया है। चीन ने यह कदम ऐसे समय उठाया है जब फिलीपींस ने विवादित दक्षिण चीन सागर के एक क्षेत्र पर दावा किया है, जिस पर बीजिंग भी दावा करता है।

ग्लोबल टाइम्स में सोमवार को प्रकाशित खबर के मुताबिक, विमानवाहक पोत शेनडोंग, फिलीपींस के जलक्षेत्र में गश्त करता देखा गया। यह चीनी द्वीपों और टापुओं पर निरंतर फिलीपींस के उकसावे के खिलाफ एक प्रतिरोध के रूप में कार्य करता है। चीनी विशेषज्ञों के हवाले से अखबार ने कहा कि विमानवाहक पोत संभवतः एक निर्धारित अभ्यास पर है, जो इसे पश्चिमी प्रशांत क्षेत्र में संभावित सुदूर समुद्री यात्रा के लिए भी तैयार कर सकता है। शेनडोंग की तैनाती बड़े और मध्यम विध्वंसक पोत सहित प्रमुख युद्धपोतों के साथ जल व थल पर जाने में सक्षम मुख्य जहाज को तैनात करने के बाद हुई है।

शेनडोंग की गश्ती फिलीपींन और अमेरिका के जवाब में

हांगकांग से प्रकाशित साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट ने कहा कि शेनडोंग की गश्ती फिलीपींन और अमेरिका के जवाब में है। इलाके पर दावे के बीच क्षेत्रीय समुद्री संप्रभुता की रक्षा के लिए चीन के दृढ़ संकल्प को रेखांकित करता है। संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून न्यायाधिकरण ने 2016 में फिलीपींन के पक्ष में फैसला दिया था जिसके बाद द्विपीय देश अमेरिका के समर्थन से अपने अधिकार का इस्तेमाल करने की कोशिश कर रहा है।

पीओके से 18 कैदी भागे, एक की गोली से मौत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) स्थित एक जेल से 18 खतरनाक अपराधी एक सुरक्षाकर्मी पर हमला करने के बाद फरार हो गए। अधिकारियों ने बताया कि फरार कैदियों में से छह को मौत की सजा सुनाई गई थी। घटना शुक्रवार को रावलकोट जेल में हुई जब एक कैदी ने सुरक्षाकर्मी को पिस्तौल का भय दिखाकर जेल की चाबियां छीन लीं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि फरार होने वाले 18 कैदियों में से छह को मौत की सजा सुनाई गयी थी जबकि तीन अन्य कैदी आजीवन कारावास की सजा काट रहे थे।

एक नजर

मेलबर्न से आ रही फ्लाइट में भारतीय युवती की मौत

मेलबर्न। क्वांटास एयरलाइन के एक विमान से मेलबर्न से नई दिल्ली आ रही भारतीय मूल की 24 वर्षीय एक युवती की तबीयत बिगड़ने के कारण मौके पर ही मौत हो गई। युवती की पहचान मनप्रीत कौर के रूप में हुई है और वह शेफ बनना चाहती थी। वह 20 जून को मेलबर्न से दिल्ली आने के लिए विमान में बैठी थी। मृतक की एक दोस्त के मुताबिक, कौर मार्च 2020 में ऑस्ट्रेलिया जाने के बाद पहली बार अपने माता-पिता से मिलने भारत आ रही थीं।

इजरायल में ड्रोन हमले में 18 सैनिक घायल

गाजा। इजरायल के उत्तरी शहर गोलान हाइट्स में एक ड्रोन हमले में 18 इजरायली सैनिक घायल हो गए। इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने यह जानकारी दी। आईडीएफ ने रविवार को टेलीग्राम पर कहा कि सोमवार सुबह उत्तरी गोलान हाइट्स में एक विस्फोटक ड्रोन हमले में एक आईडीएफ सैनिक गंभीर रूप से घायल हो गया और 17 सैनिक मामूली रूप से घायल हो गए।

अल्बानिया के उपन्यासकार इस्माइल कादरे का निधन

तिराना। अल्बानिया के विश्व विख्यात उपन्यासकार इस्माइल कादरे का यहां स्थित एक अस्पताल में निधन हो गया। उनके प्रकाशन के संपादक ने सोमवार को यह जानकारी दी। वह 88 साल के थे। साहित्य के नोबेल पुरस्कार के संभावित दावेदार के रूप में कादरे के नाम का उल्लेख लंबे समय से होता रहा है। ओनफ्री पब्लिशिंग हाउस के संपादक बुजर हुधरी ने कहा कि प्रसिद्ध लेखक का सोमवार सुबह निधन हो गया।

जापान ने पृथ्वी निगरानी उपग्रह किया प्रक्षेपित

टोक्यो। जापान ने एक नया महत्वाकांक्षी एच3 रॉकेट प्रक्षेपित करने के साथ ही आपदा प्रतिक्रिया और सुरक्षा के लिए एक उन्नत पृथ्वी निगरानी उपग्रह अंतरिक्ष में तैनात कर दिया। एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी ने बताया कि एच3 नंबर 3 रॉकेट ने दक्षिण पश्चिमी जापान के एक द्वीप पर तानेगाशिमा अंतरिक्ष केंद्र से उड़ान भरी और करीब 16 मिनट बाद तय योजना के अनुसार अपना पेलोड (उपग्रह) छोड़ा।

आध्यात्मिक नेता को यौन उत्पीड़न मामले में सजा

काठमांडू। समर्थकों के बीच बुद्ध बॉय के नाम से मशहूर विवादास्पद स्वयंभू आध्यात्मिक नेता को नेपाल की अदालत ने 2016 में एक नाबालिग लड़की का यौन उत्पीड़न करने के मामले में 10 साल जेल की सजा सुनाई।

अमेरिकी सांसद बोले- हिंदुओं के प्रति घृणा नहीं करेंगे बर्दाश्त

सांसदों ने हिंदुओं को भेदभाव और हिंदूफोबिया के प्रति किया आश्वस्त

वाशिंगटन, एजेंसी

तीसरे राष्ट्रीय हिंदू समर्थन दिवस पर भारतीयों के साथ उपस्थित सांसद। ● एजेंसी

अमेरिका में हिंदूफोबिया, अल्पसंख्यक, हिंदू समुदाय के विरुद्ध बढ़ते भेदभाव को लेकर आवाज तेज होती जा रही है। मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रमुख अमेरिकी सांसदों ने इसके खिलाफ भारतीय अमेरिकियों को अपना समर्थन देने का वादा किया है। हिंदूफोबिया से आशय हिंदू धर्म और हिंदुओं के प्रति विरोधी और अपमानजनक दृष्टिकोण और व्यवहार करने से है। सांसदों ने कहा हिंदुओं के प्रति घृणा बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उत्तरी अमेरिका के हिंदुओं के गठबंधन (सीओएचएनए) द्वारा आयोजित तीसरे राष्ट्रीय हिंदू समर्थन दिवस में 28 जून को कई हिंदू छात्रों, शोधार्थियों और सामुदायिक नेताओं ने भाग लिया तथा अमेरिका में रहने वाले हिंदुओं की चिंताओं पर चर्चा की। कांग्रेस सदस्य थानेदार ने वाशिंगटन में एक दिवसीय समर्थन दिवस में अपने संबोधन में कहा हम यहां हैं और हम लड़ रहे हैं।

थानेदार ने कहा आप सभी के पास जो आवाज है, वही आवाज कांग्रेस में हिंदू समुदाय के पास है। डेमोक्रेटिक पार्टी के सदस्य थानेदार ने सदन में हिंदूफोबिया और मंदिरों पर हमलों की निंदा वाला प्रस्ताव पेश किया है। इसमें हिंदू अमेरिकी समुदाय के योगदान की सराहना की गई है। उन्होंने कहा कि वे हिंदूफोबिया, भेदभाव या नफरत के अन्य रूपों को बर्दाश्त नहीं करेंगे।

हिंदू समुदाय के साथ खड़े हैं रिपब्लिकन सांसद

कांग्रेस सदस्य रिच मैककॉर्मिक ने नीति निर्माण में हिंदू अमेरिकी और भारतीय अमेरिकी समुदाय की निरंतर बढ़ती भागीदारी और अमेरिका के भविष्य को बदलने की इसकी क्षमता का स्वागत किया। रिपब्लिकन पार्टी के सांसद ने हिंदू अमेरिकियों के योगदान का सम्मान करते हुए सदन के प्रस्ताव 1131 के प्रति अपने समर्थन की ओर ध्यान आकर्षित किया। रिपब्लिकन पार्टी के कांग्रेस सदस्य ग्लेन ग्रोथमैन ने समुदाय के साथ एकजुटता व्यक्त की। कांग्रेस सदस्य रो खन्ना ने पिछले दशक में समुदाय का समर्थन बढ़ने का जिक्र किया।

भारत-पाकिस्तान ने असैन्य कैदियों, मछुआरों की सूची की साझा

नई दिल्ली। भारत और पाकिस्तान ने एक-दूसरे की हिरासत में मौजूद असैन्य कैदियों और मछुआरों की सूचियों का सोमवार को आदान-प्रदान किया। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि कैदियों को राजनयिक मदद मुहैया करने से संबंधित 2008 के द्विपक्षीय समझौते के प्रावधानों के तहत, ऐसी सूचियों का आदान-प्रदान हर साल एक जनवरी और एक जुलाई को किया जाता है।

भारत ने अपनी हिरासत में बंद 366 असैन्य कैदियों और 86 मछुआरों के नाम साझा किए हैं। इसी प्रकार पाकिस्तान ने अपनी हिरासत में बंद 43 असैन्य कैदियों और 211 मछुआरों के नाम साझा किए हैं। पाकिस्तान से उन 185 भारतीय मछुआरों और असैन्य कैदियों की रिहाई और वतन वापसी में तेजी लाने को कहा गया है, जिन्होंने अपनी सजा पूरी कर ली है। पाकिस्तान से उन 47 असैन्य कैदियों और मछुआरों को तत्काल राजनयिक पहुंच प्रदान करने को कहा गया है, जिनके बारे में माना जाता है कि वे भारतीय हैं और जिन्हें अब तक राजनयिक पहुंच प्रदान नहीं की गई।

महिला आत्मघाती हमलावरों का तीन जगह विस्फोट, 18 की मौत

● विवाह समारोह, अंतिम संस्कार कार्यक्रम व एक अस्पताल को निशाना बना किए समन्वित हमले

नाइजीरिया, एजेंसी

उत्तरी नाइजीरिया में महिला आत्मघाती हमलावरों ने एक विवाह समारोह, अंतिम संस्कार कार्यक्रम और एक अस्पताल को निशाना बनाकर समन्वित हमले किए जिनमें कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई और 30 अन्य लोग घायल हो गए। स्थानीय प्राधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। बोर्नो राज्य में हुए इन हमलों की जिम्मेदारी अभी तक किसी ने नहीं ली है।

यह राज्य बोको हराम के उग्रवाद से बुरी तरह प्रभावित हुआ है। चरमपंथी समूह आत्मघाती बम विस्फोटों में पहले भी महिलाओं और लड़कियों का इस्तेमाल कर चुका है जिससे यह संदेह पैदा होता है कि इनमें से कुछ हमलावर उन स्कूली बच्चों समेत हजारों लोगों में से हैं जिन्हें आतंकवादियों ने पिछले कुछ सालों में अगवा किया है। बोर्नो राज्य आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी के महानिदेशक बाकिंडो सैदु ने संवाददाताओं को बताया कि एक आत्मघाती हमलावर ने उत्तरपूर्वी शहर ग्वोजा में एक विवाह समारोह के दौरान विस्फोट किया। सैदु ने कहा कुछ ही मिनट बाद जनरल अस्पताल के पास एक और धमाका हुआ अंतिम संस्कार के दौरान तीसरा हमला हुआ।

तुर्की में विस्फोट में 5 की मौत, 60 घायल

इस्तांबुल। तुर्की के पश्चिमी प्रांत इजमिर में रविवार को हुए प्राकृतिक गैस विस्फोट में पांच लोगों की मौत हो गई और कम से कम 60 अन्य लोग घायल हो गए। सरकारी प्रसारक टीआरटी के अनुसार, तोरबाली जिले में एक इमारत के भूतल पर स्थित एक व्यवसाय में स्थानीय समयानुसार अपराह्न 2:43 बजे विस्फोट हुआ।

आईएस के हमले में चार सीरियाई सैनिकों की मौत

दमिश्क। मध्य सीरिया में इस्लामिक स्टेट (आईएस) के हमले में चार सीरियाई सैनिक मारे गए। स्थानीय रेडियो स्टेशन के अनुसार, यह हमला पूर्वी होम्स के रेगिस्तानी क्षेत्र में रविवार को ताल शिहाब के एक सैन्य ठिकाने पर हुआ। लंदन स्थित सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने कहा कि आईएस के लोगों ने सैन्य अड्डे को निशाना बनाया था।

मेटा पर प्रतिस्पर्धा नियमावली के उल्लंघन का लगा आरोप

लंदन, एजेंसी

● फेसबुक, इंस्टाग्राम व सोशल मीडिया मंच पर दिखा रहा विज्ञापन

यूरोपीय संघ के नियामकों ने सोशल मीडिया कंपनी मेटा पर फेसबुक एवं इंस्टाग्राम के उपयोगकर्ताओं को विज्ञापन देखने या उनसे बचने के लिए भुगतान करने को मजबूर कर समूह की नई डिजिटल प्रतिस्पर्धा नियमावली का उल्लंघन करने का सोमवार को आरोप लगाया। फेसबुक, इंस्टाग्राम जैसे लोकप्रिय सोशल मीडिया मंचों का संचालन करने वाली अमेरिकी कंपनी मेटा ने यूरोपीय देशों के सख्त डेटा निजता नियमों का पालन करने के क्रम में पिछले साल नवंबर में यूरोपीय उपयोगकर्ताओं को फेसबुक और इंस्टाग्राम के विज्ञापन-मुक्त संस्करणों के लिए भुगतान करने का विकल्प देना शुरू किया था। यूरोपीय उपयोगकर्ता को विज्ञापनों से बचने के लिए 10 यूरो यानी 10.75 डॉलर प्रति माह का भुगतान करना होता है। आयोग ने कहा कि मेटा के इस कदम की जांच के प्रारंभिक निष्कर्ष बताते हैं कि सोशल मीडिया कंपनी का भुगतान या सहमति विज्ञापन मॉडल संगठन के डिजिटल बाजार अधिनियम का उल्लंघन करता है।

दोषी पाए जाने पर भरना होगा 10 प्रतिशत तक जुर्माना

मेटा के पास अब आयोग को जवाब देने का मौका है। इसमें दोषी पाए जाने पर मेटा को अपने वार्षिक वैश्विक राजस्व का 10 प्रतिशत तक जुर्माना भरना पड़ सकता है, जो अरबों यूरो तक हो सकता है। मेटा ने एक बयान में कहा कोई विज्ञापन नहीं आने की सदस्यता यूरोप में सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश का पालन करती है और डीएमए का अनुपालन करती है। इस जांच को समाप्त करने के लिए यूरोपीय आयोग से रचनात्मक बातचीत की आशा करते हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने ट्रंप का मामला निचली अदालत में वापस भेजा

वाशिंगटन। अमेरिका के उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ मुकदमे से छूट से जुड़े मामले को सुनवाई के लिए वापस निचली अदालत में भेज दिया है। इस कदम से ट्रंप के खिलाफ वाशिंगटन आपराधिक मामले में सुनवाई लंबी खिंच सकती है और इससे यह संभावना समाप्त हो गई कि पूर्व राष्ट्रपति पर नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से पहले मुकदमा चलाया जा सकता है।

ट्रंप पर आरोप है कि उन्होंने 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में अपनी हार को पलटने की साजिश रची थी। न्यायाधीशों ने 6-3 के ऐतिहासिक फैसले में पहली बार कहा कि पूर्व राष्ट्रपतियों को उनके आधिकारिक कृत्यों के लिए मुकदमे से पूर्ण छूट है, लेकिन अनाधिकारिक कृत्यों के लिए कोई छूट नहीं है।

पेरिस में प्रदर्शन, आंसू गैस के गोले छोड़े

पेरिस, एजेंसी

● ब्लैक ब्लॉक आंदोलन के कट्टरपंथियों ने दिया भड़काऊ भाषण

पेरिस की सड़कों पर प्रदर्शन करते लोग।

पेरिस में प्रदर्शन के दौरान ब्लैक ब्लॉक आंदोलन के कट्टरपंथियों को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस का उपयोग किया। यह जानकारी आरआईए नोवोस्ती ने सोमवार को दी। फ्रांस में संसदीय चुनावों के पहले दौर के पहले नतीजों की घोषणा के बाद पेरिस के प्लेस डे ला रिपब्लिक में प्रदर्शन शुरू हुआ। विरोध प्रदर्शन में एक हजार से ज्यादा लोगों ने हिस्सा लिया।

प्रदर्शन कई घंटों तक शांतिपूर्ण रहा, फिर एकाएक ब्लैक ब्लॉक आंदोलन के कट्टरपंथी युवा कार्रवाई में शामिल हो गए। कट्टरपंथियों ने पुलिस के खिलाफ भड़कना शुरू कर दिया, कूड़ेदानों में आग लगा दी और कैफे की खिड़कियां तोड़ दीं। धुर दक्षिणपंथी नेशनल रैली पार्टी पहले दौर के चुनाव में 34.2% के साथ आगे चल रही है, इसके बाद वामपंथी न्यू पॉपुलर फ्रंट गठबंधन और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉ का मध्यमार्गी गठबंधन क्रमशः 29.1% और 21.5% पर है।

मैक्रों का निर्वाचन क्षेत्र की स्थिति का अध्ययन करने का निर्देश

पेरिस। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने दक्षिणपंथी नेशनल रैली पार्टी का मुकाबला करने के लिए अपनी टीम को देश के प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र की स्थिति का अध्ययन करने का निर्देश दिया है। फ्रांसीसी प्रसारक बीएफएमटीवी ने रविवार को कहाकि पहले एग्जिट पोल के अनुसार, नेशनल रैली 34.2 प्रतिशत के साथ पहले दौर के चुनावों में आगे चल रही है, उसके बाद वामपंथी न्यू पॉपुलर फ्रंट गठबंधन 29.1 प्रतिशत के साथ दूसरे और श्री मैक्रों के मध्यमार्गी गठबंधन 21.5 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर है। श्री मैक्रों कथित तौर पर चुनावों पर चर्चा करने के लिए सोमवार को एलीसी पैलेस में एक रणनीतिक बैठक करेंगे।

श्रीलंकाई नेता संपन्थन का निधन, प्रधानमंत्री मोदी ने जताया शोक

कोलंबो। श्रीलंका में तमिल नागरिकों के लिए शांति, न्याय और सम्मान का जीवन सुनिश्चित करने के लिए अथक प्रयास करने वाले उदारवादी तमिल नेता आर संपन्थन का रविवार रात निधन हो गया। वह 91 वर्ष के थे और उनका अस्पताल में इलाज चल रहा था।

संपन्थन ने 2004 से तमिल नेशनल अलायंस (टीएनए) का नेतृत्व किया और सिंहली बहुल देश में मुख्य विपक्षी नेता बनने वाले दूसरे तमिल बने। वह लंबे समय से बीमार होने के कारण संसद के मौजूदा सत्र में शामिल नहीं हो रहे थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्रीलंकाई तमिल नेता के साथ अपनी मुलाकात की एक तस्वीर साझा करते हुए सोमवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा टीएनए के अनुभवी नेता आर संपन्थन के परिवार और दोस्तों के प्रति मेरी गहरी संवेदना। मोदी ने लिखा उनके साथ हुई मुलाकातों की यादें हमेशा संजोकर रखूंगा।

बॉलीवुड हलचल

अमिताभ ने बेटे अभिषेक के साथ देखी कल्कि 2898 एडी

मुंबई। बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने फिल्म कल्कि 2898 एडी अपने बेटे अभिषेक बच्चन के साथ देखी। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित, कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन, कमल हसन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पाटनी सहित कई शानदार कलाकार हैं। वैजयंती मूवीज द्वारा निर्मित फिल्म कल्कि 2898 एडी 27 जून दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज हुयी है।'कल्कि 2898 एडी' ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया है। इस फिल्म ने अब तक 555 करोड़ का ग्रॉस कारोबार कर लिया है।अमिताभ बच्चन ने इस फिल्म में अश्वत्थामा का किरदार निभाया है, जिसे दर्शक बेहद पसंद कर रहे हैं। अमिताभ ने बेटे अभिषेक के साथ फिल्म कल्कि 2898 एडी देख ली है। अमिताभ ने अपने ब्लॉग पोस्ट में लिखा कि रविवारों का रविवार। बड़े पर्दे पर कुछ दोस्तों के साथ कल्कि देखी है। इसको पहली बार देखा। आईमैक्स में थिएटर्स का माहौल, खूबसूरती और सुविधाएं काफी प्रभावशाली थीं। सालों से बाहर नहीं निकला था, लेकिन प्रगति देखने के लिए बाहर निकलना बहुत संतोषजनक था।

13 सितंबर को रिलीज होगी करीना कपूर की फिल्म द बकिंघम मर्डर्स

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर की आने वाली फिल्म द बकिंघम मर्डर्स, 13 सितंबर को रिलीज होगी। करीना कपूर इन दिनों हंसल मेहता के निर्देशन में बनी फिल्म द बकिंघम मर्डर्स को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। बालाजी मोशन पिक्चर ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया है, जिसमें उन्होंने फिल्म के दो पोस्टर शेयर किए हैं और साथ ही इसकी रिलीज डेट भी बता दी है। पोस्ट शेयर करते हुए इसके कैप्शन में लिखा गया है कि हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि द बकिंघम मर्डर्स 13 सितंबर, 2024 को सिनेमाघरों में आ रही है। फिल्म द बकिंघम मर्डर्स एक मर्डर मिस्ट्री है। इस फिल्म में करीना कपूर खान के साथ रणवीर बरार, कीथ एलन और ऐश टंडन समेत कई स्टार्स दिखाई देने वाले हैं। वहीं, इस फिल्म को शोभा कपूर, एकता कपूर और करीना कपूर ने प्रोड्यूस किया है और असीम अरोड़ा, कश्यप कपूर, राघव राज कक्कड़ ने इसे लिखा है।

14 फरवरी को रिलीज होगी नखरेवाली

मुंबई। बॉलीवुड फिल्मकार आनंद एल राय की आने वाली फिल्म नखरेवाली, 14 फरवरी 2025 में रिलीज होगी फिल्म नखरेवाली का नया पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। यह फिल्म वैलेंटाइन डे यानी 14 फरवरी 2025 को रिलीज होगी। फिल्म नखरेवाली के नये पोस्टर में अंश दुग्गल और प्रगति श्रीवास्तव किस करते नजर आ रहे हैं। आनंद एल राय के कलर येलो प्रोडक्शंस और जियो स्टूडियोज के बीच दूसरा कॉलोबोरेशन होगा। फिल्म का निर्देशन राहुल शांकल्या कर रहे हैं, वहीं इसकी कहानी दिव्य निधि शर्मा लिख रही हैं।

पहली बार सूर्य के बेहद करीब पहुंचने की कवायद, नासा का पार्कर सोलर प्रोब इस कारनामे को देगा अंजाम

इंसान अंतरिक्ष में एक और इतिहास रचने को तैयार

बबलू चंद्रा, नैनीताल



अमृत विचार : इंसान सूर्य के बेहद करीब पहुंचने का इतिहास रचने जा रहा है। अमेरिका के नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) का पार्कर सोलर प्रोब इस कारनामे को अंजाम देने जा रहा है। पार्कर व सूर्य के बीच दूरी 5.3 मिलियन मील रह जाएगी।

यह पहली बार होने जा रहा है, जब कोई मानव निर्मित उपग्रह सूर्य के इतने करीब पहुंचेगा। पृथ्वी व सूर्य के बीच दूरी 15 करोड़ किलोमीटर है और हम जैसे-जैसे सूर्य के करीब पहुचेंगे, पिघला देने वाला तापमान बढ़ता चला जाएगा। जिस कारण सूर्य के करीब पहुंचना बड़ी चुनौती है। जिसे पार करना दुस्साहस भरा कदम है और पार करने इस चुनौती को फतह करने जा रहा है। पार्कर का सफर यहीं थमने वाला नहीं है, वह दिसंबर में सूर्य के नजदीक पहुंचने का एक और कीर्तिमान बनाएगा। तब वह सूर्य के इतने करीब पहुंच चुका होगा कि वह लगभग सूर्य को स्पर्श कर चुका होगा और इनके बीच की दूरी सिर्फ 4 मिलियन मील रह जाएगी। यह दूरी इस प्रोब को बुरी तरह झुलसा देने वाली होगी। नासा का कहना है कि अंतिम पेरिहेलियन पर पार्कर सोलर प्रोब सूर्य को स्पर्श करेगा।

सूर्य की परिक्रमा करते समय पेरिहेलियन निकटतम दृष्टिकोण का बिंदु है। पार्कर ने अपने पेरिहेलियन के समीप पहुंचने के दौरान करीब और करीब आने के मिशन के दौरान वृद्धिशील कदम उठाए हैं। इसमें 26 नियोजित पेरिहेलियन हैं। पार्कर 800,000 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से यात्रा कर रहा है। इस अंतरिक्ष यान ने लंबे समय से सूर्य के सबसे करीब पहुंचने और सबसे तेज मानव निर्मित वस्तु के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। इस मिशन का सपना पहली बार 1958 में देखा गया था, जब यूजीन पार्कर ने सौर हवा के अस्तित्व की भविष्यवाणी की थी। 60 साल बाद अगस्त 2018 में यह सपना आखिरकार साकार हुआ। इस मिशन का अंतिम लक्ष्य मात्र छह महीने दूर रह गया है।

छह वर्ष में कई रहस्य किए उजागर

अंतरिक्ष मिशन पार्कर छह वर्षों में सूर्य के अनेक रहस्य उजागर करने में कामयाब रहा है। मिशन के डेटा ने सूर्य के बारे में हमारी समझ, सौर मंडल, अंतरिक्ष मौसम और ब्रह्मांड के अन्य सितारों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी जुटाई है, जो नासा ही नहीं बल्कि दुनिया के सभी वैज्ञानिकों व खगोल विज्ञानजगत के लिए बेहद उपयोगी हैं।